१०. [प्र. १] **निग्गंथीए य गाहावइकुलं पिंडवायपडियाए अणुपविट्ठाए अन्नयरे अकिच्चट्ठाणे पडिसेविए, तीसे णं एवं भवइ–इहेव ताव अहं एयस्स ठाणस्स आलोएमि जाव तवोकम्मं पडिवज्जामि तओ पच्छा पवत्तिणीए अंतियं आलोएस्सामि जाव पडिवज्जिस्सामि, सा य संपट्ठिया असंपत्ता, पवत्तिणी य अमुहा सिया, सा णं भंते ! किं आराहिया, विराहिया ?**

[उ.] **गोयमा ! आराहिया, नो विराहिया।**

१०. [प्र. १] गृहस्थ के घर में आहार ग्रहण करने (पिण्डपात) की बुद्धि से प्रविष्ट किसी निर्ग्रन्थी (साध्वी) ने किसी अकृत्य स्थान का प्रतिसेवन कर लिया, किन्तु तत्काल उसको ऐसा विचार स्फुरित हुआ कि मैं स्वयमेव पहले यहीं इस अकृत्य स्थान की आलोचना कर लूँ, यावत् प्रायश्चित्तरूप तपःकर्म स्वीकार कर लूँ। तत्पश्चात् प्रवर्तिनी के पास आलोचना कर लूँगी, यावत् तपःकर्म स्वीकार कर लूँगी। ऐसा विचार कर उस साध्वी ने प्रवर्तिनी के पास जाने के लिए प्रस्थान किया, प्रवर्तिनी के पास पहुँचने से पूर्व ही वह प्रवर्तिनी (वातादि दोष के कारण) मूक हो गई (उसकी जिह्वा बंद हो गई–बोल न सकी), तो हे भगवन् ! वह साध्वी आराधका है या विराधका ?

[उ.] गौतम ! वह साध्वी आराधिका है, विराधिका नहीं।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Suppose a *nirgranthi* (a female ascetic) goes to a householder to beg alms and falls victim to a lapse (transgression of basic code of conduct). She at once becomes aware of her fault and thinks–'First of all, right at this spot, I should appraise my action (*alochana*), critically review it (*pratikraman*), censure (*atma-ninda*) and condemn (*garha*) it; shear the acquired bondage, free myself of the fault, take a vow not to repeat such fault in future, and court suitable penance for atonement. Then I should proceed to *Pravartini* (head of female ascetics), appraise my action (*alochana*) ... and so on up to ...and court suitable penance for atonement.' Having thought like this she sets out to meet the *Pravartini* but before she reaches her destination the *Pravartini* become mute (due to some ailment and is unable to prescribe suitable atonement). *Bhante* ! Is such a *nirgranthi* (a female ascetic) steadfast (*araadhak*) or faltering in conduct (*viraadhak*) ?

[Ans.] Gautam ! She (that female ascetic) is steadfast and not faltering in conduct.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. [२] सा य संपट्ठिया जहा निग्गंथस्स तिण्णि गमा भणिया एवं निग्गंथीए वि तिण्णि आलावगा भाणियव्वा जाव आराहिया, नो विराहिया।

१०. [२] जिस प्रकार सम्प्रस्थित (आलोचनादि के हेतु स्थविरों के पास जाने के लिए रवाना हुए) निर्ग्रन्थ के तीन गम-(पाठ) उसी प्रकार सम्प्रस्थित (प्रवर्तिनी के पास आलोचनादि हेतु रवाना हुई) साध्वी के भी तीन गम-(पाठ) कहने चाहिए, यावत् वह साध्वी आराधिका है, विराधिका नहीं; यहाँ तक सारा पाठ कहना चाहिए।

10. [2] Like the three sets of statements about male ascetics on the way and having reached their destination, three sets of statements should be repeated for female ascetics. These alternatives should be repeated verbatim up to – 'such a *nirgranthi* (a female ascetic) is steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*)'.

११. [प्र. १] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–आराहए, नो विराहए ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए केइ पुरिसे एगं महं उण्णालोमं वा गयलोमं वा सणलोमं वा कप्पासलोमं वा तणसूयं वा दुहा वा तिहा वा संखेज्जहा वा छिंदित्ता अगणिकायंसि पक्खिवेज्जा, से नूणं गोयमा ! छिज्जमाणे छिन्ने, पक्खिप्पमाणे पक्खित्ते, डज्झमाणे दड्ढे त्ति वत्तव्वं सिया ?

हंता भगवं ! छिज्जमाणे छिन्ने जाव दड्ढे त्ति वत्तव्वं सिया।

११. [प्र. १] भगवन् ! किस कारण से आप कहते हैं कि वे (पूर्वोक्त प्रकार के साधु और साध्वी) आराधक हैं, विराधक नहीं ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई पुरुष एक बड़े ऊन (भेड़) के बाल के या हाथी के रोम के अथवा सण के रेशे के या कपास के रेशे के अथवा तृण (घास) के अग्र भाग के दो, तीन या संख्यात टुकड़े करके अग्निकाय (आग) में डाले, तो हे गौतम ! काटे जाते हुए वे (टुकड़े) काटे गए, अग्नि में ले जाते हुए को डाले गए, या जलते हुए को जल गए, क्या इस प्रकार कहा जा सकता है ?

(गौतम स्वामी–) हाँ, भगवन् ! काटते हुए काटे गए, अग्नि में डालते हुए डाले गए और जलते हुए जल गए; यों कहा जा सकता है।

11. [Q. 1] *Bhante* ! Why do you say that they (such male and female ascetic) are steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*) ?

[Ans.] Gautam ! Suppose a man takes some wool from a lamb, or hair from an elephant, or some fibers of hemp or cotton, or simply a few sticks of hay, cuts them into two, three or a countable number of pieces, and hurls them into a fire; then can you say that these (pieces) have been cut while they were being cut, hurled while being thrown and burnt while being burnt in fire ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Gautam Swami—) Yes, *Bhante* ! It can be said that these (pieces) have been cut while they were being cut, hurled while being thrown and burnt while being burnt in fire.

११. [२] से जहा वा केइ पुरिसे वत्थं अहतं वा धोतं वा तंतुग्गयं वा मंजिट्ठादोणीए पक्खिवेज्जा, ने नूणं गोयमा ! उक्खिप्पमाणे उक्खित्ते, पक्खिप्पमाणे पक्खित्ते, रज्जमाणे रत्ते त्ति वत्तव्वं सिया ?

हंता, भगवं ! उक्खिप्पमाणे उक्खित्ते जाव रत्ते त्ति वत्तव्वं सिया।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–आराहए, नो विराहए।

११. [२] भगवान का कथन–अथवा जैसे कोई पुरुष बिलकुल नये (नहीं पहने हुए), या धोये हुए, अथवा तंत्र (करघे) से तुरन्त उतरे हुए वस्त्र को मजीठ के द्रोण (पात्र) में डाले तो हे गौतम ! उठाते हुए वह वस्त्र उठाया गया, डालते हुए डाला गया, अथवा रँगते हुए रँगा गया, क्या यों कहा जा सकता है ?

(गौतम स्वामी) हाँ, भगवन् ! उठाते हुए वह वस्त्र उठाया गया, यावत् रँगते हुए रँगा गया, इस प्रकार कहा जा सकता है।

(भगवान) इसी कारण से हे गौतम ! यों कहा जाता है (आराधना के लिए उद्यत हुए साधु या साध्वी) आराधक हैं, विराधक नहीं।

11. [2] (*Bhagavan* —) Also, suppose a man takes a piece of cloth, new or washed or just taken from a loom, and puts it into dying-pan filled with dye; then, Gautam ! Can you say that the piece of cloth has been picked up while it is being taken, put into the pan while still being put, or dyed while still being dyed ?

(Gautam Swami—) Yes, *Bhante* ! It can be said that this piece has been picked up while it is still being taken, put into the pan while still being put, or dyed while still being dyed.

(*Bhagavan*—) That is why, Gautam ! It is said that they (male and female ascetic who are prepared to follow the prescribed code) are steadfast (*araadhak*) and not faltering in conduct (*viraadhak*).

विवेचन : आराधक–विराधक की व्याख्या–आराधक का अर्थ यहाँ मोक्षमार्ग का आराधक तथा भाव शुद्ध होने से शुद्ध है। जैसे कि मृत्यु को लेकर कहा गया है–आलोचना के सम्यक् परिणाम सहित कोई साधु गुरु के पास आलोचनादि करने के लिए चल दिया है, किन्तु यदि बीच में ही वह साधु (आलोचना करने से पूर्व ही) रास्ते में काल कर गया, तो भी वह भाव से शुद्ध है। स्वयं आलोचनादि करने वाला वह साधु गीतार्थ होना सम्भव है। *(वृत्ति, पत्रांक ३७६)*

Elaboration—Definition of *araadhak* and *viraadhak* –*Araadhak* here means steadfast aspirant on the path off liberation. Due to purity of his

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

feelings he is considered spiritually pure. That is why it is said that when he proceeds to the Guru with sincere intent of atonement but has met his death on the way, even before doing atonement, he is spiritually pure. He is considered steadfast in conduct simply when he has done atonement on his own. *(Vritti, leaf 376)*

जलते हुए दीपक आदि में क्या जलता है ? WHAT BURNS IN A LAMP

१२. [प्र.] पईवस्स णं भंते ! झियायमाणस्स किं पईवे झियाइ, लट्ठी झियाइ, वत्ती झियाइ, तेल्ले झियाइ, दीवचंपए झियाइ, जोती झियाइ ?

[उ.] गोयमा ! नो पईवे झियाइ, जाव नो दीवचंपए झियाइ, जोई झियाइ।

१२. [**प्र.**] भगवन् ! जलते हुए दीपक में क्या जलता है ? क्या दीपक जलता है ? दीपयष्टि (दीवट) जलती है ? बत्ती जलती है ? तेल जलता है ? दीपचम्पक (दीपक का ढक्कन) जलता है, या ज्योति (दीपशिखा) जलती है ?

[उ.] गौतम ! दीपक नहीं जलता, यावत् दीपक का ढक्कन भी नहीं जलता, किन्तु ज्योति (दीपशिखा) जलती है।

12. [Q.] *Bhante* ! What is it that burns in a lighted lamp ? Does the lamp burn ? Does the pot of the lamp (*deep-yashti*) burn ? Does the wick burn ? Does the oil burn ? Does the cover burn ? Or does the flame burn ?

[Ans.] Gautam ! The lamp does not burn ... and so on up to ... the cover does not burn; but only the flame burns.

१३. [प्र.] अगारस्स णं भंते ! झियायमाणस्स किं अगारे झियाइ, कुड्डा झियाइ, कडणा झियाइ, धारणा झियाइ, बलहरणे झियाइ, वंसा झियाइ, मल्ला झियाइ, वग्गा झियाइ, छित्तरा झियाइ, छाणे झियाइ, जोती झियाइ ?

[उ.] गोयमा ! नो अगारे झियाइ, नो कुड्डा झियाइ, जाव नो छाणे झियाइ, जोती झियाइ।

१३. [प्र.] भगवन् ! जलते हुए घर में क्या जलता है ? क्या घर जलता है ? भींतें जलती हैं ? टाटी (खसखस आदि की टाटी या पतली दीवार) जलती हैं ? धारण (नीचे के मुख्य स्तम्भ) जलते हैं ? **बलहरण** (मुख्य स्तम्भ-धारण पर रहने वाली आड़ी लम्बी लकड़ी-बल्ली) जलता है ? बाँस जलते हैं ? **मल्ल** (भींतों के आधारभूत स्तम्भ) जलते हैं ? **वर्ग** (बाँस आदि को बाँधने वाली छाल) जलते हैं ? **छित्वर** (बाँस आदि को ढकने के लिए डाली हुई चटाई या छप्पर) जलते हैं ? **छादन** (छाण-दर्भादियुक्त पटल) जलता है अथवा ज्योति (अग्नि) जलती है ?

[उ.] गौतम ! घर नहीं जलता, भींतें नहीं जलतीं, यावत् छादन नहीं जलता, किन्तु ज्योति (अग्नि) जलती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13. [Q.] *Bhante* ! What is it that burns in a house aflame ? Does the house burn ? Do the walls burn ? Do the partitions (*taati*) burn ? Do the load-bearing pillars (*dhaaran*) burn ? Do the beams (*balaharan*) burn ? Does the bamboo burn ? Do the pillars (*malla*) burn ? Do the tie-ropes (*varga*) burn ? Does the covering mat (*chhilvar*) burn ? Does the thatch (*chhaadan*) burn ? Or does the flame burn ?

[Ans.] Gautam ! The house does not burn. The walls do not burn ... and so on up to ... the thatch (*chhaadan*) does not burn. But only the flame burns.

क्रियाओं का निरूपण DESCRIPTION OF ACTIVITIES

१४. [प्र.] **जीवे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?**

[उ.] **गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिए पंचकिरिए, सिय अकिरिए।**

१४. [प्र.] भगवन् ! एक जीव (अपने औदारिक शरीर से, परकीय) एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला, कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है और कदाचित् अक्रिय भी होता है।

14. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all.

१५. [प्र.] **नेरइए णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?**

[उ.] **गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए सिए पंचकिरिए।**

१५. [प्र.] भगवन् ! एक नैरयिक जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला होता है।

15. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities an infernal being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in five activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६. [प्र.] असुरकुमारे णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिए ?

[उ.] एवं चेव।

१६. [प्र.] भगवन् ! एक असुरकुमार, (दूसरे के) एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार (कदाचित् तीन, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच क्रियाओं वाला) होता है।

16. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities an *Asur Kumar* divine being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! As aforesaid (in three, four, or five activities).

१७. एवं जाव वेमाणिय, नवरं मणुस्से जहा जीवे (सु. १४)।

१७. इसी प्रकार यावत् वैमानिक देवों तक कहना चाहिए। परन्तु मनुष्य का कथन औधिक जीव की तरह (सूत्र १४ अनुसार) जानना चाहिए।

17. In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 14).

१८. [प्र.] जीवे णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिए ?

[उ.] गोयमा ! सिय तिकिरिए जाव सिय अकिरिए।

१८. [प्र.] भगवन् ! एक जीव (दूसरे जीवों के) औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् पाँच क्रिया वाला, तथा कदाचित् अक्रिय (क्रियारहित) भी होता है।

18. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all.

१९. [प्र.] नेरइए णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिए ?

[उ.] एवं एसो जहा पढमो दंडओ (सु. १५-१७) तहा इमो वि अपरिसेसो भाणियव्वो जाव वेमाणिए, नवरं मणुस्से जहा जीवे (सु. १८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९. [प्र.] भगवन् ! एक नैरयिक जीव, (दूसरे जीवों के) औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार प्रथम दण्डक (सू. १५ से १७) में कहा गया है, उसी प्रकार यह दण्डक भी सारा का सारा यावत् वैमानिक पर्यन्त कहना चाहिए; परन्तु मनुष्य का कथन सामान्य (औधिक) जीवों की तरह (सू. १८ में कहे अनुसार) जानना चाहिए।

19. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities an infernal being is capable of getting involved in ?

[Ans.] What has been stated with regard to the first group (aphorisms 15-17) should also be repeated for this group up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 18).

२०. [प्र.] जीवा णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! सिय तिकिरिया जाव सिय अकिरिया।

२०. [प्र.] भगवन् ! बहुत-से जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाँच क्रिया वाले होते हैं, तथा कदाचित् अक्रिय भी होते हैं।

20. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities many living beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all.

२१. [प्र.] नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीराओ कतिकिरिया ?

[उ.] एवं एसो वि जहा पढमो दंडओ (सु. १५-१७) तहा भाणियव्वो जाव वेमाणिया, नवरं मणुस्सा जहा जीवा (सु. २०)।

२१. [प्र.] भगवन् ! बहुत-से नैरयकि जीव, दूसरे के एक औदारिक शरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार प्रथम दण्डक (सू. १५ से १७ तक) में कहा गया है, उसी प्रकार यह (दण्डक) भी यावत् वैमानिक-पर्यन्त कहना चाहिए। विशेष यह है कि मनुष्यों का कथन औधिक जीवों की तरह (सू. १८ के अनुसार) जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

21. [Q.] Relative to the gross physical body (*audarik sharira*) of another being, how many activities many infernal beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] What has been stated with regard to the first group (aphorisms 15-17) should also be repeated for this group up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 18).

२२. [प्र.] जीवा णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि, अकिरिया वि।

२२. [प्र.] भगवन् ! बहुत-से जीव, दूसरे जीवों के औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे कदाचित् तीन क्रिया वाले, कदाचित् चार क्रिया वाले और कदाचित् पाँच क्रिया वाले और कदाचित् अक्रिय भी होते हैं।

22. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities many living beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, sometimes in five and sometimes in no activity at all.

२३. [प्र.] नेरइया णं भंते ! ओरालियसरीरेहिंतो कतिकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि, पंचकिरिया वि।

२३. [प्र.] भगवन् ! बहुत-से नैरयिक जीव, दूसरे जीवों के औदारिक शरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे तीन क्रिया वाले भी, चार क्रिया वाले भी और पाँच क्रिया वाले भी होते हैं।

23. [Q.] Relative to the gross physical bodies (*audarik sharira*) of other beings, how many activities many infernal beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in five activities.

२४. एवं जाव वेमाणिया, नवरं मणुस्सा जहा जीवा (सु. २२)।

२४. इसी तरह यावत् वैमानिक-पर्यन्त समझना चाहिए। विशेष इतना ही है कि मनुष्यों का कथन औधिक जीवों की तरह (सू. २२ में कहे अनुसार) जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

24. In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 22).

२५. [प्र.] **जीवे णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कतिकिरिए ?**

[उ.] **गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए, सिय अकिरिए।**

२५. [प्र.] भगवन् ! एक जीव, (दूसरे एक जीव के) वैक्रियशरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला, कदाचित् चार क्रिया वाला और कदाचित् क्रियारहित होता है।

25. [Q.] Relative to the transmuted body (*vaikriya sharira*) of another being, how many activities a living being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, sometimes in four, and sometimes in no activity at all.

२६. [प्र.] **नेरइए णं भंते ! वेउव्वियसरीराओ कतिकिरिए ?**

[उ.] **गोयमा ! सिय तिकिरिए, सिय चउकिरिए।**

२६. [प्र.] 'भगवन् ! एक नैरयिक जीव, (दूसरे एक जीव के) वैक्रियशरीर की अपेक्षा कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! वह कदाचित् तीन क्रिया वाला और कदाचित् चार क्रिया वाला होता है।

26. [Q.] Relative to the transmuted body (*vaikriya sharira*) of another being, how many activities an infernal being is capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! He is capable of getting involved sometimes in three activities, and sometimes in four activities.

२७. **एवं जाव वेमाणिए, नवरं मणुस्से जहा जीव (सु. २५)।**

२७. इस प्रकार यावत् वैमानिक-पर्यन्त कहना चाहिए। किन्तु मनुष्य का कथन औधिक जीव की तरह (सू. २५) कहना चाहिए।

27. In the same way the aforesaid statements should be repeated up to *Vaimanik* divine beings. However, the statement for human beings should follow the pattern of the general statement (*aughik*) about living beings (aphorism 25).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८. एवं जहा ओरालियसरीरेणं चत्तारि दंडगा भणिया तहा वेउव्वियसरीरेण वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा, नवरं पंचमकिरिया न भण्णइ, सेसं तं चेव।

२८. जिस प्रकार औदारिकशरीर की अपेक्षा चार दण्डक कहे गये, उसी प्रकार वैक्रियशरीर की अपेक्षा भी चार दण्डक कहने चाहिए। विशेषता इतनी है कि इसमें पंचम क्रिया का कथन नहीं करना चाहिए। शेष सभी कथन पूर्ववत् समझना चाहिए।

28. Like four statements mentioned with regard to gross physical body, four statements should be repeated with regard to the transmutable body. The only difference being that here the fifth activity should not be included, rest of the statement remaining the same.

२९. [प्र.] एवं जहा वेउव्वियं तहा आहारगं पि, तेयगं पि, कम्मगं पि भाणियव्वं। एक्केक्के चत्तारि दंडगा भाणियव्वा जाव वेमाणिया णं भंते ! कम्मगसरीरेहिंतो कइकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! तिकिरिया वि, चउकिरिया वि।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ अट्ठमसए : छट्ठो उद्देसओ समत्तो ॥

२९. [प्र.] जिस प्रकार वैक्रियशरीर का कथन किया गया है, उसी प्रकार आहारक, तैजस् और कार्मणशरीर का भी कथन करना चाहिए। इन तीनों के प्रत्येक के चार-चार दण्डक कहने चाहिए, यावत्-(प्रश्न-) 'भगवन् ! बहुत-से वैमानिक देव (परकीय) कार्मणशरीरों की अपेक्षा कितनी क्रिया वाले होते हैं ?'

'[उ.] 'गौतम ! तीन क्रिया वाले भी और चार क्रिया वाले भी होते हैं'; यहाँ तक कहना चाहिए।

हे भगवान् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है; (यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करते हैं।)

29. **[Q.]** The pattern of statements mentioned about transmutable body should also be followed for teleportable (*aahaarak*), fiery (*taijas*) and *karmic* (*karman*) bodies. Aforesaid four statements should be stated for each of these up to—[Q.] *Bhante* ! Relative to many *karmic* bodies (*karman sharira*) of other beings, how many activities many *Vaimanik* divine beings are capable of getting involved in ?

[Ans.] Gautam ! They are capable of getting involved sometimes in three activities, and sometimes in four activities.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन : अन्य जीव के औदारिकादि शरीर की अपेक्षा होने वाली क्रिया का आशय–कायिकी आदि पाँच क्रियाएँ हैं, जिनका स्वरूप पहले बताया जा चुका है। जब एक जीव, दूसरे पृथ्वीकायादि, जीव के शरीर की अपेक्षा काया का व्यापार करता है, तब उसे तीन क्रियाएँ होती हैं-कायिकी, आधिकारणिकी और प्राद्वेषिकी। क्योंकि सराग जीव को कायिक क्रिया के सद्भाव में आधिकरणिकी तथा प्राद्वेषिकी क्रिया अवश्य होती है, क्योंकि सराग जीव की काया अधिकरण रूप और प्रद्वेषयुक्त होती है। आधिकरणिकी, प्राद्वेषिकी और कायिकी, इन तीनों क्रियाओं का अविनाभाव (परस्पर गहरा) सम्बन्ध है। पारितापनिकी और प्राणातिपातिकी क्रिया में भजना (विकल्प) है; जब जीव, दूसरे जीव को परिताप पहुँचाता है अथवा दूसरे के प्राणों का घात करता है, तभी क्रमशः पारितापनिकी अथवा प्राणातिपातिकी क्रिया होती है। अतः जब जीव, दूसरे जीव को परिताप उत्पन्न करता है, तब जीव को चार क्रियाएँ होती हैं। जब जीव, दूसरे जीव के प्राणों का घात करता है, तब उसे पाँच क्रियाएँ होती हैं। क्योंकि इन दोनों क्रियाओं में पूर्व की तीन क्रियाओं का सद्भाव अवश्य होता है। इसीलिए मूल पाठ में जीव को कदाचित् तीन, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच क्रिया वाला कहा गया है। जीव कदाचित् अक्रिय भी होता है, यह बात अयोगी अवस्था की अपेक्षा से कही गई है। (मनुष्य के सिवाय शेष २३ दण्डकों के जीव अक्रिय नहीं होते।)

नरकस्थित नैरयिक जीव को मनुष्यलोकस्थित आहारकशरीर की अपेक्षा तीन या चार क्रिया वाला बताया गया है, उसका रहस्य यह है कि नैरयिक जीव ने अपने पूर्वभव के शरीर का विवेक (विरति) के अभाव में व्युत्सृजन नहीं किया (त्याग नहीं किया), इसलिए उस जीव द्वारा बनाया हुआ वह (भूतपूर्व) शरीर जब तक शरीर परिणाम का सर्वथा त्याग नहीं कर देता, तब तक अंशरूप में भी शरीर परिणाम को प्राप्त वह शरीर, पूर्वभाव-प्रज्ञापना की अपेक्षा 'घृतघट' न्याय से (घी निकालने पर भी उसे भूतपूर्व घट की अपेक्षा 'घी का घड़ा' कहा जाता है, तद्वत्) घी का घड़ा कहलाता है। अतः उस मनुष्यलोकवर्ती (भूतपूर्व) शरीर के अंशरूप अस्थि (हड्डी) आदि से आहारकशरीर का स्पर्श होता है, अथवा उसे परिताप उत्पन्न होता है, इस अपेक्षा से नैरियक जीव आहारकशरीर की अपेक्षा तीन या चार क्रिया वाला होता है। इसी प्रकार देव आदि तथा द्वीन्द्रिय आदि जीवों के विषय में भी जान लेना चाहिए। *(वृत्ति पत्रांक ३७७, प्रज्ञापना क्रियापद)*

॥ अष्टम शतक : छठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Meaning of activities related to body of another being—There are five types of activities (*kriya*) including physical (*kaayiki*) as already detailed earlier. When a living being indulges in physical activity in relation to the body of other living being including earth-bodied beings, then it gets involved in three activities–*kaayiki kriya* (physical activity), *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion). This is because when a living being having attachment indulges in physical activity he is necessarily involved in *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion). The reason for this is that the body of a living being with attachment acts as an instrument and it has

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the feeling of aversion. The three said activities—*kaayiki kriya* (physical activity), *aadhikaraniki kriya* (activity of collecting instruments of violence) and *praadveshiki kriya* (activity of harbouring aversion)—are closely connected. In *paaritapaniki kriya* (activity of inflicting pain), *pranatipatiki* (activity of killing) there is a scope of alternatives. Involvement in these two activities, *paaritapaniki kriya* (activity of inflicting pain), *pranatipatiki* (activity of killing), takes place one after the other only when a being causes pain to or kills another being. Thus when a living being causes pain to another living being it gets involved in four activities and when he kills another being he gets involved in five activities. This is because the last two activities necessarily have involvement of first three activities. That is why in the original text it is mentioned that a being gets involved sometimes in three, sometimes in four or sometimes in five activities. A living being is sometimes non-active also; this is with regard to the absolutely detached state. (Other than human beings, living beings of twenty-three *dandaks* or places of suffering are never non-active.)

An infernal being in hell is said to be involved in three or four activities in relation to the body with intake (*aahaarak sharira*) existing in the land of humans. The reason for this is that in absence of renunciation, infernal beings do not completely abandon the bodies of preceding birth. Therefore as long as that body does not disintegrate completely, and even a fraction of the original body exists, it is recognized as the body of that being in context of preceding birth. It is like a pot filled with butter is called pot of butter even after it is emptied. Thus the infernal being touches the part of that *aahaarak sharira* of past birth and suffers pain. It is in this context that an infernal being in hell is said to be involved in three or four activities in relation to the body with intake (*aahaarak sharira*). The same is true for divine and other beings including two-sensed beings. *(Vritti, leaf 377; Kriyapad of Prajnapana Sutra)*.

● END OF THE SIXTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सत्तमो उद्देसओ : 'अदत्ते'

अष्टम शतक : सप्तम उद्देशक : अदत्त

EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : SEVENTH LESSON : ADATT (NOT GIVEN)

अन्यतीर्थिकों के साथ स्थविरों का वाद HERETICS DISCUSS WITH STHAVIRS

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे। वण्णओ। गुणसिलए चेइए। वण्णओ, जाव पुढविसिलावट्टओ। तस्स णं गुणसिलस्स चेइयस्स अदूरसामंते बहवे अन्नउत्थिया परिवसंति।

१. उस काल और उस समय में राजगृह नामक नगर था। वहाँ गुणशीलक नामक चैत्य था। (उसका वर्णन औपपातिक सूत्र के समान जान लेना चाहिए) यावत् पृथ्वी शिलापट्टक था। उस गुणशीलक चैत्य के आस-पास बहुत-से अन्यतीर्थिक रहते थे।

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. Description (as before). There was a *Chaitya* called Gunasheelak... and so on up to... There was a slab of stone. A little distance away from that Gunasheelak Chaitya lived many heretics (*anyatirthik*).

२. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे आदिगरे जाव समोसढे जाव परिसा पडिगया।

२. उस काल और उस समय में धर्मतीर्थ की आदि (स्थापना) करने वाले श्रमण भगवान् महावीर समवसृत हुए (पधारे) यावत् धर्मोपदेश सुनकर परिषद् वापिस चली गई।

2. During that period of time Bhagavan Mahavir, the founder of religious order ... and so on up to ... arrived ... and so on up to ... *Bhagavan* gave his sermon. People dispersed.

३. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स बहवे अंतेवासी थेरा भगवंतो जातिसंपन्ना कुलसंपन्ना जहा बितियसए (स. २, उ. ५, सु. १२) जाव जीवियासामरणभयविप्पमुक्का समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढंजाणू अहोसिरा झाणकोट्ठोवगया संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणा जाव विहरंति।

३. उस काल और उस समय में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के बहुत-से शिष्य स्थविर भगवन्त जातिसम्पन्न, कुलसम्पन्न इत्यादि दूसरे शतक में वर्णित गुणों से युक्त यावत् जीवन की आशा और मरण के भय से विमुक्त थे। वे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के न अतिदूर, न अतिनिकट ऊर्ध्व जानु (घुटने खड़े रखकर), अधोशिरस्क (नीचे मस्तक नमा कर) ध्यानरूप कोष्ठ को प्राप्त होकर संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते थे।

3. During that period of time many of Shraman Bhagavan Mahavir's senior ascetic disciples (*Sthavir Bhagavant*), endowed with virtues like *jatisampanna* (belonged to high castes), *kulasampanna* (came from noble

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

families) (etc. as mentioned in Chapter 2) ... and so on up to ... were free of the desire for life and fear of death. With their knees up and heads bent low, they sat immersed in meditation, enkindling (*bhaavit*) their souls with ascetic-discipline and austerities in proximity of Shraman Bhagavan Mahavir.

४. तए णं ते अन्नउत्थिया जेणेव थेरा भगवंतो तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! तिविहं तिविहेणं अस्संजयअविरयअप्पडिहय जहा सत्तमसए बितिए उद्देसए (स. ७, उ. २, सु. १ [२]) जाव एगंतबाला यावि भवह।

४. एक बार वे अन्यतीर्थिक, जहाँ स्थविर भगवन्त थे, वहाँ आये। उनके निकट आकर वे स्थविर भगवन्तों से यों कहने लगे–'हे आर्यो ! तुम त्रिविध–त्रिविध (तीन करण, तीन योग से) असंयत, अविरत, अप्रतिहतपापकर्म (पापकर्म का निरोध नहीं किये) तथा पापकर्म का प्रत्याख्यान नहीं किये हुए हो'; इत्यादि जैसे सातवें शतक के द्वितीय उद्देशक (सू. १/२) में कहा गया है, तदनुसार कहा; यावत् तुम एकान्त बाल (अज्ञानी) भी हो।

4. Once those heretics came where the senior ascetics (*sthavirs*) lived. Approaching the senior ascetics they said–O noble ones ! You are devoid of restraint (*asamyat*), detachment (*avirat*), control on and renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) towards all *praan* (two to four sensed beings; beings)... and so on up to... all *sattva* (immobile beings; entities) through three means (*karan*) and three methods (*yoga*). [As mentioned in seventh chapter, second lesson, aphorism 1/2 up to 'you are also complete ignorant (*ekaant baal*)'].

५. [प्र.] तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–केणं कारणेणं अज्जो ! अम्हे तिविहं तिविहेणं अस्संजय–अविरय जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

५. [प्र.] इस पर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार पूछा–'आर्यो ! किस कारण से हम त्रिविध–त्रिविध असंयत, अविरत, यावत् एकान्तबाल हैं ?

5. [Q.] The senior ascetics responded by asking the heretics–Noble ones ! Why do you say that we are devoid of restraint (*asamyat*), detachment (*avirat*), control on and renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*) ?

६. [उ.] तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! अदिन्नं गेण्हह, अदिन्नं भुंजह, अदिन्नं सातिज्जह। तए णं तुब्भे अदिन्नं गेण्हमाणा, अदिन्नं भुंजमाणा, अदिन्नं सातिज्जमाणा तिविहं तिविहेणं अस्संजय अविरय जाव एगंतबाला यावि भवह।

६. [उ.] तदनन्तर उन अन्यतीर्थिकों ने स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार कहा–हे आर्यो ! तुम अदत्त (किसी के द्वारा नहीं दिया हुआ) पदार्थ ग्रहण करते हो, अदत्त का भोजन करते हो और अदत्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 8

Illustration No. 8

अन्यतीर्थिक और स्थविर संवाद

भगवान महावीर राजगृह नगर के गुणशीलक चैत्य में विराजमान थे। वहाँ भगवान के बहुत-से स्थविर शिष्य थे। जाति सम्पन्न आदि गुणों से युक्त थे। राजगृह के गुणशीलक चैत्य के आसपास बहुत से अन्यतीर्थिक साधु भी रहते थे। वे भगवान के साधुओं के सम्पर्क में आते रहते थे। उनमें आपस में वाद-प्रतिवाद भी होता रहता था। ऐसे ही एक प्रसंग का यहाँ वर्णन किया गया है।

एक बार अन्यदर्शनी साधुओं ने स्थविर श्रमणों से चर्चा की और स्थविर श्रमणों ने अपने ज्ञान से उन्हें निरुत्तर कर दिया। भगवान के श्रमण अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध कर उन्हें निरुत्तर कर देते थे। "तुम अदत्त लेते हो" या "तुम बाल हो" आदि कथनों का यथोचित उत्तर देकर स्थविर बताते हैं कि हम किसी का दिया लेते हैं अर्थात् 'दत्त' ही लेते हैं। तुम अदत्त लेते हो। यावत् "तुम एकांत बाल हो, हम नहीं!" इस प्रकार भगवान के श्रमण इतने ज्ञान सम्पन्न, श्रद्धा सम्पन्न थे कि अपने धर्म की श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए अन्य धर्मावलम्बी को निरुत्तर कर देते थे।

—शतक 8, उ. 7, सूत्र 1-24

DISCUSSION BETWEEN HERETICS AND SENIOR ASCETICS

Bhagavan Mahavir was staying in Gunasheelak Chaitya in Rajagriha. Also with him were many senior ascetic disciples belonging to high castes and having many qualities. A little distance away from that lived many heretics (*anyatirthik*). They came in contact with Bhagavan's disciples and had discussions with them. One such incident is narrated here.

Once the heretics debated with the senior ascetics and were silenced by their profound knowledge. Often the ascetic disciples of Bhagavan silenced the heretics by proving that the Shraman religion was better. They gave convincing reply to accusations by heretics, such as 'You take what is not given.' Or 'You are ignorant.' They logically refuted and proved that it was not them but the heretics who took what is not given. Thus it was the heretics that were ignorant and not they. Thus Bhagavan's disciples had so profound knowledge and faith that establishing the excellence of their own religion they silenced the followers of other religions.

— Shatak-8, lesson-7, Sutra-1-24

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का स्वाद लेते हो, अर्थात्-अदत्त (ग्रहणादि) की अनुमति देते हो। इस प्रकार अदत्त का ग्रहण करते हुए, अदत्त का भोजन करते हुए, और अदत्त की अनुमति देते हुए तुम त्रिविध-त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हो।

6. [Ans.] In reply the heretics said to the senior ascetics–Noble ones ! You accept things not given to you (*adatt*), you eat things not given to you and taste things not given to you. In other words you allow accepting (etc.) of things not given to you. This way, as you accept what is not given, eat what is not given and allow to take what is not given, you are devoid of restraint (*asamyat*), devoid of detachment (*avirat*), and devoid of control on as well as renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*).

७. [प्र.] तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–केणं कारणेणं अज्जो ! अम्हे अदिन्नं गेण्हामो, अदिन्नं भुंजामो, अदिन्नं सातिज्जामो, जए णं अम्हे अदिन्नं गेण्हमाणा, जाव अदिन्नं सातिज्जमाणा तिविहं तिविहेणं अस्संजय जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

७. [प्र.] तदनन्तर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार पूछा-'आर्यो ! हम किस-किस प्रकार से अदत्त का ग्रहण करते हैं, अदत्त का भोजन करते हैं और अदत्त की अनुमति देते हैं, जिससे कि हम अदत्त का ग्रहण करते हुए यावत् अदत्त की अनुमति देते हुए त्रिविध-त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हैं ?

7. [Q.] The senior ascetics asked the heretics—Noble ones ! How do you think we accept things not given to us (*adatt*), we eat things not given to us, taste things not given to us, and allow accepting things not given to us ? Thereby due to accepting what is not given ... and so on up to ... we are devoid of restraint (*asamyat*), detachment (*avirat*), control on and renunciation of sinful indulgence (*apratihat* and *apratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*).

८. [उ.] तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुम्हाणं अज्जो ! दिज्जमाणे अदिन्ने, पडिगहेज्जमाणे अपडिग्गहिए, निसिरिज्जमाणे अणिसट्ठे, तुब्भे णं अज्जो ! दिज्जमाणं पडिग्गहगं असंपत्तं एत्थ णं अंतरा केइ अवहरिज्जा, गाहावइस्स णं तं, नो खलु तं तुब्भं, तए णं तुब्भे अदिन्नं गेण्हह जाव अदिन्नं सातिज्जह, तए णं तुब्भे अदिन्नं गेण्हमाणा जाव एगंतबाला यावि भवह।

८. [उ.] इस पर उन अन्यतीर्थिकों ने स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार कहा-हे आर्यो ! तुम्हारे मत में दिया जाता हुआ पदार्थ, 'नहीं दिया गया', ग्रहण किया जाता हुआ, 'ग्रहण नहीं किया गया', तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(पात्र में) डाला जाता हुआ पदार्थ, 'नहीं डाला गया'; ऐसा कथन है; इसलिए हे आर्यो ! तुमको दिया जाता हुआ पदार्थ, जब तक पात्र में नहीं पड़ा, तब तक बीच में से ही कोई उसका अपहरण कर ले तो तुम कहते हो–'वह उस गृहपति के पदार्थ का अपहरण हुआ'; 'तुम्हारे पदार्थ का अपहरण हुआ', ऐसा तुम नहीं कहते। इस कारण से तुम अदत्त का ग्रहण करते हो, यावत् अदत्त की अनुमति देते हो; अतः तुम अदत्त का ग्रहण करते हुए यावत् एकान्तबाल हो।

8. [Ans.] The heretics replied to the senior ascetics–Noble ones ! According to you, things in process of being given are said to be 'not given', things in process of being accepted are said to be 'not accepted', and things being poured in a bowl are said to be 'not poured'. As such while being poured if a thing is snatched away by someone, you say – "The thing belonging to the householder has been snatched away." You do not say–"My thing has been snatched away." That is the reason we say that you accept things not given to you (*adatt*) ... and so on up to ... you allow accepting things not given to you. This way as you accept what is not given ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*).

९. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–नो खलु अज्जो ! अम्हे अदिन्नं गिण्हामो, अदिन्नं भुंजामो, अदिन्नं सातिज्जामो, अम्हे णं अज्जो ! दिन्नं गेण्हामो, दिन्नं भुंजामो, दिन्नं सातिज्जामो, तए णं अम्हे दिन्नं गेण्हमाणा दिन्नं भुंजमाणा दिन्नं सातिज्जमाणा तिविहं तिविहेणं संजय–विरय–पडिहय जहा सत्तमसए (स. ७, उ. २, सु. १ [२]) जाव एगंतपंडिया यावि भवामो।

९. [**प्रतिवाद**] यह सुनकर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार कहा–'आर्यो ! हम अदत्त का ग्रहण नहीं करते, न अदत्त को खाते हैं और न ही अदत्त की अनुमति देते हैं। हे आर्यो ! हम तो दत्त (स्वामी द्वारा दिये गये) पदार्थ को ग्रहण करते हैं, दत्त भोजन को खाते हैं और दत्त की अनुमति देते हैं। इसलिए हम दत्त का ग्रहण करते हुए, दत्त का भोजन करते हुए और दत्त की अनुमति देते हुए त्रिविध-त्रिविध संयत, विरत, पापकर्म के प्रतिनिरोधक, पापकर्म का प्रत्याख्यान किये हुए हैं। जिस प्रकार सप्तमशतक (द्वितीय उद्देशक, सू. १) में कहा है, तदनुसार हम यावत् एकान्तपण्डित हैं।'

9. The senior ascetics then explained those heretics–Noble ones ! We do not accept things not given to us (*adatt*), we do not eat things not given to us and we do not allow accepting (etc.) of things not given to us. Noble ones ! In fact, we accept things given to us (*datt*), we eat things given to us and we allow accepting (etc.) of things given to us. Thus as we accept what is given, eat what is given and allow to take what is given, we observe restraint (*samyat*), observe detachment (*virat*), and observe control on as well as renunciation of sinful indulgence (*pratihat* and *pratyakhyan*) through three means (*karan*) and three methods (as

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

mentioned in seventh chapter, second lesson, aphorism 1)... and so on up to ... thus we are perfectly prudent (*ekaant pundit*).

१०. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–केण कारणेणं अज्जो ! तुम्हे दिन्नं गेण्हह जाव दिन्नं सातिज्जह, तए णं तुब्भे दिन्नं गेण्हमाणा जाव एगंतपंडिया यावि भवह ?

१०. [वाद] तब उन अन्यतीर्थिकों ने उन स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार कहा–'तुम किस कारण (किस प्रकार) दत्त का ग्रहण करते हो, यावत् दत्त की अनुमति देते हो, जिससे दत्त का ग्रहण करते हुए यावत् तुम एकान्तपण्डित हो ?'

10. [Q.] The heretics further asked the senior ascetics–Why do you say, Noble ones ! You accept things given to you (*datt*), you eat things given to you and you allow accepting (etc.) of things given to you. This way as you accept what is given ... and so on up to ... you are perfectly prudent (*ekaant pundit*) ?

११. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–अम्हे णं अज्जो ! दिज्जमाणे दिन्ने, पडिगहेज्जमाणे पडिग्गहिए, निसिरिज्जमाणे निसट्ठे। अम्हं णं अज्जो ! दिज्जमाणं पडिग्गहगं असंपत्तं एत्थ णं अंतरा केइ अवहरेज्जा, अम्हं णं तं, णो खलु तं गाहावइस्स, तए णं अम्हे दिन्नं गेण्हामो, दिन्नं भुंजामो, दिन्नं सातिज्जामो, तए णं अम्हे दिन्नं गेण्हमाणा जाव दिन्नं सातिज्जमाणा तिविहं तिविहेणं संजय जाव एगंतपंडिया यावि भवामो। तुब्भे णं अज्जो ! अप्पणा चेव तिविहं तिविहेणं अस्संजय जाव एगंतबाला यावि भवह।

११. [प्रतिवाद] इस पर स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार कहा–'हे आर्यो ! हमारे सिद्धान्तानुसार–दिया जाता हुआ पदार्थ 'दिया गया'; ग्रहण किया जाता हुआ पदार्थ 'ग्रहण किया' और पात्र में डाला जाता हुआ पदार्थ 'डाला गया' कहलाता है। इसीलिए हे आर्यो ! हमें दिया जाता हुआ पदार्थ हमारे पात्र में नहीं पहुँचा (पड़ा) है, इसी बीच में कोई व्यक्ति उसका अपहरण कर ले तो 'वह पदार्थ हमारा अपहृत हुआ' कहलाता है, किन्तु 'वह पदार्थ गृहस्थ का अपहृत हुआ', ऐसा नहीं कहलाता। इस कारण से हम दत्त को ग्रहण करते हैं, दत्त आहार करते हैं और दत्त की ही अनुमति देते हैं। इस प्रकार हम दत्त को ग्रहण करते हुए यावत् दत्त की अनुमति देते हुए हम त्रिविध–त्रिविध संयत, विरत यावत् एकान्तपण्डित हैं, प्रत्युत, हे आर्यो ! तुम स्वयं त्रिविध–त्रिविध असंयत, अविरत, यावत् एकान्तबाल हो।

11. [Ans.] The senior ascetics explained to the heretics–Noble ones ! According to us things in process of being given are said to be 'given', things in process of being accepted are said to be 'accepted', and things being poured in a bowl are said to be 'poured'. As such, while being poured if a thing is snatched away by someone, we say – "Our thing has been snatched away." We do not say–"The thing belonging to the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

householder has been snatched away." That is the reason we say that we accept things given to us (*datt*), we eat things given to us and we allow accepting things given to us. This way as we accept what is given ... and so on up to ... we observe restraint (*samyat*)... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... thus we are perfectly prudent (*ekaant pundit*). On the other hand, noble ones ! It is you who are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*).

१२. [प्र.] तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–केण कारणेणं अज्जो ! अम्हे तिविहं जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

१२. [प्र.] तत्पश्चात् उन अन्यतीर्थिकों ने स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार पूछा–आर्यो ! हम किस कारण से (कैसे) त्रिविध–त्रिविध... यावत् एकान्तबाल हैं ?

12. [Q.] At this the heretics inquired from the senior ascetics—Noble ones ! Why do you say that we are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ...through three means (*karan*) and three methods ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*) ?

१३. [उ.] तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! अदिन्नं गेण्हह, अदिन्नं भुंजह, अदिन्नं साइज्जह, तए णं अज्जो ! तुब्भे अदिन्नं गे. जाव एगंतबाला यावि भवह।

१३. [उ.] इस पर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से यों कहा–आर्यो ! तुम लोग अदत्त का ग्रहण करते हो, अदत्त भोजन करते हो और अदत्त की अनुमति देते हो; इसलिए हे आर्यो ! तुम अदत्त का ग्रहण करते हुए यावत् एकान्तबाल हो।

13. [Ans.] The senior ascetics said to the heretics—Noble ones ! You accept things not given to you (*adatt*), you eat things not given to you and taste things not given to you. In other words you allow accepting (etc.) of things not given to you. This way as you accept what is not given ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*).

१४. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–केण कारणेणं अज्जो ! अम्हे अदिन्नं गेण्हामो जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

१४. [प्रतिवाद] तब उन अन्यतीर्थिकों ने उन स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार पूछा–आर्यो ! हम किस कारण से अदत्त का ग्रहण करते हैं यावत् जिससे कि हम एकान्तबाल हैं ?

14. [Q.] The heretics then asked the senior ascetics—Noble ones ! How do you think we accept things not given to us (*adatt*) ... and so on up to ... are complete ignorant (*ekaant baal*) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! दिज्जमाणे अदिन्ने तं चेव जाव गाहावइस्स णं तं, णो खलु तं तुब्भं, तए णं तुब्भे अदिन्नं गेण्हह, तं चेव जाव एगंतबाला यावि भवह।

१५. [प्रत्युत्तर] यह सुनकर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार कहा-आर्यो ! तुम्हारे मत में दिया जाता हुआ पदार्थ 'नहीं दिया गया' इत्यादि कहलाता है, यह सारा वर्णन पहले कहे अनुसार यहाँ करना चाहिए; यावत् वह पदार्थ गृहस्थ का है, तुम्हारा नहीं; इसलिए तुम अदत्त का ग्रहण करते हो, यावत् पूर्वोक्त प्रकार से तुम एकान्तबाल हो।

15. [Ans.] The senior ascetics replied to the heretics–Noble ones ! According to you, things in process of being given are said to be 'not given', (repeat as aforesaid aphorism 8) ... and so on up to ... "The thing belonging to the householder and not me has been snatched away." That is the reason we say that you accept things not given to you (*adatt*) ... and so on up to ... you are complete ignorant (*ekaant baal*).

विवेचन : अन्यतीर्थिकों की भ्रान्ति–अन्यतीर्थिकों ने इस भ्रान्तिवश स्थविर मुनियों पर आक्षेप किया था कि श्रमणों का ऐसा मत है कि दिया जाता हुआ पदार्थ नहीं दिया गया, ग्रहण किया जाता हुआ पदार्थ नहीं ग्रहण किया गया और पात्र में डाला जाता हुआ पदार्थ नहीं डाला गया; माना गया है। किन्तु जब स्थविरों ने इसका प्रतिवाद किया और उनकी इस भ्रान्ति का निराकरण **'चलमाणे चलिए'** के सिद्धान्तानुसार किया, तब वे अन्यतीर्थिक निरुत्तर हो गये, उल्टे उनके द्वारा किया गया आक्षेप उन्हीं पर आरोपित हो गया।

'दिया जाता हुआ' वर्तमानकालिक व्यापार है, और 'दत्त' भूतकालिक है, अतः वर्तमान और भूत दोनों अत्यन्त भिन्न होने से दीयमान (दिया जाता हुआ) दत्त नहीं हो सकता, दत्त ही 'दत्त' कहा जा सकता है, यह अन्यतीर्थिकों की भ्रान्ति थी। इसी का निराकरण करते हुए स्थविरों ने कहा-'हमारे मत से क्रियाकाल और निष्ठाकाल, इन दोनों में भिन्नता नहीं है। जो 'दिया जा रहा है', वह 'दिया ही गया' समझना चाहिए। *(वृत्ति, पत्रांक ३८१)*

Elaboration—Misunderstanding of heretics—The heretics blamed the senior ascetics of misconduct because they believed that according to the senior ascetics things in process of being given are said to be 'not given', things in process of being accepted are said to be 'not accepted', and things being poured in a bowl are said to be 'not poured'. But when the senior ascetics refuted it on the basis of the principle of '*chalamane chaliye*' or 'a thing moving is said to have moved', the heretics were silenced. In fact their blame rebounded on them.

The heretics were confused because they believed that 'being given' describes an act of the present time whereas 'has been given' describes an act of the past. Present and past are far apart because only what has

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

been given can be called as given and not what is being given. In order to remove this confusion the senior ascetics explained that in their view there is hardly any difference in the time of action and that of conclusion. That which is being given should be taken as given (because it has already been assigned to be given). *(Vritti, leaf 381)*

१६. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी—तुब्भे णं अज्जो ! तिविहं तिविहेणं अस्संजय जाव एगंतबाला यावि भवह।

१६. [**अन्य आक्षेप**] तत्पश्चात् उन अन्यतीर्थिकों ने उन स्थविर भगवन्तों से कहा—आर्यो ! (हम कहते हैं कि) तुम ही त्रिविध-त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हो !

16. [Another blame] Then the heretics said to those senior ascetics–Noble ones ! (We say that) It is you who are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*).

१७. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी—केण कारणेणं अम्हे तिविहं तिविहेणं जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

१७. [**प्रतिप्रश्न**] इस पर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से (पुनः) पूछा—आर्यो ! किस कारण से हम त्रिविध-त्रिविध यावत् एकान्तबाल हैं ?

17. The senior ascetics asked those heretics–Noble ones ! Why do you say that we are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*) ?

१८. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी—तुब्भे णं अज्जो ! रीयं रीयमाणा पुढविं पेच्चहे अभिहणह वत्तेह लेसेह संघाएह संघट्टेह परितावेह किलामेह उवद्दवेह, तए णं तुब्भे पुढविं पेच्चेमाणा जाव उवद्दवेमाणा तिविहं तिविहेणं असंजयअविरय जाव एगंतबाला यावि भवह।

१८. [**आक्षेप**] तब उन अन्यतीर्थिकों ने स्थविर भगवन्तों से यों कहा—"आर्यो ! तुम गमन करते हुए पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते (आक्रान्त करते) हो, हनन करते हो, पादाभिघात करते हो, उन्हें भूमि के साथ श्लिष्ट (संघर्षित) करते (टकराते) हो; उन्हें एक-दूसरे के ऊपर इकट्ठे करते हो, जोर से स्पर्श करते हो, उन्हें परितापित करते हो, उन्हें मारणान्तिक कष्ट देते हो और उपद्रवित करते-मारते हो। इस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते हुए यावत् मारते हुए तुम त्रिविध-त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हो।"

18. Then the heretics said to those senior ascetics–Noble ones ! While walking you bear down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*), trample them, kick them, rub them on the ground, pile them, crush

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

them, torment them, cause them extreme agony and even kill them. This way bearing down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*) ... and so on up to ... killing them, you are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*).

१९. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–नो खलु अज्जो ! अम्हे रीयं रीयमाणा पुढविं पेच्चेमो अभिहणामो जाव उवद्दवेमो, अम्हे णं अज्जो ! रीयं रीयमाणा कायं वा जोगं वा रियं वा पडुच्च देसं देसेणं वयामो, पएसं पएसेणं वयामो, तेणं अम्हे देसं देसेणं वयमाणा पएसं पएसेणं वयमाणा नो पुढविं पेच्चेमो अभिहणामो जाव उवद्दवेमो, तए णं अम्हे पुढविं अपेच्चेमाणा अणभिहणेमाणा जाव अणुवद्दवेमाणा तिविहं तिविहेणं संजय जाव एगंतपंडिया यावि भवामो, तुब्भे णं अज्जो ! अप्पणा चेव तिविहं तिविहेणं अस्संजय जाव बाला यावि भवह।

१९. [**प्रतिवाद**] तब उन स्थविरों ने उन अन्यतीर्थिकों से कहा–"आर्यो ! हम गमन करते हुए पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते (कुचलते) नहीं, हनते नहीं, यावत् मारते नहीं। हे आर्यो ! हम गमन करते हुए काय (अर्थात् शरीर के लघुनीति-बड़ीनीति आदि कार्य) के लिए, योग (अर्थात् ग्लान आदि की सेवा) के लिए, ऋतु (अर्थात् अप्कायादि–जीवसंरक्षणरूप संयम) के लिए एक देश (स्थल) से दूसरे देश (स्थल) में और एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाते हैं। इस प्रकार एक स्थल से दूसरे स्थल में और एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाते हुए हम पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते नहीं, उनका हनन नहीं करते, यावत् उनको मारते नहीं। इसलिए पृथ्वीकायिक जीवों को नहीं दबाते हुए, हनन न करते हुए यावत् नहीं मारते हुए हम त्रिविध-त्रिविध संयत, विरत, यावत् एकान्तपण्डित हैं। किन्तु हे आर्यो ! तुम स्वयं त्रिविध-त्रिविध असंयत, अविरत, यावत् एकान्तबाल हो।"

19. The senior ascetics replied to the heretics—Noble ones ! While walking we do not bear down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*), do not trample them ... and so on up to ... and do not kill them. Noble ones ! We move from one area to another and one place to another solely for the purpose of nature's call including disposing (*kaaya*), serving the ailing (*yoga*) and protecting life forms including water-bodied beings (*ritu*). While walking thus, from one area to another and one place to another, we do not bear down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*), do not trample them ... and so on up to ... and do not kill them. Therefore, by not bearing down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*), not trampling them ... and so on up to ... and not killing them we are observing restraint (*samyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... we are perfectly prudent (*ekaant pundit*). In fact it is you who are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*).

२०. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–केण कारणेणं अज्जो ! अम्हे तिविहं तिविहेणं जाव एगंतबाला यावि भवामो ?

२०. [प्रतिप्रश्न] इस पर उन अन्यतीर्थिकों ने उन स्थविर भगवन्तों से इस प्रकार पूछा–"आर्यो ! हम किस कारण त्रिविध–त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हैं ?"

20. The heretics asked the senior ascetics—Why do you say that we are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*) ?

२१. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! रीयं रीयमाणा पुढविं पेच्चेह जाव उवद्दवेह, तए णं तुब्भे पुढविं पेच्चेमाणा जाव उवद्दवेमाणा तिविहं तिविहेणं जाव एगंतबाला यावि भवह।

२१. [प्रत्युत्तर] तब स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से यों कहा–"आर्यो ! तुम गमन करते हुए पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते हो, यावत् मार देते हो। इसलिए पृथ्वीकायिक जीवों को दबाते हुए, यावत् मारते हुए तुम त्रिविध–त्रिविध असंयत, अविरत यावत् एकान्तबाल हो।"

21. The senior ascetics replied to the heretics—While walking you bear down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*) ... and so on up to ... kill them. Therefore bearing down on earth-bodied beings (*prithvikaaya jivas*) ... and so on up to ... killing them, you are devoid of restraint (*asamyat*) ... and so on up to ... through three means (*karan*) and three methods (*yoga*) ... and so on up to ... complete ignorant (*ekaant baal*).

२२. तए णं ते अन्नउत्थिया ते थेरे भगवंते एवं वयासी–तुब्भे णं अज्जो ! गम्ममाणे अगते, वीतिक्कमिज्जमाणे अवीतिक्कंते रायगिहं नगरं संपाविउकामे असंपत्ते ?

२२. [प्रत्याक्षेप] इस पर वे अन्यतीर्थिक उन स्थविर भगवन्तों से यों बोले–हे आर्यो ! तुम्हारे मत में गच्छन् (जाता हुआ), अगत (नहीं गया) कहलाता है; जो लाँघा जा रहा है, वह नहीं लाँघा गया, कहलाता है और राजगृह को प्राप्त करने (पहुँचने) की इच्छा वाला पुरुष असम्प्राप्त (नहीं पहुँचा हुआ) कहलाता है।

22. At last the heretics said to the senior ascetics–Noble ones ! According to you what 'is in the process of going' is termed as 'has not gone', what is 'beings crossed' is termed as 'has not crossed' and 'one who is desirous of reaching Rajagriha' is termed as 'has not reached Rajagriha'.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं वयासी–नो खलु अज्जो ! अम्हं गम्ममाणे अगए, वीइक्कमिज्जमाणे अवीतिक्कंते रायगिहं नगरं जाव असंपत्ते, अम्हं णं अज्जो ! गम्ममाणे गए, वीतिक्कमिज्जमाणे वीतिक्कंते रायगिहं नगरं संपाविउकामे संपत्ते, तुब्भं णं अप्पणा चेव गम्ममाणे अगए वीतिक्कमिज्जमाणे अवीतिक्कंते रायगिहं नगरं जाव असंपत्ते।

२३. [प्रतिवाद] तत्पश्चात् उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों से इस प्रकार कहा–आर्यो ! हमारे मत में जाता हुआ (गच्छन्) अगत (नहीं गया) नहीं कहलाता, व्यतिक्रम्यमाण (उल्लंघन किया जाता हुआ) अव्यतिक्रान्त (उल्लंघन नहीं किया) नहीं कहलाता। इसी प्रकार राजगृह नगर को प्राप्त करने की इच्छा वाला व्यक्ति असम्प्राप्त नहीं कहलाता। हमारे मत में तो, आर्यो ! 'गच्छन्' 'गत'; 'व्यतिक्रम्यमाण' 'व्यतिक्रान्त'; और राजगृह नगर को प्राप्त करने की इच्छा वाला व्यक्ति सम्प्राप्त कहलाता है। हे आर्यो ! तुम्हारे ही मत में 'गच्छन्' 'अगत', 'व्यतिक्रम्यमाण' 'अव्यतिक्रान्त' और राजगृह नगर को प्राप्त करने की इच्छा वाला असम्प्राप्त कहलाता है।

23. At this the senior ascetics said to those heretics—According to us what is 'in the process of going' is not termed as 'has not gone', what is 'being crossed' is not termed as 'has not crossed' and 'one who is desirous of reaching Rajagriha' is not termed as 'has not reached Rajagriha'. According to us, Noble ones ! What is in the process of going is termed as 'has gone', what is being crossed is termed as 'has crossed' and one who is desirous of reaching Rajagriha is termed as 'has reached Rajagriha'. Noble ones ! In fact it is according to you that what is in the process of going is termed as 'has not gone', what is beings crossed is termed as 'has not crossed' and one who is desirous of reaching Rajagriha is termed as 'has not reached Rajagriha'.

२४. तए णं ते थेरा भगवंतो ते अन्नउत्थिए एवं पडिहणेंति, पडिहणित्ता गइप्पवायं नाममज्झयणं पन्नवइंसु।

२४. तदनन्तर उन स्थविर भगवन्तों ने उन अन्यतीर्थिकों को प्रतिहत (निरुत्तर) किया और निरुत्तर करके उन्होंने गतिप्रपात नामक अध्ययन प्ररूपित किया।

24. This way those senior ascetics silenced those heretics and gave them a complete discourse on the flow of movement (*Gati Prapaat*).

विवेचन : अन्यतीर्थिकों की भ्रान्ति–पूर्व चर्चा में निरुत्तर अन्यतीर्थिकों ने पुनः भ्रान्तिवश स्थविरों पर आक्षेप किया कि आप लोग ही असंयत यावत् एकान्तबाल हैं, क्योंकि आप गमनागमन करते समय पृथ्वीकायिक जीवों की विविध रूप से हिंसा करते हैं, किन्तु सुलझे हुए विचारों के निर्ग्रन्थ स्थविरों ने धैर्यपूर्वक उनकी इस भ्रान्ति का निराकरण किया कि हम लोग काय, योग और ऋत के लिए बहुत ही यतनापूर्वक गमनागमन करते हैं, किसी भी जीव की किसी भी रूप में हिंसा नहीं करते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस पर पुनः अन्यतीर्थिकों ने आक्षेप किया कि आपके मत से गच्छन्, अगत, व्यतिक्रम्यमाण, अव्यतिक्रान्त और राजगृह को सम्प्राप्त करना चाहने वाला असम्प्राप्त कहलाता है। इसका प्रतिवाद स्थविरों ने किया और आक्षेपक अन्यतीर्थिकों को ही उनकी भ्रान्ति समझाकर निरुत्तर कर दिया। *(वृत्ति, पत्रांक ३८१)*

Elaboration—Silenced once, the heretics out of ignorance, blamed the senior ascetics that they were unrestrained and complete ignorant because they harmed earth-bodied and other beings in various ways. But the wise senior ascetics patiently explained the heretics that they moved from one area to another solely for purpose of nature's call including disposing (*kaaya*), serving the ailing (*yoga*) and protecting life forms including water-bodied beings (*ritu*), and caused no harm to any living being in any way.

After that the heretics further blamed that according to ascetics what is going is termed as 'not gone', what is beings crossed is termed as 'has not crossed' and one who is desirous of reaching Rajagriha is termed as 'has not reached Rajagriha'. The senior ascetics refuted this and silenced the heretics by removing their doubt. *(Vritti, leaf 381)*

गतिप्रवाद और उसके पाँच भेदों का निरूपण FLOW OF MOVEMENT

२५. [प्र.] कइविहे णं भंते ! गइप्पवाए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पंचविहे गइप्पवाए पण्णत्ते, तं जहा–पयोगगई ततगई बंधणछेयणगई उववायगई विहायगई। एत्तो आरब्भ पयोगपयं निरवसेसं भाणियव्वं, जाव से त्तं विहायगई।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ अट्ठमसए : सत्तमो उद्देसओ समत्तो ॥

२५. [प्र.] भगवन् ! गतिप्रपात कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! गतिप्रपात पाँच प्रकार का कहा गया है। यथा–प्रयोगगति, ततगति, बन्धन–छेदनगति, उपपातगति और विहायोगति।

यहाँ से प्रारम्भ करके प्रज्ञापनासूत्र का सोलहवाँ समग्र प्रयोगपद कहना चाहिए; यावत् 'यह विहायोगति का वर्णन हुआ'; यहाँ तक कथन करना चाहिए।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है; यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करने लगे।

25. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is flow of movement (*gatiprapaat*) ?

[Ans.] Gautam ! Flow of movement (*gatiprapaat*) is said to be of five kinds–*Prayoga-gati, Tat-gati, Bandhan-chhedan-gati, Upapaat-gati,* and *Vihaayo-gati*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Starting from here *Prayogapad*, the whole sixteenth chapter of *Prajnapana Sutra*, should be quoted here up to 'This concludes the description of *Vihaayo-gati*'.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : गतिप्रपात के पाँच भेदों का स्वरूप—गतिप्रपात या गतिप्रवाद एक अध्ययन है, जिसका प्रज्ञापनासूत्र के सोलहवें प्रयोगपद में विस्तृत वर्णन है। उसके अनुसार संक्षेप में पाँचों गतियों का स्वरूप इस प्रकार है–

(१) **प्रयोगगति**—जीव के व्यापार से अर्थात् १५ प्रकार के योगों से जो गति (गमन क्रिया) होती है, उसे प्रयोगगति कहते हैं।

(२) **ततगति**—विस्तृत गति या विस्तार वाली गति को ततगति कहते हैं। जैसे–कोई व्यक्ति ग्रामान्तर जाने के लिए रवाना हुआ, परन्तु ग्राम बहुत दूर निकला, वह अभी उसमें पहुँचा नहीं; उसकी एक-एक पैर रखते हुए जो क्षेत्रान्तरप्राप्तिरूप गति होती है, वह ततगति कहलाती है। इस गति का विषय विस्तृत होने से इसे 'ततगति' कहा जाता है।

(३) **बन्धन–छेदनगति**—बन्धन के छेदन से होने वाली गति। जैसे–शरीर से मुक्त जीव की गति होती है।

(४) **उपपातगति**—उत्पन्न होने रूप गति को उपपातगति कहते हैं। इसके तीन प्रकार हैं-क्षेत्र-उपपात, भवोपपात और नो-भवोपपात। नारकादि जीव और सिद्ध जीव जहाँ रहते हैं, वह आकाश क्षेत्रोपपात है, कर्मों के वश जीव नारकादि भवों (पर्यायों) में उत्पन्न होते हैं, वह भवोपपात है। कर्मसम्बन्ध से रहित अर्थात् नारकादि-पर्याय से रहित उत्पन्न होने रूप गति को नो-भवोपपात कहते हैं। इस प्रकार की गति सिद्ध जीव और पुद्गलों में पाई जाती है।

(५) **विहायोगति**—आकाश में होने वाली गति को विहायोगति कहते हैं। *(वृत्ति, पत्रांक ३८१ एवं प्रज्ञापनासूत्र, पद १६)*

॥ अष्टम शतक : सप्तम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Gatiprapaat* or *Gatipravaad* is the study of flow of movement discussed in detail in the sixteenth chapter, titled *Prayogapad*, of *Prajnapana Sutra*. According to it the brief description of five kinds of movement is as follows–

Prayoga-gati—The intentional movement with 15 types of association (*yoga*).

Tat-gati—Extended or exploratory movement. For example a person starts walking towards a specific village and finds it to be far away. In such situation the step by step movement of shifting from one area to another is called *tat-gati*. As this relates to movement in a large area it is called *tat-gati*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bandhan-chhedan-gati**—**The movement related to bondage termination. For example the movement of soul when the bondage of body is terminated.

Upapaat-gati**—**The movement involved in rebirth. This is of three types *Kshetra-upapaat*, *Bhava-upapaat*, and *No-bhava-upapaat*. Rebirth in infernal and divine realms as well as the realm of the liberated is *Kshetra-upapaat-gati*. Rebirth in different genus (like from that of human beings to that of infernal beings) due to bondage of *karmas* is *Bhava-upapaat-gati*. Rebirth not related to *karmic* bondage is called *No-bhava-upapaat-gati*. This last movement is found only in *Siddhas* or matter particles.

Vihaayo-gati**—**Aerial movement or movement in space is called *Vihaayo-gati*. *(Vritti, leaf 381; Prajnapana Sutra Ch. 16)*

● END OF THE SEVENTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठमो उद्देसओ : 'पडिणीए'
अष्टम शतक : अष्टम उद्देशक : प्रत्यनीक
EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : EIGHTH LESSON : PRATYANEEK (ADVERSARIES)

प्रत्यनीक–भेद–प्ररूपणा **TYPES OF ADVERSARIES**

१. रायगिहे नयरे जाव एवं वयासी–

१. राजगृह नगर में (गौतम स्वामी ने) यावत् (श्रमण भगवान महावीर स्वामी से) इस प्रकार पूछा–

1. In the city of Rajagriha (Gautam Swami) ... and so on up to ... submitted (to Shraman Bhagavan Mahavir) as follows–

२. [प्र.] गुरू णं भंते ! पडुच्च कति पडिणीया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा–आयरियपडिणीए उवज्झायपडिणीए थेरपडिणीए।

२. [प्र.] भगवन् ! गुरुदेव की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक (द्वेषी या विरोधी) कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। यथा–(१) आचार्य–प्रत्यनीक, (२) उपाध्याय–प्रत्यनीक, और (३) स्थविर–प्रत्यनीक।

2. [Q.] *Bhante* ! Relative to the spiritual teacher (guru) how many adversaries (*pratyaneek*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Acharya-pratyaneek* (adversary of *acharya*), (2) *Upadhyaya-pratyaneek* (adversary of *upadhyaya*) and (3) *Sthavir-pratyaneek* (adversary of *sthavir*).

३. [प्र.] गइं णं भंते ! पडुच्च कति पडिणीया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा–इहलोगपडिणीए परलोगपडिणीए दुहओलोगपडिणीए।

३. [प्र.] भगवन् ! गति की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। यथा–(१) इहलोक–प्रत्यनीक, (२) परलोक–प्रत्यनीक, और (३) उभयलोक–प्रत्यनीक।

3. [Q.] *Bhante* ! Relative to *gati* (transmigration) how many adversaries (here it conveys 'maligner') are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Ihalok-pratyaneek* (maligner of this life), (2) *Paralok-pratyaneek* (maligner of next life) and (3) *Ubhayalok-pratyaneek* (maligner of both lives).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. [प्र.] समूहं णं भंते ! पडुच्च कति पडिणीया पण्णत्ता ?

[उ.] **गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा–कुलपडिणीए गणपडिणीए संघपडिणीए।**

४. [प्र.] भगवन् ! समूह (श्रमणसंघ) की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। यथा–(१) कुल–प्रत्यनीक, (२) गण–प्रत्यनीक, और (३) संघ–प्रत्यनीक।

4. [Q.] *Bhante* ! Relative to *samuha* (group or ascetic organization) how many adversaries (*pratyaneek*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Kula-pratyaneek* (adversary to the lineage of a single *acharya*), (2) *Gana-pratyaneek* (adversary to a friendly group of three *kula*s) and (3) *Sangh-pratyaneek* (adversary to the apex body of many *gana*s).

५. [प्र.] **अणुकंपं पडुच्च० पुच्छा।**

[उ.] **गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा–तवस्सिपडिणीए गिलाणपडिणीए सेहपडिणीए।**

५. [प्र.] भगवन् ! अनुकम्प्य (साधुओं) की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। जैसे–(१) तपस्वी–प्रत्यनीक, (२) ग्लान-प्रत्यनीक, और (३) शैक्ष (नवदीक्षित)–प्रत्यनीक।

5. [Q.] *Bhante* ! Relative to *anukampya* (object of compassion) how many adversaries (*pratyaneek*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Tapasvi-pratyaneek* (adversary to austerity observing ascetic), (2) *Glana-pratyaneek* (adversary to ailing ascetic) and (3) *Shaiksha-pratyaneek* (adversary to newly initiated ascetic).

६. [प्र.] **सुयं णं भंते ! पडुच्च० पुच्छा।**

[उ.] **गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा–सुत्तपडिणीए, अत्थपडिणीए, तदुभयपडिणीए।**

६. [प्र.] भगवन् ! श्रुत की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। जैसे–(१) सूत्र–प्रत्यनीक, (२) अर्थ–प्रत्यनीक, और (३) तदुभय–प्रत्यनीक।

6. [Q.] *Bhante* ! Relative to *Shrut* (scriptures) how many adversaries (here it conveys 'defiers') are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Sutra-pratyaneek* (defier of the text), (2) *Arth-pratyaneek* (defier of the meaning) and (3) *Tadubhaya-pratyaneek* (defier of both these).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. [प्र.] भावं णं भंते ! पडुच्च० पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! तओ पडिणीया पण्णत्ता, तं जहा—नाणपडिणीए, दंसणपडिणीए, चरित्तपडिणीए।

७. [प्र.] भगवन् ! भाव की अपेक्षा कितने प्रत्यनीक कहे हैं ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रत्यनीक कहे हैं। यथा-(१) ज्ञान-प्रत्यनीक, (२) दर्शन-प्रत्यनीक, और (३) चारित्र-प्रत्यनीक।

7. [Q.] *Bhante* ! Relative to *bhaava* (spiritual state) how many adversaries (here it conveys 'maligners') are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be three adversaries–(1) *Jnana-pratyaneek* (maligner of knowledge), (2) *Darshan-pratyaneek* (maligner of perception/faith) and (3) *Chaaritra-pratyaneek* (maligner of spiritual conduct).

विवेचन : प्रत्यनीक—प्रतिकूल आचरण करने वाला विरोधी, या द्वेषी 'प्रत्यनीक' कहलाता है।

गुरु-प्रत्यनीक—आचार्य, उपाध्याय और स्थविर ये तीन गुरु होते हैं। अर्थ के व्याख्याता आचार्य, सूत्र के दाता उपाध्याय तथा वय, श्रुत और दीक्षा-पर्याय की अपेक्षा वृद्ध व गीतार्थ साधु स्थविर कहलाते हैं। ६० वर्ष से अधिक उम्र वाले वय स्थविर, आचारांग निशिध-समवाय आदि अंगों को जानने वाले श्रुत स्थविर और २० वर्ष की दीक्षा पर्याय वाले पर्याय स्थविर कहलाते हैं। इनके दोष देखना, अहित करना, उनके वचनों का अपमान करना, उनकी वैयावृत्य न करना आदि प्रतिकूल व्यवहार करने वाले इनके 'प्रत्यनीक' कहलाते हैं।

गति-प्रत्यनीक—मनुष्य आदि गति की अपेक्षा प्रतिकूल आचरण करने वाले गति-प्रत्यनीक हैं। **इहलोक**—मनुष्य-पर्याय का प्रत्यनीक, जो अज्ञानतापूर्वक इन्द्रिय-विषयों के प्रतिकूल आचरण करता है। **परलोक**—जन्मान्तर-प्रत्यनीक वह जो परलोक सुधारने के बजाय केवल इन्द्रियविषयासक्त रहता है। **उभयलोक**—जो दोनों लोक सुधारने के बदले कुकर्म करके दोनों लोक बिगाड़ता है।

समूह-प्रत्यनीक—यहाँ साधु-समुदाय की अपेक्षा तीन प्रकार के समूह बताये हैं-**कुल, गण और संघ**। एक आचार्य की सन्तति 'कुल', परस्पर धर्मस्नेह सम्बन्ध रखने वाले तीन कुलों का समूह 'गण' और ज्ञान-दर्शन-चारित्र गुणों से सम्पन्न श्रमणों का समुदाय 'संघ' कहलाता है। इन तीनों के विपरीत आचरण करने वाले क्रमशः कुल-प्रत्यनीक, गण-प्रत्यनीक और संघ-प्रत्यनीक कहलाते हैं।

अनुकम्प्य-प्रत्यनीक—अनुकम्पा करने योग्य-अनुकम्प्य साधु तीन हैं-**तपस्वी, ग्लान (रुग्ण) और शैक्ष**। इन तीनों की आहारादि द्वारा सेवा नहीं करके इनके प्रतिकूल आचरण या व्यवहार करने वाले प्रत्यनीक कहलाते हैं।

श्रुत-प्रत्यनीक—श्रुत (शास्त्र) के विरुद्ध कथन करना, श्रुत का अवर्णवाद बोलना श्रुत-प्रत्यनीक है। श्रुत तीन प्रकार के होने के कारण श्रुत-प्रत्यनीक के भी क्रमशः **सूत्र-प्रत्यनीक अर्थ-प्रत्यनीक** और **तदुभय-प्रत्यनीक**, ये तीन भेद हैं।

भाव-प्रत्यनीक—क्षायिकादि भावों के प्रतिकूल आचरणकर्ता भाव-प्रत्यनीक है। **ज्ञान, दर्शन और चारित्र**, ये तीन भाव हैं। *(वृत्ति, पत्रांक ३८२)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—*Pratyaneek*—An adversary or maligner or defier or one who goes against the established norms is called *pratyaneek.*

Guru-*pratyaneek*—Generally speaking there are three categories of guru–*Acharya*, *Upadhyaya* and *Sthavir*. The head of the order and teacher of the authentic meaning is *acharya*, teacher of the right text is *upadhyaya* and a senior and accomplished ascetic is *sthavir*. An adversary is one who finds faults with them, causes harm to them, insults them, ignores them and goes against them.

Gati-pratyaneek—Those who behave contradictory to the norms of the genus they are born in, including the human genus, are called *Gati-pratyaneek*. *Ihalok-pratyaneek*–he who indulges in abnormal sensual behaviour out of ignorance during the present human birth. *Paralok-pratyaneek*–he who exclusively indulges in sensual pleasures avoiding any efforts to improve his next birth. *Ubhayalok-pratyaneek*–he who indulges in despicable acts and spoils this and the next life instead of trying to improve both.

Samuha-pratyaneek—In context of the ascetic organization three groups have been mentioned here–*Kula*, *Gana* and *Sangh*. Lineage of a single *acharya* is called *Kula*. A friendly group of three *Kula*s is called *Gana*. An apex body of many *Gana*s having ascetics endowed with virtues of right knowledge-faith-conduct is called *Sangh*. Those who go against these three are called *Kula-pratyaneek*, *Gana-pratyaneek*, and *Sangh-pratyaneek* respectively.

Anukampya-pratyaneek—There are three kinds of ascetics who inspire compassion–*Tapasvi* (austerity observing ascetic), *Glana* (ailing ascetic) and *Shaiksha* (newly initiated ascetic). Those who do not offer them food and other services and misbehave with them are called adversaries to the three.

Shrut-pratyaneek—To defy, refute and slander scriptures is to be *shrut-pratyaneek*. As there are three divisions of scriptures there are three kinds of adversaries—*Sutra-pratyaneek* (defier of the text), *Arth-pratyaneek* (defier of the meaning) and *Tadubhaya-pratyaneek* (defier of both).

Bhaava-pratyaneek—To act against spiritual purification (defined as states of destruction of *karmas*) is to be *Bhaava-pratyaneek*. As it is attained through three means–knowledge, perception/faith and conduct there are three *pratyaneeks*—*Jnana-pratyaneek* (maligner of knowledge),

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Darshan-pratyaneek (maligner of perception/faith) and *Chaaritra-pratyaneek* (maligner of spiritual conduct). *(Vritti, leaf 382)*

निर्ग्रन्थ के लिए आचरणीय पंचविध व्यवहार **FIVE TYPES OF ASCETIC BEHAVIOUR**

८. [प्र.] कइविहे णं भंते ! ववहारे पण्णत्ते ?

[उ.] **गोयमा ! पंचविहे ववहारे पण्णत्ते, तं जहा–आगम–सुत–आणा–धारणा–जीए। जहा से तत्थ आगमे सिया, आगमेणं ववहारं पट्ठवेज्जा। णो य से तत्थ आगमे सिया; जहा से तत्थ सुते सिया, सुएणं ववहारं पट्ठवेज्जा। णो य से तत्थ सुए सिया; जहा से तत्थ आणा सिया, आणाए ववहारं पट्ठवेज्जा। णो य से तत्थ आणा सिया; जहा से तत्थ धारणा सिया, धारणाए ववहारं पट्ठवेज्जा। णो य से तत्थ धारणा सिया; जहा से तत्थ जीए सिया जीएणं ववहारं पट्ठवेज्जा। इच्चेएहिं पंचहिं ववहारं पट्ठवेज्जा, तं जहा--आगमेणं सुएणं आणाए धारणाए जीएणं। जहा जहा से आगमे सुए आणा धारणा जीए तहा तहा ववहारं पट्ठवेज्जा।**

८. [प्र.] भगवन् ! व्यवहार (यथोचित सम्यक् प्रवृत्ति--निवृत्ति) कितने प्रकार का कहा है ?

[उ.] गौतम ! व्यवहार पाँच प्रकार का कहा है। (१) आगम–व्यवहार, (२) श्रुत–व्यवहार, (३) आज्ञा–व्यवहार, (४) धारणा–व्यवहार, और (५) जीत–व्यवहार। इन पाँच प्रकार के व्यवहारों में से जिस साधु के पास आगम (केवलज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, अवधिज्ञान, चौदह पूर्व, दस पूर्व अथवा नौ पूर्व का ज्ञान) हो, उसे उस आगम से व्यवहार (प्रवृत्ति--निवृत्ति) करना चाहिए। जिसके पास आगम न हो, उसे श्रुत से व्यवहार चलाना चाहिए। जहाँ श्रुत न हो वहाँ आज्ञा से, यदि आज्ञा भी न हो तो जिस प्रकार की धारणा हो, उस धारणा से, कदाचित् धारणा भी न हो तो जिस प्रकार का जीत (परम्परा) हो, उस जीत से व्यवहार चलाना चाहिए। इस प्रकार इन पाँचों आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीत से (साधु–साध्वी को) व्यवहार चलाना चाहिए। जिसके पास जिस–जिस प्रकार से आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीत, इन पाँच व्यवहारों में से जो व्यवहार हो, उसे उस–उस प्रकार से व्यवहार चलाना (प्रवृत्ति--निवृत्ति करना) चाहिए।

8. [Q.] *Bhante* ! How many types of ascetic-behaviour (*vyavahaar*) are there ?

[Ans.] Gautam ! Ascetic-behaviour (*vyavahaar*) is said to be of five kinds—(1) *Agam-vyavahaar*, (2) *Shrut-vyavahaar*, (3) *Ajna-vyavahaar*, (4) *Dhaarana-vyavahaar*, and (5) *Jeet-vyavahaar*. Out of these five the ascetic who knows the canon (*Agams* including the fourteen, ten or nine *Purvas*; or who is endowed with *Keval-jnana*, *Manah-paryav-jnana* or *Avadhi-jnana*) should behave according to the canon (*Agam-vyavahaar*). One who does not have the knowledge of the canon should behave according to the scriptures or texts other than the said *Agams* (*Shrut-vyavahaar*). One who does not have the knowledge of scriptures (*Shrut*)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

should behave according to the directive commands of accomplished ascetics (*Ajna-vyavahaar*). In absence of directive commands he should behave according to his own interpretation of directive commands given in the past (*Dhaarana-vyavahaar*). In absence of such guiding precedence he should behave according to the tradition followed by accomplished ascetics (*Jeet-vyavahaar*). This way, depending on one's access to any of these five in the said order of priority, an ascetic (male or female) should follow ascetic-behaviour based on these five—*Agam*, *Shrut*, *Ajna*, *Dhaarana* and *Jeet*.

९. [प्र.] से किमाहु भंते ! आगमबलिया समणा निग्गंथा ?

[उ.] इच्चेयं पंचविहं ववहारं जया जया जहिं जहिं तया तया तहिं तहिं अणिस्सिओवस्सितं सम्मं ववहरमाणे समणे निग्गंथे आणाए आराहए भवइ।

९. [प्र.] भगवन् ! आगमबलिक श्रमण निर्ग्रन्थ (पूर्वोक्त व्यवहार के विषय में) क्या कहते हैं ?

[उ.] (गौतम !) इस प्रकार इन पंचविध व्यवहारों में से जब-जब और जहाँ-जहाँ जो व्यवहार सम्भव हो, तब-तब और वहाँ-वहाँ उससे, **अनिश्रितोपाश्रित** (राग और द्वेष से रहित यश-लिप्सा, पद-लिप्सा, शिष्यों का पक्षपात या बदले की भावना आदि से मुक्त तटस्थ रहकर) होकर सम्यक् प्रकार से व्यवहार करता हुआ श्रमण निर्ग्रन्थ (तीर्थंकरों की) आज्ञा का आराधक होता है।

9. [Q.] *Bhante* ! What the *Shraman Nirgranths* (ascetics) endowed with the knowledge of the canon (*Agam-balik*) say (about this)?

[Ans.] (Gautam !) A *Shraman Nirgranth* (ascetic) who, becoming *anishritopashrit* (free of attachment and aversion, devoid of hankering for fame and status and away from feelings of partiality and revenge), properly employs one or the other of the five aforesaid (code of) ascetic-behaviour, wherever whichever is applicable, is said to be the true follower of the order (of the *Tirthankar*).

विवेचन : निर्ग्रन्थ के लिए आचरणीय पंचविध व्यवहार एवं उनकी मर्यादा-प्रस्तुत दो सूत्रों में साधु-साध्वी के लिए साधु जीवन में उपयोगी पंचविध व्यवहारों तथा उनकी मर्यादा का निरूपण किया गया है।

पंचविध व्यवहार का स्वरूप-(१) आगम-व्यवहार-केवलज्ञान, मनःपर्यायज्ञान, अवधिज्ञान, चौदह पूर्व, दस पूर्व और नौ पूर्व का ज्ञान 'आगम' कहलाता है। (२) **श्रुत-व्यवहार**-शेष आचारप्रकल्प आदि ज्ञान 'श्रुत' कहलाता है। यद्यपि पूर्वों का ज्ञान भी श्रुतरूप है, तथापि अतीन्द्रिय विषयक विशिष्ट ज्ञान का कारण एवं सातिशय होने से उसे 'आगम' की कोटि में रखा गया है। (३) **आज्ञा-व्यवहार**-दो गीतार्थ साधु अलग-अलग दूर देश में विचरते हैं, उनमें से एक का जंघाबल क्षीण हो जाने से विहार करने में असमर्थ हो जाये, वह अपने दूरस्थ गीतार्थ साधु के पास अगीतार्थ साधु के माध्यम से अपने अतिचार या दोष आगम की सांकेतिक गूढ़

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 9

Illustration No. 9

पंचविध व्यवहार

साधु-संतों के परस्पर व्यवहार पाँच प्रकार के होते हैं–

1. **आगम व्यवहार**–केवलज्ञानी, मनःपर्यायज्ञानी, विशिष्ट अवधिज्ञानी और चौदह पूर्व ज्ञानी, दस पूर्व ज्ञानी **आगम विहारी** कहलाते हैं। इनकी आज्ञानुसार चलना **आगम व्यवहार** है।

2. **श्रुत व्यवहार**–10 पूर्व से कम परन्तु आचारकल्प आदि के ज्ञानी श्रुत ज्ञानी कहलाते हैं। ऐसे श्रुत ज्ञानी गुरु की आज्ञा अनुसार चलना **श्रुत व्यवहार** है।

3. **आज्ञा व्यवहार**–दो गीतार्थ साधु एक-दूसरे से दूर देश में विचरते हैं, किसी कारणवश वे आपस में मिलने में असमर्थ हैं तो एक साधु दूसरे साधु को पत्र लिखकर अपने शिष्य के साथ उनके पास भेजे और अपने अतिचार या दोष की आलोचना करे तथा प्रायश्चित्त के सम्बन्ध में परामर्श माँगे तब दूसरे साधु द्वारा उसी शिष्य के साथ उसका उत्तर प्रेषित किया जाए और पहला साधु उसकी आज्ञानुसार चले, यह **आज्ञा व्यवहार** है।

4. **धारणा व्यवहार**–मंद बुद्धि शिष्य द्वारा गीतार्थ गुरु के समक्ष अपने अतिचार या दोष की आलोचना करने पर गीतार्थ साधु द्वारा श्रुत परम्परा से जो प्रायश्चित्त चले आ रहे हैं, वह प्रायश्चित्त देना **धारणा व्यवहार** है।

5. **जीत व्यवहार**–किसी समय किसी अपराध के लिए आचार्यों ने एक प्रकार का प्रायश्चित्त निश्चित किया। दूसरे समय में देश, काल, बल, संहनन आदि देखकर प्रायश्चित्त लेने वाले की क्षमता के अनुसार वैसे ही अपराध के लिए दूसरी प्रकार का प्रायश्चित्त निश्चित करना जीत व्यवहार कहलाता है अथवा किसी आचार्य के गच्छ में आगमों के अतिरिक्त प्रायश्चित्त प्रवर्तित हुआ हो और वह अनेक गीतार्थ साधुओं द्वारा अनुवर्तित हुआ हो, ऐसी प्रायश्चित्त-विधि का व्यवहार जीत व्यवहार कहलाता है।

–शतक 8, उ. 8, सूत्र 8 9

FIVE TYPES OF ASCETIC BEHAVIOUR

Ascetic-behaviour (*vyavahaar*) is of five kinds –

(1) Agam-vyavahaar– Those endowed with *Keval-jnana*, *Manah-paryav-jnana*, higher *Avadhi-jnana*, *or* knowledge fourteen, or ten *Purvas* are called *Agam-vihari*. Behaviour based on their guidance is called *Agam-vyavahaar.*

(2) Shrut-vyavahaar– The knowledge of remaining scriptures including Acharanga are classified as *Shrut*. To follow the order of a guru endowed with this knowledge of Shrut is called *Shrut-vyavahaar.*

(3) Ajna-vyavahaar– Suppose two accomplished ascetics are living far apart in two different states. One of them becomes weak and unable to move around. He commits some transgression and sends his inquiry about procedure of atonement to the other with a junior using code language. The other accomplished ascetic sends back his advice in the same code language. Behaviour based on such directive command is called **Ajna-vyavahaar.**

(4) Dhaarana-vyavahaar– To employ a methodology of atonement based on one's own understanding (*dhaarana*) of the directive commands given by some accomplished ascetic or *acharya* in the past on similar faults. Behaviour based on such interpretation of traditional commands is called *Dhaarana-vyavahaar*.

(5) Jeet-vyavahaar– The atonement prescribed on the basis of prevailing parameters of matter, space, time, state as well as the individual and the decline of physical constitution and capacity is called *Jeet-vyavahaar*. The sin-free code of conduct that does not defy *Agams* and is formulated and followed by many accomplished ascetics is also called *Jeet-vyavahaar.*

- Shatak-8, lesson-8, Sutra-8-9

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाषा में कहकर या लिखकर भेजता है और गूढ़ भाषा में कही हुई या लिखी हुई आलोचना सुन-जानकर वे गीतार्थ-मुनि भी संदेशवाहक मुनि के माध्यम से उक्त अतिचार के प्रायश्चित्त द्वारा की जाने वाली शुद्धि का सन्देश आगम की गूढ़ भाषा में ही कह या लिखकर देते हैं। यह आज्ञा-व्यवहार का स्वरूप है। (४) धारणा-व्यवहार-किसी गीतार्थ मुनि ने या गुरुदेव ने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा जिस अपराध में जो प्रायश्चित्त दिया है, उसकी धारणा से वैसे अपराध में उसी प्रायश्चित्त का प्रयोग करना धारणा-व्यवहार है। धारणा-व्यवहार प्रायः आचार्य-परम्परागत होता है। (५) **जीत-व्यवहार**-द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, पात्र (पुरुष) और प्रतिसेवना का तथा संहनन और धैर्य आदि की हानि का विचार करके जो प्रायश्चित्त दिया जाये वह जीत-व्यवहार है अथवा अनेक गीतार्थ मुनियों द्वारा आचरित, असावद्य, आगम से अबाधित एवं निर्धारित मर्यादा को भी जीत-व्यवहार कहते हैं।

मूल पाठ में स्पष्ट बता दिया है कि ५ व्यवहारों में से व्यवहर्ता मुमुक्षु के पास यदि आगम हो तो उसे आगम से, आगम के अभाव में श्रुत से, श्रुत के अभाव में आज्ञा से, आज्ञा के अभाव में धारणा से और धारणा के अभाव में जीत-व्यवहार से प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप व्यवहार करना चाहिए। *(वृत्ति, पत्रांक ३८४)*

Elaboration—Five pronged ascetic conduct and its scope—These two aphorisms define the five-pronged ascetic-behaviour and its scope in the ascetic-life of male and female ascetics.

Five prongs of ascetic-behaviour—(1) ***Agam-vyavahaar***—The spiritual level of *Keval-jnana*, *Manah-paryav-jnana* or *Avadhi-jnana* as well as the knowledge fourteen, ten or nine *Purvas* (the subtle canon) is conveyed by the term *Agam*. Behaviour based on this level of knowledge is called *Agam-vyavahaar*. **(2)** ***Shrut-vyavahaar***—The knowledge of remaining scriptures including Acharanga are classified as *Shrut*. Although the knowledge contained in *Purvas* is also a part of the broader definition of *Shrut-jnana*, as it contains specialized information about the paranormal and the miraculous it is called *Agam* here. Behaviour based on this level of knowledge is called *Shrut-vyavahaar*. **(3)** ***Ajna-vyavahaar***—Suppose two accomplished ascetics are living far apart in two different states. One of them becomes weak and unable to move around. He commits some transgression and sends his inquiry about procedure of atonement to the other with a junior using code language. The other accomplished ascetic sends back his advice in the same code language. Behaviour based on such directive command is called *Ajna-vyavahaar*. **(4)** ***Dhaarana-vyavahaar***—To employ a methodology of atonement based on one's own understanding (*dhaarana*) of the directive commands given by some accomplished ascetic or *acharya* in the past on similar faults depending on the then prevailing parameters of matter, space, time and state. Behaviour based on one's own interpretation of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

directive commands given in the past is called *Dhaarana-vyavahaar*. (5) ***Jeet-vyavahaar***—The atonement prescribed on the basis of prevailing parameters of matter, space, time, state as well as the individual and the decline of physical constitution and capacity is called *Jeet-vyavahaar*. The sin-free code of conduct that does not defy *Agams* and is formulated and followed by many accomplished ascetics is also called *Jeet-vyavahaar*.

The original text has clearly stated the order of priority to be followed by the aspirant. If he knows the canon he should follow the ascetic-behaviour (in terms of indulgence and restraint) act according to that. In absence of that he should act according to the *Shrut*, in absence of *Shrut* he should act according to *Ajna,* in absence of *Ajna* he should act according to *Dhaarana* and, in absence of *Dhaarana* he should act according to *Jeet. (Vritti, leaf 384)*

विविध पहलुओं से ऐर्यापथिक और साम्परायिक कर्मबन्ध से सम्बन्धित प्ररूपणा TYPES OF BONDAGE

१०. [प्र.] कइविहे णं भंते ! बंधे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! दुविहे बंधे पण्णत्ते, तं जहा–इरियावहियाबंधे य संपराइयबंधे य।

१०. [प्र.] भगवन् ! बन्ध कितने प्रकार का कहा है ?

[उ.] गौतम ! बन्ध दो प्रकार का कहा है। वह इस प्रकार–ईर्यापथिकबन्ध और साम्परायिकबन्ध।

10. [Q.] *Bhante* ! How many types of bondage (*bandh*) are there ?

[Ans.] Gautam ! Bondage is of two kinds–*Iryapathik-bandh* (*karmic* bondage due to passion-free activity) and *Samparayik-bandh* (*karmic* bondage due to passion-inspired activity).

११. [प्र.] इरियावहियं णं भंते ! कम्मं किं नेरइओ बंधइ, तिरिक्खजोणिओ बंधइ, तिरिक्खजोणिणी बंधइ, मणुस्सो बंधइ, मणुस्सी बंधइ, देवो बंधइ, देवी बंधइ ?

[उ.] गोयमा ! नो नेरइओ बंधइ, नो तिरिक्खजोणिओ बंधइ, नो तिरिक्खजोणिणी बंधइ, नो देवो बंधइ, नो देवी बंधइ, पुव्वपडिवन्नए पडुच्च मणुस्सा य, मणुस्सीओ य बंधंति, पडिवज्जमाणए पडुच्च मणुस्सो वा बंधइ १, मणुस्सी वा बंधइ २, मणुस्सा वा बंधंति ३, मणुस्सीओ वा बंधंति ४, अहवा मणुस्सो य मणुस्सी य बंधइ ५, अहवा मणुस्सो य मणुस्सीओ य बंधंति ६, अहवा मणुस्सा य मणुस्सी य बंधंति ७, अहवा मणुस्सा य मणुस्सीओ य बंधंति ८।

११. [प्र.] भगवन् ! ईर्यापथिक कर्म क्या नैरयिक बाँधता है, या तिर्यंचयोनिक बाँधता है, या तिर्यंचयोनिक स्त्री बाँधती है, अथवा मनुष्य बाँधता है, या मनुष्य–स्त्री (नारी) बाँधती है, अथवा देव बाँधता है या देवी बाँधती है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! ईर्यापथिक कर्म न नैरयिक बाँधता है, न तिर्यंचयोनिक बाँधता है, न तिर्यंचयोनिक स्त्री बाँधती है, न देव बाँधता है और न ही देवी बाँधती है, किन्तु पूर्वप्रतिपन्नक की अपेक्षा (जिसने पहले ऐर्यापथिक कर्म का बंध किया हो) इसे मनुष्य-पुरुष और मनुष्य-स्त्रियाँ बाँधती हैं; प्रतिपद्यमान की अपेक्षा मनुष्य-पुरुष बाँधता है अथवा (२) मनुष्य-स्त्री बाँधती है, अथवा (३) बहुत-से मनुष्य-पुरुष बाँधते हैं या (४) बहुत-सी मनुष्य-स्त्रियाँ बाँधती है, अथवा (५) एक मनुष्य-पुरुष और एक मनुष्य-स्त्री बाँधती है, या (६) एक मनुष्य-पुरुष और बहुत-सी मनुष्य-स्त्रियाँ बाँधती हैं, अथवा (७) बहुत-से मनुष्य-पुरुष और एक मनुष्य-स्त्री बाँधती है, अथवा (८) बहुत-से मनुष्य-नर और बहुत-सी मनुष्य-नारियाँ बाँधती हैं।

11. [Q.] *Bhante* ! Is the bondage of *Iryapathik-karma* acquired by an infernal being (*nairayik*), or a male or female animal (*tiryanch-yonik*), or a male or female human being, or a male or female divine being ?

[Ans.] Gautam ! The bondage of *Iryapathik-karma* is acquired neither by an infernal being (*nairayik*), nor by a male or female animal (*tiryanch-yonik*), or by a male or female divine being. Relative to the past, it is acquired by men and women. Relative to the present it is acquired by a man, or a woman, many men, or many women, or one man and one woman, or one man and many women, or many men and one woman, or many men and many women.

१२. [प्र.] तं भंते ! किं इत्थी बंधइ, पुरिसो बंधइ, नपुंसगो बंधति, इत्थीओ बंधंति, पुरिसा बंधंति, नपुंसगा बंधंति ? नोइत्थी-नोपुरिसो-नोनपुंसगो बंधइ ?

[उ.] गोयमा ! नो इत्थी बंधइ, नो पुरिसो बंधइ जाव नो नपुंसओ बंधइ। पुव्वपडिवन्नए पडुच्च अवगयवेदा वा बंधंति, पडिवज्जमाणए य पडुच्च अवगयवेदो वा बंधंति, अवगयवेदा वा बंधंति।

१२. [प्र.] भगवन् ! ऐर्यापथिक (कर्म) बन्ध क्या स्त्री बाँधती है, पुरुष बाँधता है, नपुंसक बाँधता है, स्त्रियाँ बाँधती हैं, पुरुष बाँधते हैं या नपुंसक बाँधते हैं, अथवा नो-स्त्री, नो-पुरुष, नो-नपुंसक बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! इसे स्त्री नहीं बाँधती, पुरुष नहीं बाँधता, नपुंसक नहीं बाँधता, स्त्रियाँ नहीं बाँधतीं, पुरुष नहीं बाँधते और नपुंसक भी नहीं बाँधते, किन्तु पूर्वप्रतिपन्न की अपेक्षा वेदरहित (बहु) जीव बाँधते हैं, अथवा प्रतिपद्यमान की अपेक्षा वेदरहित (एक) जीव बाँधता है या वेदरहित बहुत से जीव बाँधते हैं।

12. [Q.] *Bhante* ! Is the bondage of *Iryapathik-karma* acquired by a woman, by a man, by a eunuch, by women, by men, or by eunuchs or by non-woman, by non-men or by non-eunuch (non-genderic or gender transcendent) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! It is neither acquired by a woman, nor by a man, or by a eunuch, or by women, or by men, or by eunuchs but relative to the past it is acquired by many non-genderic (*vedarahit*) beings or relative to the present by one non-genderic being or many non-genderic beings.

१३. [प्र.] जइ भंते ! अवगयवेदो वा बंधइ, अवगयवेदा वा बंधंति तं भंते ! किं इत्थीपच्छाकडो बंधइ १, पुरिसपच्छाकडो बंधइ २, नपुंसकपच्छाकडो बंधइ ३, इत्थीपच्छाकडा बंधंति ४, पुरिसपच्छाकडा वि बंधंति ५, नपुंसगपच्छाकडा वि बंधंति ६, उदाहु इत्थिपच्छाकडो य पुरिसपच्छाकडो य बंधति ४, उदाहु इत्थीपच्छाकडो य णपुंसगपच्छाकडो य बंधइ ४, उदाहु पुरिसपच्छाकडो य णपुंसगपच्छाकडो य बंधइ ४, उदाहु इत्थिपच्छाकडो य पुरिसपच्छाकडो य णपुसंगपच्छाकडो य भाणियव्वं ८, एवं एते छब्बीसं भंगा जाव उदाहु इत्थीपच्छाकडा य पुरिसपच्छाकडा य नपुंसकपच्छाकडा य बंधंति ?

[उ.] गोयमा ! इत्थिपच्छाकडो वि बंधइ १, पुरिसपच्छाकडो वि बंधइ २, नपुंसगपच्छाकडो वि बंधइ ३, इत्थीपच्छाकडा वि बंधंति ४, पुरिसपच्छकडा वि बंधंति ५, नपुंसकपच्छाकडा वि बंधंति ६, अहवा इत्थीपच्छाकडो य पुरिसपच्छाकडो य बंधइ ७, एवं एए चेव छब्बीसं भंगा भाणियव्वा जाव अहवा इत्थिपच्छाकडा य पुरिसपच्छाकडा य नपुंसगपच्छाकडा य बंधंति।

१३. [प्र.] भगवन् ! यदि वेदरहित एक जीव अथवा वेदरहित बहुत जीव ऐर्यापथिक (कर्म) बन्ध बाँधते हैं तो क्या १. स्त्री-पश्चात्कृत जीव (जो जीव भूतकाल में सवेदी था, किन्तु वर्तमान में अवेदी है, वह पश्चात्कृत कहा जाता है) बाँधता है, अथवा २. पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधता है; या ३. नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है? अथवा ४. स्त्री-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, या ५. पुरुष-पश्चात्कृतजीव बाँधते हैं, या ६. नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं? अथवा ७. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव और एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, या ८. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, या ९. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव और एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, अथवा १०. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव और बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधते है, या ११. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, या १२. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, अथवा १३. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, या १४. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, अथवा १५. एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, या १६. एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, अथवा १७. बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, अथवा १८. बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं? या फिर १९. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव, एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, अथवा २०. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव, एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, या २१. एक स्त्री-पश्चात्कृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है? अथवा २२. एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, या २३. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, अथवा २४. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं, या २५. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और एक नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधता है, अथवा २६. बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं?

[उ.] गौतम ! ऐर्यापथिक कर्म (१) स्त्री-पश्चात्कृत जीव भी बाँधता है, (२) पुरुष-पश्चात्कृत जीव भी बाँधता है, (३) नपुंसक-पश्चात्कृत जीव भी बाँधता है, (४) स्त्री-पश्चात्कृत जीव भी बाँधते हैं, (५) पुरुष-पश्चात्कृत जीव भी बाँधते हैं, (६) नपुंसक-पश्चात्कृत जीव भी बाँधते हैं, अथवा (७) एक स्त्री-पश्चात्कृत जीव और एक पुरुष-पश्चात्कृत जीव भी बाँधता है अथवा यावत् (२६) बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव भी बाँधते हैं। इस प्रकार (प्रश्न में कथित) छब्बीस भंग यहाँ (उत्तर में ज्यों के त्यों) कहने चाहिए।

13. [Q.] *Bhante* ! If one non-genderic being or many non-genderic beings acquire the bondage of *Iryapathik-karma* then is that bondage acquired by (1) one *stree-pashchaatkrit jiva* (a being who was woman in the past but non-genderic now), (2) one *purush-pashchaatkrit jiva* (a being who was man in the past but non-genderic now), (3) one *napumsak-pashchaatkrit jiva* (a being who was eunuch in the past but non-genderic now) ? Or (4) many *stree-pashchaatkrit jiva*s, (5) many *purush-pashchaatkrit jiva*s, (6) many *napumsak-pashchaatkrit jiva*s ? Or (7) one *stree-pashchaatkrit jiva* and one *purush-pashchaatkrit jiva*, (8) one *stree-pashchaatkrit jiva* and many *purush-pashchaatkrit jiva*s, (9) many *stree-pashchaatkrit jiva*s and one *purush-pashchaatkrit jiva*, (10) many *stree-pashchaatkrit jiva*s and many *purush-pashchaatkrit jivas*, (11) one *stree-pashchaatkrit jiva* and one *napumsak-pashchaatkrit jiva*, (12) one *stree-pashchaatkrit jiva* and many *napumsak-pashchaatkrit jivas*, (13) many *stree-pashchaatkrit jiva*s and one *napumsak-pashchaatkrit jiva*, (14) many *stree-pashchaatkrit jiva*s and many *napumsak-pashchaatkrit jiva*s, (15) one *purush-pashchaatkrit jiva* and one *napumsak-pashchaatkrit jiva*, (16) one *purush-pashchaatkrit jiva* and many *napumsak-pashchaatkrit jiva*s, (17) many *purush-pashchaatkrit jiva*s and one *napumsak-pashchaatkrit jiva*, (18) many *purush-pashchaatkrit jiva*s and many *napumsak-pashchaatkrit jiva*s ? Or (19) one *stree-pashchaatkrit jiva*, one *purush-pashchaatkrit jiva*, and one *napumsak-pashchaatkrit jiva*; (20) one *stree-pashchaatkrit jiva*, one

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

purush-pashchaatkrit jiva, and many *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (21) one *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva,* and one *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (22) one *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva,* and many *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (23) many *stree-pashchaatkrit jiva*, one *purush-pashchaatkrit jiva,* and one *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (24) many *stree-pashchaatkrit jiva*, one *purush-pashchaatkrit jiva,* and many *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (25) many *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva,* and one *napumsak-pashchaatkrit jiva;* (26) many *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva,* and many *napumsak-pashchaatkrit jiva ?*

[Ans.] Gautam ! The bondage of *Iryapathik-karma* is acquired by (1) one *stree-pashchaatkrit jiva* (a being who was woman in the past but non-genderic now), (2) one *purush-pashchaatkrit jiva* (a being who was man in the past but non-genderic now), (3) one *napumsak-pashchaatkrit jiva* (a being who was eunuch in the past but non-genderic now); or (4) many *stree-pashchaatkrit jiva*s, (5) many *purush-pashchaatkrit jiva*s, (6) many *napumsak-pashchaatkrit jiva*s; or (7) one *stree-pashchaatkrit jiva* and one *purush-pashchaatkrit jiva ... and so on up to ...* (26) many *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva,* and many *napumsak-pashchaatkrit jiva.* This way all the twenty-six alternatives mentioned in the question should be repeated verbatim.

१४. [प्र.] तं भंते ! किं बंधी बंधइ बंधिस्सइ १, बंधी बंधइ न बंधिस्सइ २, बंधी न बंधइ बंधिस्सइ ३, बंधी न बंधइ न बंधिस्सइ ४, न बंधी बंधइ बंधिस्सइ ५, न बंधी बंधइ न बंधिस्सइ ६, न बंधी न बंधइ बंधिस्सइ ७, न बंधी न बंधइ न बंधिस्सइ ८?

[उ.] गोयमा ! भवागरिसं पडुच्च अत्थेगइए बंधी बंधइ बंधिस्सइ। अत्थेगइए बंधी बंधइ, न बंधिस्सइ। एवं तं चेव सव्वं जाव अत्थेगइए न बंधी न बंधइ न बंधिस्सइ। गहणागरिसं पडुच्च अत्थेगइए बंधी, बंधइ, बंधिस्सइ; एवं जाव अत्थेगइए न बंधी, बंधइ, बंधिस्सइ। णो चेव णं न बंधी, बंधइ, न बंधिस्सइ। अत्थेगइए न बंधी, न बंधइ, बंधिस्सइ। अत्थेगइए न बंधी, न बंधइ, न बंधिस्सइ।

१४. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव ने (ऐर्यापथिक कर्म) १. बाँधा है, बाँधता है और बाँधेगा, अथवा २. बाँधा है, बाँधता है, नहीं बाँधेगा, या ३. बाँधा है, नहीं बाँधता है, बाँधेगा, अथवा ४. बाँधा है, नहीं बाँधता है, नहीं बाँधेगा, या ५. नहीं बाँधा, बाँधता है, बाँधेगा, अथवा ६. नहीं बाँधा, बाँधता है, नहीं बाँधेगा, या ७. नहीं बाँधा, नहीं बाँधता, बाँधेगा, ८. न बाँधा, न बाँधता है, न बाँधेगा ?

[उ.] गौतम ! भवाकर्ष की अपेक्षा किसी एक जीव ने बाँधा है, बाँधता है और बाँधेगा; किसी एक जीव ने बाँधा है, बाँधता है और नहीं बाँधेगा; यावत् किसी एक जीव ने नहीं बाँधा, नहीं बाँधता है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं बाँधेगा। इस प्रकार (प्रश्न में कथित) सभी (आठों) भंग यहाँ कहने चाहिए। ग्रहणाकर्ष की अपेक्षा (१) किसी एक जीव ने बाँधा, बाँधता है, बाँधेगा; (२) किसी एक जीव ने बाँधा, बाँधता है, नहीं बाँधेगा; (३) बाँधा, नहीं बाँधता है, बाँधेगा; (४) बाँधा, नहीं बाँधता, नहीं बाँधेगा; (५) किसी एक जीव ने नहीं बाँधा, बाँधता है, यहाँ तक (यावत्) कहना चाहिए। इसके पश्चात् छठा भंग-नहीं बाँधा, बाँधता नहीं है, बाँधेगा; नहीं कहना चाहिए। (तदनन्तर सातवाँ भंग-किसी एक जीव ने नहीं बाँधा, नहीं बाँधता है, बाँधेगा और आठवा भंग एक जीव ने नहीं बाँधा, नहीं बाँधता, नहीं बाँधेगा, (कहना चाहिए।)

14. [Q.] *Bhante* ! Is this bondage (of *Iryapathik-karma)* acquired by a living being–(1) in the past, in the present and in the future; or (2) in the past, in the present, but not in the future; or (3) in the past, and in the future, but not in the present; or (4) in the past, but not in the present, and also not in the future; or (5) not in the past, but in the present, and in the future; or (6) not in the past, but in the present, and not in the future; or (7) not in the past, not in the present, but in the future; or (8) not in the past, not in the present, and not in the future ?

[Ans.] Gautam ! In context of acquisition of this bondage (of *Iryapathik-karma*) during past several births (*bhavakarsh*), this bondage is acquired by some living being in the past, in the present and in the future; by some being in the past, in the present, but not in the future ... and so on up to ... by some living being not in the past, not in the present, and not in the future. This way all eight alternatives given in the question should be repeated. In context of acquisition of this bondage (of *Iryapathik-karma*) during a specific birth (*grahanakarsh*), this bondage is acquired by some living being (1) in the past, in the present and in the future; or (2) in the past, in the present, but not in the future; or (3) in the past, and in the future, but not in the present; or (4) in the past, but not in the present, and also not in the future; or (5) not in the past, but in the present, and in the future; these five alternatives hold good but the sixth alternative (not in the past, but in the present, and not in the future) does not hold good. [After that the seventh and eighth alternatives (not in the past, not in the present, but in the future; not in the past, not in the present, and not in the future) hold good.]

१५. [प्र.] तं भंते ! किं साईयं सपज्जवसियं बंधइ, साईयं अपज्जवसियं बंधइ, अणाईयं सपज्जवसियं बंधइ, अणाईयं अपज्जवसियं बंधइ ?

[उ.] गोयमा ! साईयं सपज्जवसियं बंधइ, नो साईयं अपज्जवसियं बंधइ, नो अणाईयं सपज्जवसियं बंधइ, नो अणाईयं अपज्जवसियं बंधइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. [प्र.] भगवन् ! जीव ऐर्यापथिक कर्म क्या सादि–सपर्यवसित बाँधता है या सादि–अपर्यवसित बाँधता है, अथवा अनादि–सपर्यवसित बाँधता है या अनादि–अपर्यवसित बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! जीव ऐर्यापथिक कर्म सादि–सपर्यवसित बाँधता है, किन्तु सादि–अपर्यवसित नहीं बाँधता, अनादि–सपर्यवसित नहीं बाँधता और न अनादि–अपर्यवसित बाँधता है।

15. [Q.] *Bhante* ! Is this bondage (of *Iryapathik-karma*) with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*); or with a beginning but without an end (*saadi-aparyavasit*); or without a beginning but with an end (*anaadi-saparyavasit*); or without a beginning and without an end (*anaadi-aparyavasit*) ?

[Ans.] Gautam ! This bondage (of *Iryapathik-karma*) is with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*); but neither with a beginning but without an end (*saadi-aparyavasit*); nor without a beginning but with an end (*anaadi-saparyavasit*); or without a beginning and without an end (*anaadi-aparyavasit*).

१६. [प्र.] तं भंते ! किं देसेणं देसं बंधइ, देसेणं सव्वं बंधइ, सव्वेणं देसं बंधइ, सव्वेणं सव्वं बंधइ ?

[उ.] गोयमा ! नो देसेणं देसं बंधइ, णो देसेणं सव्वं बंधइ, नो सव्वेणं देसं बंधइ, सव्वेणं सव्वं बंधइ।

१६. [प्र.] भगवन् ! जीव ऐर्यापथिक कर्म देश से आत्मा के देश को बाँधता है, देश से सर्व को बाँधता है, सर्व से देश को बाँधता है या सर्व से सर्व को बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! वह ऐर्यापथिक कर्म देश से देश को नहीं बाँधता, देश से सर्व को नहीं बाँधता, सर्व से देश को नहीं बाँधता, किन्तु सर्व से सर्व को बाँधता है।

16. [Q.] *Bhante* ! Does this bondage (of *Iryapathik-karma*) manifest as a part covering a part of the soul, or as a part covering the whole of the soul, or as a whole covering a part of the soul, or as a whole covering the whole of the soul ?

[Ans.] Gautam ! This bondage (of *Iryapathik-karma*) does not manifest as a part covering a part of the soul, not as a part covering the whole of the soul, and not as a whole covering a part of the soul, but only as a whole covering the whole of the soul.

१७. [प्र.] संपराइयं णं भंते ! कम्मं किं नेरइयो बंधइ, तिरिक्खजोणीओ बंधइ, जाव देवी बंधइ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गोयमा ! नेरइओ वि बंधइ, तिरिक्खजोणीओ वि बंधइ, तिरिक्खजोणिणी वि बंधइ, मणुस्सो वि बंधइ, मणुस्सी वि बंधइ, देवो वि बंधइ, देवी वि बंधइ।

१७. [प्र.] भगवन् ! साम्परायिक कर्म नैरयिक बाँधता है, तिर्यंच बाँधता है, तिर्यंच-स्त्री (मादा) बाँधती है, मनुष्य बाँधता है, मनुष्य-स्त्री बाँधती है, देव बाँधता है या देवी बाँधती है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक भी बाँधता है, तिर्यंच भी बाँधता है, तिर्यंच-स्त्री (मादा) भी बाँधती है, मनुष्य भी बाँधता है, मानुषी भी बाँधती है, देव भी बाँधता है और देवी भी बाँधती है।

17. [Q.] *Bhante* ! Is the bondage of *Samparayik-karma* acquired by an infernal being (*nairayik*), or a male or female animal (*tiryanch-yonik*), or a male or female human being, or a male or female divine being ?

[Ans.] Gautam ! The bondage of *Samparayik-karma* is acquired by an infernal being (*nairayik*), by a male or female animal (*tiryanch-yonik*), by a male or female human being, as well as by a male or female divine being.

१८. [प्र.] तं भंते ! किं इत्थी बंधइ, पुरिसो बंधइ, तहेव जाव नोइत्थी नोपुरिसो नोनपुंसओ बंधइ?

[उ.] गोयमा ! इत्थी वि बंधइ, पुरिसो वि बंधइ, जाव नपुंसगो वि बंधइ। अहवेए य अवगयवेदो य बंधइ, अहवेए य अवगयवेया य बंधंति।

१८. [प्र.] भगवन् ! साम्परायिक कर्म क्या स्त्री बाँधती है, पुरुष बाँधता है, यावत् नोस्त्री-नोपुरुष-नोनपुंसक बाँधता है ?

[उ.] गौतम ! स्त्री भी बाँधती है, पुरुष भी बाँधता है, नपुंसक भी बाँधता है, अथवा बहुत स्त्रियाँ भी बाँधती हैं, बहुत पुरुष भी बाँधते हैं और बहुत नपुंसक भी बाँधते हैं, अथवा ये सब और अवेदी एक जीव भी बाँधता है, अथवा ये सब और बहुत अवेदी जीव भी बाँधते हैं।

18. [Q.] *Bhante* ! Is the bondage of *Samparayik-karma* acquired by a woman, by a man ... and so on up to ... or by non-woman, by non-men or by non-eunuch (non-genderic or gender transcendent) ?

[Ans.] Gautam ! It is acquired by a woman, by a man, by a eunuch, by women, by men, as well as by eunuchs and also all these and one non-genderic (*vedarahit*) beings as well as all these and many non-genderic beings.

१९. [प्र.] जइ भंते ! अवगयवेदो य बंधइ अवगयवेदा य बंधंति तं भंते ! किं इत्थीपच्छाकडो बंधइ, पुरिसपच्छाकडो बंधइ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] एवं जहेव इरियावहियाबंधगस्स तहेव निरवसेसं जाव अहवा इत्थीपच्छाकडा य, पुरिसपच्छाकडा य, नपुंसगपच्छाकडा य बंधंति।

१९. [प्र.] भगवन् ! यदि वेदरहित एक जीव और वेदरहित बहुत जीव साम्परायिक कर्म बाँधते हैं तो क्या स्त्री-पश्चात्कृत जीव बाँधता है या पुरुष-पश्चात्कृत जीव बाँधता है ? इत्यादि प्रश्न (सूत्र १३ के अनुसार) पूर्ववत् कहना चाहिए।

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में छब्बीस भंग कहे हैं, उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए; यावत् (२६) बहुत स्त्री-पश्चात्कृत जीव, बहुत पुरुष-पश्चात्कृत जीव और बहुत नपुंसक-पश्चात्कृत जीव बाँधते हैं-यहाँ तक कहना चाहिए।

19. *Bhante* ! If it is acquired by one non-genderic (*vedarahit*) being as well as all these and many non-genderic beings then is it acquired by one *stree-pashchaatkrit jiva* (a being who was woman in the past but non-genderic now), or one *purush-pashchaatkrit jiva* (a being who was man in the past but non-genderic now)? Include here all the aforesaid questions (from aphorism 13).

[Ans.] Gautam ! As aforesaid, all the twenty-six alternatives about *Iryapathik-karma should be repeated* here up to (26) many *stree-pashchaatkrit jiva*, many *purush-pashchaatkrit jiva*, and many *napumsak-pashchaatkrit jiva*.

२०. [प्र.] तं भंते ! किं बंधी बंधइ बंधिस्सइ १; बंधी बंधइ न बंधिस्सइ २; बंधी न बंधइ बंधिस्सइ ३; बंधी न बंधइ न बंधिस्सइ ४ ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए बंधो बंधइ बंधिस्सइ १; अत्थेगइए बंधी बंधइ न बंधिस्सइ २; अत्थेगइए बंधी न बंधइ बंधिस्सइ ३; अत्थेगइए बंधी न बंधइ न बंधिस्सइ ४।

२०. [प्र.] भगवन् ! साम्परायिक कर्म (१) किसी जीव ने बाँधा, बाँधता है और बाँधेगा ? (२) बाँधा, बाँधता है और नहीं बाँधेगा ? (३) बाँधा, नहीं बाँधता है और बाँधेगा ? तथा (४) बाँधा, नहीं बाँधता है और नहीं बाँधेगा ?

[उ.] गौतम ! (१) कई जीवों ने बाँधा, बाँधते हैं और बाँधेंगे; (२) कितने ही जीवों ने बाँधा, बाँधते हैं और नहीं बाँधेंगे; (३) कितने ही जीवों ने बाँधा है, नहीं बाँधते हैं और बाँधेंगे, (४) कितने ही जीवों ने बाँधा है, नहीं बाँधते हैं और नहीं बाँधेंगे।

20. [Q.] *Bhante* ! Is this bondage (of *Samparayik-karma)* acquired by a living being – (1) in the past, in the present and in the future; or (2) in the past, in the present, but not in the future; or (3) in the past, and in the future, but not in the present; or (4) in the past, but not in the present, and also not in the future ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gautam ! This bondage (of *Samparayik-karma)* is acquired by–(1) many living beings in the past, in the present and in the future; (2) by many beings in the past, in the present, but not in the future; (3) by many beings in the past, and in the future, but not in the present; or (4) by many beings in the past, but not in the present, and also not in the future.

२१. [प्र.] तं भंते ! किं साईयं सपज्जवसियं बंधइ ? पुच्छा तहेव।

[उ.] **गोयमा ! साईयं वा सपज्जवसियं बंधइ, अणाईयं वा सपज्जवसियं बंधइ, अणाईयं वा अपज्जवसियं बंधइ; णो चेव णं साईयं अपज्जवसियं बंधइ।**

२१. [प्र.] भगवन् ! साम्परायिक कर्म सादि–सपर्यवसित बाँधते हैं ? इत्यादि (सूत्र १५ के अनुसार) प्रश्न पूर्ववत् करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! साम्परायिक कर्म सादि–सपर्यवसित बाँधते हैं, अनादि–सपर्यवसित बाँधते हैं, अनादि–अपर्यवसित बाँधते हैं; किन्तु सादि–अपर्यवसित नहीं बाँधते।

21. [Q.] *Bhante* ! Is this bondage (of *Samparayik-karma*) with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*)? Include here all the aforesaid questions (from aphorism 15).

[Ans.] Gautam ! This bondage (of *Samparayik-karma*) is with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*); without a beginning but with an end (*anaadi-saparyavasit*); without a beginning and without an end (*anaadi-aparyavasit*); but not with a beginning but without an end (*saadi-aparyavasit*);

२२. [प्र.] तं भंते ! किं देसेणं देसं बंधइ ?

[उ.] **एवं जहेव इरियावहियाबंधगस्स जाव सव्वेणं सव्वं बंधइ।**

२२. [प्र.] भगवन् ! साम्परायिक कर्म देश से आत्म–देश को बाँधते हैं ? इत्यादि प्रश्न, (सूत्र १६ के अनुसार) पूर्ववत् करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में कहा गया है, उसी प्रकार साम्परायिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में भी जान लेना चाहिए, यावत् सर्व से सर्व को बाँधते हैं।

22. [Q.] *Bhante* ! Does this bondage (of *Samparayik-karma*) manifest as a part covering a part of the soul ? Include here all the aforesaid questions (from aphorism 16).

[Ans.] Gautam ! What has been said about *Iryapathik-karma* also holds good for *Samparayik-karma* up to as a whole covering the whole of the soul.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन : प्रस्तुत तेरह सूत्रों (सूत्र १० से २२ तक) में ऐर्यापथिक और साम्परायिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में निम्नोक्त छह पहलुओं से विचारणा की गई है–

१. ऐर्यापथिक या साम्परायिक कर्म चार गतियों में से किस गति का प्राणी, बाँधता है ?

२. स्त्री, पुरुष, नपुंसक आदि में से कौन बाँधता है ?

३. स्त्री–पश्चात्कृत, पुरुष–पश्चात्कृत, नपुंसक–पश्चात्कृत एक या अनेक अवेदी में से कौन अवेदी बाँधता है ?

४. दोनों कर्मों के बाँधने की त्रिकाल सम्बन्धी चर्चा।

५. सादिसपर्यवसित आदि चार विकल्पों में से कैसे इन्हें बाँधता है ?

६. ये कर्म देश से आत्म–देश को बाँधते हैं ? इत्यादि प्रश्नोत्तर।

बन्ध : स्वरूप एवं विवक्षित दो प्रकार–जैसे शरीर में तेल आदि लगाकर धूल में लोटने पर उस व्यक्ति के शरीर पर धूल चिपक जाती है, वैसे ही मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग से जीव के प्रदेशों में जब हलचल होती है, तब जिस आकाश में आत्म–प्रदेश होते हैं, वहीं के अनन्त–अनन्त तद्–तद् योग्य कर्मपुद्गल जीव के प्रत्येक प्रदेश के साथ बद्ध हो जाते हैं। दूध–पानी की तरह कर्म और आत्म–प्रदेशों का एकमेक होकर मिल जाना **बन्ध** है। विवक्षाविशेष से यहाँ कर्मबन्ध के दो प्रकार कहे गये हैं–१. ऐर्यापथिक, और २. साम्परायिक। केवल योगों के निमित्त से होने वाले सातावेदनीयरूप बन्ध को **ऐर्यापथिककर्मबन्ध** कहते हैं। यह वीतरागी जीवों को होता है, जिनसे चतुर्गतिकसंसार में परिभ्रमण हो, उन्हें सम्पराय–कषाय कहते हैं, सम्परायों (कषायों) के निमित्त से होने वाले कर्मबन्ध को **साम्परायिक कर्मबन्ध** कहते हैं। यह प्रथम से दशम गुणस्थान तक होता है।

ऐर्यापथिक कर्मबन्ध : स्वामी, कर्ता, बन्धकाल, बन्धविकल्प तथा बन्धांश–(१) **बंध का स्वामी**–ऐर्यापथिक कर्म का बन्ध चार गति में केवल मनुष्यों को ही होता है। मनुष्यों में भी ग्यारहवें (उपशान्तमोह), बारहवें (क्षीणमोह) और तेरहवें (सयोगीकेवली) गुणस्थानवर्ती मनुष्यों को ही होता है। ऐसे मनुष्य पुरुष और स्त्री दोनों ही होते हैं। जिसने पहले ऐर्यापथिक कर्म का बंध किया हो, अर्थात्–जो ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के द्वितीय–तृतीय आदि समयवर्ती हो, उसे **पूर्वप्रतिपन्न** कहते हैं। **पूर्वप्रतिपन्न** की अपेक्षा इसे बहुत–से मनुष्य नर और बहुत–सी मनुष्य नारियाँ बाँधती हैं; क्योंकि ऐसे पूर्वप्रतिपन्न स्त्री और पुरुष बहुत होते हैं और दोनों प्रकार के केवली (स्त्रीकेवली और पुरुषकेवली) सदा पाए जाते हैं, इसलिए इसका भंग नहीं होता। जो जीव ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के प्रथम समयवर्ती होते हैं, वे **'प्रतिपद्यमान'** कहलाते हैं। इनका विरह सम्भव है। इसलिए एकत्व और बहुत्व को लेकर इनके (स्त्री और पुरुष के) असंयोगी ४ भंग और द्विकसंयोगी ४ भंग, यों कुल ८ भंग बनते हैं।

(२) ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में जो स्त्री, पुरुष, नपुंसक आदि को लेकर प्रश्न किया गया है, वह लिंग की अपेक्षा समझना चाहिए, वेद की अपेक्षा नहीं, क्योंकि ऐर्यापथिक कर्मबन्धकर्ता जीव उपशान्तवेदी या क्षीणवेदी ही होते हैं। इसीलिए इस प्रश्न के उत्तर में कहा गया है–**अपगतवेद**–वेद के उदय से रहित जीव ही इसे बाँधते हैं।

(३) जो जीव गतकाल में स्त्री था, किन्तु अब वर्तमानकाल में अवेदी हो गया है, उसे **स्त्री–पश्चात्कृत** कहते हैं, इसी तरह **'पुरुष–पश्चात्कृत'** और **'नपुंसक–पश्चात्कृत'** का अर्थ भी समझ लेना चाहिए। इन तीनों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की अपेक्षा से यहाँ वेदरहित एक जीव या अनेक जीवों के द्वारा ऐर्यापथिक कर्मबन्ध सम्बन्धी २६ भंगों को प्रस्तुत करके प्रश्न किया है। इनमें असंयोगी ६ भंग, द्विकसंयोगी १२ भंग और त्रिकसंयोगी ८ भंग हैं। इस प्रश्न का उत्तर भी २६ भंगों द्वारा दिया गया है।

(४) इसके पश्चात् ऐर्यापथिक कर्मबन्ध के सम्बन्ध में भूत, वर्तमान और भविष्यकाल-सम्बन्धी आठ भंगों द्वारा प्रश्न किया गया है, जिसका उत्तर **'भवाकर्ष'** और **'ग्रहणाकर्ष'** की अपेक्षा दिया गया है। अनेक पूर्वभवों में उपशमश्रेणी की प्राप्ति द्वारा ऐर्यापथिक कर्मपुद्गलों का आकर्ष-ग्रहण करना **'भवाकर्ष'** है और एक भव में ऐर्यापथिक कर्मपुद्गलों का ग्रहण करना, **'ग्रहणाकर्ष'** है। भवाकर्ष की अपेक्षा यहाँ ८ भंग उत्पन्न होते हैं-उनका आशय क्रमशः इस प्रकार है-**१. प्रथम भंग-'बाँधा था, बाँधता है, बाँधेगा'** यह भवाकर्षापेक्षया उस जीव में पाया जाता है, जिसने गतकाल (किसी पूर्वभव) में उपशमश्रेणी की थी, उस समय ऐर्यापथिक कर्म बाँधा था; वर्तमान में उपशम श्रेणी करता है, उस समय इसे बाँधता है और आगामी भव में उपशमश्रेणी करेगा, उस समय इसे बाँधेगा। २. **द्वितीय भंग-'बाँधा था, बाँधता है, नहीं बाँधेगा'**-यह उस जीव में पाया जाता है, जिसने पूर्वभव में उपशमश्रेणी की थी और ऐर्यापथिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में क्षपकश्रेणी में इसे बाँधता है और फिर इसी भव में मोक्ष चला जायेगा, इसलिए आगामी काल में नहीं बाँधेगा। ३. **तृतीय भंग-'बाँधा था, नहीं बाँधता है, बाँधेगा'**-यह भंग उस जीव में पाया जाता है, जिसने पूर्वभव में उपशमश्रेणी की थी, उसमें बाँधा था, वर्तमान भव में श्रेणी नहीं करता, अतः यह कर्म नहीं बाँधता और भविष्य में उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी करेगा, तब बाँधेगा। ४. **चौथा भंग-'बाँधा था, नहीं बाँधता है, नहीं बाँधेगा'**-यह उस जीव में पाया जाता है, जो वर्तमान में चौदहवें गुणस्थान में विद्यमान है। उसने गतकाल (पूर्वकाल) में बाँधा था, वर्तमान में नहीं बाँधता और भविष्यकाल में भी नहीं बाँधेगा। ५. **पंचम भंग-'नहीं बाँधा, बाँधता है, बाँधेगा'**-यह उस जीव में पाया जाता है, जिसने पूर्वभव में उपशमश्रेणी नहीं की थी, अतः ऐर्यापथिक कर्म नहीं बाँधा था, वर्तमान भव में उपशमश्रेणी में बाँधता है, आगामी भव में उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी में बाँधेगा। ६. **छठा भंग-'नहीं बाँधा था, बाँधता है, नहीं बाँधेगा'**-यह भंग उस जीव में पाया जाता है, जिसने पूर्वभव में उपशमश्रेणी नहीं की थी, अतः नहीं बाँधा था, वर्तमान भव में क्षपकश्रेणी में बाँधता है, इसी भव में मोक्ष चला जायेगा, इसलिए आगामी काल (भव) में नहीं बाँधेगा। ७. **सप्तम भंग-'नहीं बाँधा था, नहीं बाँधता है, बाँधेगा'**-यह भंग उस जीव में पाया जाता है, जो जीव भव्य है, किन्तु भूतकाल में उपशमश्रेणी नहीं की, इसलिए नहीं बाँधा था, वर्तमानकाल में भी उपशमश्रेणी नहीं करता, इसलिए नहीं बाँधता, किन्तु आगामीकाल में उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी करेगा, तब बाँधेगा। ८. **अष्टमभंग-'नहीं बाँधा था, नहीं बाँधता, नहीं बाँधेगा'**-यह भंग अभव्य जीव में पाया जाता है, जिसने पूर्वभव में ऐर्यापथिक कर्म नहीं बाँधा था, वर्तमान में नहीं बाँधता और भविष्य में भी नहीं बाँधेगा, क्योंकि अभव्य जीव ने उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी नहीं की, न करता है; और न ही करेगा।

एक ही भव में ऐर्यापथिक कर्मपुद्गलों के ग्रहणरूप 'ग्रहणाकर्ष' की दृष्टि से-१. **प्रथम भंग**-उस जीव में पाया जाता है, जिसने इसी भव में भूतकाल में उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी के समय ऐर्यापथिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में बाँधता है, भविष्य में बाँधेगा। २. **द्वितीय भंग**-तेरहवें गुणस्थान में एक समय शेष रहता है, उस समय पाया जाता है, क्योंकि उसने भूतकाल में बाँधा था, वर्तमानकाल में बाँधता है, और आगामीकाल में शैलेशी अवस्था में नहीं बाँधेगा। ३. **तृतीय भंग**-इसका स्वामी वह जीव है, जो उपशमश्रेणी करके उससे गिर गया है। उसने उपशमश्रेणी के समय ऐर्यापथिक कर्म बाँधा था, अब वर्तमान में नहीं बाँधता और उसी भव में फिर उपशमश्रेणी करने पर बाँधेगा; क्योंकि एक भव में एक जीव दो बार उपशमश्रेणी कर सकता है। ४. चौथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भंग–चौदहवें गुणस्थान के प्रथम समय में पाया जाता है। सयोगी अवस्था में उसने ऐर्यापथिक कर्म बाँधा था; किन्तु एक समय पश्चात् ही चौदहवें गुणस्थान की प्राप्ति हो जाने पर शैलेशी अवस्था में नहीं बाँधता, तथा आगामीकाल में नहीं बाँधेगा। ५. **पाँचवाँ भंग**–यह उस जीव में पाया जाता है, जिसने आयुष्य के पूर्वभाग में उपशमश्रेणी आदि नहीं की, इसलिए नहीं बाँधा, वर्तमान में श्रेणी प्राप्त की है, इसलिए बाँधता है और भविष्य में भी बाँधेगा। ६. **छठा भंग**–शून्य है। यह किसी भी जीव में नहीं पाया जाता, क्योंकि छठा भंग है–नहीं बाँधा, बाँधता है, नहीं बाँधेगा। प्रथम की दो बातें तो किसी जीव में सम्भव हैं, लेकिन 'नहीं बाँधेगा' यह बात एक ही भव में नहीं पाई जा सकती। ७. **सप्तम भंग**–भव्यविशेष की अपेक्षा से है। ८. **अष्टम भंग**–अभव्य की अपेक्षा से है।

१. सादि–सान्त, २. सादि–अनन्त, ३. अनादि–सान्त, और ४. अनादि–अनन्त, इन चार विकल्पों में से केवल प्रथम विकल्प–सादि–सान्त में ही ऐर्यापथिक कर्मबन्ध होता है, शेष तीन विकल्पों में नहीं।

जीव के साथ ऐर्यापथिक कर्मबन्धांश सम्बन्धी चार विकल्प–इसके पश्चात् चार–विकल्पों द्वारा ऐर्यापथिक कर्मबन्धांश सम्बन्धी प्रश्न उठाया गया है। उसका आशय यह है–(१) **देश से देशबन्ध**–जीव–आत्मा के एक देश से, कर्म के एक देश का बन्ध, (२) **देश से सर्वबन्ध**–जीव के एक देश से सम्पूर्ण कर्म का बन्ध, (३) **सर्व से देशबन्ध**–सम्पूर्ण जीव प्रदेशों से कर्म के एक देश का बन्ध, और (४) **सर्व से सर्वबन्ध**–सम्पूर्ण–जीव प्रदेशों से सम्पूर्ण कर्म का बन्ध–इनमें से चौथे विकल्प से ऐर्यापथिक कर्म का बन्ध होता है, क्योंकि सर्व आत्म प्रदेशों पर एक समान कर्म बन्ध ही होता है, जीव का ऐसा ही स्वभाव है, शेष तीन विकल्पों से जीव के साथ कर्म का बन्ध नहीं होता।

साम्परायिक कर्मबन्ध–कषाय निमित्तक कर्मबन्धरूप साम्परायिक कर्मबन्ध के स्वामी के विषय में प्रथम प्रश्न में सात विकल्प उठाये गये हैं, उनमें से (१) नैरयिक, (२) तिर्यंच, (३) तिर्यंची, (४) देव, और (५) देवी, ये पाँच तो सकषायी होने से सदा साम्परायिक बन्धक होते हैं, (६) मनुष्य–नर, और (७) मनुष्य–नारी ये दो सकषायी अवस्था में साम्परायिक कर्मबन्धक होते हैं, अकषायी हो जाने पर साम्परायिक बन्धक नहीं होते।

बन्धकर्ता–द्वितीय प्रश्न में साम्परायिक कर्मबन्धकर्ता के विषय में एकत्वविवक्षित और बहुत्वविवक्षित स्त्री, पुरुष, नपुंसक आदि को लेकर सात विकल्प उठाए गये हैं, जिसके उत्तर में कहा गया है–एकत्वविवक्षित और बहुत्वविवक्षित स्त्री, पुरुष और नपुंसक, ये ६ सदैव साम्परायिक कर्मबन्धकर्ता होते हैं, क्योंकि ये सब सवेदी हैं। अवेदी कदाचित् (कभी–कभी) पाया जाता है, इसलिए वह कदाचित् साम्परायिक कर्म बाँधता है। तात्पर्य यह है–स्त्री आदि पूर्वोक्त छह साम्परायिक कर्म बाँधते हैं, अथवा स्त्री आदि ६ और वेदरहित एक जीव (क्योंकि वेदरहित एक जीव भी पाया जाता है, इसलिए) साम्परायिक कर्म बाँधते हैं, अथवा पूर्वोक्त स्त्री आदि छह और वेदरहित बहुत जीव (क्योंकि वेदरहित जीव बहुत भी पाये जा सकते हैं, इसलिए) साम्परायिक कर्म बाँधते हैं। तीनों वेदों का उपशम या क्षय हो जाने पर भी जीव जब तक यथाख्यातचारित्र को प्राप्त नहीं करता, तब तक वह वेदरहित जीव साम्परायिकबन्धक होता है। यह स्थिति ९वें गुण स्थान के अंत में और १०वें गुण स्थान में होती है। यहाँ पूर्वप्रतिपन्न और प्रतिपद्यमान की विवक्षा इसलिए नहीं की गई है कि दोनों में एकत्व और बहुत्व पाया जाता है, तथा वेदरहित हो जाने पर साम्परायिक बन्ध भी अल्पकालिक हो जाता है। साम्परायिक कर्मबन्धक के भी ऐर्यापथिक कर्मबन्धक की तरह २६ भंग होते हैं। वे पूर्ववत् समझ लेने चाहिए।

साम्परायिक कर्मबन्ध–सम्बन्धी त्रैकालिक विचार–काल की अपेक्षा ऐर्यापथिक कर्मबन्ध सम्बन्धी ८ भंग प्रस्तुत किये गये थे, लेकिन साम्परायिक कर्मबन्ध अनादिकाल से है। इसलिए भूतकाल सम्बन्धी जो '**ण बन्धी**–नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बाँधा' इस प्रकार के ४ भंग हैं, वे इसमें नहीं बन सकते। जो ४ भंग बन सकते हैं, उनका आशय इस प्रकार है-१. **'प्रथम भंग–बाँधा था, बाँधता है, बाँधेगा'**–यह भंग यथाख्यातचारित्र–प्राप्ति से दो समय पहले तक सर्वसंसारी जीवों में पाया जाता है। क्योंकि भूतकाल में उन्होंने साम्परायिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में बाँधते हैं और भविष्य में भी यथाख्यातचारित्र–प्राप्ति के पहले तक बाँधेंगे। यह प्रथम भंग अभव्य जीव की अपेक्षा भी घटित हो सकता है। २. **द्वितीय भंग–बाँधा था, बाँधता है, नहीं बाँधेगा**–यह भंग भव्य जीव की अपेक्षा से है। मोहनीय कर्म के क्षय से पहले उसने साम्परायिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में बाँधता है, और आगामीकाल में मोहक्षय की अपेक्षा नहीं बाँधेगा। ३. **तृतीय भंग–बाँधा था, नहीं बाँधता, बाँधेगा**–यह भंग उपशमश्रेणी प्राप्त जीव की अपेक्षा है। उपशमश्रेणी करने के पूर्व उसने साम्परायिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में उपशान्तमोह होने से नहीं बाँधता और उपशम श्रेणी से गिर जाने पर आगामीकाल में पुनः बाँधेगा। ४. **चतुर्थ भंग–'बाँधा था, नहीं बाँधता, नहीं बाँधेगा'**–यह भंग क्षपकश्रेणी–प्राप्त क्षीण–मोह जीव की अपेक्षा से है। मोहनीय कर्मक्षय के पूर्व उसने साम्परायिक कर्म बाँधा था, वर्तमान में मोहनीय कर्म का क्षय हो जाने से नहीं बाँधता और तत्पश्चात् मोक्ष प्राप्त हो जाने से आगामीकाल में नहीं बाँधेगा।

साम्परायिक कर्मबन्धक के विषय में सादि–सान्त आदि ४ विकल्प–पूर्ववत् सादि–सपर्यवसित (सान्त) आदि ४ विकल्पों को लेकर साम्परायिक कर्मबन्ध के विषय में प्रश्न उठाया गया है। इन चार भंगों में से सादि–अपर्यवसित–(अनन्त) को छोड़कर शेष प्रथम, तृतीय और चतुर्थ भंगों से जीव साम्परायिक कर्म बाँधता है। जो जीव उपशम श्रेणी से गिर गया है और आगामीकाल में पुनः उपशमश्रेणी या क्षपकश्रेणी को अंगीकार करेगा, उसकी अपेक्षा प्रथम भंग घटित होता है। जो जीव प्रारम्भ में ही क्षपकश्रेणी करने वाला है, उसकी अपेक्षा अनादि–सपर्यवसित नामक तृतीय भंग घटित होता है, तथा अभव्य जीव की अपेक्षा अनादि–अपर्यवसित नामक चतुर्थ भंग घटित होता है। सादि–अपर्यवसित नामक दूसरा भंग किसी भी जीव में घटित नहीं होता। यद्यपि उपशमश्रेणी से भ्रष्ट जीव सादि साम्परायिक बन्धक होता है, किन्तु वह कालान्तर में अवश्य मोक्षगामी होता है, उस समय उसमें साम्परायिक कर्म का व्यवच्छेद हो जाता है, इसलिए अन्त रहितता उसमें घटित नहीं होती। *(वृत्ति, पत्रांक ३८८)*

Elaboration—In the aforesaid thirteen aphorisms (10-22) bondage of *Iryapathik-karma* and *Samparayik-karma* has been discussed from six angles–

1. Which living being belonging to which one of the four genuses acquires bondage of *Iryapathik-karma* and *Samparayik-karma* ?

2. Which of the genders, including male, female and eunuch acquires the bondage ?

3. Which of the non-genderic being or beings including *stree-pashchaatkrit jiva*, and *napumsak-pashchaatkrit jiva* acquires bondage ?

4. Bondage of the two *karmas* during three periods (past, present and future).

5. Bondage related to the four alternatives of end and beginning.

6. Bondage relative to part and whole.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bondage and its two types under reference—When a man applies oil to his body and rolls in sand, dust particles stick to his body. In the same way when soul-space-points (*jiva pradesh*) get agitated due to unrighteousness (*mithyatva*), absence of restraint (*avirati*), stupor (*pramaad*), passions (*kashaaya*) and association (*yoga*) then infinite related *karma*-particles present in the surrounding space get fused with every soul-space-point of that soul. Fusion of *karmas* with soul-space-points, like mixing of water with milk, is called *karmic* bondage (*bandh*). The two types of bondage under reference here are–(1) *Iryapathik-karma* and (2) *Samparayik-karma*. The bondage of *sata-vedaniya karma* (the *karma* that causes feelings of pleasure) caused by association alone is called *Iryapathik-karma bandh*. What is responsible for cycles of rebirth in four genuses is called *samparaaya or kashaaya* (passion). The *karmic* bondage caused by these passions (*samparaayas*) is called *Samparayik-karma bandh*. This occurs from first to the tenth *Gunasthaan* (fourteen levels of purity of soul).

Iryapathik-karma bandh: genus, subject, period, alternatives, and range—(1) Genus *(swami)*–Out of the four genuses only human beings acquire the bondage of *Iryapathik-karma*. Even among human beings only those at eleventh (*Upashaant Moha*), twelfth (*Ksheen Moha*), and thirteenth (*Sayogi Kevali*) *Gunasthaan* acquire this bondage. These human beings can be either, male or female. One who has already acquired *Iryapathik-karma*, that is who has passed the first Samaya of acquisition, is called *purva pratipanna*. Relative to this state that has already passed, this *karma* is acquired by many men and many women; this is because there is a large number of such men and women having already acquired this *karma*. Also, omniscient men and women always exist, therefore there is an absence of alternatives about this state. Relative to the present, or the first Samaya of acquisition (*pratipadyamaan* or in process of acquiring) there is always a chance of a gap. Therefore for this state there are eight alternatives based on different combinations of singularity and plurality of man and woman.

(2) The question about male, female and eunuch is in context of physical manifestation of gender (*ling*) and not gender-*karma* (*veda*). This is because the living being acquiring *Iryapathik-karma* are exclusively those who have either pacified or destroyed gender-*karma* (*upashantavedi or ksheen-vedi*). That is why the answer says that it is acquired by non-genderic beings (*apagat-veda or veda rahit*).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) A being that was woman in the past but non-genderic now is called *stree-pashchaatkrit jiva*. The same is true for the terms *purush-pashchaatkrit jiva* and *napumsak-pashchaatkrit jiva*. Here the question includes 26 alternative combinations of singularity and plurality of these three classes of beings. There are six alternatives without combination, twelve alternatives with combinations of two and eight alternatives with combinations of three.

(4) After that the question with eight alternative combinations related to past, present and future periods of acquisition of *Iryapathik-karma* has been asked. The answer to this has been given in context of *bhavakarsh* and *grahanakarsh*. The acquisition of this bondage (of *Iryapathik-karma*) during past several births by gaining the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) is called *bhavakarsh*, and doing that during a specific birth is called *grahanakarsh*. In context of *bhavakarsh* there are eight alternative combinations—(1) First alternative–acquired in the past, in the present and in the future. This is about a being who had gained the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does the same during the present birth and will do the same again during the next birth. (2) Second alternative–acquired in the past, in the present, but not in the future. This is about a being who had gained the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does the same during the present birth through destruction of *karmas* and attains liberation; therefore, he will not acquire any *karma* during the next birth. (3) Third alternative–in the past, and in the future, but not in the present. This is about a being who had gained the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does not do the same during the present birth but will do the same again during the next birth through pacification or destruction of *karmas*. (4) Fourth alternative–in the past, but not in the present, and also not in the future. This is about a being who had gained the path of progressive destruction of *karmas* (*Kshapak Shreni*) in the past to acquire these *karmas* and is at the fourteenth *Gunasthaan* at present, he does not need to do the same any more now or in future as he is destined to be liberated during this birth. (5) Fifth alternative–not in the past, but in the present, and in the future. This is about a being who did not gain the path of progressive

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does the same during the present birth and will do the same again during the next birth through pacification or destruction of *karmas*. (6) Sixth alternative–not in the past, but in the present, and not in the future. This is about a being who did not gain the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does the same during the present birth through destruction of *karmas* and will get liberated, thus eliminating the need to do the same again during the next birth. (7) Seventh alternative–not in the past, not in the present, but in the future. This is about a being who did not gain the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does not do the same during the present birth, but as he is destined to get liberated (*bhavya*) he will do the same during the next birth through pacification or destruction of *karmas*. (8) Eighth alternative–not in the past, not in the present, and not in the future. This is about a being who is not at all destined to get liberated (*abhavya*) and thus did not gain the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during some past birth to acquire these *karmas*, he does not do the same during the present birth and will not do the same during the future births. This is because an *abhavya jiva* never gains the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*), or the path of progressive destruction of *karmas* (*Kshapak Shreni*).

In context of doing the same during a specific birth (*grahanakarsh*) the aforesaid alternatives are explained as follows–(1) First alternative—This is about a being who had gained the path of progressive pacification or destruction of *karmas* (*Upasham Shreni and Kshapak Shreni*) during this birth in the past to acquire these *karmas*, he does the same at present and will 1do the same in future. (2) Second alternative–This is about a being that is just one Samaya short of crossing the thirteenth *Gunasthaan* because he had acquired these *karmas* in the past, he does the same at present and attains the rock-like state; and thereby stops acquiring any *karma*. (3) Third alternative–This applies to the person who once gains the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) then falls from that level. He had acquired these *karmas* in the past, does not acquire at present but will do so in future when he again gains *Upasham Shreni*. This is because a being can gain *Upasham Shreni* twice during one birth. (4) Fourth

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

alternative–This applies to the first Samaya of entering the fourteenth *Gunasthaan*. He had acquired *Iryapathik-karma* in the *Sayogi* (having association) state but immediately after that he attained the fourteenth *Gunasthaan* and rock-like steady (*Shaileshi*) state where there is no bondage at present as well as in the future because he is destined to be liberated. (5) Fifth alternative–This is about a being that did not gain the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*) during the past to acquire these *karmas*. However, he does that at present and will do the same in the future as well. (6) Sixth alternative–This is non-existent because although the first two conditions (not in the past, but in the present) are possible, the third condition (not in the future) is impossible in context of a single birth. (7) Seventh alternative–This is about a being that is destined to get liberated (*bhavya*). (8) Eighth alternative –This is about a being that is not at all destined to get liberated (*abhavya*).

As regards the four alternatives—(1) with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*), (2) with a beginning but without an end (*saadi-aparyavasit*), (3) without a beginning but with an end (*anaadi-saparyavasit*), (4) without a beginning and without an end (*anaadi-aparyavasit*), this bondage of *Iryapathik-karma* is possible only in the first alternative and not in the other three.

Range of bondage—In the end the question about range of bondage of *Iryapathik-karma* has been raised. It has four alternatives—(1) bondage of a part with a part or fusion of a part of soul with a part of *karma*, (2) fusion of a part of soul with the whole of *karma*, (3) fusion of the whole of soul with a part of *karma*, and (4) fusion of the whole of soul with the whole of *karma*. Here only the fourth alternative is applicable because the nature of the soul is such that the other three alternatives are not possible.

Samparayik-karma bandh—Seven alternatives related to the genus have been proposed in the question about the bondage of *Samparayik-karma* that is caused by passions. Of these (1) infernal beings, (2) male animals, (3) female animals, (4) male divine beings and (5) female divine beings, these five always acquire the bondage of *Samparayik-karma* because they are always with passions. (6) Men and (7) women, these two acquire the bondage of *Samparayik-karma* when they are under the influence of passions and do not do so when they are not.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Subject—In the second question about the subject who acquires the bondage of *Samparayik-karma*, seven alternatives in context of singularity and plurality of male, female, eunuch etc. have been proposed. The answer conveys that the six alternatives related to singularity and plurality of man, woman and eunuch always acquire bondage of *Samparayik-karma* because they all are genderic beings. A non-genderic being seldom exists; therefore there is only a possibility of its acquiring this bondage. In other words the aforesaid six categories of beings including woman acquire bondage of *Samparayik-karma*, or these six and one non-genderic being (because one such being can also exist) acquire this bondage, or these six and many non-genderic beings (because many such beings also exist) acquire this bondage. Even when there is pacification (*upasham*) or destruction (*kshaya*) of gender (*veda*) the resultant non-genderic being acquires bondage of *Samparayik-karma* as long as it does not attain the level of *Yathakhyat Chaaritra* (the ultimate discipline of detachment related to beings at eleventh and higher *Gunasthaan*s). Here the alternatives related to past and present have not been considered because in both cases singularity and plurality exists. Moreover, on becoming non-genderic the bondage of *Samparayik-karma* is also short-lived. Like the subject of bondage of *Iryapathik-karma*, that of bondage of *Samparayik-karma* also has 26 six alternatives as aforesaid.

Bondage of *Samparayik-karma* in context of three periods—In context of period, 8 alternatives have been mentioned about bondage of *Iryapathik-karma*. But as the bondage of *Samparayik-karma* is timeless, the four alternatives related to 'did not acquire' (*na bandhi*) become redundant. The four possible alternatives are– (1) First alternative–acquired in the past, in the present and in the future. This is applicable to all worldly beings up to two Samayas (the ultimate fractional unit of time) before attaining *Yathakhyat Chaaritra*. This is because they acquired the bondage of *Samparayik-karma* during the past, are acquiring the same at present and will acquire in the future before attaining *yathakhyat chaaritra*. This first alternative is also applicable to beings not destined to liberation (*abhavya*). (2) Second alternative–acquired in the past, in the present, but not in the future. This is about a being that is destined to be liberated (*bhavya*). Prior to destroying *Mohaniya karma* (deluding *karma*) he had acquired the bondage of *Samparayik-karma*, he does the same at present but will not

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

do that in future because of destruction of deluding *karma*. (3) Third alternative– in the past, and in the future, but not in the present. This is about a being that has gained the path of progressive pacification of *karmas* (*Upasham Shreni*). He had acquired the bondage of *Samparayik-karma* prior to gaining *Upasham Shreni*; he does not do the same at present due to pacified delusion, but will do the same again in the future when he falls from *Upasham Shreni*. (4) Fourth alternative–in the past, but not in the present, and also not in the future. This is about a being that has gained the path of progressive destruction of *karmas* (*Kshapak Shreni*) and has destroyed delusion. He had acquired these *karmas* prior to destruction of *Mohaniya karmas*, he also does not acquire the same at present for the same reason and he does not need to do the same any more in future as he gets liberated.

As regards the four alternatives including 'with a beginning and with an end' (*saadi-saparyavasit*), a living being acquires bondage of *Samparayik-karma* with three alternatives other than the second one of 'with a beginning but without an end' (*saadi-aparyavasit*). The first alternative, with a beginning and with an end (*saadi-saparyavasit*), is applicable to the being that has fallen from *Upasham Shreni* and will regain the same or *Kshapak Shreni* in the future. The third alternative, without a beginning but with an end (*anaadi-saparyavasit*), is applicable to the being that attains *Kshapak Shreni* to begin with. The fourth alternative, without a beginning and without an end (*anaadi-aparyavasit*), is applicable to the beings that are not destined to be liberated (*abhavya*). The second alternative does not apply to any being. Although a being fallen from *Upasham Shreni* acquires bondage of *Samparayik-karma* in the category of 'with a beginning' but, as he is destined to attain liberation in future, he destroys this *karma*. Therefore the alternative of 'without an end' does not apply in this case. *(Vritti, leaf 388)*

बावीस परीषहों का अष्टविध कर्मों में समावेश

INCLUSION OF TWENTY TWO AFFLICTIONS IN EIGHT KARMA SPECIES

२३. [प्र.] कइ णं भंते ! कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! अट्ठ कम्मपयडीओ पण्णत्ताओ, तं जहा—णाणावरणिज्जं जाव अंतराइयं।

२३. [प्र.] भगवन् ! कर्मप्रकृतियाँ कितनी कही गई हैं ?

[उ.] गौतम ! कर्मप्रकृतियाँ आठ कही गई हैं। यथा—ज्ञानावरणीय यावत् अन्तराय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

23. [Q.] *Bhante* ! How many species of *karma* (*karmaprakriti*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be eight species of *karma* (*karmaprakriti*)– *Jnanavaraniya* (knowledge obscuring) ... and so on up to ... *Antaraya* (power hindering).

२४. [प्र.] कइ णं भंते ? परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] **गोयमा ! बावीसं परीसहा पण्णत्ता, तं जहा–दिगिंछापरीसहे १, पिवासापरीसहे २, जाव दंसणपरीसहे २२।**

२४. [प्र.] भगवन् ! परीषह कितने कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! परीषह बावीस कहे गये हैं। वे इस प्रकार–१. क्षुधा–परीषह, २. पिपासा–परीषह यावत् २२–दर्शन–परीषह।

24. [Q.] *Bhante* ! How many types of afflictions (*parishaha*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! There are said to be twenty-two afflictions (*parishaha*)–(1) *Kshudha-parishaha* (affliction of hunger), (2) *Pipaasa-parishaha* (affliction of thirst) ... and so on up to ... (22) *Darshan parishaha* (conduct related affliction).

२५. [प्र.] एए णं भंते ! बावीसं परीसहा कतिसु कम्मपगडीसु समोयरंति ?

[उ.] **गोयमा ! चउसु कम्मपयडीसु समोयरंति, तं जहा–नाणावरणिज्जे, वेयणिज्जे, मोहणिज्जे, अंतराइए।**

[प्र.] भगवन् ! इन बावीस परीषहों का किन कर्मप्रकृतियों में समवतार (समावेश) हो जाता है ?

२५. [उ.] गौतम ! चार कर्मप्रकृतियों में इन २२ परीषहों का समवतार होता है। वे इस प्रकार हैं–१. ज्ञानावरणीय, २. वेदनीय, ३. मोहनीय और ४. अन्तराय।

25. [Q.] *Bhante* ! With which *karma* species are these twenty-two afflictions associated (*samavatar*) ?

[Ans.] Gautam ! These twenty-two afflictions are associated with four *karma* species–(1) *Jnanavaraniya* (knowledge obscuring), (2) *Vedaniya* (pain and pleasure causing), (3) *Mohaniya* (deluding) and *Antaraya* (power hindering).

२६. नाणावरणिज्जे णं भंते ! कम्मे कति परीसहा समोयरंति ?

[उ.] **गोयमा ! दो परीसहा समोयरंति, तं जहा–पण्णापरीसहे नाणपरीसहे (अन्नाण परीसहे) य।**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 10

Illustration No. 10

22 परिषहों का अष्टविध कर्म में समावेश—1

कर्मों के उदय से साधु जीवन में आने वाले कष्टों को **परिषह** कहते हैं। इन परिषहों को समभाव पूर्वक सहना चाहिए। ये परिषह 22 प्रकार के होते हैं। 22 परिषहों में कौन से परिषह किस कर्म के उदय से होते हैं, उनका वर्णन यहाँ किया गया है—

(1) **ज्ञानावरणीय कर्म** के उदय से— **1. प्रज्ञा परिषह**— विशिष्ट बुद्धि को प्रज्ञा कहते हैं। प्रज्ञा का उत्कर्ष होने पर गर्व करना, अपने से प्रज्ञावानों की प्रज्ञा देखकर मन में विषाद करना। यह प्रज्ञा परिषह है। **2. अज्ञान परिषह**— अज्ञान का अर्थ है अल्प ज्ञान या मिथ्या ज्ञान। यह परिषह अज्ञान के सद्भाव और अभाव, दोनों प्रकार से होता है। "मुझे कुछ नहीं आता। मैं अल्प ज्ञानी हूँ।" मन में ऐसा विषाद लाना अज्ञान परिषह है।

(2) **अंतराय कर्म** के उदय से— **अलाभ परिषह**— विभिन्न स्थानों पर गवेषणा करने पर भी भिक्षु को भिक्षा का न मिलना अलाभ परिषह है।

(3) **दर्शनमोहनीय कर्म** के उदय से— **दंसण परिषह (श्रद्धा सम्बन्धी)** — तीर्थंकर भगवान में और तीर्थंकर भाषित सूक्ष्म तत्त्वों में शंका होना दर्शन परिषह है।

(4) **चारित्रमोहनीय कर्म** के उदय से सात परिषह आते हैं— **1. अरति परिषह**— संयम मार्ग पर कठिनाईयाँ आने पर उसमें मन न लगे, उसके प्रति अरुचि उत्पन्न हो वो अरति परिषह होता है। **2. स्त्री परिषह**— स्त्री को देखकर मन चंचल होना स्त्री परिषह है। (यह अनुकूल परिषह है)। **3. अचेल परिषह (नग्नता का परिषह)** — जीर्ण, अपूर्ण और मलीन आदि वस्त्रों का सद्भाव या अभाव होना अचेल परिषह है। **4. निषद्या परिषह**— अपरिचित उद्यान, श्मशान, सूना घर, टूट-फूटा घर, खण्डहर आदि में बैठना निषद्या परिषह है। *(क्रमशः)*

—शतक 8, उ. 8, सूत्र 23-28

INCLUSION OF 22 AFFLICTIONS IN EIGHT KARMA SPECIES – 1

The hardship caused by fruition of karmas during ascetic life is called affliction. These afflictions should be endured with equanimity. Which of the 22 afflictions is caused by fruition of which karma is described here —

1. With fruition of *Jnanavaraniya karma* — (1) Prajna-parishaha – Special intellect is called *prajna* and with its development comes pride. To be disappointed when facing someone more intelligent is a type of *Prajna-parishaha.* **(2) Ajnana-parishaha** – Little or false knowledge is *ajnana* or ignorance. Both cause this affliction. To think that I know nothing or very little, and be disappointed is *Ajnana-parishaha.*

2. With fruition of *Antaraya karma* – *Alaabh-parishaha* (affliction of non-attainment) When an ascetic does not get alms even after seeking at many places it is an example of *Alaabh-parishaha.*

3. With fruition of *Darshan-mohaniya karma* – *Darshan-parishaha* (perception/faith related affliction) – To have doubt in Tirthankar and his sermon is an example of *Darshan-parishaha.*

4. With fruition of *Chaaritra-mohaniya* (conduct deluding) – (1) Arati-parishaha – Affliction related to disturbance in ascetic-discipline in face of hurdles. **(2) Stree-parishaha** – Affliction related to attraction for opposite sex. **(3) Achela-parishaha** – Garb related affliction including shabby dress or absence of the same. **(4) Nishadya-parishaha** – Accommodation related affliction including staying in unsuitable areas like garden, cremation ground, forlorn house, ruins etc. is called *Nishadya-parishaha.* (continued...)

— Shatak-8, lesson-8, Sutra-23-28

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६. [प्र.] भगवन् ! ज्ञानावरणीय कर्म में कितने परीषहों का समवतार होता है ?

[उ.] गौतम ! ज्ञानावरणीय कर्म में दो परीषहों का समवतार होता है। यथा–प्रज्ञा–परीषह और ज्ञान–परीषह (अज्ञान–परीषह)।

26. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions are associated with *Jnanavaraniya karma* (knowledge obscuring *karma*) ?

[Ans.] Gautam ! Two afflictions are associated with *Jnanavaraniya karma* (knowledge obscuring *karma*) – *Prajna-parishaha* (enlightenment related affliction) and *Jnana-parishaha* (knowledge related affliction or ignorance).

२७. [प्र.] वेयणिज्जे णं भंते ! कम्मे कति परीसहा समोयरंति ?

[उ.] गोयमा ! एक्कारस परीसहा समोयरंति, तं जहा–

पंचेव आणुपुव्वी, चरिया, सेज्जा, वहे य रोगे य।
तणफास जल्लमेव य एक्कारस वेयणिज्जम्मि॥ १॥

२७. [प्र.] भगवन् ! वेदनीय कर्म में कितने परीषहों का समवतार होता है ?

[उ.] गौतम ! वेदनीय कर्म में ग्यारह परीषहों का समवतार होता है। वे इस प्रकार हैं–अनुक्रम से पहले के पाँच परीषह [१. क्षुधा–परीषह, २. पिपासा–परीषह, ३. शीत–परीषह, ४. उष्ण–परीषह, और ५. दंशमशक–परीषह], ६. चर्या–परीषह, ७. शय्या–परीषह, ८. वध–परीषह, ९. रोग–परीषह, १०. तृणस्पर्श–परीषह, और ११. जल्ल (मल) परीषह। इन ग्यारह परीषहों का समवतार वेदनीय कर्म में होता है।

27. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions are associated with *Vedaniya karma* (pain and pleasure causing *karma*) ?

[Ans.] Gautam ! Eleven afflictions are associated with *Vedaniya karma* (pain and pleasure causing *karma*)–[first five affliction in their normal order—(1) *Kshudha-parishaha* (affliction of hunger), (2) *Pipasa-parishaha* (affliction of thirst), (3) *Sheet-parishaha* (affliction of cold), (4) *Ushna-parishaha* (affliction of heat), (5) *Damsh-mashak-parishaha* (affliction of sting)], (6) *Charya-parishaha* (movement or wandering related affliction), (7) *Shayya-parishaha* (place of stay or accommodation related affliction), (8) *Vadh-parishaha* (punishment related affliction), (9) *Roag-parishaha* (ailment related affliction), (10) *Trinasparsh-parishaha* (hay or straw related affliction), and (11) *Jalla-parishaha* (dirt or slime related affliction). These eleven afflictions are included in *Vedaniya karma*.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२८. [प्र. १] दंसणमोहणिज्जे णं भंते ! कम्मे कति परीसहा समोयरंति ?

[उ.] गोयमा ! एगे दंसणपरीसहे समोयरइ।

[प्र. २] चरित्तमोहणिज्जे णं भंते ! कम्मे कति परीसहा समोयरंति ?

[उ.] गोयमा ! सत्त परीसहा समोयरंति, तं जहा–

अरती अचेल इत्थी निसीहिया जायणा य अक्कोसे।
सक्कारपुरक्कारे चरित्तमोहम्मि सत्तेते॥२॥

२८. [प्र. १] भगवन् ! दर्शनमोहनीय कर्म में कितने परीषहों का समवतार होता है ?

[उ.] गौतम ! दर्शनमोहनीय कर्म में एक दर्शन-परीषह का समवतार होता है।

[प्र. २] भगवन् ! चारित्रमोहनीय कर्म में कितने परीषहों का समवतार होता है ?

[उ.] गौतम ! चारित्रमोहनीय कर्म में सात परीषहों का समवतार होता है। वह इस प्रकार- १. अरति-परीषह, २. अचेल-परीषह, ३. स्त्री-परीषह, ४. निषद्या-परीषह, ५. याचना-परीषह, ६. आक्रोश-परीषह, और ७. सत्कार-पुरस्कार-परीषह। इन सात परीषहों का समवतार चारित्रमोहनीय कर्म में होता है।

28. [Q. 1] *Bhante* ! How many afflictions are associated with *Darshan-mohaniya karma* (perception/faith deluding *karma*) ?

[Ans.] Gautam ! One affliction is associated with *Darshan-mohaniya karma* (perception/faith deluding *karma*)– *Darshan-parishaha* (perception/faith related affliction).

[Q. 2] *Bhante* ! How many afflictions are associated with *Chaaritra-mohaniya karma* (conduct deluding *karma*) ?

[Ans.] Gautam ! Seven affliction are associated with *Chaaritra-mohaniya* (conduct deluding)–(1) *Arati-parishaha* (affliction related to disturbance in ascetic-discipline), (2) *Achela-parishaha* (garb related affliction), (3) *Stree-parishaha* (affliction related to opposite sex), (4) *Nishadya-parishaha* (accommodation related affliction), (5) *Yaachana-parishaha* (affliction related to alms seeking), (6) *Aakrosh-parishaha* (insult related affliction), and (7) *Satkaar-puraskaar-parishaha* (affliction related to honour and prize).

२९. [प्र.] अंतराइए णं भंते ! कम्मे कति परीसहा समोयरंति ?

[उ.] गोयमा ! एगे अलाभपरीसहे समोयरइ।

२९. [प्र.] भगवन् ! अन्तराय कर्म में कितने परीषहों का समवतार होता है ?

[उ.] गौतम ! अन्तराय कर्म में एक अलाभ-परीषह का समवतार होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 11

Illustration No. 11

22 परिषहों का अष्टविध कर्म में समावेश—2

5. याचना परिषह—भिक्षा माँगने में होने वाला कष्ट। साधु को दूसरों (गृहस्थ) के सामने वस्त्र, पात्र, आहार-पानी, दवाई आदि की याचना करनी पड़ती है, उससे मन में किसी प्रकार ग्लानि या दु:ख उत्पन्न होना याचना परिषह है। **6. आक्रोश परिषह**—कठोर, कर्कश वचनों से होने वाला परिषह। **7. सत्कार-पुरस्कार परिषह**—जनता द्वारा मान-पूजा-सत्कार-प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि पाने पर हर्षित होना और इसके न मिलने पर दु:खी होना।

वेदनीय कर्म के उदय से ग्यारह परिषह होते हैं—

1. क्षुधा परिषह—क्षुधा की चाहे जैसी वेदना उठने पर पाप-भीरू साधु के द्वारा आहार पकाने-पकवाने, फलादि का छेदन करने-कराने, खरीदने-खरीदवाने की वांछा से निवृत्त होकर अथवा अपनी स्वीकृत मर्यादा के विपरीत अनेषणीय-अकल्पनीय आहार न लेकर क्षुधा को समभावपूर्वक सहना क्षुधा परिषह है। **2. पिपासा परिषह**—प्यास की चाहे जितनी और चाहे जहाँ (बस्ती में या अटवी में) वेदना होने पर भी तत्त्वज्ञ साधु द्वारा अंगीकृत मर्यादा के विरुद्ध सचित्त जल न लेकर समभावपूर्वक उक्त वेदना को सहना पिपासा-परिषह है। **3. शीत परिषह**—शीत से अत्यंत पीड़ित होने पर भी साधु द्वारा मर्यादा-उपरान्त वस्त्र न लेकर तथा अग्नि आदि न जलाकर, न जलवा कर तथा अन्य लोगों द्वारा प्रज्वलित अग्नि का सेवन न करके शीत के कष्ट को समभावपूर्वक सहना शीत परिषह है। *(क्रमशः)*

—शतक 8, उ. 8, सूत्र 27

INCLUSION OF 22 AFFLICTIONS IN EIGHT KARMA SPECIES – 2

(5) Yaachana-parishaha – Affliction related to alms seeking. An ascetic has to seek dress, pots, food, water, medicine etc. from householders. Rise of a feeling of sorrow or self-reproach is *Yaachana-parishaha.*

(6) Aakrosh-parishaha – Insult related affliction caused by harsh and hurtful words.

(7) Satkaar-puraskaar-parishaha – Affliction related to honour and prize. This includes joy when getting honour, worship, respect fame etc. and sorrow when not.

— Shatak-8, lesson-8, Sutra-23-28

With fruition of *Vedaniya karma* are associated eleven afflictions --

(1) Kshudha-parishaha – Affliction of hunger when one, having no desire of getting food cooked or prepared or bought, does not get acceptable prescribed pure food; or in order to follow the resolves he has taken regarding food and endures the discomfort with equanimity. **(2) Pipasa-parishaha** – Affliction of thirst when one, in spite of being thirsty does not take unsuitable and non-prescribed water following the ascetic code regarding water and endures the discomfort with equanimity. **(3) Sheet-parishaha** - Affliction of cold. Even when there is extreme cold an ascetic does not take additional clothing or arrange for fire himself or through others. He endures this cold with equanimity.

(continued....)

-- Shatak-8, lesson-8, Sutra-27

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 12

Illustration No. 12

22 परिषहों का अष्टविध कर्म में समावेश—3

4. **उष्ण परिषह**—दाह, ग्रीष्मकालीन सूर्य किरणों का प्रखर ताप, लू आदि की उष्णता से तप्त मुनि द्वारा ठंडक की इच्छा न करना, पंखे आदि से हवा न करना इत्यादि प्रकार से उष्णता की वेदना को समभाव से सहन करना उष्ण परिषह है। 5. **दंशमशक परिषह**—डाँस, मच्छर, खटमल, जूँ, चींटी आदि के काटने का परिषह। 6. **चर्या परिषह**—ग्राम, नगर आदि के विहार में एवं चलने-फिरने में कंकर, पत्थर काँटे आदि से होने वाला कष्ट। 7. **शैया परिषह**—रहने के स्थान की प्रतिकूलता से होने वाला कष्ट। 8. **वध परिषह**—तीक्ष्ण, तलवार, मूसल, मुद्गर, चाबुक, डंडा आदि अस्त्रों द्वारा जिस साधक का शरीर तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है, उसे मार दिया जाता है, फिर भी मारने वालों पर लेशमात्र भी क्रोध न करना वध परिषह है। जैसे खंधक मुनि के 500 शिष्यों को घाणी में पीला गया परन्तु सभी ने समभाव पूर्वक परिषह सहन किया और मोक्ष में गये। 9. **रोग परिषह**—शरीर में रोग आदि उत्पन्न होने पर उद्विग्न न होना रोग परिषह है। 10. **तृणस्पर्श परिषह**—घास के बिछौने पर सोते समय शरीर में चुभने से या मार्ग में चलते समय तृणादि पैर में चुभने से होने वाला कष्ट। 11. **जल्ल परिषह**—शरीर और वस्त्र आदि में चाहे जितना मैल लगे, किन्तु उद्वेग को प्राप्त नहीं होना तथा स्नान की इच्छा नहीं करना।

—शतक 8, उ. 8, सूत्र 27

INCLUSION OF 22 AFFLICTIONS IN EIGHT KARMA SPECIES – 3

(4) Ushna-parishaha – Affliction of heat. Even when there is extreme heat an ascetic does not seek means of combating the heat through fan, air conditioning etc. He endures this cold with equanimity. **(5) Damsh-mashak-parishaha** – Affliction of sting caused by insects like mosquitos, bed bugs, lice etc. **(6) Charya-parishaha** Movement or wandering related affliction, such as pain caused by thorns, pebbles, etc. while walking. **(7) Shayya-parishaha** – Affliction related to place of stay or accommodation. **(8) Vadh-parishaha** – Punishment related affliction. Even when an ascetic is tortured or killed with weapons like sword, mace, whip, stick etc. he avoids even slightest anger towards the tormentor. For example, Khandhak ascetic crushed in an oil extractor along with his 500 disciples but he endured all pain with equanimity and attained liberation. **(9) Roag-parishaha** – Ailment related affliction. An ascetic remains calm and tolerant when he suffers an ailment. **(10) Trinasparsh-parishaha** – Hay or straw related affliction. This is caused by straw or thorns hurting in a bed while sleeping or on the path while walking. **(11) Jalla-parishaha** – Dirt or slime related affliction. Not to get disturbed and think of bathing or washing no matter how dirty the body or dress is.

— Shatak-8, lesson-8, Sutra-27

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

29. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions are associated with *Antaraya karma* (power hindering *karma*) ?

[Ans.] Gautam ! One affliction is associated with *Antaraya karma* (power hindering *karma*) – *Alaabh-parishaha* (affliction of non-attainment).

३०. [प्र.] सत्तविहबंधगस्स णं भंते ! कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! बावीसं परीसहा पण्णत्ता, वीसं पुण वेदेइ–जं समयं सीयपरीसहं वेदेति णो तं समयं उसिणपरीसहं वेदेइ, जं समयं उसिणपरीसहं वेदेइ णो तं समयं सीयपरीसहं वेदेइ। जं समयं चरियापरीसहं वेदेति णो तं समयं निसीहियापरीसहं वेदेति, जं समयं निसीहियापरीसहं वेदेइ णो तं समयं चरियापरीसहं वेदेइ।

३०. [प्र.] भगवन् ! सप्तविधबन्धक (सात प्रकार के कर्मों को बाँधने वाले) जीव के कितने परीषह बताये गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके बावीस परीषह कहे गये हैं। परन्तु वह जीव एक साथ बीस परीषहों का वेदन करता है; क्योंकि जिस समय वह शीत–परीषह वेदता है, उस समय उष्ण–परीषह का वेदन नहीं करता; और जिस समय उष्ण–परीषह का वेदन करता है, उस समय शीत–परीषह का वेदन नहीं करता। तथा जिस समय चर्या–परीषह का वेदन करता है, उस समय निषद्या–परीषह का वेदन नहीं करता और जिस समय निषद्या–परीषह का वेदन करता है, उस समय चर्या–परीषह का वेदन नहीं करता।

30. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions a living being that has acquired bondage of seven species of *karma*s suffers ?

[Ans.] Gautam ! He is said to suffer twenty-two afflictions. However, at a time he suffers only twenty afflictions. This is because when a being suffers affliction of cold he does not suffer that of heat and vice versa; also when he suffers the movement related affliction he does not suffer accommodation related affliction and vice versa.

३१. [प्र.] अट्ठविहबंधगस्स णं भंते ! कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! बावीसं परीसहा पण्णत्ता. एवं (सु. ३०) अट्ठविहबंधगस्स।

३१. [प्र.] भगवन् ! आठ प्रकार कर्म बाँधने वाले जीव के कितने परीषह कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके बावीस परीषह कहे गये हैं। यथा–क्षुधा–परीषह, पिपासा–परीषह, शीत–परीषह, दंशमशक–परीषह यावत् दंसण–परीषह। किन्तु वह एक साथ बीस परीषहों को वेदता है। जिस प्रकार सप्तविधबन्धक के विषय में कहा गया है, उसी प्रकार (सूत्र ३० के अनुसार) अष्टविधबन्धक के विषय में भी कहना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

31. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions a living being that has acquired bondage of eight species of *karmas* suffers ?

[Ans.] Gautam ! He is said to suffer twenty-two afflictions—*Kshudha-parishaha* (affliction of hunger), (2) *Pipasa-parishaha* (affliction of thirst), (3) *Sheet-parishaha* (affliction of cold), (4) *Ushna-parishaha* (affliction of heat), (5) *Damsh-mashak-parishaha* (affliction of sting) ... and so on up to ... *Alaabh-parishaha* (affliction of non-attainment). However, at a time he suffers only twenty afflictions. Repeat what has been stated with regard to seven species of *karmas* (aphorism 30).

३२. [प्र.] छव्विहबंधगस्स णं भंते ! सरागछउमत्थस्स कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चोद्दस परीसहा पण्णत्ता, बारस पुण वेदेइ–जं समयं सीयपरीसहं वेदेइ णो तं समयं उसिणपरीसहं वेदेइ, जं समयं उसिणपरीसहं वेदेइ नो तं समयं सीयपरीसहं वेदेइ। जं समयं चरियापरीसहं वेदेति णो तं समयं सेज्जापरीसहं वेदेइ, जं समयं सेज्जापरीसहं वेदेति णो तं समयं चरियापरीसहं वेदेइ।

३२. [प्र.] भगवन् ! छह प्रकार के कर्म बाँधने वाले सराग छद्मस्थ जीव के कितने परीषह कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके चौदह परीषह कहे गये हैं; किन्तु वह एक साथ बारह परीषह वेदता है। जिस समय शीत-परीषह वेदता है, उस समय उष्ण-परीषह का वेदन नहीं करता; और जिस समय उष्ण-परीषह का वेदन करता है, उस समय शीत-परीषह का वेदन नहीं करता। जिस समय चर्या-परीषह का वेदन करता है, उस समय शय्या-परीषह का वेदन नहीं करता; और जिस समय शय्या-परीषह का वेदन करता है, उस समय चर्या-परीषह का वेदन नहीं करता।

32. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) being with attachment (*saraag*) who has acquired bondage of six species of *karmas* suffers ?

[Ans.] Gautam ! He is said to suffer fourteen afflictions. However, at a time he suffers only twelve afflictions. This is because when a being suffers affliction of cold he does not suffer that of heat and vice versa; also when he suffers the movement related affliction he does not suffer accommodation related affliction and vice versa.

३३. [प्र. १] एक्कविहबंधगस्स णं भंते ! वीयरागछउमत्थस्स कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! एवं चेव जहेव छव्विहबंधगस्स।

[प्र. २] एगविहबंधगस्स णं भंते ! सजोगिभवत्थकेवलिस्स कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! एक्कारस परीसहा पण्णत्ता, नव पुण वेदेइ। सेसं जहा छव्विहबंधगस्स।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. [प्र. १] भगवन् ! एकविधबन्धक वीतराग–छद्मस्थ जीव के कितने परीषह कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! षड्विधबन्धक के समान इसके भी चौदह परीषह कहे गये हैं, किन्तु वह एक साथ बारह परीषहों का वेदन करता है। जिस प्रकार षड्विधबन्धक के विषय में कहा है, उसी प्रकार एकविधबन्धक के विषय में समझना चाहिए।

[प्र. २] भगवन् ! एकविधबन्धक सयोगी–भवस्थ केवली के कितने परीषह कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! इसके ग्यारह परीषह कहे गये हैं, किन्तु वह एक साथ नौ परीषहों का वेदन करता है। शेष समग्र कथन षड्विधबन्धक के समान समझ लेना चाहिए।

33. [Q. 1] *Bhante* ! How many afflictions a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) being without attachment (*vitaraag*) who has acquired bondage of one species of *karmas* suffers ?

[Ans.] Gautam ! Like the one with bondage of six species of *karma* (as aforesaid), he is said to suffer fourteen afflictions. However, at a time he suffers only twelve afflictions. As has been stated about a being that has acquired bondage of six species of *karmas*, so should be repeated for one who has acquired bondage of one species of *karmas*.

३४. [प्र.] अबंधगस्स णं भंते ! अजोगिभवत्थकेवलिस्स कति परीसहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! एक्कारस परीसहा पण्णत्ता, नव पुण वेदेइ, जं समयं सीयपरीसहं वेदेति नो तं समयं उसिणपरीसहं वेदेइ, जं समयं उसिणपरीसहं वेदेति नो तं समयं सीयपरीसहं वेदेइ। जं समयं चरियापरीसहं वेदेइ नो तं समयं सेज्जापरीसहं वेदेति, जं समयं सेज्जापरीसहं वेदेइ नो तं समयं चरियापरीसहं वेदेइ।

३४. [प्र.] भगवन् ! अबन्धक अयोगी–भवस्थ–केवली के कितने परीषह कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके ग्यारह परीषह कहे गये हैं। किन्तु वह एक साथ नौ परीषहों का वेदन करता है। क्योंकि जिस समय शीत–परीषह का वेदन करता है, उस समय उष्ण–परीषह का वेदन नहीं करता; और जिस समय उष्ण–परीषह का वेदन करता है, उस समय शीत–परीषह का वेदन नहीं करता। जिस समय चर्या–परीषह का वेदन करता है, उस समय शय्या–परीषह का वेदन नहीं करता और जिस समय शय्या–परीषह का वेदन करता है, उस समय चर्या–परीषह का वेदन नहीं करता।

33. [Q. 2] *Bhante* ! How many afflictions a *Sayogi Bhavasth Kevali* (living omniscient with association) who has acquired bondage of one species of *karmas* suffers ?

[Ans.] Gautam ! He is said to suffer eleven afflictions. However, at a time he suffers only nine afflictions. Remaining part of this statement is

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

same as has been stated about a being that has acquired bondage of six species of *karmas*.

विवेचन : परीषह : स्वरूप और प्रकार—आपत्ति आने पर भी संयममार्ग से भ्रष्ट न होने, तथा उसमें स्थिर रहने के लिए एवं कर्मों की निर्जरा के लिए जो शारीरिक, मानसिक कष्ट साधु, साध्वियों को सहन करने चाहिए, वे 'परीषह' कहलाते हैं। ऐसे परीषह २२ हैं। यथा-(१) **क्षुधा-परीषह**-संयममर्यादानुसार एषणीय, कल्पनीय निर्दोष आहार न मिलने पर क्षुधा का कष्ट सहना। (२) **पिपासा-परीषह**-प्यास का परीषह, (३) **शीत-परीषह**-ठण्ड का परीषह, (४) **उष्ण-परीषह**-गर्मी का परीषह, (५) **दंश-मशक-परीषह**-डांस, मच्छर, खटमल, जूं, चींटी आदि का परीषह, (६) **अचेल-परीषह**-वस्त्राभाव, वस्त्र की अल्पता या जीर्णशीर्ण, मलिन आदि अपर्याप्त वस्त्रों के कारण होने वाला परीषह, (७) **अरति-परीषह**-संयममार्ग में कठिनाइयाँ, असुविधाएँ एवं कष्ट आने पर अरति-अरुचि या उदासी या उद्विग्नता से होने वाला कष्ट, (८) **स्त्री-परीषह**-स्त्रियों से होने वाला कष्ट, साध्वियों के लिए पुरुषों से होने वाला कष्ट, (यह अनुकूल परीषह है।) (९) **चर्या-परीषह**-ग्राम, नगर आदि के विहार से या पैदल चलने से होने वाला कष्ट, (१०) **निषद्या या निशीथिका-परीषह**-स्वाध्याय आदि करने की भूमि में तथा सूने घर आदि में ठहरने से होने वाले उपद्रव का कष्ट, (११) **शय्या-परीषह**-रहने के (आवास-) स्थान की प्रतिकूलता से होने वाला कष्ट, (१२) **आक्रोश-परीषह**-कठोर, कर्कश वचनों से होने वाला, (१३) **वध-परीषह**-मारने-पीटने आदि से होने वाला कष्ट, (१४) **याचना-परीषह**-भिक्षा माँगकर लाने में होने वाला मानसिक कष्ट, (१५) **अलाभपरीषह**-भिक्षा आदि न मिलने पर होने वाला कष्ट, (१६) **रोग-परीषह**-रोग के कारण होने वाला कष्ट, (१७) **तृणस्पर्श-परीषह**-घास के बिछौने पर सोने से शरीर में चुभने से या मार्ग में चलते समय तृणादि पैर में चुभने से होने वाला कष्ट, (१८) **जल्ल-परीषह**-कपड़ों या तन पर मैल, पसीना आदि जम जाने से होने वाली ग्लानि, (१९) **सत्कार-पुरस्कार-परीषह**-जनता द्वारा सम्मान-सत्कार, प्रतिष्ठा, यश, प्रसिद्धि आदि न मिलने से होने वाला मानसिक खेद अथवा सत्कार-सम्मान मिलने पर गर्व अनुभव करना, (२०) **प्रज्ञा-परीषह**-प्रखर अथवा विशिष्ट बुद्धि का गर्व करना, (२१) **ज्ञान या अज्ञान-परीषह**-विशिष्ट ज्ञान होने पर उसका अहंकार करना, ज्ञान (बुद्धि) की मन्दता होने से मन में दैन्यभाव आना, और (२२) **अदर्शन या दर्शन-परीषह**-दूसरे मत वालों की ऋद्धि-वृद्धि एवं चमत्कार-आडम्बर आदि देखकर सर्वज्ञोक्त सिद्धान्त से विचलित होना या सर्वज्ञोक्त तत्त्वों के प्रति शंकाग्रस्त होना।

34. [Q.] *Bhante* ! How many afflictions an *Ayogi Bhavasth Kevali* (living omniscient without association) who does not acquire bondage of *karmas* (*abandhak*) suffers ?

[Ans.] Gautam ! He is said to suffer eleven afflictions. However, at a time he suffers only nine afflictions. This is because when a being suffers affliction of cold he does not suffer that of heat and vice versa; also when he suffers the movement related affliction he does not suffer accommodation related affliction and vice versa.

Elaboration—Afflictions : definition and types—The physical and mental torments ascetics should endure in order to remain unwavering and steadfast in observation of ascetic discipline as well as to achieve

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

shedding of *karmas* are called *parishaha* (afflictions). There are twenty-two such afflictions—(1) *Kshudha-parishaha*—affliction of hunger when one does not get acceptable prescribed pure food. (2) *Pipaasa-parishaha*—affliction of thirst. (3) *Sheet-parishaha*—affliction of cold. (4) *Ushna-parishaha*—affliction of heat. (5) *Damsh-mashak-parishaha*—affliction of sting of insects like mosquito, bed-bug, lice, ant etc. (6) *Achela-parishaha*—garb related affliction caused by total absence or shortage of clothes as well as due to tattered or dirty clothes. (7) *Arati-parishaha*—affliction related to disturbance, disinterest or apathy in observing ascetic-discipline caused by the innate hardship and discomfort. (8) *Stree-parishaha*—affliction related to opposite sex (this is a likeable affliction). (9) *Charya-parishaha*—movement or wandering (from one place to another or one village to another) related affliction). (10) *Nishadya-parishaha*—accommodation related affliction associated generally with lonely place of stay or study. (11) *Shayya-parishaha*–affliction related to unsuitable place of stay or accommodation. (12) *Aakrosh-parishaha*—insult related affliction caused by harsh and biting words. (13) *Vadh-parishaha*—punishment related affliction. (14) *Yaachana-parishaha*–mental affliction related to alms seeking. (15) *Alaabh-parishaha*—affliction of non-attainment, including failure in getting alms. (16) *Roag-parishaha*—ailment related affliction. (17) *Trinasparsh-parishaha* (hay or straw related affliction caused by walking bare feet or sleeping on a straw mattress. (18) *Jalla-parishaha*—dirt or slime related affliction including shame and discomfort due to dirty body and clothes. (19) *Satkaar-puraskaar-parishaha*—affliction related to fame, honour and prize; the gloom of not getting the same and conceit of getting the same. (20) *Prajna parishaha*–affliction in the form of conceit of one's sharp intellect or extraordinary wisdom. (21) *Jnana* or *ajnana parishaha*–affliction related to knowledge and ignorance; conceit of knowledge and humility due to ignorance. (22) *Darshan or adarshan parishaha*—conduct related affliction in the form of disbelief in and transgression of codes given by the omniscient caused by display of miracles and opulence displayed by heretics.

सूर्यों की दूरी और निकटता की प्ररूपणा DISTANCE OF THE SUNS

३५. [प्र.] जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति, मज्झंतिय–मुहुत्तंसि मूले य दूरे य दीसंति, अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] **हंता, गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य तं चेव जाव अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति।**

३५. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में क्या दो सूर्य, उदय के मुहूर्त्त (समय) में दूर होते हुए भी निकट (मूल में) दिखाई देते हैं, मध्याह्न के मुहूर्त्त (समय) में निकट (मूल) में होते हुए दूर दिखाई देते हैं और अस्त होने के मुहूर्त्त (समय) में दूर होते हुए भी निकट (मूल में) दिखाई भी देते हैं?

[उ.] हाँ, गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में दो सूर्य, उदय के समय दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं, इत्यादि यावत् अस्त होने के समय में दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं।

35. [Q.] *Bhante* ! Is it true that in the continent called Jambudveep at the time of sunrise the two suns appear to be near though they are actually afar; at midday they appear to be afar though near; and at sunset they again appear to be near though they are actually afar ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is true that in the continent called Jambudveep at the time of sunrise the two suns appear to be near though they are actually afar ... and so on up to ... at sunset they again appear to be near though they are actually afar.

३६. [प्र.] **जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि य मज्झंतियमुहुत्तंसि य, अत्थमणमुहुत्तंसि य सव्वत्थ समा उच्चत्तेणं ?**

[उ.] **हंता, गोयमा ! जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमण जाव उच्चत्तेणं।**

३६. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में दो सूर्य, उदय के समय में, मध्याह्न के समय में और अस्त होने के समय में क्या सभी स्थानों पर (सर्वत्र) ऊँचाई में सम हैं?

[उ.] हाँ, गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप में रहे हुए दो सूर्य .... यावत् सर्वत्र ऊँचाई में सम हैं।

36. [Q.] *Bhante* ! Is it true that in the continent called Jambudveep at the time of sunrise, midday and sunset, the two suns are at the same altitude from all conceivable points ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is true that in the continent called Jambudveep ... and so on up to ... the two suns are at the same altitude from all conceivable points.

३७. [प्र.] **जइ णं भंते ! जंबुद्दीवे दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि य मज्झंतियमुहुत्तंसि य अत्थमणमुहुत्तंसि जाव उच्चत्तेणं से केणं खाइ अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति जाव अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति ?**

[उ.] **गोयमा ! लेसापडिघाएणं उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति, लेसाभितावेणं मज्झंतिय मुहुत्तंसि मूले य दूरे य दीसंति, लेस्सापडिघाएणं अत्थमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति, से तेणट्ठेणं**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोयमा ! एवं वुच्चइ–जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया उग्गमणमुहुत्तंसि दूरे य मूले य दीसंति जाव अत्थमण जाव दीसंति।

३७. [प्र.] भगवन् ! यदि जम्बूद्वीप में दो सूर्य, उदय के समय, मध्याह्न के समय और अस्त के समय सभी स्थानों पर (सर्वत्र) ऊँचाई में समान हैं तो ऐसा क्यों कहते हैं, कि जम्बूद्वीप में दो सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं, यावत् अस्त के समय में दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं ?

[उ.] गौतम ! लेश्या (तेज) के प्रतिघात से सूर्य उदय के समय दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं। मध्याह्न में लेश्या (तेज) के अभिताप से पास होते हुए भी दूर दिखाई देते हैं और अस्त के समय तेज के प्रतिघात से दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं। इस कारण से, हे गौतम ! मैं कहता हूँ कि जम्बूद्वीप में दो सूर्य, उदय के समय दूर होते हुए भी पास में दिखाई देते हैं, यावत् अस्त के समय दूर होते हुए भी निकट दिखाई देते हैं।

37. [Q.] *Bhante* ! In the continent called Jambudveep if the two suns are at the same altitude from all conceivable points, then why is it said that in Jambudveep at the time of sunrise the two suns appear to be near though they are actually afar ... and so on up to ... at sunset they again appear to be near though they are actually afar ?

[Ans.] Gautam ! At the time of sunrise the two suns appear to be near though they are actually afar because of the fall (*pratighaat*) in the intensity of their radiation (*leshya*). At midday they appear to be near though they are actually afar because of the rise (*abhitaap*) in the intensity of their radiation. And again At the time of sunset they appear to be near though they are actually afar because of the fall (*pratighaat*) in the intensity of their radiation (*leshya*). That is why, Gautam ! I say that in Jambudveep at the time of sunrise the two suns appear to be near though they are actually afar ... and so on up to ... at sunset they again appear to be near though they are actually afar.

३८. [प्र.] जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया किं तीयं खेत्तं गच्छंति, पडुप्पन्नं खेत्तं गच्छंति, अणागयं खेत्तं गच्छंति ?

[उ.] गोयमा ! णो तीयं खेत्तं गच्छंति, पडुप्पन्नं खेत्तं गच्छंति, णो अणागयं खेत्तं गच्छंति।

३८. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में दो सूर्य, क्या अतीत क्षेत्र की ओर जाते हैं, वर्तमान क्षेत्र की ओर जाते हैं, अथवा अनागत क्षेत्र की ओर जाते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे अतीत क्षेत्र की ओर नहीं जाते, अनागत क्षेत्र की ओर भी नहीं जाते, वर्तमान क्षेत्र की ओर जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

38. [Q.] *Bhante* ! Do the two suns in Jambudveep tend to move towards the region that existed in the past, or the region that exists at present, or the region that will exist in the future ?

[Ans.] Gautam ! They tend to move neither towards the region that existed in the past, nor towards the region that will exist in the future but only towards the region that exists at present.

३९. [प्र.] जंबुद्दीवे णं दीवे सूरिया किं तीयं खेत्तं ओभासंति, पडुप्पन्नं खेत्तं ओभासंति, अणागयं खेत्तं ओभासंति ?

[उ.] गोयमा ! नो तीयं खेत्तं ओभासंति, पडुप्पन्नं खेत्तं ओभासंति, नो अणागयं खेत्तं ओभासंति।

३९. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में दो सूर्य, क्या अतीत क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं, वर्तमान क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं या अनागत क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे अतीत क्षेत्र को प्रकाशित नहीं करते, और न अनागत क्षेत्र को ही प्रकाशित करते हैं, किन्तु वर्तमान क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं।

39. [Q.] *Bhante* ! Do the two suns in Jambudveep tend to enlighten (*obhaasanti or udbhasit*) the region that existed in the past or the region that exists at present, or the region that will exist in the future ?

[Ans.] Gautam ! They neither tend to enlighten the region that existed in the past, nor the region that will exist in the future but only the region that exists at present.

४०. [प्र.] तं भंते ! किं पुट्ठं ओभासंति, अपुट्ठं ओभासंति ?

[उ.] गोयमा ! पुट्ठं ओभासंति, नो अपुट्ठं ओभासंति जाव नियमा छद्दिसिं।

४०. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में दो सूर्य, स्पृष्ट क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं, अथवा अस्पृष्ट क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे स्पृष्ट क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं, अस्पृष्ट क्षेत्र को प्रकाशित नहीं करते; यावत् नियमतः छहों दिशाओं को प्रकाशित करते हैं।

40. [Q.] *Bhante* ! Do the two suns in Jambudveep tend to enlighten the area in contact or the area not in contact ?

[Ans.] Gautam ! They tend to enlighten the area in contact and not the area not in contact ... and so on up to ... as a rule they enlighten all the six directions.

४१. [प्र.] जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया किं तीयं खेत्तं उज्जोवेंति ?

[उ.] एवं चेव जाव नियमा छद्दिसिं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में दो सूर्य, क्या अतीत क्षेत्र को उद्योतित करते हैं ? इत्यादि प्रश्न पूर्ववत् करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! इस विषय में पूर्वोक्त प्रकार से जानना चाहिए; यावत् नियमतः छह दिशाओं को उद्योतित करते हैं।

41. [Q.] *Bhante* ! Do the two suns in Jambudveep tend to brighten (*ujjoventi or udyotit*) the region that existed in the past ? (And other aforesaid questions.)

[Ans.] Gautam ! The answers are same as aforesaid ... and so on up to ... as a rule they enlighten all the six directions.

४२. एवं तवेंति, एवं भासंति जाव नियमा छद्दिसिं।

४२. इसी प्रकार तपाते हैं; यावत् छह दिशा को नियमतः प्रकाशित करते हैं।

42. In the same way they tend to warm ... and so on up to ... as a rule they enlighten all the six directions.

४३. [प्र.] जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरियाणं किं तीए खेत्ते किरिया कज्जइ, पडुप्पन्ने खित्ते किरिया कज्जइ, अणागए खेत्ते किरिया कज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! नो तीए खेत्ते किरिया कज्जइ, पडुप्पन्ने खेत्ते किरिया कज्जइ, णो अणागए खेत्ते किरिया कज्जइ।

४३. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीप में सूर्यों की क्रिया क्या अतीत क्षेत्र में की जाती है ? वर्तमान क्षेत्र में की जाती है अथवा अनागत क्षेत्र में की जाती है ?

[उ.] गौतम ! अतीत क्षेत्र में क्रिया नहीं की जाती, और न अनागत क्षेत्र में क्रिया की जाती है, किन्तु वर्तमान क्षेत्र में क्रिया की जाती है।

43. [Q.] *Bhante* ! Are the (aforesaid) activities of the suns in Jambudveep performed in the region that existed in the past, or in the region that exists at present, or in the region that will exist in the future ?

[Ans.] Gautam ! They are neither performed in the region that existed in the past, nor in the region that will exist in the future but only in the region that exists at present.

४४. [प्र.] सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जति, अपुट्ठा कज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! पुट्ठा कज्जइ, नो अपुट्ठा कज्जति जाव नियमा छद्दिसिं।

४४. [प्र.] भगवन् ! वे सूर्य स्पृष्ट क्रिया करते हैं या अस्पृष्ट ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! वे स्पृष्ट क्रिया करते हैं, अस्पृष्ट क्रिया नहीं करते; यावत् नियमतः छहों दिशाओं में स्पृष्ट क्रिया करते हैं।

44. [Q.] *Bhante* ! Are these activities of the suns effective when in contact or when not in contact ?

[Ans.] Gautam ! These activities are effective when in contact and not when not in contact. ... and so on up to ... the same is true for all the six directions.

४५. [प्र.] **जंबुद्दीवे णं भंते ! दीवे सूरिया केवतियं खेत्तं उड्ढं तवंति, केवतियं खेत्तं अहे तवंति, केवतियं खेत्तं तिरियं तवंति ?**

[उ.] **गोयमा ! एगं जोयणसयं उड्ढं तवंति, अट्ठारस जोयणसयाइं अहे तवंति, सीयालीसं जोयणसहस्साइं दोण्णि तेवट्ठे जोयणसए एक्कवीसं च सट्ठिभाए जोयणस्स तिरियं तवंति।**

४५. [प्र.] भगवन् ! जम्बूद्वीपे में सूर्य कितने ऊँचे क्षेत्र को तपाते हैं, कितने नीचे क्षेत्र को तपाते हैं, और कितने तिरछे क्षेत्र को तपाते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे सौ योजन ऊँचे क्षेत्र को तप्त करते हैं, अठारह सौ योजन नीचे के क्षेत्र को तप्त करते हैं, और सैंतालीस हजार दो सौ तिरेसठ योजन तथा एक योजन के साठिया इक्कीस भाग (४७,२६३ $\frac{२१}{६०}$) तिरछे क्षेत्र को तप्त करते हैं।

45. [Q.] *Bhante* ! In Jambudveep how much higher area, lower area and transverse (middle) area do these suns warm ?

[Ans.] Gautam ! They warm hundred Yojan higher area, eighteen hundred Yojan lower area and forty-seven thousand two hundred sixty three and twenty-one upon sixty Yojan transverse area (47,263- 21/60).

विवेचन : पूर्व सूत्रों में बताया जा चुका है, जम्बूद्वीप में दो सूर्य (दो चन्द्र) निरन्तर गतिशील रहते हैं। उनके उदय–अस्त का व्यवहार सिर्फ हमारी क्षेत्रीय दृष्टि से होता है। जब सूर्य निषध पर्वत के ईशानकोण में आता है तब दक्षिण भरत में सूर्योदय तथा पूरे अर्ध–जम्बूद्वीप का वलयाकार भ्रमण करता हुआ निषध पर्वत के आग्नेयकोण में पहुँचता है, तब हमारे क्षेत्र की अपेक्षा 'सूर्यास्त' माना जाता है। सूर्य विमान के चार क्षेत्र वलयाकार हैं, परन्तु उसका प्रकाश क्षेत्र तिरछा होता है। जब सर्वाभ्यन्तर मण्डल में सूर्य होता है, तब पूर्व–पश्चिम में उसका किरण विस्तार (आतप क्षेत्र ४७,२६३ $\frac{२१}{६०}$ योजन) होता है। उत्तर–दक्षिण में मेरु की तरफ ४४,८२० योजन, समुद्र की तरफ ३३,३३३ $\frac{१}{३}$ योजन होता है। सूर्य का ऊर्ध्व किरण विस्तार १०० योजन, नीचे १,८०० योजन (८०० योजन समभूतल) और समभूतल से १ हजार योजन नीचे तक का क्षेत्र प्रकाशित होता है।

उदय के समय तिरछा होने से सूर्य का तेज मंद होता है, अतः वह निकट दृष्टिगोचर होता है, मध्यान्ह के समय सीधे होने से, अपने तेज से पूर्णरूप में तपने लगता है अर्थात् तीव्र होने से दूर मालूम होता है। वास्तव में उदय, अस्त और मध्यान्ह के समय सूर्य समभूतल भूमि से ८०० योजन ही दूर होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिस क्षेत्र में सूर्य गति कर रहा है, वह वर्तमान क्षेत्र कहा जाता है, जिस क्षेत्र को पार कर चुका है, वह अतीत क्षेत्र तथा जिस क्षेत्र में गमन करेगा वह अनागत क्षेत्र कहा जाता है। –*(वृत्ति पत्रांक ३९३)*

Elaboration—It has already been stated that in the Jambudveep continent two suns (and two moons) are always moving in orbit. Their rise and set is only in context of the area we live in. When the sun comes in the northeast direction (Ishaan Kone) of the Nishadh Mountain there is sunrise in the southern Bharat area (where we live). When it crosses half of the Jambudveep in its elliptical orbit and comes in the southeast direction (Agneya Kone) the sun sets in that area. The orbit of the sun is elliptical but the spread of its light is diagonal. When it is in the outermost orbit, the reach of its rays (or the area it warms) in east-west direction is 47,263–21/60 Yojans. In north-south direction it is 44,820 Yojans towards Meru Mountain and 33,333–1/3 Yojans towards the ocean. Its reach is 100 Yojans in the upper direction, 1800 Yojans in the lower direction (800 Yojans up to the ground level and 1000 Yojans below that).

At the time of sunrise its rays fall diagonally and with low intensity, therefore it appears to be nearer. At midday its rays fall straight and with high intensity, therefore it appears to be afar. In fact it is only 800 Yojans away from the earth at all times, sunrise or sunset and midday.

The area being traversed by the sun is called present time. The area it has crossed is called the past and the area it will traverse is called future. *(Vritti, leaf 393; Brihatsangrahani, p. 252)*

ज्योतिष्क देवों और इन्द्रों का उपपात–विरहकाल **PERIOD OF BIRTH OF STELLAR GODS**

४६. [प्र.] अंतो णं भंते ! माणुसुत्तरस्स पव्वयस्स जे चंदिम–सूरिय–गहगण–णक्खत्त–तारारूवा ते णं भंते ! देवा किं उड्ढोववन्नगा ?

[उ.] जहा जीवाभिगमे तहेव निरवसेसं जाव उक्कोसेणं छम्मासा।

४६. [प्र.] भगवन् ! मानुषोत्तर पर्वत के अन्दर जो चन्द्र, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र और तारारूप देव हैं, वे क्या ऊर्ध्वलोक में उत्पन्न हुए हैं ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार जीवाभिगमसूत्र (प्रतिपत्ति ३) में कहा गया है, उसी प्रकार यावत्–'उनका उपपात–विरहकाल जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह मास है'; यहाँ तक कहना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

46. **[Q.]** *Bhante* ! Did the moons, suns, planets, constellations, stars and other Stellar gods (*Jyotishk Devs*) that are within the range of Manushottar mountain have their genesis in the upper world (*Urdhva Lok*)?

[Ans.] Gautam ! What is stated in *Jivabhigam Sutra* (*Pratipatti 3*) should be excerpted here up to 'the intervening period between two births for these gods is a minimum of one Samaya and a maximum of six months'.

४७. [प्र.] बहिया णं भंते ! माणुसुत्तरस्स. जहा–जीवाभिगमे जाव इंदट्ठाणे णं भंते ! केवतियं कालं उववाएणं विरहिए पन्नत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं छम्मासा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ अट्ठमसए : अट्ठमो उद्देसो समत्तो॥

४७. [प्र.] भगवन् ! मानुषोत्तर पर्वत के बाहर जो चन्द्रादि देव हैं, वे ऊर्ध्वलोक में उत्पन्न हुए हैं ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार जीवाभिगमसूत्र में कहा गया है, उसी प्रकार यहाँ भी यावत्–

[प्र.] भगवन् ! इन्द्रस्थान कितने काल तक उपपात–विरहित कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! जघन्यतः एक समय, उत्कृष्टतः छह मास बाद दूसरा इन्द्र उस स्थान पर उत्पन्न होता है। इतने काल तक इन्द्रस्थान उपपात–विरहित होता है–यहाँ तक कहना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यों कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरण करते हैं।

॥ अष्टम शतक : अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

47. **[Q.]** *Bhante* ! What about those beyond the Manushottar mountain?

[Ans.] What is stated in *Jivabhigam Sutra* (*Pratipatti 3*) should be excerpted here. ... and so on up to ... '[Q.] *Bhante* ! What is the intervening period between two births in the seat of king of gods (*Indra Sthaan*)? [A.] Gautam ! It is a minimum of one Samaya and a maximum of six months'.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

● END OF THE EIGHTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवमो उद्देसओ : 'बंध'
अष्टम शतक : नवम उद्देशक : 'बंध'
EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : NINTH LESSON : BANDH (BONDAGE)

बन्ध के दो प्रकार : प्रयोगबन्ध और विस्रसाबन्ध TWO TYPES OF BONDAGE

१. [प्र.] कइविहे णं भंते ! बंधे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! दुविहे बंधे पण्णत्ते, तं जहा—पयोगबंधे य, वीससाबंधे य।

१. [प्र.] भगवन् ! बन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! बन्ध दो प्रकार का कहा गया है—(१) प्रयोगबन्ध, और (२) विस्रसाबन्ध।

1. [Q.] *Bhante* ! How many types of bondage (*bandh*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! Bondage is said to be of two types—(1) *Prayoga bandh* (bondage acquired by action) and (2) *Visrasa bandh* (bondage acquired naturally or spontaneously).

विवेचन : प्रयोगबन्ध—जो जीव के प्रयोग से अर्थात् मन, वचन और कायारूप योगों की प्रवृत्ति से बन्धता है। विस्रसाबन्ध—जो स्वाभाविक रूप से बन्धता है।

Elaboration—(1) *Prayoga bandh*—bondage acquired by a living being through action; in other words bondage acquired through mental, vocal and physical activity. **(2) *Visrasa bandh*—**bondage acquired naturally; this includes natural bonds.

विस्रसाबन्ध के भेद-प्रभेद और स्वरूप TYPES OF NATURAL BONDAGE

२. [प्र.] वीससाबंधे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—साईयवीससाबंधे य अणाईयवीससाबंधे य।

२. [प्र.] भगवन् ! विस्रसाबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! वह दो प्रकार का कहा गया है। यथा—(१) सादिक विस्रसाबन्ध, और (२) अनादिक विस्रसाबन्ध।

2. [Q.] *Bhante* ! How many types of natural bondage (*visrasa bandh*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! That is said to be of two types—(1) *Saadik visrasa bandh* (natural bondage with a beginning) and (2) *Anaadik visrasa bandh* (natural bondage without a beginning).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. [प्र.] अणाईयवीससाबंधे णं भंते ! कतिविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–धम्मत्थिकायअन्नमन्नअणादीयवीससाबंधे, अधम्मत्थिकायअन्नमन्नअणादीय–वीससाबंधे, आगासत्थिकायअन्नमन्नअणादीयवीससाबंधे।

३. [प्र.] भगवन् ! अनादिक विस्रसाबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! वह तीन प्रकार का कहा गया है–(१) धर्मास्तिकाय का अन्योन्य–अनादिक–विस्रसाबन्ध, (२) अधर्मास्तिकाय का अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध, और (३) आकाशास्तिकाय का अन्योन्य–अनादिक–विस्रसाबन्ध।

3. [Q.] *Bhante !* How many types of *Anaadik visrasa bandh* (natural bondage without a beginning) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! That is said to be of three types—(1) *Dharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (motion entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning), (2) *Adharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (rest entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning), and (3) *Akaashastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (space entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning).

४. [प्र.] धम्मत्थिकायअन्नमन्नअणादीयवीससाबंधे णं भंते ! किं देसबंधे सव्वबंधे ?

[उ.] गोयमा ! देसबंधे, नो सव्वबंधे।

४. [प्र.] भगवन् ! धर्मास्तिकाय का अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध क्या देशबन्ध है या सर्वबन्ध है ?

[उ.] गौतम ! यह देशबन्ध है, सर्वबन्ध नहीं।

4. [Q.] *Bhante !* Is this *Dharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (motion entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning) a bondage in part (*desh bandh*) or whole (*sarva bandh*)?

[Ans.] Gautam ! It is bondage in part (*desh bandh*) and not whole (*sarva bandh*).

५. एवं अधम्मत्थिकायअन्नमन्नअणादीयवीससाबंधे वि, एवं आगासत्थिकाय–अन्नमन्नअणादीयवी–ससाबंधे वि।

५. इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय के अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध एवं आकाशास्तिकाय के अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध के विषय में भी समझ लेना चाहिए। (अर्थात्–ये भी देशबन्ध हैं, सर्वबन्ध नहीं।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विस्रसाबन्ध

1– सादि सान्त बन्ध

) बन्धन प्रत्ययिक



परमाणु का बन्ध

(ब) भाजन प्रत्ययिक

गुड और पुरानी शराब

(स) परिणाम प्रत्ययिक

2– अनादि अनंत बन्ध



प्रयोगबन्ध

1– अनादि अनन्त बन्ध



24 रूचकवर प्रदेश का बन्ध

2– सादि अनंत बन्ध



सिद्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 13

Illustration No. 13

बन्ध—1

पिछले पृष्ठ पर दिये गये चित्र में दो प्रकार के बन्धों को दिखाया गया है—

(1) विस्रसाबन्ध—जो स्वभाविक रूप से बनता है, उसे विस्रसाबन्ध कहते हैं। इसके दो भेद कहे हैं—1. सादि और 2. अनादि। **सादि सान्त बन्ध** के तीन भेद हैं—1. **बंधन प्रत्ययिक**—जैसे स्निग्धता आदि के गुणों से जो परमाणुओं का बन्ध होता है, उसे बंधन प्रत्ययिक बन्ध कहते हैं। **2. भाजन प्रत्ययिक**—भाजन अर्थात् आधार। उसके निमित्त से जो बन्ध होता है उसे भाजन प्रत्ययिक बन्ध कहते हैं। जैसे घड़े में रखी हुई पुरानी मदिरा गाढी हो जाती है, पुराने गुड़ और पुराने चावलों का पिण्ड बन जाता है। **3. परिणाम प्रत्ययिक**—परिणाम अर्थात् रूपान्तर (हो जाने) के निमित्त से जो बन्ध होता है, उसे परिणाम-प्रत्ययिक बन्ध कहते हैं। जैसे वर्षा के बादलों का बन्ध। **अनादि अनन्त बन्ध** के भी तीन भेद हैं—1. धर्मास्तिकाय, 2. अधर्मास्तिकाय, 3. आकाशास्तिकाय के प्रदेशों का बन्ध। यह बन्ध देशबन्ध होता है।

(2) प्रयोग बन्ध—जो मन, वचन और काया रूप योगों की प्रवृत्ति से बनता है उसे प्रयोग बन्ध कहते हैं। इसके तीन भेद हैं—**1. अनादि अनंत बन्ध**—जीव के असंख्यात प्रदेशों में से मध्य के चौबीस (रुचक) प्रदेशों का बन्ध अनादि-अपर्यवसित है। **2. सादि अनंत बन्ध**—सिद्ध जीवों के प्रदेशों का बन्ध सादि अपर्यवसित बन्ध है। ***(क्रमशः)***

—शतक 8, उ. 9, सूत्र 1-12

BONDAGE — 1

In the illustration at the back are shown two kinds of bondage

(1) Visrasa bandh – Bondage acquired naturally or spontaneously. It is said to be of two types – 1. *Saadi* (with a beginning) and 2. *Anaadi* (without a beginning). There are three types of *Saadi-saant bandh*– (i) *Bandhan pratyayik* (related to binding force) – bondage due to properties of smoothness and roughness in *paramanus*. (ii) *Bhaajan pratyayik* (related to container or storage) –bondage due to place of storage (*Bhaajan*). For example wine stored in a pitcher turns thick; jaggery and rice stored for long turn into lumps. (iii) *Parinaam pratyayik* (related to transformation) – bondage due to transformation in basic structure. For example the formation of rain clouds.

Anaadi-anant bandh is also of three types – (i) *Dharmastikaaya* (motion entity related), (ii) *Adharmastikaaya* (rest entity related), and (iii) *Akaashastikaaya* (space entity related) bondage of their sections. This is a bondage in part (*desh bandh*).

(2) Prayoga bandh – Bondage acquired by action in association with mind, speech and body. It is said of three types – **1. anaadi-anant bandh** - without a beginning and without an end; this takes place in the twenty-four central space-points (*ruchak pradesh*) of a (soul). **(2) saadi-anant** – with a beginning and without an end; this is applicable to *Siddha*s. (continued...)

— Shatak-8, lesson-9, Sutra-1-12

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

5. The same is true for *Adharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (rest entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning), and *Akaashastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (space entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning). (That means these too are bondage in part and not whole.)

६. [प्र.] धम्मत्थिकायअन्नमन्नअणाईयवीससाबंधे णं भंते ! कालओ केवच्चिरं होइ ?

[उ.] **गोयमा ! सव्वद्धं।**

७. एवं अधम्मत्थिकाए, एवं आगासत्थिकाये।

६. [प्र.] भगवन् ! धर्मास्तिकाय का अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध कितने काल तक रहता है ?

[उ.] गौतम ! सर्वाद्धा (सर्वकाल = सर्वदा) रहता है।

७. इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय का अन्योन्य–अनादि–विस्रसाबन्ध एवं आकाशास्तिकाय का अन्योन्य–अनादि विस्रसाबन्ध भी सर्वकाल रहता है।

6. [Q.] *Bhante !* How long does this *Dharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (motion entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning) last ?

[Ans.] Gautam ! It lasts forever (*Sarvaddha*).

7. The same is true for *Adharmastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (rest entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning), and *Akaashastikaaya anyonya-anaadik visrasa bandh* (space entity related mutually interdependent natural bondage without a beginning).

८. [प्र.] सादीयवीससाबंधे णं भंते ! कतिविहे पण्णत्ते ?

[उ.] **गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–बंधणपच्चइए भायणपच्चइए परिणामपच्चइए।**

८. [प्र.] भगवन् ! सादिक–विस्रसाबन्ध कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गौतम ! वह तीन प्रकार का कहा गया है। जैसे–(१) बन्धन–प्रत्ययिक, (२) भाजन–प्रत्ययिक, और (३) परिणाम–प्रत्ययिक।

8. [Q.] *Bhante !* How many types of *Saadik visrasa bandh* (natural bondage with a beginning) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! That is said to be of three types—(1) *Bandhan pratyayik* (related to binding force), (2) *Bhaajan pratyayik* (related to container or storage), and (3) *Parinaam pratyayik* (related to transformation).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. [प्र.] से किं तं बंधणपच्चइए ?

[उ.] बंधणपच्चइए, जं णं परमाणुपुग्गला दुपएसिय–तिपएसिय–जाव–दसपएसिय–संखेज्जपएसिय–असंखेज्जपएसिय–अणंतपएसियाणं खंधाणं वेमायनिद्धयाए वेमायलुक्खयाए वेमायनिद्ध–लुक्खयाए बंधणपच्चइएणं बंधे समुप्पज्जइ जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं। से तं बंधणपच्चइए।

९. [प्र.] भगवन् ! बन्धन–प्रत्ययिक–सादि–विस्रसाबन्ध किसे कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! परमाणु, द्विप्रदेशिक, त्रिप्रदेशिक, यावत् दशप्रदेशिक, संख्यातप्रदेशिक, असंख्यातप्रदेशिक और अनन्तप्रदेशिक पुद्गल–स्कन्धों का विमात्रा (विषममात्रा) में स्निग्धता से, विमात्रा में रूक्षता से तथा विमात्रा में स्निग्धता–रूक्षता से बन्धन–प्रत्ययिक बन्ध समुत्पन्न होता है। वह जघन्यतः एक समय तक और उत्कृष्टतः असंख्येय काल तक रहता है। यह हुआ बन्धन–प्रत्ययिक सादि–विस्रसाबन्ध का स्वरूप।

9. [Q.] *Bhante !* What is this *Bandhan pratyayik saadik visrasa bandh* (binding force related natural bondage) ?

[Ans.] Gautam ! A bonding occurs between one ultimate particle of matter (*paramanu*), aggregates of two, three ... and so on up to ... ten, countable, innumerable and infinite *paramanus* due to unequal intensity (*vimatra*) of smoothness, unequal intensity of roughness, and unequal intensity of smoothness-roughness. This lasts for a minimum period of one Samaya and maximum of immeasurable time. This is *Bandhan pratyayik saadik visrasa bandh* (binding force related natural bondage).

१०. [प्र.] से किं तं भायणपच्चइए ?

[उ.] भायणपच्चइए, जं णं जुण्णसुरा–जुण्णगुल–जुण्णतंदुलाणं भायणपच्चइएणं बंधे समुप्पज्जइ जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं संखेज्जं कालं। से त्तं भायणपच्चइए।

१०. [प्र.] भगवन् ! भाजन–प्रत्ययिक–सादि–विस्रसाबन्ध किसे कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! पुरानी सुरा (मदिरा), पुराने गुड़ और पुराने चावलों का भाजन–प्रत्ययिक–सादि–विस्रसाबन्ध समुत्पन्न होता है। वह जघन्यतः अन्तर्मुहूर्त तक और उत्कृष्टतः संख्यातकाल तक रहता है। यह है भाजन–प्रत्ययिक–सादि–विस्रसाबन्ध का स्वरूप।

10. [Q.] *Bhante !* What is this *Bhaajan pratyayik saadik visrasa bandh* (storage related natural bondage) ?

[Ans.] Gautam ! This type of bondage occurs in case of old wine, old jaggery and old rice (stored in a pot or other such thing). This lasts for a minimum period of one Antarmuhurt (less than one Muhurt) and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

maximum of measurable time. This is *Bhaajan pratyayik saadik visrasa bandh* (storage related natural bondage).

११. [प्र.] से किं तं परिणामपच्चइए ?

[उ.] **परिणामपच्चइए, जं णं अब्भाणं अब्भरुक्खाणं जहा ततियसए (स. ३, उ. ७, सु. ४ [५] जाव अमोहाणं परिणामपच्चइएणं बंधे समुप्पज्जइ जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं छम्मासा। से त्तं परिणामपच्चइए। से त्तं सादीयवीससाबंधे। से त्तं वीससाबंधे।**

११. [प्र.] भगवन् ! परिणाम-प्रत्ययिक-सादि-विस्रसाबन्ध किसे कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! (इसी सूत्र के तृतीय शतक उद्देशक ७, सूत्र ४-५) में जो बादलों (अभ्रों) का, अभ्र वृक्षों का यावत् अमोघों आदि के नाम कहे गये हैं, उस सबका, परिणाम-प्रत्ययिक (सादि-विस्रसा) बन्ध समुत्पन्न होता है। वह बन्ध जघन्यतः एक समय तक और उत्कृष्टतः छह मास तक रहता है। यह हुआ परिणाम-प्रत्ययिक-सादि-विस्रसाबन्ध का स्वरूप। और यह हुआ विस्रसाबन्ध का कथन।

11. [Q.] *Bhante !* What is this *Parinaam pratyayik saadik visrasa bandh* (transformation related natural bondage) ?

[Ans.] Gautam ! This type of bondage occurs in case of *abhra* (cloud formations), *abhra-vriksha* (clouds in shape of a tree)... and so on up to ... *amogh* (black and red lines appearing in the sky at dawn and sunset) (as mentioned in aphorism 4-5 of lesson 7 in the third Chapter of this book). This lasts for a minimum period of one Samaya and maximum of six months. This is *Parinaam pratyayik saadik visrasa bandh* (transformation related natural bondage). This concludes *visrasa bandh* (natural bondage).

विवेचन : त्रिविध अनादि विस्रसाबन्ध का स्वरूप-धर्मास्तिकाय के प्रदेशों का उसी के दूसरे प्रदेशों के साथ साँकल और कड़ी की तरह जो परस्पर एक देश से सम्बन्ध होता है, वह धर्मास्तिकाय-अन्योन्य-अनादिविस्रसाबन्ध कहलाता है। इसी प्रकार अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय के विस्रसाबन्ध के विषय में समझना चाहिए। धर्मास्तिकाय के प्रदेशों का परस्पर जो सम्बन्ध होता है, वह देशबन्ध होता है, नीरक्षीरवत् सर्वबन्ध नहीं, क्योंकि यदि सर्वबन्ध माना जायेगा तो एक प्रदेश में दूसरे समस्त प्रदेशों का समावेश हो जाने से धर्मास्तिकाय एक प्रदेशरूप ही रह जायेगा, असंख्यप्रदेशरूप नहीं रहेगा; जोकि सिद्धान्त से असंगत है। अतः धर्मास्तिकाय आदि तीनों का परस्पर देशबन्ध ही होता है, सर्वबन्ध नहीं।

त्रिविध-सादिविस्रसाबन्ध का स्वरूप-बन्धन अर्थात् विवक्षित स्निग्धता आदि गुणों के निमित्त से परमाणुओं का जो बन्ध सम्पन्न होता है, उसे **बन्धन-प्रत्ययिक बन्ध** कहते हैं। भाजन का अर्थ है-आधार। उसके निमित्त से जो बन्ध सम्पन्न होता है, वह **भाजन-प्रत्ययिक** है। जैसे-घड़े में रखी हुई पुरानी मदिरा गाढ़ी हो जाती है, पुराने गुड़ और पुराने चावलों का पिण्ड बंध जाता है, वह **भाजन-प्रत्ययिक बन्ध** कहलाता है। परिणाम अर्थात् रूपान्तर (हो जाने) के निमित्त से जो बन्ध होता है, उसे **परिणाम-प्रत्ययिक बन्ध** कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बन्धन-प्रत्ययिक बन्ध का नियम-सामान्यतया स्निग्धता और रूक्षता से परमाणुओं का बन्ध होता है। किस प्रकार होता है? इसका नियम क्या है? यह समझ लेना आवश्यक है। एक आचार्य ने इस विषय में नियम बतलाते हुए कहा है-विषम स्निग्धता या विषम रूक्षता में बन्धन होता है। स्निग्ध का द्विगुणादि अधिक स्निग्ध के साथ तथा रूक्ष का द्विगुणादि अधिक रूक्ष के साथ बन्ध होता है। स्निग्ध का रूक्ष के साथ जघन्य गुण को छोड़कर सम या विषम बन्ध होता है। अर्थात् एकगुण स्निग्ध या एकगुण रूक्षरूप जघन्य गुण को छोड़कर शेष सम या विषम गुण वाले स्निग्ध या रूक्ष का परस्पर बन्ध होता है। सम स्निग्ध का सम स्निग्ध के साथ तथा सम रूक्ष का सम रूक्ष के साथ बन्ध नहीं होता। -(वृत्ति, पत्रांक ३९५, तत्त्वार्थसूत्र, अ. ५ सूत्र)

Elaboration—Three types of *Anaadik visrasa bandh* (natural bondage without a beginning)—

The chain-like partial bondage of different space-points of the motion entity (*Dharmastikaaya*) is called *anyonya-anaadik visrasa bandh* (mutually interdependent natural bondage without a beginning). The same is true for *Adharmastikaaya* (rest entity) and *Akaashastikaaya* (space entity). The mutual bondage between different space-points of the motion entity is partial. It is not whole or complete like mixing of milk and water. If it was a complete bondage (whole with whole) all space-points would collapse into one space-point and the motion entity would be reduced to one space-point from its multi-space-point state. This goes against natural laws and therefore, is unacceptable. Thus the fabric of motion entity and other two aforesaid entities conforms to the process of partial bondage and not to that of whole.

Three *Saadik visrasa bandh*—The bondage taking effect due to the intrinsic properties of smoothness and roughness in ultimate particles of matter (*paramanus*) is called *Bandhan pratyayik* (related to binding force). *Bhaajan* means place of storage; the bondage taking effect due to storage is called *Bhaajan pratyayik* (related to container or storage). For example wine stored in a pitcher becomes thick, jaggery and rice stored for long turn into lumps. The bondage taking effect due to transformation in basic structure is called *Parinaam pratyayik* (related to transformation).

Rule of *Bandhan pratyayik* bondage—Generally speaking the bondage of ultimate particles of matter is due to the attributes of smoothness and roughness. However, it is necessary to understand the process and its rules. Explaining the related rule an *acharya* has stated—aggregates of equal smoothness or roughness cannot be bonded; bondage is only due to unequal smoothness or roughness. A smooth

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

aggregate enters into bondage with another having two times or more smoothness and a rough aggregate enters into bondage with another having two times or more roughness. A smooth aggregate enters into bondage with another having roughness of equal or unequal intensity except for those with minimum intensity of both. In other words aggregates with one unit of smoothness or roughness cannot have mutual bondage. However, they can enter bondage with other aggregates with equal and unequal smoothness or roughness but of greater intensity. Aggregates with equal smoothness do not bond together and the same is true for roughness of equal intensity. *(Vritti, leaf 395; Tattvarth Sutra, Ch. 5)*

प्रयोगबन्ध : प्रकार, भेद–प्रभेद तथा उनका स्वरूप PRAYOGA BANDH : TYPES AND DESCRIPTION

१२. [प्र.] से किं तं पयोगबंधे ?

[उ.] पयोगबंधे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–अणाईए वा अपज्जवसिए १, सादीए वा अपज्जवसिए २, सादीए वा सपज्जवसिए ३। तत्थ णं जे से अणाईए अपज्जवसिए से णं अट्ठण्हं जीवमज्झपएसाणं। तत्थ वि णं तिण्हं तिण्हं अणाईए अपज्जवसिए, सेसाणं साईए। तत्थ णं जे से सादीए अपज्जवसिए से णं सिद्धाणं। तत्थ णं जे से साईए सपज्जवसिए से णं चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–आलावणबंधे अल्लियावणबंधे सरीरबंधे सरीरप्पयोगबंधे।

१२. [प्र.] भगवन् ! प्रयोगबन्ध किस प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! प्रयोगबन्ध तीन प्रकार का है। वह इस प्रकार–(१) अनादि–अपर्यवसित, (२) सादि–अपर्यवसित, (३) सादि–सपर्यवसित। इनमें से जो अनादि–अपर्यवसित है, वह जीव के आठ मध्य प्रदेशों का होता है। उन आठ प्रदेशों में भी तीन–तीन प्रदेशों का जो बन्ध होता है, वह अनादि–अपर्यवसित बन्ध है। शेष सभी प्रदेशों का सादि (–अपर्यवसित) बन्ध है। इनमें जो सादि–अपर्यवसित बन्ध है, वह सिद्धों में होता है, तथा इनमें से जो सादि–सपर्यवसित बन्ध है, वह चार प्रकार का कहा गया है। यथा–(१) आलापन–बन्ध, (२) अल्लिकापन–(आलीन) बन्ध, (३) शरीर–बन्ध, और (४) शरीर–प्रयोग–बन्ध।

12. [Q.] *Bhante !* How many types of 'bondage acquired by action' (*prayoga bandh*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! Bondage acquired by action (*prayoga bandh*) is said to be of three types—(1) *anaadi-aparyavasit* (without a beginning and without an end), (2) *saadi-aparyavasit* (with a beginning and without an end), and (3) *saadi-saparyavasit* (with a beginning and with an end). Of these the first, *anaadi-aparyavasit bandh* (bondage without a beginning

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

and without an end), takes place in the eight central space-points (*pradesh*) of a living being (soul). Of these eight space-points the bondage between groups of three is *anaadi-aparyavasit*. The bondage of all remaining space-points is *saadi-saparyavasit*. Of these the *saadi-aparyavasit bandh* (bondage with a beginning and without an end) is applicable to *Siddhas*. Of these the *saadi-saparyavasit bandh* (bondage with a beginning and with an end) is said to be of four types—(1) *Aalaapan-bandh* (colligative bondage), (2) *Allikaapan-bandh* (seamless bondage), (3) *Sharira-bandh* (bondage related to body), and (4) *Sharira-prayoga-bandh* (bondage related to body formation).

१३. [प्र.] से किं तं आलावणबंधे ?

[उ.] आलावणबंधे, जं णं तणभाराण वा कट्ठभाराण वा पत्तभाराण वा पलालभाराण वा वेल्लभाराण वा वेत्तलया-वाग-वरत्त-रज्जु-वल्लि-कुस-दब्भमादिएहिं आलावणबंधे समुप्पज्जइ; जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं संखेज्जं कालं। से त्तं आलावणबंधे।

१३. [प्र.] भगवन् ! आलापनबन्ध किसे कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! तृण (घास) के भार, काष्ठ के भार, पत्तों के भार, पलाल के भार और बेल के भार, इन भारों को बेंत की लता, छाल, वरत्रा (चमड़े की बनी मोटी रस्सी = बरत), रज्जु (रस्सी) बेल, कुश और डाभ (नारियल की जटा) आदि से बाँधने से आलापनबन्ध समुत्पन्न होता है। यह बन्ध जघन्यतः अन्तर्मुहूर्त्त तक और उत्कृष्टतः संख्येय काल तक रहता है। यह आलापनबन्ध का स्वरूप है।

13. [Q.] *Bhante !* What is this *Aalaapan-bandh* (colligative bondage) ?

[Ans.] Gautam ! (1) Of these, minimum are those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of telemigratory body (*aharak sharira*); (2) countable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of the same (telemigratory body); (3) countable times more than these are those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of transmutable body (*vaikriya sharira*); (4) countable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of transmutable body (*vaikriya sharira*); (5) infinite times more than these are those without bondage of fiery body (*taijas sharira*) and *karmic* body (*karman sharira*), which are equal to each other; (6) infinite times more than these are those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of gross physical (*audarik sharira*); (7) much more than these are those without bondage of gross physical (*audarik sharira*); (8) innumerable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of gross physical (*audarik sharira*); (9) much more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of fiery body (*taijas sharira*) and *karmic* body (*karman sharira*); (10) much more than these are those without bondage of transmutable body (*vaikriya sharira*); and (11) much more than these are those without bondage of telemigratory body (*aharak sharira*).

"*Bhante !* Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : अल्पबहुत्व का कारण–(१) आहारकशरीर चौदहपूर्वधर मुनि विशेष प्रयोजन होने पर ही आहारकशरीर धारण करते हैं। फिर सर्वबन्ध का काल भी सिर्फ एक समय का है, अतएव आहारकशरीर के सर्वबन्धक सबसे अल्प हैं। (२) उनसे आहारकशरीर के देशबन्धक संख्यातगुणे हैं, क्योंकि देशबन्ध का काल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर्मुहूर्त है। (३) उनसे वैक्रियशरीर के सर्वबन्धक असंख्यातगुणे हैं, क्योंकि आहारकशरीरधारी जीवों से वैक्रियशरीरी असंख्यातगुणे अधिक हैं। (४) उनसे वैक्रियशरीरधारी देशबन्धक जीव असंख्यातगुणे अधिक हैं, क्योंकि सर्वबन्ध से देशबन्ध का काल अंख्यातगुणा है। अथवा प्रतिपद्यमान सर्वबन्धक होते हैं, और पूर्वप्रतिपन्न देशबन्धक; अतः प्रतिपद्यमान की अपेक्षा पूर्वप्रतिपन्न असंख्यातगुणे हैं। (५) उनसे तैजस् और कार्मणशरीर के अबन्धक अनन्तगुणे हैं, क्योंकि इन दोनों शरीरों के अबन्धक सिद्ध भगवान हैं, जो वनस्पतिकायिक जीवों के सिवाय शेष सर्व संसारी जीवों से अनन्तगुणे हैं। (६) उनसे औदारिकशरीर के सर्वबन्धक जीव अनन्तगुणे हैं, क्योंकि वनस्पतिकायिक जीव भी औदारिकशरीरधारियों में हैं। (७) उनसे औदारिकशरीर के अबन्धक जीव इसलिए विशेषाधिक हैं, कि विग्रहगतिसमापपन्नक जीव तथा सिद्ध जीव सर्वबन्धकों से बहुत हैं। (८) उनसे औदारिकशरीर के देशबन्धक असंख्यातगुणे हैं, क्योंकि विग्रहगति के काल की अपेक्षा देशबन्धक का काल असंख्यातगुणा है। (९) उनसे तैजस्–कार्मणशरीर के देशबन्धक विशेषाधिक हैं, क्योंकि सारे संसारी जीव तैजस् और कार्मणशरीर के देशबन्धक होते हैं। इनमें विग्रहगति समापपन्नक, औदारिक सर्वबन्धक और वैक्रियादि–बन्धक जीव भी आ जाते हैं। अतः औदारिक देशबन्धकों से ये विशेषाधिक बताये गये हैं। (१०) उनसे वैक्रियशरीर के अबन्धक जीव विशेषाधिक हैं, क्योंकि वैक्रियशरीर के बन्धक प्रायः देव और नारक हैं। शेष सभी संसारी जीव और सिद्ध भगवान वैक्रिय के अबन्धक ही हैं, इस अपेक्षा से वे तैजसादि देशबन्धकों से विशेषाधिक बताये गये है। (११) उनसे आहारकशरीर के अबन्धक विशेषाधिक हैं, क्योंकि वैक्रिय तो देव–नारकों के भी होता है, किन्तु आहारकशरीर सिर्फ चतुर्दश पूर्वधर मुनियों के होता है। इस अपेक्षा से आहारकशरीर के अबन्धक विशेषाधिक कहे गये हैं। *–(वृत्ति, पत्रांक ४१४)*

॥ अष्टम शतक : नवम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Reasons for comparative numbers—(1) Only accomplished ascetics having knowledge of fourteen *Purvas* (subtle canon) create telemigratory body (*aharak sharira*) and that too for some special purpose. Moreover, this bondage of the whole lasts only for one Samaya. Thus the number of those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of telemigratory body is minimum. (2) Countable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of telemigratory body because this bondage lasts for one Antarmuhurt. (3) Countable times more than these are those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of transmutable body (*vaikriya sharira*) because the total number of living beings with transmutable body is countable times more than those with telemigratory body. (4) Innumerable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of transmutable body (*vaikriya sharira*) because the bondage of a part lasts for a period innumerable times more than the lasting period of the bondage of the whole; also, bondage of the whole is acquired by those who commence bonding, whereas bondage of a part is acquired by those who have passed the point of this commencement and the number of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

latter is innumerable times more than that of the former. (5) Infinite times more than these are those without bondage of fiery body (*taijas sharira*) and *karmic* body (*karman sharira*), which are equal to each other; this is because only *Siddhas* (liberated souls) are without these two types of bondage and except for plant-bodied beings they are infinite times more than all other worldly beings. (6) Infinite times more than these are those with bondage of the whole (*sarva bandhak*) of gross physical (*audarik sharira*); this is because plant-bodied beings are also among those with gross physical body. (7) Much more than these are those without bondage of gross physical (*audarik sharira*); this is because the number of souls with oblique movement and the liberated ones is much more than those with bondage of the whole. (8) Innumerable times more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of gross physical (*audarik sharira*); this is because the lasting period of bondage of a part is innumerable times more than that of oblique movement. (9) Much more than these are those with bondage of a part (*desh-bandhak*) of fiery body (*taijas sharira*) and karmic body (*karman sharira*); this is because all the worldly beings acquire bondage of a part (*desh-bandhak*) of fiery body (*taijas sharira*) and karmic body. These also include the souls that have undergone oblique movement, those who acquire bondage of the whole of gross physical body, transmutable body etc. (10) Much more than these are those without bondage of transmutable body (*vaikriya sharira*); this is because generally divine and infernal beings acquire this bondage. Almost all the remaining worldly beings, including liberated souls, do not acquire this bondage. (11) Much more than these are those without bondage of telemigratory body (*aharak sharira*); this is because the preceding bondage of transmutable body is acquired by divine and infernal beings also and this bondage is acquired only by ascetics with knowledge of fourteen *Purvas*. *(Vritti, leaf 414)*

● END OF THE NINTH LESSON OF THE EIGHTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दसमो उद्देसओ : 'आराहणा'

अष्टम शतक : दशम उद्देशक : 'आराधना'

EIGHTH SHATAK (Chapter Eight) : TENTH LESSON : ARAADHANA (SPIRITUAL ENDEAVOUR)

श्रुत–शील की आराधना–विराधना SPIRITUAL ENDEAVOUR OF A RIGHTEOUS ASCETIC

१. रायगिहे नगरे जाव एवं वयासी–

१. राजगृह नगर में यावत् गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–

1. In Rajagriha and so on up to... (Gautam Swami) submitted as follows—

२. [प्र.] अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति जाव एवं परूवेंति–एवं खलु सीलं सेयं १, सुयं सेयं २, सुयं सेयं सीलं सेयं ३, से कहमेयं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति जाव जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवमाहंसु, अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव परूवेमि–एवं खलु मए चत्तारि पुरिसजाया पण्णत्ता, तं जहा–सीलसंपन्ने णामं एगे, णो सुयसंपन्ने १।

सुयसंपन्ने नामं एगे, नो सीलसंपन्ने २।

एगे सीलसंपन्ने वि सुयसंपन्ने वि ३।

एगे णो सीलसंपन्ने नो सुयसंपन्ने ४।

(१) तत्थ णं जे से पढमे पुरिसजाए से णं पुरिसे सीलवं, असुयवं, उवरए, अविण्णायधम्मे, एस णं गोयमा ! मए पुरिसे देसाराहए पण्णत्ते।

(२) तत्थ णं जे से दोच्चे पुरिसजाए से णं पुरिसे असीलवं, सुयवं, अणुवरए, विण्णायधम्मे, एस णं गोयमा ! मए पुरिसे देसविराहए पण्णत्ते।

(३) तत्थ णं जे से तच्चे पुरिसजाए से णं पुरिसे सीलवं, सुयवं, उवरए, विण्णायधम्मे, एस णं गोयमा ! मए पुरिसे सव्वाराहए पण्णत्ते।

(४) तत्थ णं जे से चउत्थे पुरिसजाए से णं पुरिसे असीलवं, असुयवं, अणुवरए, अविण्णायधम्मे एस णं गोयमा ! मए पुरिसे सव्वविराहए पण्णत्ते।

२. [प्र.] भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं, यावत् प्ररूपणा करते हैं–(१) शील ही श्रेयस्कर है; (२) श्रुत ही श्रेयस्कर है, (३) (शीलनिरपेक्ष ही) श्रुत श्रेयस्कर है, अथवा (श्रुतनिरपेक्ष ही) शील श्रेयस्कर है; अतः हे भगवन् ! यह किस प्रकार सम्भव है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते हैं, यावत् उन्होंने जो ऐसा कहा है वह मिथ्या कहा है। गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ, यावत् प्ररूपणा करता हूँ। मैंने चार प्रकार के पुरुष कहे हैं। वे इस प्रकार हैं–

(१) एक व्यक्ति शील–सम्पन्न है, किन्तु श्रुत–सम्पन्न नहीं है।

(२) एक व्यक्ति श्रुत–सम्पन्न है, किन्तु शील–सम्पन्न नहीं है।

(३) एक व्यक्ति शील–सम्पन्न भी है और श्रुत–सम्पन्न भी है।

(४) एक व्यक्ति न शील–सम्पन्न है और न श्रुत–सम्पन्न है।

(१) इनमें से जो प्रथम प्रकार का पुरुष है, वह शीलवान् है, परन्तु श्रुतवान् नहीं। वह (पापादि से) उपरत (निवृत्त) है, किन्तु धर्म को विशेष रूप से नहीं जानता। हे गौतम ! इस पुरुष को मैंने देश–आराधक (आंशिक आराधक) कहा है।

(२) इनमें से जो दूसरा पुरुष है, वह पुरुष शीलवान् नहीं, परन्तु श्रुतवान् है। वह पापादि से (अनिवृत्त) है, परन्तु धर्म को विशेष रूप से जानता है। हे गौतम ! इस पुरुष को मैंने **देश–विराधक** (आंशिक विराधक) कहा है।

(३) इनमें से जो तृतीय पुरुष है, वह पुरुष शीलवान् भी है और श्रुतवान् भी है। वह (पापादि से) उपरत है और धर्म का भी विज्ञाता है। हे गौतम ! इस पुरुष को मैंने **सर्व–आराधक** कहा है।

(४) इनमें से जो चौथा पुरुष है, वह न तो शीलवान् है और न श्रुतवान् है। वह (पापादि से) अनुपरत है, धर्म का भी विज्ञाता नहीं है। गौतम ! इस पुरुष को मैंने **सर्व–विराधक** कहा है।

2. [Q.] *Bhante* ! People of other faiths (*anyatirthik*) or heretics say (*akhyanti*) ... and so on up to... propagate (*prarupayanti*) that—(1) Right conduct (*sheel*) alone is beneficial; (2) the canon (*shrut*) alone is beneficial; (3) either the canon (independent of right conduct) is beneficial or right conduct (independent of the canon) is beneficial. *Bhante* ! How far is this correct.

[Ans.] Gautam ! What the heretics say ... and so on up to... propagate is false. Gautam ! What I say ... and so on up to... propagate (in this regard) is that there are four kinds of people as follows—

(1) One is endowed with right conduct (*sheel*) but not with the canon.

(2) One is endowed with the canon but not with right conduct.

(3) One is endowed with right conduct as well as the canon.

(4) One is endowed neither with right conduct nor with the canon.

(1) First of these is endowed with right conduct (*sheel*) but not with the canon. He refrains from indulgence in sinful activities but is not fully

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

conversant with the right code of conduct. Gautam ! I call such person a *desh-araadhak* (partially steadfast spiritual aspirant).

(2) Second of these is not endowed with right conduct but knows the canon. He does not refrain from indulgence in sinful activities but is fully conversant with the right code of conduct. Gautam ! I call such person a *desh-viraadhak* (partially faltering spiritual aspirant).

(3) Third of these is endowed with right conduct as well as the canon. He is free of indulgence in sinful activities and is also fully conversant with the right code of conduct. Gautam ! I call such person a *sarva-araadhak* (fully steadfast spiritual aspirant).

(4) Fourth of these is endowed neither with right conduct nor with the canon. He is neither free of indulgence in sinful activities nor fully conversant with the right code of conduct. Gautam ! I call such person a *sarva-viraadhak* (fully faltering spiritual aspirant).

विवेचन : श्रुत और शील की आराधना एवं विराधना की दृष्टि से भगवान द्वारा अन्यतीर्थिक मत निराकरणपूर्वक स्वसिद्धान्तप्ररूपण–प्रस्तुत द्वितीय सूत्र में अन्यतीर्थिकों की श्रुत–शील सम्बन्धी एकान्त मान्यता का निराकरण करते हुए भगवान द्वारा प्रतिपादित श्रुत–शील की आराधना–विराधना–सम्बन्धी चतुर्भंगी रूप स्वसिद्धान्त प्रस्तुत किया गया है।

अन्यतीर्थिकों की श्रुत–शीलसम्बन्धी मिथ्या मान्यताएँ–(१) कुछ अन्यतीर्थिक यों मानते हैं कि शील अर्थात् क्रिया मात्र ही श्रेयस्कर है, श्रुत अर्थात् ज्ञान से कोई प्रयोजन नहीं। (२) कुछ अन्यतीर्थिकों का कहना है कि ज्ञान (श्रुत) ही श्रेयस्कर है। ज्ञान से ही अभीष्ट अर्थ की सिद्धि होती है, क्रिया से नहीं। ज्ञानरहित क्रियावान् पुरुष को अभीष्ट फलसिद्धि के दर्शन नहीं होते। (३) कितने ही अन्यतीर्थिक परस्पर निरपेक्ष श्रुत और शील को श्रेयस्कर मानते हैं। उनका कहना है कि ज्ञान क्रियारहित भी फलदायक है, क्योंकि क्रिया उसमें गौण रूप से रहती है, अथवा क्रिया ज्ञानरहित हो तो भी फलदायिनी है, क्योंकि उसमें ज्ञान गौण रूप से रहता है। इन दोनों में से कोई भी एक, पुरुष की पवित्रता का कारण है।

प्रथम के दोनों मत एकान्त होने से मिथ्या हैं, क्योंकि श्रुत और शील दोनों पृथक्-पृथक् या गौण-मुख्य न रहकर समुदित रूप में साथ–साथ रहने पर ही मोक्षफलदायक होते हैं। इस सम्बन्ध में वृत्तिकार ने दो दृष्टान्त दिये हैं–(१) जैसे रथ के दोनों पहियों के एक साथ जुड़ने पर ही रथ चलता है, तथा (२) अन्धा और पंगु दोनों मिलकर ही अभीष्ट नगर में प्रविष्ट हो सकते हैं–

संजोगसिद्धीइ फलं वयंति, न हु एगचक्केण रहो पयाइ।
अंधो य पंगू य वणे समिच्चा, ते संपउत्ता नगरं पविट्ठा ॥

अतः श्रुत और शील दोनों के एक साथ समायोग को ही अभीष्ट फलदायक मानते हैं।

श्रुत–शील की चतुर्भंगी का आशय–(१) प्रथम भंग का स्वामी शील–सम्पन्न है, श्रुत-सम्पन्न नहीं, उसका आशय यह है कि स्वबुद्धि से ही पापों से निवृत्त हुआ है। उसने धर्म को विशेष रूप नहीं जाना। इस भंग का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वामी मिथ्यादृष्टि नहीं, किन्तु सम्यग्दृष्टि है। (२) दूसरे भंग का स्वामी शील-सम्पन्न नहीं, किन्तु श्रुत-सम्पन्न है, वह पापादि से अनिवृत्त है, किन्तु धर्म का विशेष ज्ञाता है। इसलिए उसे यहाँ देशविराधक कहा गया है। क्योंकि वह ज्ञान दर्शन चारित्ररूप रत्नत्रय जो मोक्षमार्ग है, उसमें से तृतीय भागरूप चारित्र की आराधना नहीं करता है। इस भंग का स्वामी अविरतिसम्यग्दृष्टि है। (३) तृतीय भंग का स्वामी शील-सम्पन्न भी है और श्रुत-सम्पन्न भी। वह उपरत है तथा धर्म का भी विशिष्ट ज्ञाता है। अतः वह सर्वाराधक है। (४) चतुर्थ भंग का स्वामी शील और श्रुत दोनों से रहित है। वह धर्म का विज्ञाता भी नहीं; और न ही सम्यक्चारित्र की आराधना कर सकता है। इसलिए रत्नत्रय का विराधक होने से वह सर्वविराधक माना गया है। *-(वृत्ति, पत्रांक ४१८)*

Elaboration—Refuting the heretics and establishing the canon and right conduct—Here aphorism-2 presents Bhagavan Mahavir's doctrine of steadfast and faltering practice (*araadhana* and *viraadhana*) of the canon (*shrut*) and right conduct (*sheel*) propagated after refuting the dogmatic belief of heretics regarding the canonical knowledge and conduct.

The wrong belief of heretics—(1) Some heretics believe that action (*sheel* or right conduct) alone is beneficial; there is no importance of knowledge (*shrut* or the canon). (2) Some other heretics say that knowledge (*shrut*) alone is beneficial. It is through knowledge alone, and not action, that desired goal is attained. In absence of knowledge a person does not attain the desired goal through action. (3) Many other heretics believe that mutually independent knowledge and conduct both are beneficial. They say that knowledge without action is also fruitful because inherent to it is a minor part of action. The same is true for action without knowledge because inherent to it is a minor part of knowledge. Any one of these can be the instrument of purity of an individual.

The first two statements are wrong because they are absolutistic. Moreover, knowledge and action separately or in major-minor combinations cannot lead to liberation. They lead to liberation only when they are complete and together. In this context the commentator (author of the *Vritti*) has given two examples—(1) A chariot is capable of movement only when it has two wheels together. (2) When together, a blind person and a lame person can reach their destination. Therefore, it is only the perfect combination of knowledge (*shrut*) and action (*sheel*) that gives the desired results.

The meaning of the four alternative combinations of *shrut* and *sheel*—(1) The first one is endowed with right conduct (*sheel*) but not

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

with the canon. He is free of indulgence in sinful activities of his own accord. He has not fully studied and understood religion or the right code of conduct. He is righteous (*samyagdrishti*) and not unrighteous (*mithyadrishti*). (2) The second one is not endowed with right conduct but knows the canon. He is not free of indulgence in sinful activities but has enough knowledge of the canon. That is why he is called a *desh-viraadhak* (partially faltering spiritual aspirant). This is because out of the three branches of the spiritual path (*jnana-darshan-chaaritra* or knowledge-faith-conduct) he does not follow the third branch. He is righteous but with attachment (*avirat-samyagdrishti*). (3) The third one is endowed with right conduct as well as the canon. He is free of indulgence in sinful activities and is also fully conversant with the right code of conduct. Therefore he is a *sarva-araadhak* (fully steadfast spiritual aspirant). (4) The fourth one is endowed neither with right conduct nor with the canon. He is neither conversant with religion nor capable of following the right code of conduct. He goes against the three-fold path of liberation, and so he is said to be a *sarva-viraadhak* (fully faltering spiritual aspirant). *(Vritti, leaf 418)*

ज्ञान–दर्शन–चारित्र की आराधना का फल **FRUITS OF THE PATH OF JNANA-DARSHN-CHAARITRA**

३. [प्र.] कतिविहा णं भंते ! आराहणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तिविहा आराहणा पण्णत्ता, तं जहा–नाणाराहणा दंसणाराहणा चरित्ताराहणा।

३. [प्र.] भगवन् ! आराधना कितने प्रकार की कही गई है ?

[उ.] गौतम ! आराधना तीन प्रकार की कही गई है–(१) ज्ञानाराधना, (२) दर्शनाराधना, और (३) चारित्राराधना।

3. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is spiritual endeavour (*araadhana*)?

[Ans.] Gautam ! Spiritual endeavour (*araadhana*) is said to be of three types—(1) *Jnana-araadhana* (practice of right knowledge), (2) *Darshan-araadhana* (practice of right perception/faith), and (3) *Chaaritra-araadhana* (practice of right conduct).

४. [प्र.] णाणाराहणा णं भंते ! कतिविहा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–उक्कोसिया, मज्झिमिया, जहन्ना।

४. [प्र.] भगवन् ! ज्ञानाराधना कितने प्रकार की कही गई है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! ज्ञानाराधना तीन प्रकार की कही गई है-(१) उत्कृष्ट, (२) मध्यम, और (३) जघन्य।

4. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *Jnana-araadhana* (practice of right knowledge)?

[Ans.] Gautam ! *Jnana-araadhana* (practice of right knowledge) is said to be of three types—(1) Superlative (*utkrisht*), (2) mediocre (*madhyam*) and (3) lowly (*jaghanya*).

५. दंसणाराहणा णं भंते ! एवं चेव तिविहा वि।

६. एवं चरित्ताराहणा वि।

५. भगवन् ! दर्शनाराधना कितने प्रकार की कही गई है? दर्शनाराधना भी इसी प्रकार तीन प्रकार की कही गई है।

5. *Bhante !* Of how many types is *Darshan-araadhana* (practice of right perception/faith)?

[Ans.] As aforesaid, *Darshan-araadhana* is also of three kinds.

६. इसी प्रकार चारित्राराधना भी तीन प्रकार की कही गई है।

6. The same is also true for *Chaaritra-araadhana* (practice of right conduct).

७. [प्र.] जस्स णं भंते ! उक्कोसिया णाणाराहणा तस्स उक्कोसिया दंसणाराहणा ? जस्स उक्कोसिया दंसणाराहणा तस्स उक्कोसिया णाणाराहणा ?

[उ.] गोयमा ! जस्स उक्कोसिया णाणाराहणा तस्स दंसणाराहणा उक्कोसिया वा अजहन्नउक्कोसिया वा, जस्स पुण उक्कोसिया दंसणाराहणा तस्स नाणाराहणा उक्कोसा वा जहन्ना वा अजहन्नमणुक्कोसा वा।

७. [प्र.] भगवन् ! जिस जीव की उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है, क्या उसकी दर्शनाराधना भी उत्कृष्ट होती है? जिस जीव की उत्कृष्ट दर्शनाराधना होती है, क्या उसकी उत्कृष्ट ज्ञानाराधना भी उत्कृष्ट होती है?

[उ.] गौतम ! जिस जीव की उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है, उसकी दर्शनाराधना उत्कृष्ट या मध्यम होती है। जिस जीव की उत्कृष्ट दर्शनाराधना होती है, उसकी उत्कृष्ट, जघन्य या मध्यम ज्ञानाराधना होती है।

7. [Q.] *Bhante !* Does a living being having superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) also have superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*)? And, does a living being having superlative practice of right perception/faith

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*Utkrisht Darshan-araadhana*) also have superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) ?

[**Ans.**] Gautam ! A living being having superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) mav have either superlative or mediocre practice of right perception/faith. And, a living being having superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*) may have superlative, lowly or mediocre practice of right knowledge.

८. [प्र.] जस्स णं भंते ! उक्कोसिया णाणाराहणा तस्स उक्कोसिया चरित्ताराहणा ? जस्सुक्कोसिया चरित्ताराहणा तस्सुक्कोसिया णाणाराहणा ?

[उ.] जहा उक्कोसिया णाणाराहणा य दंसणाराहणा य भणिया तहा उक्कोसिया णाणाराहणा य चरित्ताराहणा य भाणियव्वा।

८. [प्र.] भगवन् ! जिस जीव की उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है, क्या उसकी उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है और जिस जीव की उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है, क्या उसकी उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार उत्कृष्ट ज्ञानाराधना और दर्शनाराधना के विषय में कहा, उसी प्रकार उत्कृष्ट ज्ञानाराधना और उत्कृष्ट चारित्राराधना के विषय में भी कहना चाहिए।

8. [Q.] *Bhante !* Does a living being having superlative practice of right knowledge also have superlative practice of right conduct (*Utkrisht Chaaritra-araadhana*) ? And, does a living being having superlative practice of right conduct also have superlative practice of right knowledge ?

[**Ans.**] Gautam ! What has been said about superlative practice of right knowledge and that of right perception/faith should be repeated for superlative practice of right knowledge and that of right conduct.

९. [प्र.] जस्स णं भंते ! उक्कोसिया दंसणाराहणा तस्सुक्कोसिया चरित्ताराहणा ? जस्सुक्कोसिया चरित्ताराहणा तस्सुक्कोसिया दंसणाराहणा ?

[उ.] गोयमा ! जस्स उक्कोसिया दंसणाराहणा तस्स चरित्ताराहणा उक्कोसा वा जहन्ना वा अजहन्नमणुक्कोसा वा, जस्स पुण उक्कोसिया चरित्ताराहणा तस्स दंसणाराहणा नियमा उक्कोसा।

९. [प्र.] भगवन् ! जिसकी उत्कृष्ट दर्शनाराधना होती है, क्या उसकी उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है; और जिसकी उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है, उसकी उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है ?

[उ.] गौतम ! जिसकी उत्कृष्ट दर्शनाराधना होती है, उसकी उत्कृष्ट, मध्यम या जघन्य चारित्राराधना होती है और जिसकी उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है, उसकी नियमतः (अवश्यमेव) उत्कृष्ट दर्शनाराधना होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

9. [Q.] *Bhante* ! Does a living being having superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*) also have superlative practice of right conduct (*Utkrisht Chaaritra-araadhana*) ? And, does a living being having superlative practice of right conduct also have superlative practice of right perception/faith ?

[Ans.] Gautam ! A living being having superlative practice of right perception/faith (*Darshan-araadhana*) may have superlative (*utkrisht*), lowly (*jaghanya*) or mediocre (*madhyam*) practice of right conduct. And a living being having superlative practice of right conduct has, as a rule, superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*).

१०. [प्र.] उक्कोसियं णं भंते ! णाणाराहणं आराहेत्ता कतिहिं भवग्गहणेहिं सिज्झति जाव अंतं करेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झति जाव अंतं करेइ। अत्थेगइए दोच्चेणं भवग्गहणेणं सिज्झति जाव अंतं करेति। अत्थेगइए कप्पोवएसु वा कप्पातीएसु वा उववज्जइ।

१०. [प्र.] भगवन् ! ज्ञान की उत्कृष्ट आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सभी दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! कितने ही जीव उसी भव में सिद्ध हो जाते हैं, यावत् सभी दुःखों का अन्त कर देते हैं; कितने ही जीव दो भव (एक देव भव, फिर एक मनुष्य भव) ग्रहण करके सिद्ध होते हैं, यावत् सभी दुःखों का अन्त करते हैं; कितने ही जीव कल्पोपपन्न देवलोकों में अथवा कल्पातीत देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

10. [Q.] *Bhante !* After how many rebirths does a *jiva* (living being or soul) performing superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! Some living beings attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries in that very birth; some attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries after two rebirths (one as a divine being and then again as a human being); and many are born as divine beings in *Kalp* divine realms (*Kalpopapanna*) or divine realms beyond the *Kalps* (*Kalpateet*).

११. [प्र.] उक्कोसियं णं भंते ! दंसणाराहणं आराहेत्ता कतिहिं भवग्गहणेहिं० ?

[उ.] एवं चेव।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. [प्र.] भगवन् ! दर्शन की उत्कृष्ट आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सभी दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! (जिस प्रकार उत्कृष्ट ज्ञानाराधना के फल के विषय में कहा है) उसी प्रकार उत्कृष्ट दर्शनाराधना के (फल के) विषय में समझना चाहिए।

11. [Q.] *Bhante !* After how many rebirths does a living being performing superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! What has been said about (fruits of) superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) is also true for (fruits of) superlative practice of right perception/faith.

१२. [प्र.] उक्कोसियं णं भंते ! चरित्ताराहणं आराहेत्ता० ?

[उ.] एवं चेव। नवरं अत्थेगइए कप्पातीएसु उववज्जति।

१२. [प्र.] भगवन् ! चारित्र की उत्कृष्ट आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सभी दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! उत्कृष्ट ज्ञानाराधना के (फल के) विषय में जिस प्रकार कहा था उसी प्रकार उत्कृष्ट चारित्राराधना के (फल के) विषय में कहना चाहिए। विशेष यह है कि कितने ही जीव (इसके फलस्वरूप) कल्पातीत देवलोकों में उत्पन्न होते हैं।

12. [Q.] *Bhante !* After how many rebirths does a living being performing superlative practice of right conduct (*Utkrisht Chaaritra-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! What has been said about (fruits of) superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*) is also true for (fruits of) superlative practice of right conduct. The only difference is that many are born as divine beings in divine realms beyond the *Kalps* (*Kalpateet*).

१३. [प्र.] मज्झिमियं णं भंते ! णाणाराहणं आराहेत्ता कतिहिं भवग्गहणेहिं सिज्झति जाव अंतं करेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए दोच्चेणं भवग्गहणेणं सिज्झइ जाव अंतं करेति तच्चं पुण भवग्गहणं नाइक्कमइ।

१३. [प्र.] भगवन् ! ज्ञान की मध्यम-आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सभी दुःखों का अन्त कर देता है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! कितने ही जीव दो भव ग्रहण करके सिद्ध होते हैं, यावत् सभी दुःखों का अन्त करते हैं; वे तीसरे भव का अतिक्रमण नहीं करते।

13. [Q.] *Bhante* ! After how many rebirths does a living being performing mediocre practice of right knowledge (*Madhyam Jnana-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! Some living beings attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries after two rebirths (one as a divine being and then again as a human being); they are never reborn after their third rebirth.

१४. [प्र.] मज्झिमियं णं भंते ! दंसणाराहणं आराहेत्ता० ?

[उ.] एवं चेव।

१४. [प्र.] भगवन् ! दर्शन की मध्यम आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सब दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! जिस प्रकार ज्ञान की मध्यम आराधना के (फल के) विषय में कहा, उसी प्रकार दर्शन की मध्यम आराधना के (फल के) विषय में कहना चाहिए।

14. [Q.] *Bhante* ! After how many rebirths does a living being performing mediocre practice of right perception/faith (*Madhyam Darshan-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! What has been said about (fruits of) medium practice of right knowledge (*Madhyam Jnana-araadhana*) is also true for (fruits of) medium practice of right perception/faith (*Madhyam Darshan-araadhana*).

१५. एवं मज्झिमियं चरित्ताराहणं पि।

१५. इसी (पूर्वोक्त) प्रकार से चारित्र की मध्यम आराधना के (फल के) विषय में कहना चाहिए।

15. The same is also true for (fruits of) medium practice of right conduct (*Madhyam Chaaritra-araadhana*).

१६. [प्र.] जहन्नियं णं भंते ! नाणाराहणं आराहेत्ता कतिहिं भवग्गहणेहिं सिज्झति जाव अंतं करेति ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगइए तच्चे णं भवग्गहणेणं सिज्झइ जाव अंतं करेइ, सत्त-ऽट्ठभवग्गहणाइं पुण नाइक्कमइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७. एवं दंसणाराहणं पि।

१८. एवं चरित्ताराहणं पि।

१६. [प्र.] भगवन् ! ज्ञान की जघन्य आराधना करके जीव कितने भव ग्रहण करके सिद्ध होता है, यावत् सब दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] गौतम ! कितने ही जीव तीसरा भव ग्रहण करके सिद्ध होते हैं, यावत् सर्व दुःखों का अन्त करते हैं; परन्तु सात-आठ भव का अतिक्रमण नहीं करते।

16. [Q.] *Bhante* ! After how many rebirths does a living being performing lowly practice of right knowledge (*Jaghanya Jnana-araadhana*) attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries ?

[Ans.] Gautam ! Some living beings attain liberation to become *Siddha* ... and so on up to... end all miseries after three rebirths (one as a divine being and then again as a human being); however they are never reborn after their seventh or eighth rebirth.

१७. इसी प्रकार जघन्य दर्शनाराधना के (फल के) विषय में समझना चाहिए।

17. The same is true for (fruits of) lowly practice of right perception/faith (*Jaghanya Darshan-araadhana*).

१८. इसी प्रकार जघन्य चारित्राराधना के (फल के) विषय में भी कहना चाहिए।

18. The same is also true for (fruits of) lowly practice of right conduct (*Jaghanya Chaaritra-araadhana*).

विवेचन : आराधना का स्वरूप—पाँच प्रकार के ज्ञान या ज्ञान के आधार श्रुत (शास्त्रादि) की, काल, विनय, बहुमान आदि आठ ज्ञानाचार-सहित निर्दोष रीति से पालना करना **ज्ञानाराधना** है। शंका, कांक्षा आदि अतिचारों को न लगाते हुए, निःशंकित, निष्कांक्षित आदि आठ दर्शनाचारों का शुद्धतापूर्वक पालन करते हुए दर्शन अर्थात् सम्यक्त्व की आराधना करना **दर्शनाराधना** है। सामायिक आदि चारित्रों अथवा समिति-गुप्ति, व्रत-महाव्रतादि रूप चारित्र का निरतिचार विशुद्धपालन करना **चारित्राराधना** है। ज्ञानकृत्य एवं ज्ञानानुष्ठानों में उत्कृष्ट प्रयत्न करना **उत्कृष्ट-ज्ञानाराधना** है। इसमें चौदहपूर्व का ज्ञान आ जाता है। **मध्यम** प्रयत्न करना **मध्यम ज्ञानाराधना** है, इसमें ग्यारह अंगों का ज्ञान आ जाता है और जघन्य (अल्पतम) प्रयत्न करना **जघन्य ज्ञानाराधना** है। इसमें अष्टप्रवचनमाता का ज्ञान आ जाता है। इसी प्रकार **उत्कृष्ट दर्शनाराधना** में क्षायिकसम्यक्त्व, **मध्यम दर्शनाराधना** में उत्कृष्ट क्षायोपशमिक या औपशमिक सम्यक्त्व और **जघन्य दर्शनाराधना** में जघन्य क्षायोपशमिक सम्यक्त्व पाया जाता है। **उत्कृष्ट चारित्राराधना** में यथाख्यातचारित्र, **मध्यम चारित्राराधना** में सूक्ष्मसम्पराय और परिहारविशुद्धिचारित्र तथा **जघन्य चारित्राराधना** में सामायिकचारित्र और छेदोपस्थापनिकचारित्र पाया जाता है।

आराधना के पूर्वोक्त प्रकारों का परस्पर सम्बन्ध—उत्कृष्ट ज्ञानाराधक में उत्कृष्ट और मध्यम दर्शनाराधना होती है, उत्कृष्ट दर्शनाराधक में ज्ञान के प्रति तीनों प्रकार का प्रयत्न सम्भव है। जिसमें उत्कृष्ट ज्ञानाराधना होती है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसमें चारित्राराधना उत्कृष्ट या मध्यम होती है; क्योंकि उत्कृष्ट ज्ञानाराधक में चारित्र के प्रति तीनों प्रकार का प्रयत्न भजना से होता है। जहाँ उत्कृष्ट चारित्राराधना होती है, वहाँ उत्कृष्ट दर्शनाराधना अवश्य होती है, क्योंकि उत्कृष्ट चारित्र उत्कृष्ट दर्शनानुगामी होता है।

Elaboration—Spiritual endeavour (*araadhana*)—Proper practice of five types of knowledge including the scriptures (*shrut*), faultlessly following the prescribed eight limbed code (*jnanaachaar*), is called practice of right knowledge (*Jnana-araadhana*). Proper practice of right perception/faith (*Darshan-araadhana*) or righteousness (*samyaktva*), through correctly following the prescribed code (*darshanaachaar*) and avoiding transgressions including doubt (*shanka*) and desire for other faith (*kanksha*), is called practice of right perception/faith (*Darshan-araadhana*). Faultlessly observing the prescribed codes of conduct, including *Samayik Chaaritra* (equanimous conduct) comprising of *samitis* (self-regulations), *guptis* (self-restraints), minor vows and major vows etc., is called practice of right conduct (*Chaaritra-araadhana*). Intense pursuit of knowledge and indulgence in related rituals is called superlative practice of right knowledge (*Utkrisht Jnana-araadhana*). This includes the knowledge of the fourteen *Purvas* (the subtle canon). Medium effort in that direction is called mediocre practice of right knowledge (*Madhyam Jnana-araadhana*) and it includes the knowledge of eleven *Angas*. Minimum effort in that direction is called lowly practice of right knowledge (*Jaghanya Jnana-araadhana*). This includes the knowledge of eight *Pravachan Matrika* (matrices of doctrine). In the same way superlative practice of right perception/faith (*Utkrisht Darshan-araadhana*) includes righteousness acquired through extinction of *karma* (*kshayik samyaktva*). Medium practice of right perception/faith (*Madhyam Darshan-araadhana*) includes righteousness produced by intense destruction-cum-pacification of *karma* (*kshayopashamik samyaktva*) or intense pacification of *karma* (*opashamik samyaktva*). Lowly practice of right perception/faith (*Jaghanya Darshan-araadhana*) includes righteousness produced by minimum destruction-cum-pacification of *karma*. Superlative practice of right conduct (*Utkrisht Chaaritra-araadhana*) includes practicing the conduct conforming to perfect purity (*Yathakhyat chaaritra*). Medium practice of right conduct (*Madhyam Chaaritra-araadhana*) includes practicing the conduct conforming to the level of residual subtle passions (*Sukshma Samparaya Chaaritra*) and that of destruction of *karma* through special austerities

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*Parihar-vishuddhi Chaaritra*). Lowly practice of right conduct (*Jaghanya Chaaritra-araadhana*) includes practicing the conduct conforming to the code of equanimous conduct (*Samayik Chaaritra*) and that of re-initiation after rectifying faults (*Chhedopasthapanik Chaaritra*).

Mutual relationship—One who is at the level of superlative practice of right knowledge automatically attains levels of superlative or mediocre practice of right perception/faith. One who is at the level of superlative practice of right perception/faith may attain any of the three aforesaid levels of practice of right knowledge. One who is at the level of superlative practice of right knowledge automatically attains levels of superlative or medium practice of right conduct. This is because at this level all the three levels of right conduct are progressively attained. One who is at the level of superlative practice of right conduct necessarily has superlative practice of right perception/faith because conduct entails perception/faith.

पुद्गल–परिणाम के पाँच भेद FIVE TYPES OF TRANSFORMATION OF MATTER

१९. [प्र.] कतिविहे णं भंते ! पोग्गलपरिणामे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पंचविहे पोग्गलपरिणामे पण्णत्ते, तं जहा–वण्णपरिणामे १, गंधपरिणामे २, रसपरिणामे ३, फासपरिणामे ४, संठाणपरिणामे ५।

१९. [प्र.] भगवन् ! पुद्गल–परिणाम कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! पुद्गल–परिणाम पाँच प्रकार का है–(१) वर्ण–परिणाम, (२) गन्ध–परिणाम, (३) रस–परिणाम, (४) स्पर्श–परिणाम, और (५) संस्थान–परिणाम।

19. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is transformation of matter (*pudgal parinaam*) ?

[Ans.] Gautam ! Transformation of matter (*pudgal parinaam*) is of five types—(1) *Varna-parinaam* (transformation as colour), (2) *Gandh-parinaam* (transformation as smell), (3) *Rasa-parinaam* (transformation as taste), (4) *Sparsh-parinaam* (transformation as touch), and (5) *Samsthaan-parinaam* (transformation as structure of shape).

२०. [प्र.] वण्णपरिणामे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–कालवण्णपरिणामे जाव सुक्किल्लवण्णपरिणामे।

२०. [प्र.] भगवन् ! वर्ण–परिणाम कितने प्रकार का है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गौतम ! वह पाँच प्रकार का है। यथा-१ कृष्ण (काला) वर्ण-परिणाम यावत् ५ शुक्ल (श्वेत) वर्ण परिणाम।

20. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *Varna-parinaam* (transformation as colour)?

[Ans.] Gautam ! It is of five types—(1) Black ... and so on up to... (5) White.

२१. एएणं अभिलावेणं गंधपरिणामे दुविहे, रसपरिणामे पंचविहे, फासपरिणामे अट्ठविहे।

२१. इसी प्रकार के अभिलाप द्वारा गन्ध-परिणाम दो प्रकार का, रस-परिणाम पाँच प्रकार का और स्पर्श-परिणाम आठ प्रकार का जानना चाहिए।

21. With similar statements list two types of *Gandh-parinaam* (transformation as smell), five types of *Rasa-parinaam* (transformation as taste), and eight types of *Sparsh-parinaam* (transformation as touch).

२२. [प्र.] संठाणपरिणामे णं भंते ! कइविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा-परिमंडलसंठाणपरिणामे जाव आययसंठाणपरिणामे।

२२. [प्र.] भगवन् ! संस्थान-परिणाम कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! वह पाँच प्रकार का कहा गया है। वह इस प्रकार-परिमण्डलसंस्थान-परिणाम, यावत् आयतसंस्थान-परिणाम।

22. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is *Samsthaan-parinaam* (transformation as structure of shape)?

[Ans.] Gautam ! It is of five types—(1) transformation as circular shape (*parimandal samsthaan-parinaam*) ... and so on up to... (5) transformation as rectangular shape (*aayat samsthaan-parinaam*).

विवेचन : पुद्गल-परिणाम की व्याख्या-पुद्गल का एक अवस्था से दूसरी अवस्था में रूपान्तर होना पुद्गल-परिणाम है। इसके मूल भेद पाँच और उत्तरभेद पच्चीस हैं। *-(देखें स्थानांगसूत्र, स्थान ५)*

Elaboration—Definition of *pudgal parinaam*—transformation of matter from one state to another is called *pudgal parinaam*. This is of five primary types and twenty-five secondary types. *(for details refer to Illustrated Sthananga Sutra, Chapter-5)*

पुद्गलास्तिकाय के एकप्रदेश से लेकर अनन्तप्रदेश तक अष्टविकल्पात्मक प्रश्नोत्तर

EIGHT ALTERNATIVES OF SPACE-POINTS OF MATTER

२३. [प्र.] एगे भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसे किं दव्वं १, दव्वदेसे २, दव्वाइं ३, दव्वदेसा ४, उदाहु दव्वं च दव्वदेसे य ५, उदाहु दव्वं च दव्वदेसा य ६, उदाहु दव्वाइं च दव्वदेसे य ७, उदाहु दव्वाइं च दव्वदेसा य ८ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गोयमा ! सिय दव्वं, सिय दव्वदेसे, नो दव्वाइं, नो दव्वदेसा नो दव्वं च दव्वदेसे य, जाव नो दव्वाइं च दव्वदेसा य।

२३. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय का एक प्रदेश (१) द्रव्य है, (२) द्रव्य-देश है, (३) बहुत द्रव्य हैं, अथवा (४) बहुत द्रव्य-देश हैं ? अथवा (५) एक द्रव्य और एक द्रव्य-देश है, या (६) एक द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश हैं, अथवा (७) बहुत द्रव्य और एक द्रव्य-देश है, या (८) बहुत द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश हैं ?

[उ.] गौतम ! वह कथंचित् एक द्रव्य है, कथंचित् एक द्रव्य-देश है, किन्तु वह बहुत द्रव्य नहीं, न बहुत द्रव्य-देश है, एक द्रव्य और एक द्रव्य-देश भी नहीं, यावत् बहुत द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश भी नहीं।

23. [Q.] *Bhante* ! Is one space-point (or ultimate particle) of matter comprised of—(1) one *dravya* (entity or element), (2) one *dravya-desh* (part of an element), (3) many elements, (4) many parts of elements, (5) one element and one element-part, (6) one element and many element-parts, (7) many elements and one element-part, or (8) many elements and many element-parts.

[Ans.] Gautam ! It could be one *dravya* (entity or element), it could also be one *dravya-desh* (element-part), but it can never be many elements, or many element-parts, or one element and one element-part ... and so on up to... many elements and many element-parts.

२४. [प्र.] **दो भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं दव्वदेसे० पुच्छा तहेव ?**

[उ.] **गोयमा ! सिय दव्वं १, सिय दव्वदेसे २, सिय दव्वाइं ३, सिय दव्वदेसा ४, सिय दव्वं च दव्वदेसे य ५, नो दव्वं च दव्वदेसा य ६, सेसा पडिसेहेयव्वा।**

२४. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय के दो प्रदेश क्या एक द्रव्य हैं, अथवा एक द्रव्य-देश हैं ? इत्यादि (पूर्वोक्त अष्टविकल्पात्मक) प्रश्न।

[उ.] गौतम ! १. कथंचित् द्रव्य हैं, २. कथंचित् द्रव्य-देश हैं, ३. कथंचित् बहुत द्रव्य हैं, ४. कथंचित् बहुत द्रव्य-देश हैं, और ५. कथंचित् एक द्रव्य और एक द्रव्य-देश हैं; परन्तु ६. एक द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश नहीं, ७. बहुत द्रव्य और एक द्रव्य-देश नहीं, तथा ८. बहुत द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश नहीं हैं। (अर्थात्-प्रथम के ५ भंगों के अतिरिक्त शेष भंगों का निषेध करना चाहिए।)

24. [Q.] *Bhante !* Are two space-points (or ultimate particles) of matter comprised of—one *dravya* (entity or element) or one *dravya-desh* (element-part) or all alternatives as aforesaid ?

[Ans.] Gautam ! (1) It could be one *dravya* (entity or element), (2) it could be one *dravya-desh* (element-par), (3) it could be many elements,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(4) it could be many element-parts, (5) it could be one element and one element-part; but (6) it can never be one element and many element-parts, (7) it can never be many elements and one element-part, and (8) it can never be many elements and many element-parts. (In other words the answer is affirmative for first five alternatives and negative for the remaining three.)

२५. [प्र.] तिण्णि भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं, दव्वदेसे० पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! सिय दव्वं १, सिय दव्वदेसे २, एवं सत्त भंगा भाणियव्वा, जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसे य; नो दव्वाइं च दव्वदेसा य।

२५. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय के तीन प्रदेश, क्या एक द्रव्य हैं अथवा एक द्रव्य-देश हैं ? इत्यादि पूर्वोक्त प्रश्न।

[उ.] गौतम ! १. कथंचित् एक द्रव्य हैं, २. कथंचित् एक द्रव्य-देश हैं; इस प्रकार यावत्-'कथंचित् बहुत द्रव्य और एक द्रव्य-देश है; यहाँ तक (पूर्वोक्त) सात भंग कहने चाहिए। किन्तु बहुत द्रव्य और बहुत द्रव्य-देश नहीं हैं';

25. [Q.] *Bhante* ! Are three space-points (or ultimate particles) of matter comprised of—one *dravya* (entity or element) or one *dravya-desh* (element-par) or all alternatives as aforesaid ?

[Ans.] Gautam ! (1) It could be one *dravya* (entity or element), (2) it could be one *dravya-desh* (element-part), ... and so on up to... the seventh alternative (7) it could be many elements and one element-part, but (8) it can never be many elements and many element-parts.

२६. [प्र.] चत्तारि भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं० पुच्छा।

[उ.] गोयमा ! सिय दव्वं १, सिय दव्वदेसे २, अट्ठ वि भंगा भाणियव्वा जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसा य ८।

२६. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय के चार प्रदेश क्या एक द्रव्य हैं या एक द्रव्य-देश हैं ? इत्यादि पूर्वोक्त प्रश्न . . . .।

[उ.] गौतम ! कथंचित् एक द्रव्य हैं, कथंचित् एक द्रव्य-देश हैं, इत्यादि आठों ही भंग, यावत् 'कथंचित् बहुत द्रव्य हैं और बहुत द्रव्य-देश हैं,' यहाँ तक कहने चाहिए।

26. [Q.] *Bhante* ! Are four space-points (or ultimate particles) of matter comprised of—one *dravya* (entity or element) or one *dravya-desh* (element-part) or all alternatives as aforesaid ?

[Ans.] Gautam ! (1) It could be one *dravya* (entity or element), (2) it could be one *dravya-desh* (element-part), ... and so on (mention all the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

eight alternatives) up to ... (8) it can be many elements and many element-parts.

२७. जहा चत्तारि भणिया एवं पंच छ सत्त जाव असंखेज्जा।

२७. जिस प्रकार चार प्रदेशों के विषय में कहा, उसी प्रकार पाँच, छह, सात यावत् असंख्यप्रदेशों तक के विषय में कहना चाहिए।

27. What has been said about four space-points should be repeated for five, six, seven ... and so on up to... innumerable space-points.

२८. [प्र.] अणंता भंते ! पोग्गलत्थिकायपएसा किं दव्वं ?

[उ.] एवं चेव जाव सिय दव्वाइं च दव्वदेसा य।

२८. [प्र.] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय के अनन्तप्रदेश क्या एक द्रव्य हैं या एक द्रव्य-देश हैं? इत्यादि (पूर्वोक्त) अष्टविकल्पात्मक) प्रश्न . . . .।

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार यहाँ भी यावत्-'कथंचित् बहुत द्रव्य हैं, और बहुत द्रव्य-देश हैं'; यहाँ तक आठों ही भंग कहने चाहिए।

28. [Q.] *Bhante* ! Are infinite space-points (or ultimate particles) of matter comprised of— one *dravya* (entity or element) or one *dravya-desh* (element-part) or all alternatives as aforesaid ?

[Ans.] Gautam ! As aforesaid, mention all the eight alternatives up to ... (8) it can be many elements and many element-parts.

विवेचन : **द्रव्य और द्रव्य-देश सम्बन्धी आठ भंग**-जब दूसरे द्रव्य के साथ उसका सम्बन्ध नहीं होता, तब वह द्रव्य है, और जब दूसरे द्रव्य के साथ उसका सम्बन्ध होता है, तब वह द्रव्य-देश (द्रव्य का अवयव) है। पुद्गलास्तिकाय के **एक प्रदेश** में प्रदेश एक ही है, इसलिए ६ भंग नहीं पाये जाते। पुद्गलास्तिकाय के द्विप्रदेशिकस्कन्धरूप से परिणत **दो प्रदेशों** में उपर्युक्त ८ भंगों में से पूर्व के पाँच भंग पाये जाते हैं और पुद्गलास्तिकाय के त्रिप्रदेशिकस्कन्धरूप से परिणत **तीन प्रदेशों** में पहले-पहले के सात भंग पाये जाते हैं। चार प्रदेशों में आठों ही भंग पाये जाते हैं। चार प्रदेशों से लेकर यावत् अनन्तप्रदेशी पुद्गलास्तिकाय तक में प्रत्येक में आठ-आठ भंग पाये जाते हैं। -*(वृत्ति, पत्रांक ४२१)*

Elaboration—The eight alternative combinations of element and element-part—When one element (*dravya*) does not combine with another element it remains the same and continues to be called '*dravya*'. But when it combines with another element the components are called element-part or *dravya-desh*. One space-point of matter is a single unit and therefore there is no scope of the last six aforesaid alternatives. An aggregate (*skandh*) of two ultimate-particles of matter has two space-points, as such first five of the said eight alternatives are applicable to it.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

An aggregate (*skandh*) of three ultimate-particles of matter has three space-points, as such first seven of the said eight alternatives are applicable to it. An aggregate (*skandh*) of four ultimate-particles of matter has four space-points, as such all the said eight alternatives are applicable to it. All aggregates of more than four ultimate-particles follow the same rule. *(Vritti, leaf 421)*

लोकाकाश के और प्रत्येक जीव के प्रदेश SPACE-POINTS OF LOKAKAASH AND JIVA

२९. [प्र.] **केवतिया णं भंते ! लोयागासपएसा पण्णत्ता ?**

[उ.] **गोयमा ! असंखेज्जा लोयागासपएसा पण्णत्ता।**

२९. [प्र.] भगवन् ! लोकाकाश के प्रदेश कितने कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! लोकाकाश के असंख्येय प्रदेश कहे गये हैं।

29. [Q.] *Bhante* ! How many space-points *Lokakaash* (occupied space) is said to have ?

[Ans.] Gautam ! *Lokakaash* (occupied space) is said to have innumerable space-points.

३०. [प्र.] **एगमेगस्स णं भंते ! जीवस्स केवइया जीवपएसा पण्णत्ता ?**

[उ.] **गोयमा ! जावतिया लोगागासपएसा एगमेगस्स णं जीवस्स एवतिया जीवपएसा पण्णत्ता।**

३०. [प्र.] भगवन् ! एक-एक जीव के कितने-कितने जीवप्रदेश कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! लोकाकाश के जितने प्रदेश कहे गये हैं, उतने ही एक-एक जीव के जीवप्रदेश कहे गये हैं।

30. [Q.] *Bhante* ! How many space-points each *jiva* (soul) is said to have ?

[Ans.] Gautam ! Each soul is said to have as many space-points as *Lokakaash* (occupied space) is said to have.

विवेचन : लोकाकाशप्रदेश और जीवप्रदेश की तुल्यता—लोक असंख्यातप्रदेशी है, इसलिए उसके प्रदेश असंख्यात हैं। जितने लोक के प्रदेश हैं, उतने ही एक जीव के प्रदेश हैं। जब जीव, केवली-समुद्घात करता है, तब वह आत्म-प्रदेशों से सम्पूर्ण लोक को व्याप्त कर देता है; अर्थात्-लोकाकाश के एक-एक प्रदेश पर एक-एक जीवप्रदेश अवस्थित हो जाता है। *-(वृत्ति, पत्रांक २१)*

Elaboration—Equivalency of space-points of *Lokakaash* and *jiva*— *Lok* (occupied space) has innumerable space-points. The number of space-points of a soul is equal to that of the occupied space. When a soul undergoes *Kevali Samudghat* it pervades the whole occupied space with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

its space-points. In other words each of the soul's space-point occupies one space-point of the *Lok*. *(Vritti, leaf 21)*

आठ कर्मप्रकृतियाँ और संसारी जीव EIGHT KARMA SPECIES AND WORLDLY BEING

३१. [प्र.] कति णं भंते ! कम्मपगडीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] **गोयमा ! अट्ठ कम्मपगडीओ पण्णत्ताओ, तं जहा–नाणावरणिज्जं जाव अंतराइयं।**

३१. [प्र.] भगवन् ! कर्मप्रकृतियाँ कितनी कही गई हैं ?

[उ.] गौतम ! कर्मप्रकृतियाँ आठ कही गई हैं। यथा–ज्ञानावरणीय यावत् अन्तराय।

31. [Q.] *Bhante* ! How many *karma* species (*karma-prakriti*) are said to be there ?

[Ans.] Gautam ! *Karma* species are said to be eight—*Jnanavaraniya* (knowledge obscuring) ... and so on up to... *Antaraya* (power hindering).

३२. [प्र. १] नेरइयाणं भंते ! कइ कम्मपगडीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] **गोयमा ! अट्ठ।**

३२. [प्र. १] भगवन् ! नैरयिकों के कितनी कर्मप्रकृतियाँ हैं ?

[उ.] गौतम ! (उनकी) आठ कर्मप्रकृतियाँ हैं।

32. [Q. 1] *Bhante* ! How many *karma* species do infernal beings have ?

[Ans.] Gautam ! (They have) eight *karma* species (*karma-prakriti*).

[२] एवं सव्वजीवाणं अट्ठ कम्मपगडीओ ठावेयव्वाओ जाव वेमाणियाणं।

[२] इसी प्रकार वैमानिकपर्यन्त सभी जीवों की आठ कर्मप्रकृतियों की प्ररूपणा करनी चाहिए।

[Q. 2] In the same way all beings up to *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods) have eight *karma* species (*karma-prakriti*).

३३. [प्र.] नाणावरणिज्जस्स णं भंते ! कम्मस्स केवतिया अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता ?

[उ.] **गोयमा ! अणंता अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता।**

३३. [प्र.] भगवन् ! ज्ञानावरणीयकर्म के कितने अविभाग परिच्छेद कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके अनन्त अविभाग–परिच्छेद कहे गये हैं।

33. [Q.] *Bhante* ! How many ultimate fractions (*avibhaag parichchhed*) *Jnanavaraniya karma* (knowledge obscuring *karma*) is said to have ?

[Ans.] Gautam ! It is said to have infinite ultimate fractions.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४. [प्र.] नेरइयाणं भंते ! णाणावरणिज्जस्स कम्मस्स केवतिया अविभागपलिच्छेया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! अणंता अविभागपलिच्छेदा पण्णत्ता।

३४. [प्र.] भगवन् ! नैरयिकों के ज्ञानावरणीयकर्म के कितने अविभाग–परिच्छेद कहे गये हैं ?

[उ.] गौतम ! उसके अनन्त अविभाग–परिच्छेद कहे गये हैं।

३६. [प्र.] भगवन् ! मनुष्य-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करता हुआ एक मनुष्य क्या सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होता है, अथवा गर्भज मनुष्यों में उत्पन्न होता है ?

[उ.] हे गांगेय ! वह या तो सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होता है अथवा गर्भज मनुष्यों में उत्पन्न होता है।

36. [Q.] *Bhante !* When cne *jiva* (soul) enters the human genus does he take birth among humans of asexual origin or those of placental origin ?

[Ans.] Gangeya ! It either gets born among humans of asexual origin or those of placental origin.

३७. [प्र.] **दो भंते ! मणुस्सा० ? पुच्छा।**

[उ.] **गंगेया ! सम्मुच्छिममणुस्सेसु वा होज्जा, गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु वा होज्जा। अहवा एगे सम्मुच्छिममणुस्सेसु वा होज्जा, एगे गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु वा होज्जा। एवं एएणं कमेणं जहा नेरइयपवेसणए तहा मणुस्सपवेसणए वि भाणियव्वे जाव दस।**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७. [प्र.] भगवन् ! दो मनुष्य, मनुष्य-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करते हुए क्या सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं ? इत्यादि (पूर्ववत्) प्रश्न।

[उ.] गांगेय ! दो मनुष्य या तो सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं, अथवा गर्भज मनुष्यों में होते हैं। अथवा एक सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में और एक गर्भज मनुष्यों में होता है। इस क्रम से जिस प्रकार नैरयिक-प्रवेशनक कहा, उसी प्रकार मनुष्य-प्रवेशनक भी कहना चाहिए। यावत् दस मनुष्यों तक कहना चाहिए।

37. [Q.] *Bhante !* When two *jivas* (souls) enter the human genus do they take birth among humans of asexual origin or those of placental origin ? (and other questions)

[Ans.] Gangeya ! They both get born either among humans of asexual origin or those of placental origin. Or one is born among humans of asexual origin and the other among those of placental origin. As has been stated with regard to entrance among infernal beings, the same should be repeated for the entrance among human beings ... and so on up to... entrance for ten human beings.

३८. [प्र.] संखेज्जा भंते ! मणुस्सा० ? पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सम्मुच्छिममणुस्सेसु वा होज्जा गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु वा होज्जा। अहवा एगे सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा, संखेज्जा गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा। अहवा दो सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा, संखेज्जा गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा। एवं एक्केक्कं ओसारिंतेसु जाव अहवा संखेज्जा सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा, संखेज्जा गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा।

३८. [प्र.] भगवन् ! संख्यात मनुष्य, मनुष्य-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करते हुए सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं ? इत्यादि प्रश्न।

[उ.] गांगेय ! वे सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं, अथवा गर्भज मनुष्यों में होते हैं। अथवा एक सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होता है और संख्यात गर्भज मनुष्यों में होते हैं। अथवा दो सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं और संख्यात गर्भज मनुष्यों में होते हैं। इस प्रकार उत्तरोत्तर एक-एक बढ़ाते हुए यावत् संख्यात सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में और संख्यात गर्भज मनुष्यों में होते हैं।

38. [Q.] *Bhante !* When countable (*sankhyat*) *jivas* (souls) enter the human genus do they take birth among humans of asexual origin or those of placental origin ? (and other questions)

[Ans.] Gangeya ! All the countable *jivas* together get born either among humans of asexual origin or those of placental origin. Or one is born among humans of asexual origin and countable among those of placental origin. In this sequence keep on adding one human being ... and so on up to... Or countable are born among humans of asexual origin and countable among those of placental origin.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९. [प्र.] असंखेज्जा भंते ! मणुस्सा० पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सव्वे वि ताव सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा। अहवा असंखेज्जा सम्मुच्छिममणुस्सेसु, एगे गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा। अहवा असंखेज्जा सम्मुच्छिममणुस्सेसु, दो गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा। एवं जाव असंखेज्जा सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा, संखेज्जा गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु होज्जा।

३९. [प्र.] भगवन् ! असंख्यात मनुष्य, मनुष्य-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करते हुए, इत्यादि प्रश्न।

[उ.] गांगेय ! वे सभी सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं। अथवा असंख्यात सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं और एक गर्भज मनुष्यों में होता है। अथवा असंख्यात सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं और दो गर्भज मनुष्यों में होते हैं। अथवा इस प्रकार यावत् असंख्यात सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं और संख्यात गर्भज मनुष्यों में होते हैं।

39. [Q.] *Bhante !* When innumerable (*asankhyat*) *jivas* (souls) enter the human genus do they take birth among humans of asexual origin or those of placental origin ? (and other questions)

[Ans.] Gangeya ! All the innumerable *jivas* together get born among humans of asexual origin. Or innumerable are born among humans of asexual origin and one among those of placental origin. Or innumerable are born among humans of asexual origin and two among those of placental origin. ... and so on up to... Or innumerable are born among humans of asexual origin and countable among those of placental origin.

विवेचन : मनुष्य-प्रवेशनक के प्रकार और भंग-मनुष्य-प्रवेशनक के दो प्रकार हैं-सम्मूर्च्छिम-मनुष्य-प्रवेशनक और गर्भज-मनुष्य-प्रवेशनक। इन दोनों की अपेक्षा एक से लेकर संख्यात तक भंग पूर्ववत् समझना चाहिए। संख्यात पद में द्विकसंयोगी भंग पूर्ववत् ११ ही होते हैं। असंख्यात पद में पहले बारह विकल्प बताये गये हैं, लेकिन यहाँ ११ ही विकल्प (भंग) होते हैं; क्योंकि यदि सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में असंख्यातपन की तरह गर्भज मनुष्यों में भी असंख्यातपन होता, तभी बारह भंग बन सकते थे, किन्तु गर्भज मनुष्य असंख्यात नहीं होते। अतएव उनके प्रवेशनक में असंख्यातपन नहीं हो सकता।

Elaboration—There are two types of *Manushya-praveshanak* (entrance into human genus)—*Sammurchhim Manushya-praveshanak* (entrance into the human genus of asexual origin) and *Garbhaj Manushya-praveshanak* (entrance into the human genus of placental origin). Alternative combinations related to these follow the aforesaid pattern for numbers from one to countable. With regard to countable number there are eleven alternatives like preceding classes of beings. As regards innumerable beings earlier twelve alternatives are mentioned but here only eleven are possible. This is because placental human beings are never innumerable.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्कृष्ट रूप से मनुष्य-प्रवेशनक प्ररूपणा ALTERNATIVES FOR MAXIMUM NUMBER OF HUMANS

४०. [प्र.] उक्कोसा भंते ! मणुस्सा० ? पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सव्वे ति ताव सम्मुच्छिममणुस्सेसु होज्जा। अहवा सम्मुच्छिममणुस्सेसु य गब्भवक्कंतियमणुस्सेसु वा होज्जा।

४०. [प्र.] भगवन् ! मनुष्य उत्कृष्ट रूप से किस प्रवेशनक में होते हैं ? इत्यादि प्रश्न।

[उ.] गांगेय ! वे सभी सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में होते हैं। अथवा सम्मूर्च्छिम मनुष्यों में और गर्भज मनुष्यों में होते हैं।

40. [Q.] *Bhante !* Now the same question about entrance of maximum number (*utkrisht*) of humans ?

[a.] Gangeya ! Either all maximum (*utkrisht*) number of *jivas* get born among humans of asexual origin. Or among humans of asexual origin and those of placental origin.

मनुष्य-प्रवेशनकों का अल्पबहुत्व COMPARATIVE NUMBERS OF HUMANS

४१. [प्र.] एयस्स णं भंते ! सम्मुच्छिममणुस्सपवेसणगस्स गब्भवक्कंतियमणुस्सपवेसणगस्स य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा? बहुया वा? तुल्ला वा? विसेसाहिए वा?

[उ.] गंगेया ! सव्वत्थोवे गब्भवक्कंतियमणुस्सपवेसणए, सम्मुच्छिममणुस्सपवेसणए असंखेज्जगुणे।

४१. [प्र.] भगवन् ! सम्मूर्च्छिम-मनुष्य-प्रवेशनक और गर्भज-मनुष्य-प्रवेशनक, इन (दोनों) में से कौन किससे अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[उ.] गांगेय ! सबसे थोड़े गर्भज-मनुष्य-प्रवेशनक हैं, उनसे सम्मूर्च्छिम-मनुष्य-प्रवेशनक असंख्यातगुणे हैं।

41. [Q.] *Bhante* ! Of the (aforesaid) entries among human beings, *Sammurchhim Manushya-praveshanak* (entrance into the human genus of asexual origin) and *Garbhaj Manushya-praveshanak* (entrance into the human genus of placental origin), which of the entries are comparatively less, more, equal and much more ?

[Ans.] Gangeya ! Minimum are entries (*praveshanak*) among human beings of placental origin. Innumerable times more than these are entries among human beings of asexual origin.

देव-प्रवेशनक : प्रकार और भंग DEV-PRAVESHANAK—TYPES AND ALTERNATIVES

४२. [प्र.] देवपवेसणए णं भंते ! कतिविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गंगेया ! चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—भवणवासिदेवपवेसणए जाव वेमाणियदेवपवेसणए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२. [प्र.] भगवन् ! देव-प्रवेशनक कितने प्रकार का कहा गया है ?

[उ.] गांगेय ! वह चार प्रकार का कहा गया है-(१) भवनवासी-देव-प्रवेशनक, (२) वाणव्यन्तर-देव-प्रवेशनक, (३) ज्योतिष्क-देव-प्रवेशनक, और (४) वैमानिक-देव-प्रवेशनक।

42. [Q.] *Bhante !* How many types of *Dev-praveshanak* (entrance into divine realm) are there ?

[Ans.] Gangeya ! *Dev-praveshanak* (entrance into divine realm) are said to be of four types – (1) *Bhavan-vaasi Dev-praveshanak* (entrance into the realm of abode-dwelling gods), (2) *Vanavyantar Dev-praveshanak* (entrance into the realm of interstitial gods), (3) *Jyotishk Dev-praveshanak* (entrance into the realm of stellar gods), and (4) *Vaimanik Dev-praveshanak* (entrance into the realm of celestial-vehicular gods).

४३. [प्र.] एगे भंते ! देवे देवपवेसणए णं पविसमाणे किं भवणवासीसु होज्जा वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु होज्जा ?

[उ.] गंगेया ! भवणवासीसु वा होज्जा वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु वा होज्जा।

४३. [प्र.] भगवन् ! एक देव, देव-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करता हुआ क्या भवनवासी देवों में होता है, वाणव्यन्तर देवों में होता है, ज्योतिष्क देवों में होता है अथवा वैमानिक देवों में होता है ?

[उ.] गांगेय ! एक देव, देव-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करता हुआ, भवनवासी देवों में होता है, अथवा वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क अथवा वैमानिक देवों में होता है।

43. [Q.] *Bhante !* When one *jiva* (soul) enters the divine realm does he take birth among *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods), *Vanavyantar devs* (interstitial gods), *Jyotishk devs* (stellar gods), or *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods) ?

[Ans.] Gangeya ! It either gets born among *Bhavan-vaasi Devs* (abode-dwelling gods), or *Vanavyantar Devs* (interstitial gods), or *Jyotishk Devs* (stellar gods), or *Vaimanik Devs* (celestial-vehicular gods).

४४. [प्र.] दो भंते ! देवा देवपवेसणए० पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! भवणवासीसु वा होज्जा, वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिएसु वा होज्जा। अहवा एगे भवणवासीसु, एगे वाणमंतरेसु होज्जा। एवं जहा तिरिक्खजोणियपवेसणए तहा देवपवेसणए वि भाणियव्वे जाव असंखिज्ज त्ति।

४४. [प्र.] भगवन् ! दो देव, देव-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करते हुए क्या भवनवासी देवों में, इत्यादि (पूर्ववत्) प्रश्न।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[उ.] गांगेय ! वे भवनवासी देवों में होते हैं, अथवा वाणव्यन्तर देवों में होते हैं, या ज्योतिष्क देवों में होते हैं, अथवा वैमानिक देवों में होते हैं। अथवा एक भवनवासी देवों में होता है और एक वाणव्यन्तर देवों में होता है। जिस प्रकार तिर्यञ्चयोनिक-प्रवेशनक कहा, उसी प्रकार देव-प्रवेशनक भी कहना चाहिए, यावत् असंख्यात देव-प्रवेशनक तक कहना चाहिए।

44. [Q.] *Bhante !* When two *jivas* (souls) enter the divine realm do they take birth among *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods) etc. ?

[Ans.] Gangeya ! They both get born either among *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods), *Vanavyantar devs* (interstitial gods), *Jyotishk devs* (stellar gods), or *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods). Or one is born among *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods) and the other among *Vanavyantar devs* (interstitial gods). As has been stated with regard to entrance among infernal beings, the same should be repeated for the entrance among divine beings ... and so on up to... entrance for innumerable divine beings (*asankhyat Dev-praveshanak).*

उत्कृष्ट रूप से देव-प्रवेशनक प्ररूपणा ALTERNATIVES FOR MAXIMUM NUMBER OF DIVINE BEINGS

४५. [प्र.] उक्कोसा भंते ! पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सव्वे वि ताव जोइसिएसु होज्जा।

अहवा जोइसिय-भवणवासीसु य होज्जा। अहवा जोइसिय-वाणमंतरेसु य होज्जा। अहवा जोइसिय-वेमाणिएसु य होज्जा।

अहवा जोइसिएसु य भवणवासीसु य वाणमंतरेसु य होज्जा। अहवा जोइसिएसु य भवणवासीसु य वेमाणिएसु य होज्जा। अहवा जोइसिएसु य वाणमंतरेसु य वेमाणिएसु य होज्जा।

अहवा जोइसिएसु य भवणवासीसु य वाणमंतरेसु य वेमाणिएसु य होज्जा।

४५. [प्र.] भगवन् ! उत्कृष्ट रूप से देव, देव-प्रवेशनक द्वारा प्रवेश करते हुए किन देवों में होते हैं ? इत्यादि प्रश्न।

[उ.] गांगेय ! वे सभी ज्योतिष्क देवों में होते हैं। (क्योंकि ज्योतिष्क देव सबसे ज्यादा हैं)

अथवा ज्योतिष्क और भवनवासी देवों में होते हैं, अथवा ज्योतिष्क और वाणव्यन्तर देवों में होते हैं, अथवा ज्योतिष्क और वैमानिक देवों में होते हैं।

अथवा ज्योतिष्क, भवनवासी और वाणव्यन्तर देवों में होते हैं, अथवा ज्योतिष्क, भवनवासी और वैमानिक देवों में होते हैं, अथवा ज्योतिष्क, वाणव्यन्तर और वैमानिक देवों में होते हैं।

अथवा ज्योतिष्क, भवनवासी, वाणव्यन्तर और वैमानिक देवों में होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

45. [Q.] *Bhante !* Now the same question about entrance of maximum number (*utkrisht*) of divine beings ?

[a] Gangeya ! Either all maximum (*utkrisht*) number of *jivas* get born among *Jyotishk devs* (stellar gods). Or among *Jyotishk devs* (stellar gods) and *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods), or *Jyotishk devs* (stellar gods) and *Vanavyantar devs* (interstitial gods), or *Jyotishk devs* (stellar gods) and *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods). Or among *Jyotishk devs* (stellar gods), *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods) and *Vanavyantar devs* (interstitial gods), or *Jyotishk devs* (stellar gods), *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods), and *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods). Or among *Jyotishk devs* (stellar gods), *Vanavyantar devs* (interstitial gods) and *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods). Or among *Jyotishk devs* (stellar gods), *Bhavan-vaasi devs* (abode-dwelling gods), *Vanavyantar devs* (interstitial gods) and *Vaimanik devs* (celestial-vehicular gods).

भवनवासी आदि देवों के प्रवेशनकों का अल्पबहुत्व COMPARATIVE NUMBERS OF DIVINE BEINGS

४६. [प्र.] एयस्स णं भंते ! भवणवासिदेवपवेसणगस्स वाणमंतरदेवपवेसणगस्स जोइसियदेवपवेसणगस्स वेमाणियदेवपवेसणगस्स य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिए वा ?

[उ.] गंगेया ! सव्वत्थोवे वेमाणियदेवपवेसणए, भवणवासिदेवपवेसणए असंखेज्जगुणे, वाणमंतरदेवपवेसणए असंखेज्जगुणे, जोइसियदेवपवेसणए संखेज्जगुणे।

४६. [प्र.] भगवन् ! भवनवासीदेव-प्रवेशनक, वाणव्यन्तरदेव-प्रवेशनक, ज्योतिष्कदेव-प्रवेशनक और वैमानिकदेव-प्रवेशनक; इन चारों प्रवेशनकों में से कौन प्रवेशनक किस प्रवेशनक से अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[उ.] गांगेय ! सबसे थोड़े वैमानिकदेव-प्रवेशनक हैं, उनसे भवनवासीदेव-प्रवेशनक असंख्यातगुणे हैं, उनसे वाणव्यन्तरदेव-प्रवेशनक असंख्यातगुणे हैं और उनसे ज्योतिष्कदेव-प्रवेशनक संख्यातगुणे हैं।

46. [Q.] *Bhante* ! Of the (aforesaid) entries among divine beings, *Bhavan-vaasi Dev-praveshanak* (entrance into the realm of abode-dwelling gods), *Vanavyantar Dev-praveshanak* (entrance into the realm of interstitial gods), *Jyotishk Dev-praveshanak* (entrance into the realm of stellar gods), and *Vaimanik Dev-praveshanak* (entrance into the realm of celestial-vehicular gods), which of the entries are comparatively less, more, equal and much more ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gangeya ! Minimum are entries into the realm of celestial-vehicular gods (*Vaimanik Dev-praveshanak*), innumerable times more than these are entries into the realm of abode-dwelling gods (*Bhavan-vaasi Dev-praveshanak*), innumerable times more than these are entries into the realm of interstitial gods (*Vanavyantar Dev-praveshanak*), and countable times more than these are entries into the realm of stellar gods (*Jyotishk Dev-praveshanak*).

नारक–तिर्यञ्च–मनुष्य–देव प्रवेशनकों का अल्पबहुत्व COMPARATIVE NUMBERS OF ALL BEINGS

४७. [प्र.] एयस्स णं भंते ! नेरइयपवेसणगस्स तिरिक्ख० मणुस्स० देवपवेसणगस्स य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा जाव विसेसाहिए वा ?

[उ.] गंगेया ! सव्वत्थोवे मणुस्सपवेसणए, नेरइयपवेसणए असंखेज्जगुणे, देवपवेसणए असंखेज्जगुणे, तिरिक्खजोणियपवेसणए असंखेज्जगुणे।

४७. [प्र.] भगवन् ! इन नैरयिक–प्रवेशनक, तिर्यञ्चयोनिक–प्रवेशनक, मनुष्य–प्रवेशनक और देव–प्रवेशनक; इन चारों में से कौन किससे अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[उ.] गांगेय ! सबसे अल्प मनुष्य–प्रवेशनक है, उससे नैरयिक–प्रवेशनक असंख्यातगुणा है और उससे देव–प्रवेशनक असंख्यातगुणा है, और उससे तिर्यञ्चयोनिक–प्रवेशनक असंख्यातगुणा है।

47. [Q.] *Bhante* ! Of the (aforesaid) entries among infernal beings, animals, humans and divine beings (*Nairayik-praveshanak*, *Tiryagyonik-praveshanak*, *Manushya-praveshanak* and *Dev-praveshanak)* which of the entries are comparatively less, more, equal and much more ?

[Ans.] Gangeya ! Minimum are entries into the human genus (*Manushya-praveshanak*), innumerable times more than this are entries into the infernal world (*Nairayik-praveshanak*), innumerable times more than this are entries into the divine realm (*Dev-praveshanak*) and innumerable times more than this are entries into the animal world (*Tiryagyonik-praveshanak*).

विवेचन : चारों गतियों के जीवों के प्रवेशनकों का अल्पबहुत्व—सबसे अल्प मनुष्य–प्रवेशनक हैं, क्योंकि मनुष्य सिर्फ मनुष्य क्षेत्र में ही हैं, जोकि बहुत ही अल्प हैं। उससे नैरयिक–प्रवेशनक असंख्यातगुणा हैं, क्योंकि नरक में जाने वाले जीव असंख्यातगुण हैं। इसी प्रकार देव–प्रवेशनक और तिर्यञ्चयोनिक–प्रवेशनक के विषय में समझना चाहिए।

Elaboration—Comparative numbers of entries of beings in four genuses – Minimum of these are the entries into the human genus. This is because humans exist only in a comparatively small area that is called *Manushya Kshetra* (area of humans). Innumerable times more than this are entries into the infernal world, because a very large number of souls are reborn in hells. The same sequence is followed by entries into divine realms and animal world.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४८. [प्र.] संतरं भंते ! नेरइया उववज्जंति ? निरंतरं नेरइया उववज्जंति ? संतरं असुरकुमारा उववज्जंति ? निरंतरं असुरकुमारा जाव संतरं वेमाणिया उववज्जंति ? निरंतरं वेमाणिया उववज्जंति ? संतरं नेरइया उव्वट्टंति ? निरंतरं नेरइया उव्वट्टंति ? जाव संतरं वाणमंतरा उव्वट्टंति ? निरंतरं वाणमंतरा उव्वट्टंति ? संतरं जोइसिया चयंति ? निरंतरं जोइसिया चयंति ? संतरं वेमाणिया चयंति ? निरंतरं वेमाणिया चयंति ?

[उ.] गंगेया ! संतरं पि नेरइया उववज्जंति, निरंतरं पि नेरइया उववज्जंति जाव संतरं पि थणियकुमारा उववज्जंति, निरंतरं पि थणियकुमारा उववज्जंति। नो संतरं पुढविक्काइया उववज्जंति, निरंतरं पुढविक्काइया उववज्जंति; एवं जाव वणस्सइकाइया। सेसा जहा नेरइया जाव संतरं पि वेमाणिया उववज्जंति, निरंतरं पि वेमाणिया उववज्जंति। संतरं पि नेरइया उव्वट्टंति, निरंतरं पि नेरइया उव्वट्टंति; एवं जाव थणियकुमारा। नो संतरं पुढविक्काइया उव्वट्टंति, निरंतरं पुढविक्काइया उव्वट्टंति; एवं जाव वणस्सइकाइया। सेसा जहा नेरइया, नवरं जोइसिय-वेमाणिया चयंति अभिलावो, जाव संतरं पि वेमाणिया चयंति, निरंतरं पि वेमाणिया चयंति।

४८. [प्र.] भगवन् ! नैरयिक सान्तर (अन्तरसहित) उत्पन्न होते हैं या निरन्तर (लगातार) उत्पन्न होते हैं? असुरकुमार सान्तर उत्पन्न होते हैं अथवा निरन्तर? यावत् वैमानिक देव सान्तर उत्पन्न होते हैं या निरन्तर? (इसी तरह) नैरयिक का उद्वर्तन सान्तर होता है अथवा निरन्तर? यावत् वाणव्यन्तर देवों का उद्वर्तन सान्तर होता है या निरन्तर? ज्योतिष्क देवों का सान्तर च्यवन होता है या निरन्तर? वैमानिक देवों का सान्तर च्यवन होता है या निरन्तर?

[उ.] हे गांगेय ! नैरयिक सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी, यावत् स्तनितकुमार सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी उत्पन्न होते हैं। पृथ्वीकायिक जीव सान्तर उत्पन्न नहीं होते, परन्तु निरन्तर ही उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार यावत् वनस्पतिकायिक जीव सान्तर उत्पन्न नहीं होते, किन्तु निरन्तर उत्पन्न होते हैं। शेष सभी जीव नैरयिक जीवों के समान सान्तर भी उत्पन्न होते हैं, निरन्तर भी, यावत् वैमानिक देव सान्तर भी उत्पन्न होते हैं और निरन्तर भी। नैरयिक जीव सान्तर भी उद्वर्तन करते हैं, निरन्तर भी। इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमारों तक कहना चाहिए। पृथ्वीकायिक जीव सान्तर नहीं उद्वर्तते, निरन्तर उद्वर्तित होते हैं। इसी प्रकार यावत् वनस्पतिकायिकों तक कहना चाहिए। शेष सभी जीवों का कथन नैरयिकों के समान जानना चाहिए। इतना विशेष है कि ज्योतिष्क देव और वैमानिक देव च्यवते हैं, ऐसा पाठ (अभिलाप) कहना चाहिए यावत् वैमानिक देव सान्तर भी च्यवते हैं और निरन्तर भी।

48. [Q.] *Bhante !* Are infernal beings born (*upapaad*) with a gap or continuously without a gap ? Are *Asur Kumar* gods born (*upapaad*) with a gap or continuously without a gap ? ... and so on up to... Are Celestial-vehicular gods born (*upapaad*) with a gap or continuously without a gap?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

In the same way do infernal beings die with a gap or continuously without a gap ? ... and so on up to... Do Interstitial gods (*Vanavyantar Devs*) die with a gap or continuously without a gap ? Do Stellar gods (*Jyotishk Devs*) die with a gap or continuously without a gap ? Do Celestial-vehicular gods (*Vaimanik Devs*) die with a gap or continuously without a gap ?

[**Ans.**] Gangeya ! Infernal beings are born (*upapaad*) with a gap as well as continuously without a gap. ... and so on up to... *Stanit Kumar* gods too are born (*upapaad*) with a gap as well as continuously without a gap. Earth-bodied beings are not born (*upapaad*) with a gap but continuously without a gap. In the same way, ... and so on up to... plant-bodied beings are not born (*upapaad*) with a gap but continuously without a gap. All the remaining living beings, like infernal beings, are born (*upapaad*) with a gap as well as continuously without a gap. ... and so on up to... Celestial-vehicular gods too are born (*upapaad*) with a gap as well as continuously without a gap.

Infernal beings die (*udvartan*) with a gap as well as continuously without a gap. ... and so on up to... *Stanit Kumar* gods too die (*udvartan*) with a gap as well as continuously without a gap. Earth-bodied beings do not die (*udvartan*) with a gap but continuously without a gap. In the same way, ... and so on up to... plant-bodied beings do not die (*udvartan*) with a gap but continuously without a gap. All the remaining living beings, like infernal beings, die (*udvartan*) with a gap as well as continuously without a gap. The only difference is that in case of Stellar and Celestial-vehicular gods mention 'descend' instead of 'die' ... and so on up to... Celestial-vehicular gods too descend (*chyavan*) with a gap as well as continuously without a gap.

विवेचन : शंका–समाधान–यहाँ शंका उपस्थित होती है कि नैरयिक आदि की उत्पत्ति के सान्तर–निरन्तर आदि तथा उद्वर्तनादि का कथन प्रवेशनक–प्रकरण से पूर्व किया ही था, फिर यहाँ पुनः सान्तर–निरन्तर आदि का कथन क्यों किया गया है ? इसका समाधान यह है कि यहाँ पुनः सान्तर आदि का निरूपण नारकादि सभी जीवों के भेदों का सामुदायिक रूप से सामूहिक उत्पाद एवं उद्वर्तन की दृष्टि से किया गया है।

Elaboration—A doubt - Birth and death with and without gap of infernal and other beings has already been discussed before the topic of entrances. Why then the same has been mentioned once again ? The reason for this is that here it is given with regard to birth and death of all classes of living beings grouped together.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४९. [प्र.] **सओ भंते ! नेरइया उववज्जंति ? असओ भंते ! नेरइया उववज्जंति ?**

[उ.] **गंगेया ! सओ नेरइया उववज्जंति, नो असओ नेरइया उववज्जंति। एवं जाव वेमाणिया।**

४९. [प्र.] भगवन् ! सत् (विद्यमान) नैरयिक जीव उत्पन्न होते हैं या असत् (अविद्यमान) नैरयिक उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गांगेय ! सत् नैरयिक उत्पन्न होते हैं, असत् नैरयिक उत्पन्न नहीं होते। इसी प्रकार यावत् वैमानिक तक जानना चाहिए।

49. [Q.] *Bhante !* Are the existent (*sat*) infernal beings born ? Or are the non-existent (*asat*) infernal beings born ?

[Ans.] Gangeya ! Only the existent (*sat*) infernal beings are born and not the non-existent (*asat*) infernal beings. The same holds good ... and so on up to... *Vaimaniks* (celestial-vehicular gods).

५०. [प्र.] **सओ भंते ! नेरइया उव्वट्टंति, असओ नेरइया उव्वट्टंति ?**

[उ.] **गंगेया ! सओ नेरइया उव्वट्टंति, नो असओ नेरइया उव्वट्टंति। एवं जाव वेमाणिया, नवरं जोइसिय-वेमाणिएसु 'चयंति' भाणियव्वं।**

५०. [प्र.] भगवन् ! सत् नैरयिक उद्वर्तते हैं या असत् नैरयिक उद्वर्तते हैं ?

[उ.] गांगेय ! सत् नैरयिक उद्वर्तते हैं, किन्तु असत् नैरयिक उद्ववर्तिते नहीं होते। इसी प्रकार यावत् वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए। विशेष इतना ही है कि ज्योतिष्क और वैमानिक देवों के लिए 'च्यवते हैं', ऐसा कहना चाहिए।

50. [Q.] *Bhante !* Do the existent (*sat*) infernal beings die ? Or do the non-existent (*asat*) infernal beings die ?

[Ans.] Gangeya ! Only the existent (*sat*) infernal beings die and not the non-existent (*asat*) infernal beings. The same holds good ... and so on up to... *Vaimaniks* (celestial-vehicular gods). The only difference is that for *Jyotishks* and*Vaimaniks* state descend instead of die.

५१. [प्र. १] **सओ भंते ! नेरइया उववज्जंति, असओ नेरइया उववज्जंति? सओ असुरकुमारा उववज्जंति जाव सओ वेमाणिया उववज्जंति, असओ वेमाणिया उववज्जंति? सओ नेरइया उव्वट्टंति, असओ नेरइया उव्वट्टंति? सओ असुरकुमारा उव्वट्टंति जाव सओ वेमाणिया चयंति, असओ वेमाणिया चयंति?**

[उ.] **गंगेया ! सओ नेरइया उववज्जंति, नो असओ नेरइया उववज्जंति, सओ असुरकुमारा उववज्जंति, नो असओ असुरकुमारा उववज्जंति, जाव सओ वेमाणिया उववज्जंति, नो असओ वेमाणिया उववज्जंति। सओ नेरइया उव्वट्टंति, नो असओ नेरइया उव्वट्टंति; जाव सओ वेमाणिया चयंति, नो असओ वेमाणिया चयंति।**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१. [प्र. १] भगवन् ! नैरयिक जीव, सत् नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं या असत् नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं ? असुरकुमार देव, सत् असुरकुमार देवों में उत्पन्न होते हैं या असत् असुरकुमार देवों में ? इसी प्रकार यावत् सत् वैमानिक में उत्पन्न होते हैं या असत् वैमानिकों में ? तथा सत् नैरयिकों में से उद्वर्तते हैं या असत् नैरयिकों में से ? सत् असुरकुमारों में से उद्वर्तते हैं यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं या असत् वैमानिकों में से च्यवते हैं ?

[उ.] गांगेय ! नैरयिक जीव सत् नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं, किन्तु असत् नैरयिकों में उत्पन्न नहीं होते। सत् असुरकुमारों में उत्पन्न होते हैं, असत् असुरकुमारों में नहीं। इसी प्रकार यावत् सत् वैमानिकों में उत्पन्न होते हैं, असत् वैमानिकों में नहीं। (इसी प्रकार) सत् नैरयिकों में से उद्वर्तते हैं, असत् नैरयिकों में से नहीं। यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं, असत् वैमानिकों में से नहीं।

51. [Q. 1] *Bhante* ! Are infernal beings born among the existent infernal beings or the non-existent infernal beings ? Are *Asur Kumar* gods born among the existent *Asur Kumar* gods or the non-existent *Asur Kumar* gods ? ... and so on up to... Are *Vaimanik* gods born among the existent *Vaimanik* gods or the non-existent *Vaimanik* gods ? And do infernal beings die from among the existent infernal beings or the non-existent infernal beings ? Do *Asur Kumar* gods die from among the existent *Asur Kumar* gods or the non-existent *Asur Kumar* gods ? ... and so on up to... Do *Vaimanik* gods descend from among the existent *Vaimanik* gods or the non-existent *Vaimanik* gods ?

[Ans.] Gangeya ! Infernal beings are born among the existent infernal beings and not among the non-existent infernal beings. *Asur Kumar* gods are born among the existent *Asur Kumar* gods and not among the non-existent *Asur Kumar* gods. ... and so on up to... *Vaimanik* gods are born among the existent *Vaimanik* gods and not among the non-existent *Vaimanik* gods. And infernal beings die from among the existent infernal beings and not from among the non-existent infernal beings. ... and so on up to... *Vaimanik* gods descend from among the existent *Vaimanik* gods and not from among the non-existent *Vaimanik* gods.

५१. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ सओ नेरइया उववज्जंति, नो असओ नेरइया उववज्जंति; जाव सओ वेमाणिया चयंति, नो असओ वेमाणिया चयंति ?

[उ.] से नूणं गंगेया ! पासेणं अरहया पुरिसादाणीएणं सासए लोए बुइए, अणाईए अणवयग्गे जहा पंचमे सए (स. ५, उ. ९, सु. १४ [२]) जाव जे लोक्कइ से लोए, से तेणट्ठेणं गंगेया ! एवं वुच्चइ जाव सओ वेमाणिया चयंति, नो असओ वेमाणिया चयंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि नैरयिक सत् नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं, असत् नैरयिकों में नहीं। इसी प्रकार यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं, असत् वैमानिकों में से नहीं ?

[उ.] गांगेय ! निश्चित ही पुरुषादानीय अरह (अर्हन्) श्री पार्श्वनाथ ने लोक को शाश्वत, अनादि और अनन्त कहा है इत्यादि, पंचम शतक के नौवें उद्देशक में कहे अनुसार जानना चाहिए, यावत् जो अवलोकन किया जाए, उसे लोक कहते हैं। इस कारण, हे गांगेय ! ऐसा कहा जाता है कि यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं, असत् वैमानिकों में से नहीं।

51. [Q. 2] *Bhante !* Why is it said that infernal beings are born among the existent infernal beings and not among the non-existent infernal beings... and so on up to... *Vaimanik* gods descend from among the existent *Vaimanik* gods and not from among the non-existent *Vaimanik* gods ?

[Ans.] Gangeya ! Arhat Parshva, the best among men (*Purushadaniya*) has called the *Lok* (occupied space or universe) eternal, without a beginning and without an end... (quote from the ninth lesson of the fifth chapter) ... and so on up to... what is visible is the *Lok*. That is the reason, Gangeya ! it said ... and so on up to... *Vaimanik* gods descend from among the existent *Vaimanik* gods and not from among the non-existent *Vaimanik* gods.

विवेचन : सत् ही उत्पन्न होने आदि का रहस्य—सत् अर्थात् द्रव्यार्थतया विद्यमान नैरयिक आदि ही नैरयिक आदि में उत्पन्न होते हैं, सर्वथा असत् (अविद्यमान) द्रव्य तो कोई भी उत्पन्न नहीं होता, क्योंकि वह तो गधे के सींग के समान असत् है। इन जीवों में सत्त्व (विद्यमानत्व या अस्तित्व) जीवद्रव्य की अपेक्षा से, अथवा नारक-पर्याय की अपेक्षा से समझना चाहिए, क्योंकि भावी नारक-पर्याय की अपेक्षा से द्रव्यतः नारक ही नारकों में उत्पन्न होते हैं। अथवा यहाँ से मरकर नरक में जाते समय विग्रहगति में नरकायु का उदय हो जाने से वे जीव भावनारक होकर ही नैरयिकों में उत्पन्न होते हैं।

Elaboration—Explanation of why only existent is born – Only those infernal and other beings that are existent (*sat*) from *dravyarthik naya* (existent material aspect) get born in different respective genuses. No non-existent (in the form under consideration) entity ever takes birth because that is unreal like chimera. Here the existence of these souls is in context of the soul entity as well as the infernal mode. This is because in terms of future mode as infernal beings only infernal beings are born in that realm. Even those souls that end their lives in some other genus and are destined to be born in the infernal realm turn to the infernal state during their passage to infernal realm. Thus they also satisfy the aforesaid theory.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२. [प्र. १] सयं भंते ! एतेवं जाणह उदाहु असयं ? असोच्चा एतेवं जाणह उदाहु सोच्चा 'सओ नेरइया उववज्जंति, नो असओ नेरइया उववज्जंति जाव सओ वेमाणिया चयंति, नो असओ वेमाणिया चयंति ?'

[उ.] गंगेया ! सयं एतेवं जाणामि, नो असयं; असोच्चा एतेवं जाणामि, नो सोच्चा; 'सओ नेरइया उववज्जंति, नो असओ नेरइया उववज्जंति, जाव सओ वेमाणिया चयंति, नो असओ वेमाणिया चयंति।'

५२. [प्र. १] भगवन् ! आप स्वयं इसे इस प्रकार जानते हैं, अथवा अस्वयं जानते हैं ? तथा बिना सुने ही इसे इस प्रकार जानते हैं, अथवा सुनकर जानते हैं कि 'सत् नैरयिक उत्पन्न होते हैं, असत् नैरयिक नहीं ? यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवन होता है, असत् वैमानिकों में से नहीं ?'

[उ.] गांगेय ! यह सब इस रूप में मैं स्वयं जानता हूँ, अस्वयं नहीं तथा बिना सुने ही मैं इसे इस प्रकार जानता हूँ, सुनकर ऐसा नहीं जानता कि सत् नैरयिक उत्पन्न होते हैं, असत् नैरयिक नहीं, यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं, असत् वैमानिकों में से नहीं।

52. [Q. 1] *Bhante !* Do you know yourself, or not yourself, by hearing or not by hearing that 'only the existent (*sat*) infernal beings are born and not the non-existent (*asat*) infernal beings. Descent is only from among the existent (*sat*) *Vaimaniks* and not from among the non-existent (*asat*) *Vaimaniks* ?

[Ans.] Gangeya ! I know all this myself and not otherwise, not by hearing but without hearing that 'only the existent (*sat*) infernal beings are born and not the non-existent (*asat*) infernal beings. Descent is only from among the existent (*sat*) *Vaimaniks* and not from among the non-existent (*asat*) *Vaimaniks*.

५२. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ तं चेव जाव नो असओ वेमाणिया चयंति ?

[उ.] गंगेया ! केवली णं पुरत्थिमेणं मियं पि जाणइ, अमियं पि जाणइ, दाहिणेणं एवं जहा सद्दुद्देसए (स. ५, उ. ४, सु. ४ [२]) जाव निव्वुडे नाणे केवलिस्स, से तेणट्ठेणं गंगेया ! एवं वुच्चइ तं चेव जाव नो असओ वेमाणिया चयंति।

५२. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि मैं स्वयं जानता हूँ, इत्यादि; (पूर्वोक्तवत्) यावत् सत् वैमानिकों में से च्यवते हैं, असत् वैमानिकों में से नहीं ?

[उ.] गांगेय ! केवलज्ञानी पूर्व (दिशा) में मित (मर्यादित) भी जानते हैं, अमित (अमर्यादित) भी जानते हैं। इसी प्रकार दक्षिण (दिशा) में भी जानते हैं। इस प्रकार शब्द-उद्देशक (भगवती, श. ५, उ. ४) में कहे अनुसार कहना चाहिए। यावत् केवली का ज्ञान निरावरण होता है। इसलिए हे गांगेय ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि मैं स्वयं जानता हूँ, इत्यादि; यावत् असत् वैमानिकों में से नहीं च्यवते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

52. [Q. 2] *Bhante !* Why do you say that 'I know all this myself ... and so on up to... Descent is only from among the existent (*sat*) *Vaimaniks* and not from among the non-existent (*asat*) *Vaimaniks*' ?

[**Ans.**] Gangeya ! Omniscients know all things in the east within a limit as well as beyond limit. In the same way they know all things in the south. In the same way quote from the lesson titled *Shabd* (Ch. 5, Lesson 4, aphorism 4/2) ... and so on up to... the knowledge of omniscients has no veil. That is why, Gangeya ! I say that 'I know all this myself ... and so on up to... Descent is only from among the existent (*sat*) *Vaimaniks* and not from among the non-existent (*asat*) *Vaimaniks*'.

नैरयिक आदि की स्वयं उत्पत्ति **BIRTH OF LIVING BEINGS OF THEIR OWN ACCORD**

५३. [प्र. १] **सयं भंते ! नेरइया नेरइएसु उववज्जंति ? असंय नेरइया नेरइएसु उववज्जंति ?**

[उ.] **गंगेया ! सयं नेरइया नेरइएसु उववज्जंति, नो असयं नेरइया नेरइएसु उववज्जंति।**

५३. [प्र. १] हे भगवन् ! क्या नैरयिक, नैरयिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं या अस्वयं उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गांगेय ! नैरयिक, नैरयिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते।

53. [Q. 1] *Bhante !* Do infernal beings get born among infernal beings of their own accord or they get born not of their own accord ?

[**Ans.**] Gangeya ! Infernal beings get born among infernal beings of their own accord and not otherwise.

५३. [प्र. २] **से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव उववज्जंति ?**

[उ.] **गंगेया ! कम्मोदएणं कम्मगुरुयत्ताए कम्मभारियत्ताए कम्मगुरुसंभारियत्ताए, असुभाणं कम्माणं उदएणं, असुभाणं कम्माणं विवागेणं, असुभाणं कम्माणं फलविवागेणं सयं नेरइया नेरइएसु उववज्जंति, नो असयं नेरइया नेरइएसु उववज्जंति, से तेणट्ठेणं गंगेया ! जाव उववज्जंति।**

५३. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा क्यों कहते हैं कि यावत् अस्वयं नहीं उत्पन्न होते ?

[उ.] गांगेय ! कर्म के उदय से, कर्मों की गुरुता के कारण, कर्मों के भारीपन से, कर्मों के अत्यन्त गुरुत्व और भारीपन से, अशुभ कर्मों के उदय से, अशुभ कर्मों के विपाक से तथा अशुभ कर्मों के फलपरिपाक से, नैरयिक, नैरयिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं (परप्रेरित) उत्पन्न नहीं होते। इसी कारण से हे गांगेय ! यह कहा जाता है कि नैरयिक, नैरयिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते। (इस उत्तर में आत्मा का स्व-कर्तत्व स्थापित कर ईश्वर कर्तत्व का निषेध दिया गया है।)

53. [Q. 2] *Bhante !* Why do you say that infernal beings get born among infernal beings of their own accord and not otherwise ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[Ans.] Gangeya ! Infernal beings get born among infernal beings of their own accord due to fruition of *karmas*, due to magnitude of *karmas*, due to mass of *karmas*, due to excessive magnitude and mass of *karmas*, due to fruition of ignoble *karmas*, due to consequence of ignoble *karmas* and due to maturing of fruits of ignoble *karmas* and not otherwise (or not due to influence of some other agency). That is why, Gangeya ! I say that infernal beings get born among infernal beings of their own accord and not otherwise. (This answer establishes action of the self as the cause and negates any outside cause including God.)

५४. [प्र. १] सयं भंते ! असुरकुमारा० ? पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सयं असुरकुमारा जाव उववज्जंति, नो असयं असुरकुमारा जाव उववज्जंति।

५४. [प्र. १] भंते ! असुरकुमार, असुरकुमारों में स्वयं उत्पन्न होते हैं या अस्वयं ? इत्यादि पृच्छा।

[उ.] गांगेय ! असुरकुमार, असुरकुमारों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते।

54. [Q. 1] *Bhante !* Do *Asur Kumar* gods get born among *Asur Kumar* gods of their own accord or they get born not of their own accord ?

[Ans.] Gangeya ! *Asur Kumar* gods get born among *Asur Kumar* gods of their own accord and not otherwise.

५४. [प्र. २] से केणट्ठेणं तं चेव जाव उववज्जंति ?

[उ.] गंगेया ! कम्मोदएणं कम्मविगतीए कम्मविसोहीए कम्मविसुद्धीए, सुभाणं कम्माणं उदएणं, सुभाणं कम्माणं विवागेणं, सुभाणं कम्माणं फलविवागेणं सयं असुरकुमारा असुरकुमारत्ताए उववज्जंति, नो असयं असुरकुमारा असुरकुमारत्ताए उववज्जंति। से तेणट्ठेणं जाव उववज्जंति। एवं जाव थणियकुमारा।

५४. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है कि यावत् अस्वयं उत्पन्न नहीं होते ?

[उ.] हे गांगेय ! कर्म के उदय से, (अशुभ) कर्म के अभाव से, कर्म की विशोधि से, कर्मों की विशुद्धि से, शुभ कर्मों के उदय से, शुभ कर्मों के विपाक से, शुभ कर्मों के फलविपाक से असुरकुमार, असुरकुमारों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते। इसलिए हे गांगेय ! पूर्वोक्त रूप से कहा गया है। इसी प्रकार यावत् स्तनितकुमारों तक जानना चाहिए।

54. [Q. 2] *Bhante !* Why do you say that *Asur Kumar* gods get born among *Asur Kumar* gods of their own accord and not otherwise ?

[Ans.] Gangeya ! *Asur Kumar* gods get born among *Asur Kumar* gods of their own accord due to fruition of *karmas*, due to absence of (ignoble) *karmas*, due to purification of *karmas*, due to purity of *karmas*, due to fruition of noble *karmas*, due to consequence of noble *karmas* and due to maturing of fruits of noble *karmas* and not otherwise (or not due to influence of some other agency). That is why, Gangeya ! I say as aforesaid. The same holds good up to *Stanit Kumar* gods.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५५. [प्र. १] सयं भंते ! पुढविक्काइया० पुच्छा।

[उ.] गंगेया ! सयं पुढविकाइया जाव उववज्जंति, नो असयं पुढविक्काइया जाव उववज्जंति।

५५. [प्र. १] भगवन् ! क्या पृथ्वीकायिक, पृथ्वीकायिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, या अस्वयं उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गांगेय ! पृथ्वीकायिक, पृथ्वीकायिकों में स्वयं यावत् उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते।

55. [Q. 1] *Bhante !* Do earth-bodied beings get born among earth-bodied beings of their own accord or they get born not of their own accord?

[Ans.] Gangeya ! Earth-bodied beings get born among earth-bodied beings of their own accord and not otherwise.

५५. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव उववज्जंति ?

[उ.] गंगेया ! कम्मोदएणं कम्मगुरुयत्ताए कम्मभारियत्ताए कम्मगुरुसंभारित्ताए, सुभासुभाणं कम्माणं उदएणं, सुभासुभाणं कम्माणं विवागेणं, सुभासुभाणं कम्माणं फलविवागेणं सयं पुढविकाइया जाव उववज्जंति, नो असयं पुढविकाइया जाव उववज्जंति। से तेणट्ठेणं जाव उववज्जंति।

५६. एवं जाव मणुस्सा।

५५. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं कि पृथ्वीकायिक स्वयं उत्पन्न होते हैं, इत्यादि ?

[उ.] गांगेय ! कर्म के उदय से, कर्मों की गुरुता से, कर्म के भारीपन से, कर्म के अत्यन्त गुरुत्व और भारीपन से, शुभाशुभ कर्मों के उदय से, शुभाशुभ कर्मों के विपाक से, शुभाशुभ कर्मों के फलविपाक से पृथ्वीकायिक, पृथ्वीकायिकों में उत्पन्न होते हैं, अस्वयं उत्पन्न नहीं होते। इसलिए हे गांगेय ! पूर्वोक्त रूप से कहा गया है।

५६. इसी प्रकार यावत् मनुष्य तक जानना चाहिए।

55. [Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that earth-bodied beings get born among earth-bodied beings of their own accord and not otherwise ?

[Ans.] Gangeya ! Earth-bodied beings get born among earth-bodied beings of their own accord due to fruition of *karmas*, due to magnitude of *karmas*, due to mass of *karmas*, due to excessive magnitude and mass of *karmas*, due to fruition of noble-ignoble *karmas*, due to consequence of noble-ignoble *karmas* and due to maturing of fruits of noble-ignoble *karmas* and not otherwise (or not due to influence of some other agency). That is why, Gangeya ! I say as aforesaid.

56. The same holds good for all living beings up to human beings.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५७. वाणमंतर–जोइसिय–वेमाणिया जहा असुरकुमारा। से तेणट्ठेणं गंगेया ! एवं वुच्चइ–सयं वेमाणिया जाव उववज्जंति, नो असयं जाव उववज्जंति।

५७. जिस प्रकार असुरकुमारों के विषय में कहा, उसी प्रकार वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिकों के विषय में भी जानना चाहिए। इसी कारण से, हे गांगेय ! मैं ऐसा कहता हूँ कि यावत् वैमानिक, वैमानिकों में स्वयं उत्पन्न होते हैं, अस्वयं नहीं होते।

57. *Vanavyantar*, *Jyotishk* and *Vaimanik* gods follow the pattern of *Asur Kumar* gods. That is why, Gangeya ! I say that ... and so on up to... Vaimanik gods get born among infernal beings of their own accord and not otherwise.

विवेचन : जीवों की नारक, देव आदि रूप में स्वयं उत्पत्ति के कारण–(१) कर्मोदयवश, (२) कर्मों की गुरुता से, (३) कर्मों के भारीपन से, (४) कर्मों के गुरुत्व और भारीपन की अतिप्रकर्षावस्था से, (५) कर्मों के उदय से, (६) विपाक से (यानी कर्मों के फलभोग से), अथवा यथाबद्ध रसानुभूति से, फलविपाक से रस की प्रकर्षता से।

उपर्युक्त शब्दों में किञ्चित् अर्थभेद है अथवा ये शब्द एकार्थक हैं। अर्थ के प्रकर्ष को बतलाने के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग किया गया है।

Elaboration—Cause of birth of living beings of their own accord – (1) due to fruition of *karmas* (*karmodaya*), (2) due to magnitude of *karmas* (*karma guruta*), (3) due to mass of *karmas* (*karma sambhaar*), (4) due to excessive magnitude and mass of *karmas*, (5) due to fruition of *karmas*, (6) due to consequence of *karmas* (*vipaak*) and (7) due to maturing of fruits or intensity of *karmas* (*karma phal-vipaak*).

All these terms could be called synonymous as they have only slight differences in their meanings. This variety of words has been used to elaborate the range of meanings the concept covers.

भगवान के सर्वज्ञत्व पर श्रद्धा और पंचमहाव्रत धर्म–स्वीकार

BELIEF IN OMNISCIENCE AND EMBRACING OF THE FIVE-VOW PATH

५८. तप्पभिइं च णं से गंगेये अणगारे समणं भगवं महावीरं पच्चभिजाणइ सव्वण्णू सव्वदरिसी।

५८. तब से अर्थात् इन प्रश्नोत्तरों के समय से गांगेय अनगार ने श्रमण भगवान महावीर को सर्वज्ञ और सर्वदर्शी के रूप में पहचाना।

58. Since this moment (of dialogue) ascetic Gangeya recognized Shraman Bhagavan Mahavir as all knowing and all seeing (omniscient).

५९. तए णं से गंगेये अणगारे समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणयपाहिणं करेइ, करेत्ता वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–इच्छामि णं भंते ! तुब्भं अंतियं चाउज्जामाओ धम्माओ पंचमहव्वइयं एवं जहा कालासवेसियपुत्तो (स. १, उ. ९, सु. २३–२४) तहेव भाणियव्वं जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।

॥ नवम सए: बत्तीसइमो उद्देसओ समत्तो॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५९. इसके पश्चात् गांगेय अनगार ने श्रमण भगवान महावीर को तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की, वन्दन-नमस्कार किया और निवेदन किया-

भगवन् ! मैं आपके पास चातुर्यामरूप धर्म से पंचममहाव्रतरूप धर्म को अंगीकार करना चाहता हूँ। इसका सारा वर्णन संघ प्रवेश, तपस्या और कैवल्य प्राप्ति तक प्रथम शतक के नौवें उद्देशक में कथित कालास्यवेषिकपुत्र अनगार के समान जानना चाहिए। यावत् गांगेय अनगार सिद्ध, बुद्ध, मुक्त यावत् सर्वदुःखों से रहित बने।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है ! हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है !

59. After that ascetic Gangeya went around Shraman Bhagavan Mahavir three times, bowed before him, paid homage and said —

Bhante ! Shifting from my present four-limbed religion, I want to embrace the religion of five great vows and get initiated by you. Quote the details of entry into the order, austerities and attaining omniscience from the story of Kaalashyaveshik-putra in the ninth lesson of the first chapter. ... and so on up to... Ascetic Gangeya became perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), and liberated (*mukta*) to end all miseries.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : प्रस्तुत दो सूत्रों (५८-५९) में यह प्रतिपादन किया गया है कि जब गांगेय अनगार को जिज्ञासा समाधान प्राप्त होने पर भगवान के सर्वज्ञत्व पर दृढ़ विश्वास हो गया, तब उन्होंने भगवान से चातर्यामधर्म के स्थान पर पंचमहाव्रतरूप धर्म स्वीकार किया और क्रमशः सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हुए।

Elaboration—The two aforesaid aphorisms (58-59) inform that on getting his doubts removed by Bhagavan Mahavir, ascetic Gangeya was completely convinced of the omniscience of Bhagavan Mahavir. After that, leaving his four-limbed religion, he embraced Mahavir's religion of five great vows and in due course became perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), and liberated (*mukta*).

॥ नवम शतक : बत्तीसवाँ उद्देशक समाप्त ॥

● END OF THE THIRTY SECOND LESSON OF THE NINTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेत्तीसइमो उद्देसो : 'कुंडग्गामे'

नवम शतक : तेतीसवाँ उद्देशक : कुण्डग्राम (ऋषभदत्त और देवानन्दा)

NAVAM SHATAK (Chapter Ninth) : THIRTY-THIRD LESSON : KUNDAGRAM

[Rishabh-datt and Devananda]

संक्षिप्त परिचय BRIEF INTRODUCTION

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं माहणकुंडग्गामे नयरे होत्था। वण्णओ। बहुसालए चेतिए। वण्णओ।

१. उस काल और उस समय में ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर था। उसका वर्णन नगर-वर्णन के समान समझ लेना चाहिए। वहाँ बहुशाल नामक चैत्य (उद्यान) था। उसका वर्णन भी (औपपातिकसूत्र से) करना चाहिए।

1. During that period of time there was a city called Brahman Kundagram. Description (as in *Aupapatik sutra*). Outside the city there was a Chaitya called Bahushal. Description (as in *Aupapatik sutra*).

२. तत्थ णं माहणकुंडग्गामे नयरे उसभदत्ते नामं माहणे परिवसति-अड्ढे दित्ते वित्ते जाव अपरिभूए। रिउवेद-जजुवेद-सामवेद-अथव्वणवेद जहा खंदओ (स. २, उ. १, सु. १२) जाव अन्नेसु य बहुसु बंभण्णएसु नएसु सुपरिनिट्ठिए समणोवासए अभिगयजीवाजीवे उवलद्धपुण्ण-पावे जाव अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

२. उस ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर में ऋषभदत्त नाम का ब्राह्मण रहता था। वह आढ्य (धनवान्), दीप्त (तेजस्वी), प्रसिद्ध, यावत् अपरिभूत था। वह ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में निपुण था। (शतक २, उद्देशक १, सू. १२ में कथित) स्कन्दक तापस की तरह वह भी ब्राह्मणों के अन्य बहुत से नयों (शास्त्रों) में निष्णात विशेषज्ञ था। वह श्रमणों का उपासक, जीव-अजीव आदि तत्त्वों का ज्ञाता, पुण्य-पाप के तत्त्व को उपलब्ध (हृदयंगम किया हुआ), यावत् आत्मा को भावित करता हुआ विहरण (जीवन-यापन) करता था।

2. In that Brahman Kundagram lived a Brahmin named Rishabh-datt. He was very rich (*aadhya*), opulent (*deept*), famous ... and so on up to... insuperable (*aparibhoot*). He was an expert of four *Vedas* namely *Rigveda*, *Yajurveda*, *Saam-veda*, *Atharvaveda*. Like Skandak Tapas he was a scholar of many other Brahmin scriptures (*Bhagavati Sutra*, Vol.1, 2/1/12). He was a devotee of *Shramans*, understood the fundamental entities including soul and matter, and very much aware of the basics about virtues and vices ... and so on up to... He spent his life enkindling (*bhaavit*) his soul (with ascetic religion and austerities).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 19

Illustration No. 19

ऋषभदत्त और देवानंदा

एक बार भगवान महावीर क्षत्रिय कुंड में पधारे तब ब्राह्मण कुंड निवासी ऋषभदत्त ब्राह्मण और देवानंदा ब्राह्मणी भगवान के दर्शन के लिये समवसरण में आये। भगवान को देखते ही माता देवानंदा के नेत्र आनन्द अश्रुओं से भीग गये। वे इतनी प्रफुल्लित हुई कि उनकी भुजाओं और बाजुबन्दों के कड़े तंग हो टूटकर धरती पर गिर गये। उनके शरीर का रोम-रोम हर्ष से नाच उठा और वात्सल्यता के कारण उनके स्तनों से दूध की धाराएँ बहने लगीं। वे भगवान महावीर को अनिमेष दृष्टि से निहारने लगीं।

गौतम स्वामी भगवान के पास ही विराजित थे। उन्होंने यह दृश्य देखा। ब्राह्मण दम्पत्ति के जाने के पश्चात् उन्होंने भगवान से पूछा—हे भगवन्! इस देवानंदा ब्राह्मणी को किस प्रकार पाना चढ़ा? (स्तनों में से दूध क्यों आ गया?)

भगवान महावीर स्वामी ने कहा—गौतम! ये मेरी माता हैं। मैं इनका आत्मज हूँ। इसलिए पुत्र-स्नेहानुराग से ये इतनी रोमांचित हो गई कि इनको पाना चढ़ आया।

ऋषभदत्त और देवानंदा ने भगवान की देशना सुनी और उन्हें वैराग्य उत्पन्न हो गया। उन्होंने भगवान के पास दीक्षा ग्रहण की और ज्ञान, ध्यान, तप द्वारा आत्मा को भावित करके उसी भव में मोक्ष गये।

—शतक 9, उ. 33

RISHABH-DATT AND DEVANANDA

Once when Bhagavan Mahavir arrived in Kshatriyakund, Rishabh-datt Brahmin and his wife Devananda came to the Samavasaran to pay homage. When she saw Bhagavan eyes of Devananda got wet with tears. Her arms swelled due to excess of joy and her armlets broke and fell. All body-hair danced with joy and due to upsurge of motherly affection she had a natural flow of milk in her breasts. She steadily stared at Bhagavan Mahavir.

Gautam Swami was sitting near Bhagavan and he saw all this. After the Brahmin couple left Gautam asked Bhagavan, "*Bhante!* Why is there ooze of milk from the breasts of this Brahmani Devananda?"

Bhagavan Mahavir replied – "O Gautam! Brahmani Devananda is my mother. I am Devananda's son. That is why out of the natural love for her son there is ooze of milk."

Rishabh-datt and Devananda listened to Bhagavan's sermon and got detached. They got initiated and enkindled their souls by study, meditation and unique austerities. They got liberated in that very birth.

—Shatak-9, lesson-33

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. तस्स णं उसभदत्तमाहणस्स देवाणंदा नामं माहणी होत्था, सुकुमालपाणि-पाया जाव पियदंसणा सुरूवा समणोवासिया अभिगयजीवाजीवा उवलद्धपुण्ण-पावा जाव विहरइ।

३. उस ऋषभदत्त ब्राह्मण की देवानन्दा नाम की ब्राह्मणी (धर्मपत्नी) थी। उसके हाथ-पैर सुकुमाल थे, यावत् उसका दर्शन भी प्रिय था। उसका रूप सुन्दर था। वह श्रमणोपासिका थी, जीव-अजीव आदि तत्त्वों की जानकार थी तथा पुण्य-पाप का मर्म समझने वाली थी यावत् विहरण करती थी।

3. That Brahmin Rishabh-datt had a wife named Devananda. Her limbs were delicate ... and so on up to... she was charming and beautiful. She was a devotee of *Shramans*, understood the fundamental entities including soul and matter, and very much aware of the basics about virtues and vices, ... and so on up to... She spent her life enkindling (*bhaavit*) her soul (with ascetic religion and austerities).

विवेचन : वैशाली के निकट कुण्डपुर नामक छोटा नगर था, जिसके दो उपनगर थे। पश्चिम दिशा में क्षत्रियकुण्ड जो क्षत्रियों का मुख्य केन्द्र था, वहाँ राजा सिद्धार्थ रहते थे। दूसरा पूर्व में ब्राह्मणकुण्ड, जहाँ ब्राह्मणों की अधिक संख्या थी।

इस वर्णन से ज्ञात होता है कि ऋषभदत्त पहले ब्राह्मण-संस्कृति का अनुगामी रहा होगा, साथ ही अपने समाज का मुखिया धनाढ्य भी था। वह चारों वेदों का ज्ञाता तथा अन्य अनेक ब्राह्मण-ग्रन्थों का विद्वान् था। किन्तु बाद में भगवान पार्श्वनाथ के सन्तानीय मुनियों के सम्पर्क से वह श्रमणोपासक बना। श्रमणधर्म का तत्त्वज्ञ हुआ।

Elaboration — Kundapur was a small township near Vaishali. It had two suburbs. The eastern suburb was the main center of *Kshatriyas* (the warrior clans) and was called Kshatriyakund. King Siddharth lived there. The western suburb had a larger population of Brahmins (the priestly clans) and was called Brahmankund.

The aforesaid description informs that originally Rishabh-datt must have been a follower of Brahmin culture. He was also rich and prominent in his society. He was a scholar of the four *Vedas* and many other Brahmin scriptures. But later he must have come in contact with the ascetic followers of Bhagavan Parshvanaath and embraced the *Shraman* religion. In due course he became a scholar of *Shraman* religion.

भगवान की सेवा में वन्दना-पर्युपासनादि के लिए जाने का निश्चय

DECISION TO PAY HOMAGE TO BHAGAVAN MAHAVIR

४. तेणं कालेणं तेणं समएणं सामी समोसढे। परिसा जाव पज्जुवासति।

४. उस काल और उस समय में (श्रमण भगवान महावीर) स्वामी वहाँ पधारे। समवसरण लगा। परिषद् यावत् पर्युपासना करने लगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

4. During that period of time Bhagavan Mahavir arrived there and the religious assembly started. People came out to pay homage and attend the discourse.

५. तए णं से उसभदत्ते माहणे इमीसे कहाए लद्धट्ठे समाणे हट्ठ जाव हियए जेणेव देवाणंदा माहणी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता देवाणंदं माहणिं एवं वयासी–एवं खलु देवाणुप्पिए ! समणे भगवं महावीरे आदिगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी आगासगएणं चक्केणं जाव सुहंसुहेणं विहरमाणे जाव बहुसालए चेइए अहापडिरूवं जाव विहरइ। तं महाफलं खलु देवाणुप्पिए ! तहारूवाणं अरहंताणं भगवंताणं नाम–गोयस्स वि सवणयाए किमंग पुण अभिगमण–वंदण–नमंसण–पडिपुच्छण–पज्जुवासणयाए ? एगस्स वि आरियस्स धम्मियस्स सुवयणस्स सवणयाए किमंग पुण विउलस्स अट्ठस्स गहणयाए ? तं गच्छामो णं देवाणुप्पिए ! समणं भगवं महावीरं वंदामो नमंसामो जाव पज्जुवासामो। एयं णं इहभवे य परभवे य हियाए सुहाए खमाए निस्सेसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ।

५. श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पदार्पण की बात को सुनकर वह ऋषभदत्त ब्राह्मण अत्यन्त हर्षित और सन्तुष्ट हुआ, हृदय में उल्लसित हुआ और देवानन्दा ब्राह्मणी के पास आकर इस प्रकार बोला–हे देवानुप्रिये ! धर्म की आदि करने वाले यावत् सर्वज्ञ सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर आकाश में रहे हुए चक्र (भगवान के आगे आकाश में धर्मचक्र चलता था) से युक्त यावत् सुखपूर्वक विहार करते हुए यहाँ पधारे हैं, यावत् बहुशालक नामक चैत्य (उद्यान) में योग्य अवग्रह (स्थान आदि) ग्रहण करके विचरण करते हैं। हे देवानुप्रिये ! उन तथारूप अरिहन्त भगवान के नाम–गोत्र के श्रवण से भी महाफल प्राप्त होता है, तो उनके सम्मुख जाने, वन्दन–नमस्कार करने, प्रश्न पूछने और पर्युपासना करने आदि से होने वाले फल के विषय में तो कहना ही क्या ! (उनके) एक भी आर्य और धार्मिक सुवचन के श्रवण से महान् फल होता है, तो फिर विपुल अर्थ को ग्रहण करने से महाफल हो, इसमें तो कहना ही क्या है ! इसलिए हे देवानुप्रिये ! हम चलें और श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमन करें यावत् उनकी पर्युपासना करें। यह कार्य हमारे लिए इस भव में तथा परभव में हित के लिए, सुख के लिए, क्षमता (–संगतता) के लिए, निःश्रेयस के लिए और आनुगामिकता (–शुभ अनुबन्ध) के लिए होगा।

5. On hearing about the arrival of Bhagavan Mahavir, Rishabh-datt was very happy ... and so on up to... filled with joy. He came to Brahmini Devananda and said — "O Beloved of gods! The propagator of the religious order ... and so on up to... all-knowing and all-seeing Shraman Bhagavan Mahavir endowed with the divine disc in the sky (*Tirthankar* is preceded by the airborne divine disc of religion) ... and so on up to... moving with comfort has arrived here ... and so on up to... has taken his lodge according to the ascetic code and settled down in Bahushalak Chaitya. O Beloved of gods! What to say of being able to go near him, pay homage to him, bow to him, ask questions to him, worship him, and avail of his company when mere hearing of the name and lineage of that

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Arihant Bhagavan (the Omniscient Lord) is highly meritorious! What to say of the benefits of listening to his complete sermon when hearing even a single pious word uttered by him is a great achievement! Therefore, O beloved of gods! It would be good for us to go there and pay homage to Shraman Bhagavan Mahavir. ... and so on up to... Let us go there to worship him and sit near him. This act of obeisance will prove to be beneficial, blissful, peace giving, and means of salvation for us in this, next and following births."

६. तए णं सा देवाणंदा माहणी उसभदत्तेणं माहणेणं एवं वुत्ता समाणी हट्ठ जाव हियया करयल जाव कट्टु उसभदत्तस्स माहणस्स एयमट्ठं विणएणं पडिसुणेइ।

६. तत्पश्चात् ऋषभदत्त ब्राह्मण से इस प्रकार का कथन सुनकर देवानन्दा ब्राह्मणी हृदय में अत्यन्त हर्षित यावत् उल्लसित हुई और उसने दोनों हाथ जोड़कर मस्तक पर अंजलि करके ऋषभदत्त ब्राह्मण के कथन को विनयपूर्वक स्वीकार किया।

6. Hearing this from Brahman Rishabh-datt, Brahmani Devananda was very happy ... and so on up to... filled with joy. She raised her joined palms to her forehead and humbly accepted his suggestion.

ब्राह्मण-दम्पति की दर्शनवन्दनार्थ जाने की तैयारी PREPARATIONS TO GO TO PAY HOMAGE

७. तए णं से उसभदत्ते माहणे कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ कोडुंबियपुरिसे सद्दावेत्ता एवं वयासी– खिप्पामेव भो ! देवाणुप्पिया ! लहुकरणजुत्त–जोइय–समखुर–वालिधाण–समलिहियसिंगएहिं जंबूणयामयकलावजुत्तपइविसिट्ठएहिं रययामयघंटसुत्तरज्जुयवरकंचणनत्थपग्गहोग्गहियएहिं नीलुप्पल कयामेलएहिं पवरगोणजुवाणएहिं नाणामणिरयण घंटियाजालपरिगयं सुजायजुगजोत्तरज्जुयजुगपसत्थ सुविरचितनिम्मियं पवरलक्खणोववेयं धम्मियं जाणप्पवरं जुत्तामेव उवट्ठवेह, उवट्ठवित्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।

७. तत्पश्चात् उस ऋषभदत्त ब्राह्मण ने अपने कौटुम्बिक पुरुषों (सेवकों) को बुलाया और इस प्रकार कहा–देवानुप्रियो ! शीघ्र चलने वाले, प्रशस्त, सदृशरूप वाले, समान खुर और पूँछ वाले, एक समान सींग वाले, स्वर्ण-निर्मित कलापों (आभूषणों) से युक्त, उत्तम गति (चाल) वाले, चाँदी की घंटियों से युक्त, स्वर्णमय नाथ (नासारज्जु) द्वारा बाँधे हुए, नील कमल की कलंगी वाले दो उत्तम युवा बैलों से युक्त, अनेक प्रकार की मणिमय घंटियों के समूह से व्याप्त, उत्तम काष्ठमय जुए (धूसर) और जोत की उत्तम दो डोरियों से युक्त, श्रेष्ठ लक्षणों से युक्त, धार्मिक श्रेष्ठ यान (रथ) शीघ्र तैयार करके यहाँ उपस्थित करो और इस आज्ञा को वापस करो अर्थात् इस आज्ञा का पालन करके मुझे सूचना करो।

7. Then Brahman Rishabh-datt called his attendants (*kautumbik purush*) and said — "Beloved of gods! Prepare and bring soon the best religious carriage of superlative attributes, which is embellished with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

bunches of a variety of gem-studded bells, and equipped with a yoke of best quality wood and two sets of quality bridle and reigns; and harnessed to which are two fine young bullocks, which are fast and graceful and look-alike having similar hooves, tails and horns. They must have graceful gait and be embellished with golden ornaments, silver bells, golden nose-rope, and plume made of blue lotus. Follow this order and report me back."

८. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा उसभदत्तेणं माहणेणं एवं वुत्ता समाणा हट्ठ जाव हियया करयल० एवं वयासी–सामी ! 'तह' त्ताणाए विणएणं वयणं जाव पडिसुणेत्ता खिप्पामेव लहुकरणजुत्त० जाव धम्मियं जाणप्पवरं जुत्तामेव उवट्ठवेत्ता जाव तमाणत्तियं पच्चप्पिणंति।

८. जब ऋषभदत्त ब्राह्मण ने उन कौटम्बिक पुरुषों को इस प्रकार कहा, तब वे उसे सुनकर अत्यन्त हर्षित यावत् हृदय में आनन्दित हुए और मस्तक पर अंजलि करके इस प्रकार कहा– "स्वामिन् ! आपकी यह आज्ञा हमें मान्य है"। ऐसा कहकर विनयपूर्वक उनके वचनों को स्वीकार किया और (ऋषभदत्त की आज्ञानुसार) शीघ्र ही द्रुतगामी दो बैलों से युक्त यावत् श्रेष्ठ धार्मिक रथ को तैयार करके उपस्थित किया; यावत् उनकी आज्ञा के पालन की सूचना दी।

8. When Brahman Rishabh-datt said thus to his attendants they were very happy ... and so on up to... filled with joy and raising their joined palms to their heads they said — "Sir! We will do as you say." With these words they humbly accepted the order and soon prepared and brought the best religious carriage ... and so on up to... reported about completion of the mission.

९. तए णं से उसभदत्ते माहणे ण्हाए जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरे साओ गिहाओ पडिनिक्खमइ, साओ गिहाओ पडिनिक्खमित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव धम्मिए जाणप्पवरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढे।

९. तदनन्तर वह ऋषभदत्त ब्राह्मण स्नान यावत् अल्प भार (कम वजन के) और महामूल्य वाले आभूषणों से अपने शरीर को अलंकृत किये हुए अपने घर से बाहर निकला। घर से बाहर निकलकर जहाँ बाहरी उपस्थानशाला थी और जहाँ श्रेष्ठ धार्मिक रथ था, वहाँ आया। आकर उस रथ पर आरूढ़ हुआ।

9. After that Brahman Rishabh-datt took his bath ... and so on up to... adorned his body with ornaments that were light in weight and high in value. He then came out of his residence, proceeded to the outer courtyard where the carriage was parked. He then boarded the carriage.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०. तए णं सा देवाणंदा माहणी ण्हाया जाव अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरा बहूहिं खुज्जाहिं चिलाइयाहिं जाव अंतेउराओ निग्गच्छइ; अंतेउराओ निग्गच्छित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव धम्मिए जाणप्पवरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता जाव धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढा।

१०. तब देवानन्दा ब्राह्मणी ने भी (अन्तःपुर में) स्नान किया, यावत् अल्प भार वाले महामूल्य आभूषणों से शरीर को सुशोभित किया। फिर बहुत-सी कुब्जा दासियों तथा चिलात देश की दासियों के साथ यावत् अन्तःपुर से निकली। अन्तःपुर से निकलकर जहाँ बाहर की उपस्थानशाला थी और जहाँ श्रेष्ठ धार्मिक रथ खड़ा था, वहाँ आई। उस श्रेष्ठ धार्मिक रथ पर आरूढ़ हुई।

10. Brahmani Devananda (in the inner quarters) also took her bath ... and so on up to... adorned her body with ornaments that were light in weight and high in value. She then came out of his residence accompanied by many maids including the hunchbacked ones and those from Chilat country. She proceeded to the outer courtyard where the carriage was parked. She then boarded the carriage.

११. तए णं से उसभदत्ते माहणे देवाणंदाए माहणीए सद्धिं धम्मियं जाणप्पवरं दुरूढे समाणे णियगपरियालसंपरिवुडे माहणकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता छत्तादीए तित्थकरातिसए पासइ, पासित्ता धम्मियं जाणप्पवरं ठवेइ, ठवेत्ता धम्मियाओ जाणप्पवराओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता समणं भगवं महावीरं पंचविहेणं अभिगमेणं अभिगच्छइ, तं जहा—सचित्ताणं दव्वाणं विओसरणयाए एवं जहा बिइयसए (स. २, उ. ५, सु. १४) जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासइ।

११. इसके पश्चात् वह ऋषभदत्त ब्राह्मण देवानन्दा ब्राह्मणी के साथ श्रेष्ठ धार्मिक रथ पर चढ़ा हुआ अपने परिवार से परिवृत्त होकर ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर के मध्य में होता हुआ निकला और बहुशालक नामक उद्यान में आया। वहाँ तीर्थंकर भगवान के छत्र आदि अतिशयों को देखा। देखते ही उसने श्रेष्ठ धार्मिक रथ को ठहराया और उस श्रेष्ठ धर्म-रथ से नीचे उतरा। रथ से उतरकर वह श्रमण भगवान महावीर के पास पाँच प्रकार के अभिगमपूर्वक गया। वे पाँच अभिगम इस प्रकार हैं—(१) सचित्त द्रव्यों का त्याग करना इत्यादि; द्वितीय शतक (के पंचम उद्देशक, सू. १४) में कहे अनुसार यावत् तीन प्रकार की पर्युपासना से उपासना करने लगा।

11. Then that Brahman Rishabh-datt along with Brahmani Devananda riding the best religious carriage and surrounded by his family crossed the city named Brahman Kundagram and arrived at Bahushalak garden. There he observed the divine canopy and other divine signs of a *Tirthankar*. He then stopped his best religious carriage and alighted from it. After getting down from the carriage he observed the five codes of courtesy meant for a religious assembly (*abhigam*) and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

went before Bhagavan Mahavir. The five codes being — (1) discarding of things infested with living organisms (*sachit*) etc. as mentioned in the second chapter (aphorism 14 of the fifth lesson) ... and so on up to... commenced his threefold worship — physical, vocal, and mental.

१२. तए णं सा देवाणंदा माहणी धम्मियाओ जाणप्पवराओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता० बहुयाहिं खुज्जाहिं जाव महत्तरगवंदपरिक्खित्ता समणं भगवं महावीरं पंचविहेणं अभिगमेणं अभिगच्छइ, तं जहा– सचित्ताणं दव्वाणं विओसरणयाए १ अचित्ताणं दव्वाणं अविमोयणयाए २ विणयोणयाए गायलट्ठीए ३ चक्खुफासे अंजलिपग्गहेणं ४ मणस्स एगत्तीभावकरणेणं ५। जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, करेत्ता वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता उसभदत्तं माहणं पुरओ कट्टु ठिया चेव सपरिवारा सुस्सूसमाणी णमंसमाणी अभिमुहा विणएणं पंजलिउडा पज्जुवासइ।

१२. तदनन्तर वह देवानन्दा ब्राह्मणी भी धार्मिक उत्तम रथ से नीचे उतरी और अपनी बहुत-सी दासियों आदि यावत् महत्तरिका-वृन्द से परिवृत होकर श्रमण भगवान महावीर के सम्मुख पंचविध अभिगमपूर्वक जाने लगी। वे पाँच अभिगम इस प्रकार हैं–(१) सचित्त द्रव्यों का त्याग करना, (२) अचित्त द्रव्यों का त्याग न करना, अर्थात् वस्त्र आदि को व्यवस्थित ढंग से धारण करना, (३) विनय से शरीर को नीचे झुकाना, (४) भगवान के दृष्टिगोचर होते ही दोनों हाथ जोड़ना, (५) मन को एकाग्र करना। इन पाँच अभिग्रहों द्वारा जहाँ श्रमण भगवान महावीर थे, वहाँ वह आई और उसने भगवान को तीन बार आदक्षिण (दाहिनी ओर से) प्रदक्षिणा की, फिर वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार के बाद ऋषभदत्त ब्राह्मण को आगे करके अपने परिवार सहित शुश्रूषा करती हुई, नमन करती हुई, सम्मुख खड़ी रहकर विनयपूर्वक हाथ जोड़कर उपासना करने लगी।

12. Brahmani Devananda also alighted from the best religious carriage and surrounded by her numerous maids and attendants approached Shraman Bhagavan Mahavir observing the five codes of courtesy meant for a religious assembly (*abhigam*). The five codes being — (1) to discard things infested with living organisms (*sachit*; such as flowers, beetle-leaves etc.), (2) to carefully retain things free of living organisms (*achit*), (3) to place a one-piece shawl (*uttariya*) on shoulders, (4) to join palms the instant the senior ascetics are seen, and (5) to focus attention. Concluding the five *abhigams* she came near Shraman Bhagavan Mahavir and starting from right (*aadakshin*) went around *Bhagavan* three times and paid homage and obeisance. She than stood with her family, facing *Bhagavan*, behind her husband, and commenced worship carefully listening, bowing her head, and humbly joining her palms.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन : पाँच अभिगम–त्यागी महापुरुषों के पास जाने की एक विशिष्ट मर्यादा को शास्त्रीय परिभाषा में 'अभिगम' कहा जाता है। वे पाँच प्रकार के हैं परन्तु स्त्री और पुरुष के लिए तीसरे अभिगम में अन्तर है। श्रावक के लिए है एक पट वाले दुपट्टे का उत्तरासंग करना, जबकि श्राविका के लिए है विनय से शरीर को झुकाना। साधु–साध्वियों के पास जाने के लिए इन पाँच अभिगमों का पालन करना आवश्यक है।

Elaboration — Five Abhigams – A special set of codes observed while approaching ascetics and other great renouncers is called *abhigam*. They are five in number. Of these the third one has variations for male and female. A man has to set his one-piece scarf on his shoulders in a specific way whereas a woman has just to humbly bow down. While approaching male or female ascetics it is mandatory to observe this set of five codes.

देवानन्दा की मातृवत्सलता DEVANANDA'S MOTHERLY AFFECTION

१३. तए णं सा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया पप्फुयलोयणा संवरियवलयबाहा कंचुयपरिक्खित्तिया धाराहयकलंबगं पिव समूससियरोमकूवा समणं भगवं महावीरं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी देहमाणी चिट्ठइ।

१३. तदनन्तर उस देवानन्दा ब्राह्मणी के पाना चढ़ा (अर्थात् भगवान को देखने मात्र वात्सल्य के कारण उसके स्तनों में दूध आ गया)। उसके नेत्र हर्षाश्रुओं से भीग गये। हर्ष से प्रफुल्लित होती हुई उसकी बाहों को वलयों ने रोक लिया। (अर्थात् उसकी भुजाओं के कड़े–बाजूबंद तंग हो गये)। हर्षातिरेक से उसकी कञ्चुकी (कांचली) विस्तीर्ण हो गई। मेघ की धारा से विकसित कदम्ब–पुष्प के समान उसका शरीर रोमाञ्चित हो गया (शरीर का रोम–रोम हर्ष से नाच उठा)। फिर वह श्रमण भगवान महावीर को अनिमेष दृष्टि से (टकटकी लगाकर) देखती रही।

13. After that Brahmani Devananda had a natural flow of milk in her breasts (by looking at Bhagavan Mahavir there was a spontaneous upsurge of motherly affection in her mind). Her eyes were filled with tears of joy. Her arms swelled due to excess of joy tightening her armlets. This upsurge of joy stretched her brassieres. Like the bloom on the flowers of Kadamb tree due to rain drops her body was thrilled (all body-hair danced with joy). And she steadily stared at Bhagavan Mahavir without even a wink.

१४. [प्र.] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–किं णं भंते ! एसा देवाणंदा माहणी आगयपण्हया तं चेव जाव रोमकूवा देवाणुप्पियं अणिमिसाए दिट्ठीए देहमाणी देहमाणी चिट्ठइ ?

[उ.] 'गोयमा !' दि समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी–एवं खलु गोयमा ! देवाणंदा माहणी मम अम्मगा, अहं णं देवाणंदाए माहणीए अत्तए। तेणं एसा देवाणंदा माहणी तेणं पुव्वपुत्तसिणेहाणुरागेणं आगयपण्हया जाव समूससियरोमकूवा ममं अणिमिसाए दिट्ठीए पेहमाणी पेहमाणी चिट्ठइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. [प्र.] (यह देखकर) भगवान गौतम ने, 'भगवन् !' यों कहकर श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। उसके पश्चात् इस प्रकार [प्रश्न] पूछा-भन्ते ! इस देवानन्दा ब्राह्मणी के स्तनों से दूध कैसे निकल आया? यावत् इसे रोमांच क्यों हो आया? और यह आप देवानुप्रिय को अनिमेष दृष्टि से देखती हुई क्यों खड़ी है?

14. [Q.] (Observing this) Bhagavan Gautam exclaimed — "*Bhante!*" Uttering thus he paid homage and obeisance. After that he asked — "'*Bhante!* Why is there ooze of milk from the breasts of this Brahmani Devananda? ... and so on up to... Why is she so thrilled? And why she stands steadily staring at you, O Beloved of gods?

[उ.] 'गौतम !' यों कहकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने भगवान गौतम से इस प्रकार कहा-हे गौतम ! देवानन्दा ब्राह्मणी मेरी माता है। मैं देवानन्दा का आत्मज (पुत्र) हूँ। इसलिए देवानन्दा को पूर्व-पुत्रस्नेहानुरागवश दूध आ गया, यावत् रोमाञ्च हुआ और यह मुझे अनिमेष दृष्टि से देख रही है।

[Ans.] "Gautam!" Addressing thus Shraman Bhagavan Mahavir replied to Bhagavan Gautam — "O Gautam! Brahmani Devananda is my mother. I am Devananda's son. That is why out of the natural love for her ex-son there is ooze of milk ... and so on up to... She is so thrilled and stands steadily staring at me.

विवेचन : कल्पसूत्र आदि के अनुसार भगवान महावीर का जीव दशवें स्वर्ग से च्यवकर दक्षिण ब्राह्मणकुण्ड के कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नी देवानन्दा के गर्भ में आये। देवानन्दा ने चौदह स्वप्न देखे। बयासी रात्रि तक भगवान का जीव देवानन्दा के गर्भ में रहा। तदनन्तर त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ में साहरण किया गया। अतः देवानन्दा त्रिशला माता की भाँति ही भगवान महावीर की माता थी। इस वर्णन से पता चलता है। गर्भ से हरण की यह घटना अब तक अज्ञात ही थी। भगवान ने गौतम के साथ प्रकट की।

Elaboration — According to *Kalpa Sutra* and other texts, the soul that was to be Bhagavan Mahavir descended from the tenth heaven and came in the womb of Devananda, the wife of Brahman Rishabh-datt of Kodal clan living in southern Brahman Kundagram. Devananda then saw fourteen dreams. The soul of Bhagavan Mahavir remained in the womb of Devananda for eighty-two nights. After that the fetus was transferred into the womb of Trishala Kshatriyani. Thus Devananda was also the mother of Bhagavan Mahavir just like mother Trishala. The aforesaid description informs that till that moment the incident of fetus transfer was not known. It was Bhagavan Mahavir who revealed it to Gautam.

ऋषभदत्त द्वारा प्रव्रज्या ग्रहण INITIATION OF RISHABH-DATT

१५. तए णं समणे भगवं महावीरे उसभदत्तस्स माहणस्स देवाणंदाए य माहणीए तीसे य महतिमहालियाए इसिपरिसाए जाव परिसा पडिगया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१५. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने ऋषभदत्त ब्राह्मण और देवानन्दा ब्राह्मणी तथा उस अत्यन्त बड़ी ऋषि-परिषद् (ज्ञानी साधकों की परिषद्) आदि को धर्मकथा कही; यावत् परिषद् वापस चली गई।

15. After this Shraman Bhagavan Mahavir gave his sermon to Brahman Rishabh-datt, Brahmani Devananda and the large gathering ... and so on up to... the assembly dispersed.

१६. तए णं से उसभदत्ते माहणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठे उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठाए उट्ठेत्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आया० जाव नमंसित्ता एवं वयासी-'एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते !' जहा खंदओ (स. २, उ. १, सु. ३४) जाव 'से जहेयं तुब्भे वंदह' त्ति कट्टु उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमइ, उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमित्ता सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुइत्ता सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ, सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं जाव नमंसित्ता एवं वयासी-आलित्ते णं भंते ! लोए, पलित्ते णं भंते ! लोए, एवं जहा खंदओ (स. २, उ. १, सु. ३४) तहेव पव्वइओ जाव सामाइयमाइयाइं इक्कारस अंगाइं अहिज्जइ जाव बहूहिं चउत्थ-छट्ठ-ऽट्ठम-दसम जाव विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे बहूइं वासाइं सामण्णपरियायं पाउणइ, पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेइ, मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसित्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावो जाव तमट्ठं आराहेइ, २ जाव सव्वदुक्खप्पहीणे।

१६. इसके पश्चात् वह ऋषभदत्त ब्राह्मण, श्रमण भगवान महावीर के पास धर्म-श्रवण कर और उसे हृदय में धारण करके हर्षित और सन्तुष्ट होकर खड़ा हुआ। खड़े होकर उसने श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की, यावत् वन्दन-नमन करके इस प्रकार निवेदन किया-'भगवन् ! आपने कहा, वैसा ही है, आपका कथन यथार्थ है भगवन् !' इत्यादि (दूसरे शतक के प्रथम उद्देशक, सू. ३४ में) स्कन्दक तापस-प्रकरण में कहे अनुसार; यावत् जो आप कहते हैं, वह उसी प्रकार है।' इस प्रकार शेष वर्णन करना चाहिए। तत्पश्चात् वह (ऋषभदत्त ब्राह्मण) ईशानकोण (उत्तर-पूर्व दिशा भाग) में गया। वहाँ जाकर उसने स्वयमेव आभूषण, माला और अलंकार उतार दिये। फिर स्वयमेव पंचमुष्टि केशलोच किया और श्रमण भगवान महावीर के पास आया। भगवान की तीन बार प्रदक्षिणा की, यावत् नमस्कार करके इस प्रकार कहा-भगवन् ! (जरा और मरण से) यह लोक चारों ओर से प्रज्वलित हो रहा है, भगवन् ! यह लोक चारों ओर से अत्यन्त जल रहा है, इत्यादि कहकर (द्वितीय शतक, प्रथम उद्देशक, सू. ३४ में) जिस प्रकार स्कन्दक तापस की प्रव्रज्या का प्रकरण है, तदनुसार (ऋषभदत्त ब्राह्मण ने) प्रव्रज्या ग्रहण की, यावत् सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया, यावत् बहुत-से उपवास (चतुर्थभक्त), बेला (षष्ठभक्त), तेला (अष्टमभक्त), चौला (दशमभक्त) इत्यादि विचित्र तपःकर्मों से आत्मा को भावित करते हुए, बहुत वर्षों तक श्रामण्य-पर्याय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(श्रमण–दीक्षा) का पालन किया और (अन्त में) एक मास की संल्लेखना से आत्मा को संलिखित करके साठ भक्तों का अनशन से छेदन किया और ऐसा करके जिस उद्देश्य से नग्नभाव (निर्ग्रन्थत्व–संयम) स्वीकार किया, यावत् उस निर्वाण रूप अर्थ की आराधना कर ली, यावत् वे सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत्त एवं सर्वदुःखों से रहित हुए।

16. On listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that Brahman Rishabh-datt became happy, contented... and so on up to... his heart bloomed with bliss. He got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise ... and so on up to... paid homage and obeisance and said — "*Bhante!* It is as you say. *Bhante!* It is the ultimate reality." Quote from the Skandak story (Chapter-2, Lesson-1, Aph. 34) ... and so on up to... "*Bhante!* It is exactly as you have stated." Then he (Brahman Rishabh-datt) went in the northeast direction (*Ishan Kone*) and discarded his ornaments, garlands and adornments. The five-fist pulling out of hair (*panchamushti kesh-locha*) followed this. He then returned near Shraman Bhagavan Mahavir, went around him three times... and so on up to... paid homage and said — "*Bhante!* This world is ablaze. *Bhante!* This world is being consumed by fire. *Bhante!* This world is ablaze and is being consumed by the fire of old age and death. etc." Saying thus ... and so on up to... (as mentioned in Chapter-2, Lesson-1) he (Brahman Rishabh-datt) got initiated ... and so on up to... studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon ... and so on up to... he enkindled his soul by observing unique austerities including one day, two days, three days and four days fasts, spent many years as an ascetic and in the end performed the ultimate vow (*Sallekhana*) for one month to accomplish the purpose (liberation) for which he got initiated ... and so on up to... he got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*), and ended all miseries.

विवेचन : प्रस्तुत सूत्र में ऋषभदत्त का प्रव्रज्या ग्रहण वर्णन संक्षेप में है। इस सन्दर्भ में उसका वैराग्य प्राप्त होना, अपनी पत्नी व परिवारजनों से आज्ञा–प्राप्ति, दीक्षाभिनिष्क्रमण शास्त्राध्ययन, तपश्चरण और अन्त में संल्लेखना संथारापूर्वक, समाधिमरण तक का समग्र वर्णन जान लेना चाहिए।

Elaboration — Here the description of Brahman Rishabh-datt's initiation has been given in brief. The details starting from the moment of detachment to meditational-death (*samadhi maran*) covering incidents including seeking permission from his wife and family, initiation, studies, austerities and taking the ultimate vow are same as mentioned about Skandak Parivrajak in Chapter-2, Lesson-1.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७. तए णं सा देवाणंदा माहणी समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठा० समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं जाव नमंसित्ता एवं वयासी—एवमेयं भंते! तहमेयं भंते, एवं जहा उसभदत्तो (सु. १६) तहेव जाव धम्ममाइक्खियं।

१७. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी से धर्म सुनकर एवं हृदयंगम करके वह देवानन्दा ब्राह्मणी अत्यन्त हृष्ट एवं तुष्ट (आनन्दित एवं सन्तुष्ट) हुई और श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार करके इस प्रकार बोली--भगवन् ! आपने जैसा कहा है, वैसा ही है, भगवन् ! आपका कथन यथार्थ है। इस प्रकार जैसे ऋषभदत्त ने (सू. १६ में) प्रव्रज्या ग्रहण करने के लिए निवेदन किया था, वैसे ही विरक्त देवानन्दा ने भी निवेदन किया; यावत् 'धर्म कहा'; यहाँ तक कहना चाहिए।

17. Listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that Brahmani Devananda became happy, contented... and so on up to... her heart bloomed with bliss. She got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise ... and so on up to... paid homage and obeisance and said — "*Bhante!* It is as you say. *Bhante!* It is the ultimate reality." This way, like Brahman Rishabh-datt had requested for initiation (Aphorism 16), detached Brahmani Devananda too requested for initiation. ... and so on up to... 'gave the sermon'.

१८. तए णं समणे भगवं महावीरे देवाणंदं माहणिं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव अज्जचंदणाए अज्जाए सीसिणित्ताए दलयइ।

१८. तब श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने देवानन्दा ब्राह्मणी को स्वयमेव प्रव्रजित कराया, स्वयमेव मुण्डित कराया और स्वयमेव आर्यचन्दना आर्या को शिष्यारूप में सौंप दिया।

18. Then Shraman Bhagavan Mahavir himself got her initiated and tonsured and entrusted her as a disciple to Aryaa Chandana.

१९. तए णं सा अज्जचंदणा अज्जा देवाणंदं माहणिं सयमेव पव्वावेइ, सयमेव मुंडावेइ, सयमेव सेहावेइ, एवं जहेव उसभदत्तो तहेव अज्जचंदणाए अज्जाए इमं एयारूवं धम्मियं उवदेसं सम्मं संपडिवज्जइ—तमाणाए तहा गच्छइ जाव संजमेणं संजमइ।

१९. तत्पश्चात् आर्यचन्दना ने आर्या देवानन्दा ब्राह्मणी को स्वयं प्रव्रजित किया, स्वयमेव मुण्डित किया और स्वयमेव उसे (संयम की) शिक्षा दी। देवानन्दा (नवदीक्षित साध्वी) ने भी ऋषभदत्त के समान इस प्रकार के धार्मिक (श्रमणधर्मपालन सम्बन्धी) उपदेश को सम्यक् रूप से स्वीकार किया और वह उनकी (आर्या चन्दनबाला की) आज्ञानुसार चलने लगी, यावत् संयम (-पालन) में सम्यक् प्रवृत्ति करने लगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

19. After that Aryaa Chandana herself initiated, tonsured and taught her (ascetic discipline). Like Brahman Rishabh-datt, Devananda (newly initiated ascetic) too accepted the religious discourse (related to ascetic conduct) and followed the instructions (of Aryaa Chandana) ... and so on up to... sincerely indulged in ascetic-discipline.

२०. तए णं सा देवाणंदा अज्जा अज्जचंदणाए अज्जाए अंतियं सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ। सेसं तं चेव जाव सव्वदुक्खप्पहीणा।

२०. तदनन्तर आर्या देवानन्दा ने आर्य चन्दना से सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया। विविध प्रकार के तप किये और अन्त में संल्लेखना-संथारा कर वह देवानन्दा आर्या सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत्त और समस्त दुःखों से रहित हुई।

20. Aryaa Devananda studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon including *Samayik* under the tutelage of Aryaa Chandana. She observed a variety of austerities and in the end, after taking the ultimate vow, Aryaa Devananda got perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*), and ended all miseries.

जमालि-चरित

STORY OF JAMALI

क्षत्रियकुमार जमालि PRINCE JAMALI

२१. तस्स णं माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स पच्चत्थिमेणं, एत्थ णं खत्तियकुंडग्गामे नामं नगरे होत्था। वण्णओ।

२१. उस ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर से पश्चिम दिशा में क्षत्रियकुण्डग्राम नामक एक नगर था। उसका यहाँ वर्णन समझ लेना चाहिए।

21. To the west of that Brahman Kundagram there was a town called Kshatriya Kundagram. Description (as in *Aupapatik Sutra*).

२२. तत्थ णं खत्तियकुंडग्गामे नयरे जमाली नामं खत्तियकुमारे परिवसइ, अड्ढे दित्ते जाव अपरिभूए उप्पिं पासायवरगए फुट्टमाणेहिं मुइंगमत्थएहिं बत्तीसतिबद्धेहिं नाडएहिंवरतरुणीसंपउत्तेहिं उवनच्चिज्जमाणे उवनच्चिज्जमाणे उवगिज्जमाणे उवगिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे पाउस-वासारत्त-सरय-हेमंत-वसंत-गिम्हपज्जंते छप्पि उऊ जहाविभवेणं माणेमाणे, कालं गालेमाणे इट्ठे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधे पंचविहे माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणे विहरइ।

२२. उस क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर में जमालि नाम का क्षत्रियकुमार रहता था। वह आढ्य (समृद्धिशाली), दीप्त (तेजस्वी) यावत् अपरिभूत (प्रभावशाली) था। उसके ऊँचे पुरसातों में मृदंग वाद्यों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की ध्वनि होती रहती थी, बत्तीस प्रकार के नाटकों के अभिनय और नृत्य होते रहते थे, अनेक प्रकार की सुन्दर तरुणियों द्वारा नृत्य और गुणगान (गायन) बार-बार किये जाते थे, उसकी प्रशंसा से भवन गुंजायमान होता रहता था, खुशियाँ मनाई जाती रहती थीं, ऐसे वैभव व सुखमय उच्च श्रेष्ठ प्रासाद-भवन में प्रावृट् (पावस), वर्षा, शरद, हेमन्त, वसन्त और ग्रीष्म; इन छह ऋतुओं में आनन्द (उत्सव) मनाता हुआ, समय बिताता हुआ, मनुष्य-सम्बन्धी पाँच प्रकार के इष्ट शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध वाले कामभोगों का अनुभव करता हुआ रहता था।

22. In that Kshatriya Kundagram town lived a *kshatriya* (belonging to the warrior clans) youth named Jamali. He was very rich (*aadhya*), opulent (*deept*), famous ... and so on up to... insuperable (*aparibhoot*). In his towering mansion *Mridangas* (a type of drums) were played all the time; thirty-two varieties of dances and dramas were regularly performed; and many beautiful young damsels gave dance and music performances from time to time. The building reverberated with eulogies in his praise and celebrations of joy. He lived in such grand and comfortable, tall and exclusive mansion spending his time enjoying amply during all the six seasons, namely *Pravrat* (monsoon), *Varsha* (monsoon), *Sharad* (autumn), *Hemant* (cold), *Vasant* (spring) and *Grishma* (summer), and experiencing and enjoying five kinds of coveted pleasurable human experiences gained through the senses of hearing, touch, taste, appearance and smell.

विवेचन : क्षत्रियकुण्डपुर निवासी धनाढ्य क्षत्रियकुमार जमालि भगवान महावीर की बड़ी बहन सुदर्शना का पुत्र था। भगवान की पुत्री प्रियदर्शना के साथ उसका विवाह हुआ था। *(आवश्यक मलयगिरि वृत्ति, पत्र ४०५)*

Elaboration — Affluent *Kshatriya* young man Jamali of Kshatriya Kundapur was the son of Sudarshana, the elder sister of Bhagavan Mahavir. He got married to *Bhagavan*'s daughter Priyadarshana. (*Malayagiri Commentary of Avashyak Sutra*, leaf 405)

दर्शन-वन्दनादि के लिए गमन GOING TO PAY HOMAGE

२३. तए णं खत्तियकुंडग्गामे नगरे सिंघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर जाव बहुजणसद्दे इ वा जहा उववाइए जाव एवं पण्णवेइ, एवं परूवेइ-एवं खलु देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे आइगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स बहिया बहुसालए चेइए अहापडिरूवं जाव विहरइ। तं महप्फलं खलु देवाणुप्पिया ! तहारूवाणं अरहंताणं भगवंताणं जहा उववाइए जाव एगाभिमुहे खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छंति, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए एवं जहा उववाइए जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. उस दिन क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर में शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क और चौराहोत्वर यावत् महापथ पर बहुत-से लोगों का कोलाहल हो रहा था, इत्यादि सारा वर्णन औपपातिकसूत्रानुसार जानना चाहिए; यावत् बहुत-से लोग परस्पर एक-दूसरे से इस प्रकार कह रहे थे, यावत् बता रहे थे कि 'देवानुप्रियो ! आदिकर (धर्म-तीर्थ की आदि करने वाले) यावत् सर्वज्ञ, सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर, इस ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशाल नामक उद्यान (चैत्य) में यथायोग्य अवग्रह ग्रहण करके यावत् विचरते हैं। अतः हे देवानुप्रियो ! तथारूप अरिहन्त भगवान के नाम, गोत्र के श्रवण-मात्र से महान् फल होता है; (तो उनके दर्शन-वंदन-पर्युपासना का तो कहना ही क्या?) इत्यादि वर्णन औपपातिकसूत्रानुसार जान लेना चाहिए, यावत् वह जनसमूह तीन प्रकार की (शरीर से नमन, वचन से स्तुति, मन से भक्ति उल्लासपूर्वक) पर्युपासना करता है।

23. During that period of time a large number of people gathered and contributed to the uproar at public places like triangular courtyards (*shringatak*), crossings of three, four and more paths ... and so on up to... and highways of Kshatriya Kundagram city. Mention all these details according to *Aupapatik Sutra*. ... and so on up to... Many were asking questions from others, and many were informing without being asked to — "Beloved of gods! Shraman Bhagavan Mahavir who is the first propounder of the *shrut-dharma* (Jainism) of his time (*aaigare or aadikar*); — and so on up to — the aspirant of and destined to attain the state of ultimate perfection (*Siddha gai or Siddha gati*) has arrived at Bahushal garden outside the city of Brahman Kundagram. He has taken his lodge according to the ascetic code and has settled down. "Beloved of gods! This is highly beneficial for us. (What to say of being able to go near him, pay homage to him, bow to him, ask questions to him, worship him, and avail of his company when —) mere hearing of his name and lineage is highly meritorious. This detailed description should be quoted from *Aupapatik sutra*. ... and so on up to... large group of people commenced the three-way worship (bodily by bowing, vocally by eulogizing and mentally by joyful submission).

२४. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स तं महया जणसद्दं वा जाव जणसन्निवायं वा सुणमाणस्स वा पासमाणस्स वा अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-किं णं अज्ज खत्तियकुंडग्गामे नगरे इंदमहे इ वा, खंदमहे इ वा, मुगुंदमहे इ वा, नागमहे इ वा, जक्खमहे इ वा, भूयमहे इ वा, कूवमहे इ वा, तडागमहे इ वा, नइमहे इ वा, दहमहे इ वा, पव्वयमहे इ वा, रुक्खमहे इ वा, चेइयमहे इ वा, थूभमहे इ वा, जं णं एए बहवे उग्गा भोगा राइन्ना इक्खागा णाया कोरव्वा खत्तिया खत्तियपुत्ता भडा भडपुत्ता सेणावई २ पसत्थारो २ लेच्छई २ माहणा २ इब्भा २ जहा उववाइए जाव सत्थवाहप्पभिइओ ण्हाया कयबलिकम्मा जहा उववाइए जाव निग्गच्छंति ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भगवान के दर्शन के लिए जाता जमालि

जमालि द्वारा भावपूर्वक प्रभु प्रवचन श्रवण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 20

Illustration No. 20

क्षत्रिय कुमार जमालि

एक बार भगवान महावीर वैशाली नगर के बहुशालक उद्यान में पधारे। उस नगरी में जमालि नामक एक क्षत्रिय कुमार रहता था। जब उसे भगवान के पधारने का समाचार मिला तो वह अलंकारों से विभूषित होकर, बहुत ही सुन्दर अश्वरथ पर चढ़कर, पूरे ठाट-बाट के साथ अपने दास, दासी, सुभट, अश्व, छत्र, रथ, आयुध, पथदर्शकों आदि से परिवृत होकर भगवान के दर्शन के लिए गया।

बहुशालक उद्यान के पास पहुँचकर उसने भगवान को देखा और दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार किया। फिर रथ खड़ा करके नीचे उतरा और छत्र, जूते आदि सभी समवसरण के बाहर छोड़कर, एक पट्ट वाले वस्त्र का उत्तरासंग धारण करके, मस्तक पर दोनों हाथ जोड़े भगवान के पास पहुँचा और भगवान को तीन बार वंदना-प्रदक्षिणा की। श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने जमालीकुमार को तथा उस महापरिषद् को धर्मोपदेश दिया।

—शतक 9, उ. 33

PRINCE JAMALI

Once Bhagavan Mahavir came to Bahushalak garden in Vaishali city. In this city lived a prince named Jamali. When he got the news of Bhagavan's arrival he came to pay homage to Bhagavan after embellishing himself with beautiful ornaments and riding an excellent chariot. He was accompanied by all his regalia slaves, servants, guards, horses, canopies, chariots armaments and onlookers.

When he arrived at Bahushalak garden he saw Bhagavan and paid homage joining his palms. He then reigned the horses and stopped the chariot. Then he got down from the chariot and left his belongings including weapons and shoes there. He placed a single piece scarf on his shoulders. Jamali now placed his joined palms on his forehead and went near Shraman Bhagavan Mahavir. He moved around Bhagavan Mahavir three times and performed three-fold worship.

—Shatak-9, lesson-33

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं संपेहेइ, एवं संपेहित्ता कंचुइज्जपुरिसं सद्दावेति, कंचुइज्जपुरिसं सद्दावेत्ता एवं वयासि—किं णं देवाणुप्पिया ! अज्ज खत्तियकुंडग्गामे नगरे इंदमहे इ वा जाव निग्गच्छंति ?

२४. तब बहुत-से मनुष्यों के शब्द और उनका परस्पर मिलन सुन और देखकर उस क्षत्रियकुमार जमालि के मन में विचार यावत् संकल्प उत्पन्न हुआ—'क्या आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर में इन्द्र का उत्सव है ?, अथवा स्कन्द महोत्सव है ?, या मुकुन्द (वासुदेव) महोत्सव है ? नाग का उत्सव है, यक्ष का उत्सव है, अथवा भूत महोत्सव है ? या किसी कूप का, सरोवर का, नदी का या द्रह का उत्सव है ?, अथवा किसी पर्वत का, वृक्ष का, चैत्य का अथवा स्तूप का उत्सव है ?, जिसके कारण ये बहुत-से उग्र (उग्रकुल के क्षत्रिय), भोग (भोगकुल या भोजकुल के क्षत्रिय), राजन्य, इक्ष्वाकु (कुलीन), ज्ञातृ (कुलीन), कौरव्य क्षत्रिय, क्षत्रियपुत्र, भट (योद्धा), भटपुत्र, सेनापति, सेनापतिपुत्र, प्रशास्ता एवं प्रशास्तापुत्र, लिच्छवी (लिच्छवीगुण के क्षत्रिय), लिच्छवीपुत्र, ब्राह्मण (माहण), ब्राह्मणपुत्र एवं इभ्य (श्रेष्ठी) इत्यादि औपपातिकसूत्र में कहे अनुसार यावत् सार्थवाह-प्रमुख, स्नान आदि करके यावत् बाहर निकल रहे हैं ?

इस प्रकार विचार करके उसने कंचुकीपुरुष (सेवक) को बुलाया और उससे पूछा—"हे देवानुप्रियो ! क्या आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बाहर इन्द्र आदि का कोई उत्सव है, जिसके कारण यावत् ये सब लोग बाहर जा रहे हैं ?"

24. Looking at the large gathering and hearing the noise, *Kshatriya* youth Jamali thought and deliberated — 'Is the Kshatriya Kundagram town celebrating the festival of Indra or Kartikeya today? Or is it the festival of deities like Naag, Yaksha, or Bhoot? Or are there celebrations for some sacred river, pond, or lake? Or is it related to hill, tree or temple? Why these groups of variety of people are moving out of town after taking bath and getting ready (as mentioned in *Aupapatik sutra*)? The people include — Ugra clans, Bhog clans, members of the advisory council of the king (*rajanya*), Ikshvaku clans, Jnatra clans, Kauravya clans, people of the warrior clans (*Kshatriyas*) and their sons, soldiers (*bhat*) and their sons, commanders (*senapati*) and their sons, administrative officers (*prashasta*) and their sons, members of the Lichchhivi republic (Lichchhivi) and their sons (*Lichchhiviputra*), Brahmans and their sons, affluent people (*ibhya*) ... and so on up to... caravan chiefs (*sarthavaha*).'

With these thoughts Jamali, the *Kshatriya* youth, called his attendant and asked — "Beloved of gods! Is there a festival of Indra outside Kshatriya Kundagram town for which these throngs of people are going out of the town?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२५. तए णं से कंचुइज्जपुरिसे जमालिणा खत्तियकुमारेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ० समणस्स भगवओ महावीरस्स आगमणगहियविणिच्छए करयल० जमालिं खत्तियकुमारं जएणं विजएणं वद्धावेइ, वद्धावेत्ता एवं वयासी-'णो खलु देवाणुप्पिया ! अज्ज खत्तियकुंडगामे नयरे इंदमहे इ वा जाव निग्गच्छंति। एवं खलु देवाणुप्पिया ! अज्ज समणे भगवं महावीरे आइगरे जाव सव्वण्णू सव्वदरिसी माहणकुंडग्गामस्स नगरस्स बहिया बहुसालए चेइए अहापडिरूवं उग्गहं जाव विहरति, तए णं एए बहवे उग्गा भोगा जाव अप्पेगइया वंदणवत्तियं जाव निग्गच्छंति।

२५. तब जमालि क्षत्रियकुमार के इस प्रकार पूछने पर वह कंचुकी पुरुष अत्यन्त हर्षित एवं सन्तुष्ट हुआ। उसने श्रमण भगवान महावीर का (नगर में) आगमन जानकर एवं निश्चित करके (पुनः आकर) हाथ जोड़कर जय-विजय ध्वनि से जमालि क्षत्रियकुमार को बधाई दी। तत्पश्चात् उसने इस प्रकार कहा-'हे देवानुप्रिय ! आज क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बाहर इन्द्र आदि का उत्सव नहीं है, जिसके कारण यावत् लोग नगर से बाहर जा रहे हैं, किन्तु हे देवानुप्रिय ! आदिकर यावत् सर्वज्ञ-सर्वदर्शी श्रमण भगवान महावीर स्वामी ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशाल नामक उद्यान में अवग्रह ग्रहण करके यावत् विचरते हैं; इसी कारण ये उग्रकुल, भोगकुल आदि के क्षत्रिय आदि तथा और भी अनेक जन वन्दन (धर्मश्रवण) के लिए यावत् जा रहे हैं।'

25. The attendant was excited at this question from Jamali. Finding about the arrival of Shraman Bhagavan Mahavir the attendant returned and explained to Jamali after joining his palms and wishing him victory (formal greeting), "Beloved of gods! It is not because of some religious festival that the crowd is going in one particular direction. Today Shraman Bhagavan Mahavir, the founder of the religious ford, has arrived in the town and settled in the Bahushal garden. That is why all the aforesaid groups of people are going to pay their homage to him."

२६. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे कंचुइज्जपुरिसस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठ० कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, कोडुंबियपुरिसे सद्दावइत्ता एवं वयासी-खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! चाउग्घंटं आसरहं जुत्तामेव उवट्ठवेह, उवट्ठवेत्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।

२६. तदनन्तर कंचुकीपुरुष से यह बात सुनकर और हृदय में धारण करके (निश्चय करके) जमालि क्षत्रियकुमार हर्षित एवं सन्तुष्ट हुआ। उसने कौटुम्बिक पुरुषों को बुलाया और बुलाकर इस प्रकार कहा-'देवानुप्रियो ! तुम शीघ्र ही चार घण्टा वाले अश्वरथ को जोतकर यहाँ उपस्थित करो और मेरी इस आज्ञा का पालन करके निवेदन करो।'

26. Jamali, the *Kshatriya* youth, was pleased to get this information from the attendant. He called members of his staff and said, "Beloved of gods! Prepare my horse-drawn chariot with four bells and bring it here immediately and report to me once you have done as ordered."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२७. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जमालिया खत्तियकुमारेणं एवं वुत्ता समाणा जाव पच्चप्पिणंति।

२७. तब उन कौटुम्बिक पुरुषों ने क्षत्रियकुमार जमालि के इस आदेश को सुनकर तदनुसार कार्य करके यावत् निवेदन किया।

27. On getting the order the servants executed it ... and so on up to... and reported back.

२८. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे जेणेव मज्जणघरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता ण्हाए कयबलिकम्मे जहा उववाइए परिसा-वण्णओ तहा भाणियव्वं जाव चंदणोक्खित्तगायसरीरे सव्वालंकारविभूसिए मज्जणघराओ पडिनिक्खमइ, मज्जणघराओ पडिणिक्खमित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव चाउघंटे आसरहे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता चाउघंटं आसरहं दुरूहेइ, चाउघंटं आसरहं दुरूहित्ता सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेणं महया भडचडकरपहकरवंदपरिक्खित्ते खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तुरए निगिण्हेइ, तुरए निगिण्हित्ता रहं ठवेइ, रहं ठवित्ता रहाओ पच्चोरुहति, रहाओ पच्चोरुहित्ता पुप्फ-तंबोलाउहमादीयं वाहणाओ य विसज्जेइ, वाहणाओ विसज्जित्ता एगसाडियं उत्तरासंगं करेइ, एगसाडियं उत्तरासंगं करेत्ता आयंते चोक्खे परमसुइब्भूए अंजलिमउलियहत्थे जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेइ, तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेत्ता जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासेइ।

२८. तदनन्तर वह जमालि क्षत्रियकुमार, जहाँ स्नानगृह था, वहाँ आया और वहाँ आकर उसने स्नान किया तथा अन्य सभी दैनिक क्रियाएँ कीं, यावत् शरीर पर चन्दन का लेपन किया; समस्त आभूषणों से विभषित हुआ और स्नानगृह से निकला आदि सारा वर्णन तथा परिषद् का वर्णन, जिस प्रकार औपपातिकसूत्र में है, उसी प्रकार यहाँ जानना चाहिए। फिर जहाँ बाहर की उपस्थानशाला थी और जहाँ सुसज्जित चतुर्घण्ट अश्वरथ था, वहाँ वह आया। उस अश्वरथ पर चढ़ा। कोरण्टपुष्प की माला से युक्त छत्र को मस्तक पर धारण किया हुआ तथा बड़े-बड़े सुभटों, दासों, पथदर्शकों आदि के समूह से परिवृत हुआ वह जमालि क्षत्रियकुमार क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य में से होकर निकला और ब्राह्मणकुण्डग्राम नामक नगर के बाहर जहाँ बहुशाल नामक उद्यान था, वहाँ आया। वहाँ घोड़ों को रोककर रथ को खड़ा किया, तब वह रथ से नीचे उतरा। फिर उसने पुष्प, ताम्बूल, आयुध (शस्त्र) आदि तथा उपानह (जूते) वहीं छोड़ दिये। एक पट वाले वस्त्र का उत्तरासंग (उत्तरीय धारण) किया। तदनन्तर आचमन किया हुआ और अशुद्धि दूर करके अत्यन्त शुद्ध हुआ जमालि मस्तक पर दोनों हाथ जोड़े हुए श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास पहुँचा। समीप जाकर श्रमण भगवान महावीर की तीन बार आदक्षिण-प्रदक्षिणा की, यावत् त्रिविध पर्युपासना की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

28. Then Jamali, the *Kshatriya* youth, went to his bathroom, took his bath and performed his daily routine ... and so on up to... applied sandal paste on his body; and putting on his royal dress and ornaments came out of the bathroom. All this description and that of the assembly should be quoted from *Aupapatik sutra*. After that he came out of the house to the courtyard where the chariot was standing. He boarded the chariot. With an umbrella embellished with garlands of Korant flowers over his head and surrounded by a group of many guards, attendants, guides etc., that Jamali, the *Kshatriya* youth, passed through Kshatriya Kundagram and arrived at Bahushalak garden outside Brahman Kundagram. There he reigned the horses and stopped the chariot. Then he got down from the chariot and left his belongings including flowers, beetle leaves, weapons and shoes there. He placed a single piece scarf (*uttarasanga*) on his shoulders. Now he washed his mouth clean. Thus cleansing himself well Jamali placed his joined palms on his forehead and went near Shraman Bhagavan Mahavir. He moved around Bhagavan Mahavir three times and performed three-fold worship.

प्रवचन–श्रवण और प्रव्रज्या की अभिव्यक्ति **DISCOURSE AND DESIRE FOR INITIATION**

२९. तए णं समणे भगवं महावीरे जमालिस्स खत्तियकुमारस्स तीसे य महतिमहालियाए इसि० जाव धम्मकहा जाव परिसा पडिगया।

२९. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने उस क्षत्रियकुमार जमालि को तथा उस बहुत बड़ी ऋषिगण आदि की परिषद् को यावत् धर्मोपदेश दिया। धर्मोपदेश सुनकर यावत् परिषद् वापस लौट गई।

29. After that Shraman Bhagavan Mahavir gave his sermon to the large gathering of people including Jamali, many sages, and other people. After the discourse the assembly dispersed.

३०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठ–तुट्ठ जाव उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठाए उट्ठेत्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता एवं वयासी–सद्दहामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, पत्तियामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, रोएमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, अब्भुट्ठेमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते ! अवितहमेयं भंते ! असंदिद्धमेयं भंते ! जाव से जहेवं तुब्भे वदह, जं नवरं देवाणुप्पिया ! अम्मा–पियरो आपुच्छमि, तए णं अहं देवाणुप्पियाणं अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वयामि। अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं।

३०. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के पास से धर्म सुनकर उसे हृदयंगम करके हर्षित और सन्तुष्ट क्षत्रियकुमार जमालि उठा और खड़े होकर उसने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को तीन बार आदक्षिण–प्रदक्षिणा की यावत् वन्दन–नमन किया और इस प्रकार कहा–"हे भगवन् ! मैं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर श्रद्धा (विश्वास) करता हूँ। भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर प्रतीति (युक्तिपूर्ण आस्था) (विश्वास) करता हूँ। भन्ते ! निर्ग्रन्थ-प्रवचन में मेरी रुचि (श्रद्धा के अनुसार चलने की इच्छा) है। भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन के अनुसार चलने के लिए तत्पर हुआ हूँ। भन्ते ! यह निर्ग्रन्थ-प्रवचन तथ्य है, सत्य है; भगवन् ! यह सन्देहरहित है, यावत् जैसा कि आप कहते हैं (वैसा ही है)। किन्तु हे देवानुप्रिय ! (प्रभो!) मैं अपने माता-पिता को (घर जाकर) पूछता हूँ और उनकी अनुज्ञा लेकर (गृहवास का परित्याग करके) आप देवानुप्रिय के समीप मुण्डित होकर अगारधर्म से अनगारधर्म में प्रव्रजित होना चाहता हूँ।" (भगवान ने कहा--) "देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हें सुख हो वैसा करो।"

30. On hearing and understanding Shraman Bhagavan Mahavir's sermon Jamali, the *Kshatriya* youth, felt delighted and contented. He got up, went around Bhagavan Mahavir three times ... and so on up to... paid homage and said — "*Bhante!* I have respect (*shraddha*) for the sermon of *Nirgranths* (Jain tenets). *Bhante!* I have faith (*pratiti*, or logical acceptance) in the same. *Bhante!* I have liking for the same. *Bhante!* I am ready to follow the same. *Bhante!* This sermon of *Nirgranths* is real and true; *Bhante!* It is authentic ... and so on up to... it is, indeed, as you have spoken. O Beloved of gods! Under your auspices and after seeking permission from my parents, I would like to get tonsured and accept the path of homeless ascetics renouncing the householder's duties. (*Bhagavan* responded —) "Beloved of gods! Do as you please. Do not procrastinate."

माता-पिता से दीक्षा की अनुज्ञा PERMISSION FROM PARENTS FOR INITIATION

३१. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ० समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता तमेव चाउघंटं आसरहं दुरूहेइ, दुरूहित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ बहुसालाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता सकोरंट जाव धरिज्जमाणेणं महया भडचडगर० जाव परिक्खित्ते जेणेव खत्तियकुंडग्गामे नयरे तेणेव उवागगच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव सए गिहे जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तुरए निगिण्हिइ, तुरए निगिण्हित्ता रहं ठवेइ, रहे ठवेत्ता रहाओ पच्चोरुहइ, रहाओ पच्चोरुहित्ता जेणेव अब्भिंतरिया उवट्ठाणसाला, जेणेव अम्मा-पियरो तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अम्मा-पियरो जएणं विजएणं वद्धावेइ, वद्धावेत्ता एवं वयासी-एवं खलु अम्म ! ताओ ! मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मे निसंते, से वि य मे धम्मे इच्छिए, पडिच्छिए, अभिरुइए।

३१. जब श्रमण भगवान महावीर ने जमालि क्षत्रियकुमार से पूर्वोक्त प्रकार से कहा तो वह हर्षित और सन्तुष्ट हुआ। उसने श्रमण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार किया। फिर उस चार घंटा वाले अश्वरथ पर आरूढ हुआ और रथारूढ़ होकर श्रमण भगवान महावीर के पास

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तं कासवगं एवं वयासी--तुमं णं देवाणुप्पिया ! जमालिस्स खत्तियकुमारस्स परेणं जत्तेणं चउरंगुलवज्जे निक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेहि।

५४. इस पर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने नापित से कहा हे देवानुप्रिय ! क्षत्रियकुमार जमालि के निष्क्रमण के योग्य अग्रकेश (सिर के आगे-आगे के बाल) चार अंगुल छोड़कर अत्यन्त यत्नपूर्वक (सावधानीपूर्वक) काट दो।

54. *Kshatriya* youth Jamali's father told the barber — "Beloved of gods! Please carefully trim *Kshatriya* youth Jamali's hair, leaving about four Angul (a linear measure equal to width of a finger) length suitable for the renunciation ritual.

केश मुण्डन TONSURING

५५. तए णं से कासवए जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणा एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे करयल जाव एवं सामी ! तहत्ताणाए विणएणं वयणं पडिसुणेइ, पडिसुणित्ता सुरभिणा गंधोदएणं हत्थ-पादे पक्खालेइ, सुरभिणा गंधोदएणं हत्थ-पादे पक्खालित्ता सुद्धाए अट्ठपडलाए पोत्तीए मुहं बंधइ, मुहं बंधित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स परेणं जत्तेणं चउरंगुलवज्जे निक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे कप्पेइ।

५५. क्षत्रियकुमार जमालि के पिता के द्वारा यह आदेश दिये जाने पर वह नापित अत्यन्त हर्षित एवं तुष्ट हुआ और हाथ जोड़कर यावत् बोला "स्वामिन् ! आपकी जैसी आज्ञा है, वैसा ही होगा;" इस प्रकार उसने विनयपूर्वक उनके वचनों को स्वीकार किया। फिर सुगन्धित गन्धोदक से हाथ-पैर धोए, आठ पट वाले शुद्ध वस्त्र से मुँह बाँधा और अत्यन्त यत्नपूर्वक क्षत्रियकुमार जमालि के निष्क्रमण-योग्य अग्रकेशों को चार अंगुल छोड़कर काटा।

55. On getting these instructions from *Kshatriya* youth Jamali's father, the barber felt very much pleased and honoured. Joining his palms, he said — "Master! I will do exactly as you have said." Thus he humbly accepted the order. He then washed his hands and feet with perfumed water, covered his mouth with a clean eight-fold cloth and carefully trimmed *Kshatriya* youth Jamali's hair leaving about four Angul length, suitable for the renunciation ritual.

विवेचन : विशेषार्थ-**णिक्खमणपाउग्गे अग्गकेसे**-दीक्षित होने वाले व्यक्ति के आगे के केश चार अंगुल छोड़कर काटे जाते थे, ताकि गुरु अपने हाथ से उनका लुञ्चन कर सकें, इसे निष्क्रमण-योग्य केशकर्तन कहा जाता था। **अट्ठपडलाए पोत्तीए**-आठ पटल (परत या तह) वाली पोतिका (मुखवस्त्रिका) से।

Elaboration — Technical terms – *Nikkhamanapaugge aggakese* – a person aspiring to get initiated into the ascetic order had to get his hair trimmed leaving about four Angul length. This was done so that the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

guru could conveniently pull out the remaining hair while performing the ritual of initiation. This was called hair trimming suited for renunciation. *Atthapadalaaye pottiye* – mouth-cover of eight-fold clothe.

५६. तए णं सा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया हंसलक्खणेणं पडसाडएणं अग्गकेसे पडिच्छइ, अग्गकेसे पडिच्छित्ता सुरभिणा गंधोदएणं पक्खालेइ, सुरभिणा गंधोदएणं पक्खालेत्ता अग्गेहिं वरेहिं गंधेहिं मल्लेहिं अच्चेति, अच्चित्ता सुद्धवत्थेणं बंधेइ, सुद्धवत्थेणं बंधित्ता रयणकरंडगंसि पक्खिवति, पक्खिवित्ता हार–वारिधार–सिंदुवार–छिन्नमुत्तावलिप्पगासाइं सुयवियोगदूसहाइं अंसूइं विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी एवं वयासी–एस णं अम्हं जमालिस्स खत्तियकुमारस्स बहूसु तिहीसु य पव्वणीसु य उस्सवेसु य जण्णेसु य छणेसु य अपच्छिमे दरिसणे भविस्सति इति कट्टु ओसीसगमूले ठवेइ।

५६. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि की माता ने शुक्लवर्ण के या हंस-चिह्न वाले वस्त्र की चादर (शाटक) में उन अग्रकेशों को ग्रहण किया। फिर उन्हें सुगन्धित गन्धोदक से धोया, फिर प्रधान एवं श्रेष्ठ गन्ध (इत्र) एवं माला द्वारा उनका अर्चन किया और शुद्ध वस्त्र में उन्हें बाँधकर रत्नकरण्डक (रत्नों के पिटारे) में रखा। इसके बाद जमालिकुमार की माता हार, जलधारा, सिन्दुवार के पुष्पों एवं टूटी हुई मोतियों की माला के समान पुत्र के दुःसह (असह्य) वियोग के कारण आँसू बहाती हुई इस प्रकार कहने लगी–"ये (जमालिकुमार के अग्रकेश) हमारे लिए बहुत-सी तिथियों, पर्वों, उत्सवों और नागपूजादिरूप यज्ञों तथा (इन्द्र-) महोत्सवादिरूप क्षणों में क्षत्रियकुमार जमालि के अन्तिम दर्शनरूप होंगे (उसकी स्मृति के प्रतीक रहेंगे)।"–ऐसा विचार कर उन्हें अपने तकिये के नीचे रख दिया।

56. *Kshatriya* youth Jamali's mother then collected the hair on a piece of cloth, white like a swan. After that she washed them with scented water and performed the adoration ritual with best of perfumes and garlands. Having done that she wrapped them in a clean cloth and placed them in a jewelry box. Then lamenting the intolerable agony of separation of her son, and shedding tears like a broken necklace, a stream of water, a garland of Sinduwar flowers and a string of beads, *Kshatriya* youth Jamali's mother said — "These (hair of Jamali) will serve as symbols of the last beholding (or signs of the memory of the last meeting) on many dates (of occasions), festivals, celebrations, worships, sacrifices and ceremonies including those for Naag and Indra." With these words she placed the box under her pillow.

५७. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मा–पियरो दुच्चं पि उत्तरावक्कमणं सीहासणं रयावेंति, दुच्चं पि उत्तरावक्कमणं सीहासणं रयावित्ता जमालिं खत्तियकुमारं सेयापीतएहिं कलसेहिं ण्हाणेंति, सेयापीतएहिं कलसेहिं ण्हाणेत्ता पम्हसुकुमालाए सुरभीए गंधकासाइए गायाइं लूहेंति, सुरभीए गंधकासाइए गायाइं लूहेत्ता सरसेणं गोसीसचंदणेणं गायाइं अणुलिंपंति, गायाइं अणुलिंपित्ता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नासानिस्सासवायवोज्झं चक्खुहरं वण्णफरिसजुत्तं हयलालापेलवातिरेगं धवलं कणगखचियंतकम्मं महरिहं हंसलक्खणं पडसाडगं परिहिंति, परिहित्ता हारं पिणद्धेंति, २ अद्धहारं पिणद्धेंति, अ० पिणद्धित्ता एवं जहा सूरियाभस्स अलंकारो तहेव जाव चित्तं रयणसंकडुक्कडं मउडं पिणद्धंति, किं बहुणा ? गंथिम–वेढिम–पूरिम–संघातिमेणं चउव्विहेणं मल्लेणं कप्परुक्खगं पिव अलंकियविभूसियं करेंति।

५७. इसके पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि के माता-पिता ने दूसरी बार भी उत्तरदिशाभिमुख सिंहासन रखवाया और क्षत्रियकुमार जमालि को श्वेत और पीत (चाँदी और सोने के) कलशों से स्नान करवाया। फिर रुएँदार सुकोमल गन्धकाषायित सुगन्धियुक्त वस्त्र (तौलिये या अंगोछे) से उसके अंग (गात्र) पोंछे। उसके बाद सरस गोशीर्षचन्दन का गात्रों पर लेपन किया। तदनन्तर नाक के निःश्वास की वायु से उड़ जाए, ऐसा बारीक, नेत्रों को आह्लादक (या आकर्षक) लगने वाला, सुन्दर वर्ण और कोमल स्पर्श से युक्त, घोड़े के मुख की लार से भी अधिक कोमल, श्वेत और (किनारे पर) सोने के तारों से जड़ा हुआ, महामूल्यवान् एवं हंस के चिह्न से युक्त पटशाटक (रेशमी वस्त्र) पहनाया। फिर हार (अठारह लड़ी वाला हार) एवं अर्द्ध-हार (नवसरा हार) पहनाया। जैसे राजप्रश्नीयसूत्र में सूर्याभदेव के अलंकारों का वर्णन है, उसी प्रकार यहाँ भी समझना चाहिए, यावत् विचित्र रत्नों से जटित मुकुट पहनाया। अधिक क्या कहें ! ग्रन्थिम (गूँथी हुई), वेष्टिम (लपेटी हुई), पूरिम (पूरी हुई-भरी हुई) और संघातिम (परस्पर संघात की हुई जोड़ी हुई) रूप से तैयार की हुई चारों प्रकार की मालाओं से कल्पवृक्ष के समान उस जमालिकुमार को अलंकृत एवं विभूषित किया गया।

57. Once again *Kshatriya* youth Jamali's parents got a throne placed facing north and helped him taking bath with water poured from white and yellow (silver and golden) pitchers; wiped his body dry with fragrant and perfumed soft towel, and applied best quality of sandal-wood paste (*saras Goshirsh-chandan*). Now they provided him a silk dress to wear. It was so fine as to wave with force of normal breathing. It was pleasant to the eyes, beautiful in colour and soft in touch. It was white, softer than the saliva from a horse's mouth and with a golden brocade border. It was very costly and printed with a swan-emblem. Having done that they placed a necklace (with eighteen strings) and half necklace (with nine strings) on his neck. After this they adorned him with numerous ornaments like those of Suryaabh Dev as described in *Rajprashniya Sutra* ... and so on up to... placed a gem studded crown on his head. Needless to add more to the description beyond saying that he was fully embellished with four kinds of garlands including *granthim* (made by stringing), *veshtim* (made by wrapping), *purim* (made by braiding or filling) and *sanghatim* (made by interweaving or entwining) so much so that he looked like a wish-fulfilling tree (*Kalp-vriksha*) in all respects.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन : इस वर्णन से पता चलता है, उस युग में आभूषण-निर्माण तथा वस्त्र-निर्माण की कला अत्यन्त विकसित हो चुकी थी। जहाँ इतना कोमल, बारीक तथा कलापूर्ण वस्त्र तैयार होता था।

Elaboration — This description provides an important information about the advanced textile technology and craft of ornament making of that period. The fineness of the cloth and the range of the ornaments described provide ample evidence of this fact.

शिविकारोहण **BOARDING THE PALANQUIN**

५८. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासि–खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! अणेगखंभसयसन्निविट्ठं लीलट्ठियसालभंजियागं जहा रायप्पसेणइज्जे विमाणवण्णओ जाव मणिरयणघंटियाजालपरिखित्तं पुरिससहस्सवाहणीयं सीयं उवट्ठवेह, उवट्ठवेत्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह।

५८. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषों को बुलाकर कहा–हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही सैकड़ों खंभों से युक्त, लीलापूर्वक खड़ी हुई पुतलियों वाली मणि-रत्नों की घंटियों के समूह से चारों ओर से घिरी हुई, हजार पुरुषों द्वारा उठाई जाने योग्य (विशाल) शिविका (पालकी) (तैयार करके) उपस्थित करो और मेरी इस आज्ञा का पालन करके मुझे पुनः निवेदन करो।

58. Now *Kshatriya* youth Jamali's father called his staff and said, "Beloved of gods! Without delay arrange for a large palanquin with many pillars, and decorated with figures of dancing damsels. It should be decorated with bunches of small gem studded bells all around. It should be so large as to be carried by one thousand persons. Do that and report back."

५९. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव पच्चप्पिणंति।

५९. इस आदेश को सुनकर कौटुम्बिक पुरुषों ने उसी प्रकार की शिविका तैयार करके यावत् (उन्हें) निवेदन किया।

59. On getting this order the staff members arranged for the described palanquin ... and so on up to... reported back.

६०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे केसालंकारेणं वत्थालंकारेणं मल्लालंकारेणं आभरणालंकारेणं चउव्विहेणं अलंकारेण अलंकारिए समाणे पडिपुण्णालंकारे सीहासणाओ अब्भुट्ठेइ, सीहासणाओ अब्भुट्ठेत्ता सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणे सीयं दुरूहइ, दुरूहित्ता सीहासणवरंसि पुरत्थाभिमुहे सन्निसण्णे।

६०. तत्पश्चात् क्षत्रियकुमार जमालि केशालंकार, वस्त्रालंकार, माल्यालंकार और आभरणालंकार; इन चार प्रकार के अलंकारों से अलंकृत यथास्थान साजसज्जा से युक्त होकर तथा प्रतिपूर्ण अलंकारों से सुसज्जित होकर सिंहासन से उठा। वह दक्षिण की ओर से (अथवा शिविका की प्रदक्षिणा करते हुए) शिविका पर चढ़ा और श्रेष्ठ सिंहासन पर पूर्व की ओर मुँह करके आसीन हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

60. After that *Kshatriya* youth Jamali, perfectly adorned with fourfold embellishments including hair adornments, dress, garlands and ornaments, rose from his throne. He then boarded the palanquin from the south (going around) and sat on the finest throne facing east.

६१. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया ण्हाया कयबलिकम्मा जाव सरीरा हंसलक्खणं पडसाडगं गहाय सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणी सीयं दुरूहइ, सीयं दुरूहित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स दाहिणे पासे भद्दासणवरंसि सन्निसण्णा।

६१. फिर क्षत्रियकुमार जमालि की माता स्नानादि करके यावत् शरीर को अलंकृत करके हंस के चिह्न वाला पटशाटक लेकर दक्षिण की ओर से शिविका पर चढ़ी और जमालिकुमार की दाहिनी ओर श्रेष्ठ भद्रासन पर बैठी।

61. Then *Kshatriya* youth Jamali's mother, after taking her bath ... and so on up to... embellishing her body, took the silken cloth with swan-emblem and boarded the palanquin from the left and sat on the throne to the right of Jamali.

६२. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मधाई ण्हाया जाव सरीरा रयहरणं च पडिग्गहं च गहाय सीयं अणुप्पदाहिणीकरेमाणी सीयं दुरूहइ, सीयं दुरूहित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स वामे पासे भद्दासणवरंसि सन्निसणा।

६२. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि की धायमाता ने स्नानादि किया, यावत् शरीर को अलंकृत करके रजोहरण और पात्र लेकर दाहिनी ओर से शिविका पर चढ़ी और क्षत्रियकुमार जमालि के बाईं ओर श्रेष्ठ भद्रासन पर बैठी।

62. Then *Kshatriya* youth Jamali's governess after taking her bath ... and so on up to... embellishing her body, took the ascetic-broom as well as the bowl and boarded the palanquin from the right and sat on the throne to the left of Jamali.

६३. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिट्ठओ एगा वरतरुणी सिंगारागारचारुवेसा संगय-गय जाव रूवजोव्वणविलासकलिया सुंदरथण० हिम-रयत-कुमुद-कुंदेंदुप्पगासं सकोरेंटमल्लदामं धवलं आयवत्तं गहाय सलीलं धारेमाणी धारेमाणी चिट्ठइ।

६३. फिर क्षत्रियकुमार जमालि के पृष्ठभाग में (पीछे) शृंगार की हुई सुन्दर वेश वाली, सुन्दर गति वाली, यावत् रूप और यौवन के विलास से युक्त तथा लावण्य, रूप एवं यौवन के गुणों से युक्त एक उत्तम तरुणी हिम (बर्फ), रजत (चाँदी), कुमुद, कुन्दपुष्प एवं चन्द्रमा के समान, कोरण्टक पुष्प की माला से युक्त, श्वेत छत्र (आतपत्र) हाथ में लेकर लीलापूर्वक (नृत्य मुद्रा में) धारण करती हुई खड़ी हुई।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

63. Now came and stood at the back of *Kshatriya* youth Jamali a well embellished and beautifully dressed noble lady, amply endowed with charm and qualities of youth and beauty, in a dancing posture carrying a white umbrella that was adorned with garlands of Korant flowers as white as snow, silver, Kumud flower, Kunda flower and the moon.

६४. तए णं तस्स जमालिस्स उभयोपासिं दुवे वरतरुणीओ सिंगारागारचारु जाव कलियाओ नाणामणि–कणग–रयण–विमल–महरिह–तवणिज्जुज्जलविचित्तदंडाओ चिल्लियाओ संखंक–कुंदेंदु–दगरय–अमयमहियफेणपुंजसन्निकासाओ धवलाओ चामराओ गहाय सलीलं वीयमाणीओ वीयमाणीओ चिट्ठंति।

६४. तदनन्तर जमालिकुमार के दोनों (दाहिनी तथा बाईं) ओर शृंगार के घर के समान, सुसज्जित सुन्दर वेश वाली यावत् रूप–यौवन के विलास से युक्त दो उत्तम तरुणियाँ हाथ में चामर लिए हुए लीला सहित ढुलाती हुई खड़ी हो गईं। वे चामर अनेक प्रकार की मणियों, कनक (पीला सोना), रत्नों तथा विशुद्ध एवं महामूल्यवान् तपनीय (लाल स्वर्ण) से निर्मित उज्ज्वल एवं विचित्र दण्ड वाले तथा चमचमाते हुए (देदीप्यमान) थे और शंख, अंकरत्न, कुन्द–(मोगरा के) पुष्प, चन्द्र, जलबिन्दु, मथे हुए अमृत के फेन के पुँज के समान श्वेत थे।

64. After that came and stood on both flanks of *Kshatriya* youth Jamali two well embellished ... and so on up to... noble ladies, carrying whisks and waving them. The exquisite and glowing handles of these whisks were made of pure gold of immense value and studded with a variety of gems and beads. The hair of these whisks were spotless white like conch-shell, Anka gem, Kund (Mogra) flowers, the moon, drop of water, and foam of churned nectar.

६५. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स उत्तरपुरत्थिमेणं एगा वरतरुणी सिंगारागार जाव कलिया सेयं रयतामयं विमलसलिलपुण्णं मत्तगयमहामुहाकितिसमाणं भिंगारं गहाय चिट्ठइ।

६५. और फिर क्षत्रियकुमार जमालि के उत्तरपूर्व (ईशानकोण) में शृंगार के गृह के समान, उत्तम वेश वाली यावत् रूप, यौवन और विलास से युक्त एक श्रेष्ठ तरुणी पवित्र (शुद्ध) जल से परिपूर्ण, उन्मत्त हाथी के महामुख के आकार के समान श्वेत रजत–निर्मित कलश (भृंगार) (हाथ में) लेकर खड़ी हो गई।

65. Then came and stood, on the northeast of *Kshatriya* youth Jamali, a well embellished ... and so on up to... noble lady, carrying a pure water filled pitcher made of white silver in the shape of the head of mad elephant.

६६. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स दाहिणपुरत्थिमेणं एगा वरतरुणी सिंगारागार जाव कलिया चित्तं कणगदंडं तालयंटं गहाय चिट्ठइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६६. उसके बाद क्षत्रियकुमार जमालि के दक्षिणपूर्व (आग्नेयकोण) में शृंगार गृह के तुल्य यावत् रूप यौवन और विलास से युक्त एक श्रेष्ठ युवती विचित्र स्वर्णमय दण्ड वाले एक ताड़पत्र के पंखे को लेकर खड़ी हो गई।

66. After that came and stood, on the northeast of *Kshatriya* youth Jamali, a well embellished ... and so on up to... noble lady, carrying a palm leaf fan with an exquisite handle made of gold.

६७. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया कोडुंबियपुरिसे सद्दावेइ, कोडुंबियपुरिसे सद्दावेत्ता एवं वयासी–खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया ! सरिसयं सरित्तयं सरिव्वयं सरिसलावण्ण–रूव–जोव्वणगुणोववेयं एगाभरणवसणगहियनिज्जोयं कोडुंबियवरतरुणसहस्सं सद्दावेह।

६७. तब क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने कौटुम्बिक पुरुषों को बुलाकर कहा–'हे देवानुप्रियो ! शीघ्र ही एक सरीखे, समान त्वचा वाले, समान वय वाले, समान लावण्य, रूप और यौवन–गुणों से युक्त, एक सरीखे आभूषण, वस्त्र और परिकर धारण किये हुए एक हजार श्रेष्ठ कौटुम्बिक तरुणों को बुलाओ।'

67. Now *Kshatriya* youth Jamali's father called his staff and said, "Beloved of gods! Without delay call here a thousand young men of similar complexion, age and endowed with similar qualities of beauty, charm and youth to act as choicest attendants. They should be in similar dress, adornment and headgear.

६८. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा जाव पडिसुणेत्ता खिप्पामेव सरिसयं सरित्तयं जाव सद्दावेंति।

६८. तब वे कौटुम्बिक पुरुष स्वामी के आदेश को यावत् स्वीकार करके शीघ्र ही एक सरीखे, समान त्वचा वाले यावत् एक हजार श्रेष्ठ कौटुम्बिक तरुणों को बुला लाए।

68. Then those staff members ... and so on up to... accepted their masters order and soon called a thousand young men ... and so on up to... to act as choicest attendants.

६९. तए णं ते कोडंबियपुरिस (? तरुणा) जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिउणो कोडुंबियपुरिसेहिं सद्दाविया समाणा हट्ठतुट्ठ० ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमंगलपायच्छित्ता एगाभरणवसणगहियनिज्जोया जेणेव जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता करयल जाव वद्धावेत्ता एवं वयासी–संदिसंतु णं देवाणुप्पिया ! जं अम्हेहिं करणिज्जं।

६९. कौटुम्बिक पुरुषों द्वारा बुलाये हुए वे एक हजार तरुण सेवक हर्षित और सन्तुष्ट होकर, स्नानादि से निवृत्त होकर बलिकर्म, कौतुक, मंगल एवं प्रायश्चित्त करके एक सरीखे आभूषण और वस्त्र तथा वेश धारण करके जहाँ जमालि क्षत्रियकुमार के पिता थे, वहाँ आए और हाथ जोड़कर यावत् उन्हें जय–विजय शब्दों से बधाकर बोले–हे देवानुप्रिय ! हमें जो कार्य करना है, उसका आदेश दीजिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

69. Being thus commissioned, one thousand youthful attendants were delighted and honoured. They took their bath and completed their ritual routines of awakening protective spirits, repentance for mistakes, offerings to gods, using auspicious things like curd, rice, mustard, grass, etc. Then they adorned themselves with similar ornaments and dresses and came to *Kshatriya* youth Jamali's father. They joined their palms, greeted him with hails of victory and submitted — "Beloved of gods! Please tell us what is to be done."

७०. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया तं कोडुंबियवरतरुणसहस्सं एवं वयासी–तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! ण्हाया कयबलिकम्मा जाव गहियनिज्जोगा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स सीयं परिवहह।

७०. तब क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने उन एक हजार तरुण सेवकों को इस प्रकार कहा–हे देवानुप्रियो! तुम स्नानादि करके यावत् एक सरीखे वेश में सुसज्ज होकर जमालिकुमार की शिविका को उठाओ।

70. *Kshatriya* youth Jamali's father said to those one thousand young attendants — "Beloved of gods! Take your bath ... and so on up to... wear uniforms and lift *Kshatriya* youth Jamali's palanquin."

७१. तए णं ते कोडुंबियपुरिसा (? तरुणा) जमालिस्स खत्तियकुमारस्स जाव पडिसुणेत्ता ण्हाया जाव गहियनिज्जोगा जमालिस्स खत्तियकुमारस्स सीयं परिवहंति।

७१. तब वे कौटुम्बिक तरुण क्षत्रियकुमार जमालि के पिता का आदेश शिरोधार्य करके स्नानादि करके यावत् एक सरीखी पोशाक धारण किये हुए (उन तरुण सेवकों ने) क्षत्रियकुमार जमालि की शिविका उठाई।

71. The attendants accepted the order of *Kshatriya* youth Jamali's father. After taking bath ... and so on up to... wearing uniforms they lifted *Kshatriya* youth Jamali's palanquin.

७२. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं दुरूढस्स समाणस्स तप्पढमयाए इमे अट्ठट्ठमंगलगा पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया, तं०–सोत्थिय सिरिवच्छ जाव दप्पणा। तदणंतरं च णं पुण्णकलसभिंगारं जहा उववाइए जाव गगणतलमणुलिहंती पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया। एवं जहा उववाइए तहेव भाणियव्वं जाव आलोयं च करेमाणा 'जय जय' सद्दं च पउंजमाणा पुरओ अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया। तदणंतरं च णं बहवे उग्गा भोगा जहा उववाइए जाव महापुरिसवग्गुरा परिक्खित्ता जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरओ य मग्गओ य पासओ य अहाणुपुव्वीए संपट्ठिया।

७२. हजार पुरुषों द्वारा उठाई जाने योग्य उस शिविका पर जब जमालि क्षत्रियकुमार आदि सब आरूढ़ हो गये, तब उस शिविका के आगे-आगे सर्वप्रथम ये आठ मंगल अनुक्रम से चले, यथा–(१)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वस्तिक, (२) श्रीवत्स, (३) नन्द्यावर्त्त, (४) वर्धमानक, (५) भद्रासन, (६) कलश, (७) मत्स्य, और (८) दर्पण। इन आठ मंगलों के अनन्तर पूर्ण कलश चला; आकाश को स्पर्श करती हुई-सी वैजयन्ती (ध्वजा) भी आगे यथानुक्रम से रवाना हुई। यावत् आलोक करते हुए और जय-जयकार शब्द का उच्चारण करते हुए अनुक्रम से आगे चले। इसके पश्चात् बहुत से उग्रकुल के, भोगकुल के क्षत्रिय इत्यादि महापुरुषों के वर्ग से परिवृता होकर क्षत्रियकुमार जमालि के आगे, पीछे और आस-पास चलने लगे। यह समग्र वर्णन विस्तारयुक्त औपपातिकसूत्र में कूणिक के दर्शन मात्र प्रसंग अनुसार जान लेना चाहिए।

72. Once the palanquin was ready with *Kshatriya* youth Jamali and others boarding the same and being lifted by one thousand bearers, it was preceded by eight auspicious objects in this order — (1) *Swastika* (a specific graphic design resembling the mathematical sign of addition with a perpendicular line added to each of the four arms in clockwise direction), (2) *Shrivats* (a specific mark found on the chest of all *Tirthankars*), (3) *Nandyavart* (a specific elaborate graphic design resembling an extended swastika), (4) *Vardhamanak* (a specific design of vessel), (5) *Bhadrasan* (a specific design of seat), (6) *Kalash* (an urn), (7) *Matsya* (a fish), and (8) *Darpan* (a mirror). These were followed by the royal attendants carrying pitchers and jars filled with water ... and so on up to... the beautiful flag of victory (*vijaya-vaijayanti*) furling sky high with the wind. (as mentioned in *Aupapatik sutra*) ... and so on up to... People followed hailing victory for the hero. *Kshatriya* youth Jamali's said palanquin was surrounded by many prominent persons belonging to Ugra, Bhoga and other clans walking on its front, back and flanks. Detailed description is as mentioned in *Aupapatik sutra* in context of King Kunik going to behold Bhagavan Mahavir.

७३. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिया ण्हाए कयबलिकम्मे जाव विभूसिए हत्थिखंधवरगए सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धरिज्जमाणेणं सेयवरचामराहिं उद्धुव्वमाणीहिं उद्धुव्वमाणीहिं हय-गय-रह-पवरजोहकलियाए चाउरंगिणीए सेणाए सद्धिं संपरिवुडे महया भड-चडगर जाव परिक्खित्ते जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पिट्ठओ पिट्ठओ अणुगच्छइ।

७३. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि के पिता ने स्नान आदि किया। यावत् विभूषित होकर उत्तम हाथी के कंधे पर चढ़े और कोरण्टक पुष्प की माला से युक्त छत्र धारण किये हुए, श्वेत चामरों से बिंजाते हुए, घोड़े, हाथी, रथ और श्रेष्ठ योद्धाओं से युक्त चतुरंगिणी सेना से परिवृत होकर तथा महासुभटों के समुदाय से घिरे हुए यावत् क्षत्रियकुमार के पीछे-पीछे चल रहे थे।

73. *Kshatriya* youth Jamali's father too took his bath ... and so on up to... embellished himself and rode the royal elephant. With an umbrella decorated with garlands of Korantak flowers over his head, fanned with a

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

pair of white whisks, surrounded by four pronged army including great warriors and soldiers riding elephants, horses and chariots as well as those walking on feet. ... and so on up to... followed Jamali, the *Kshatriya* youth.

७४. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स पुरओ महं आसा आसव (वा) रा, उभओ पासिं णागा णागवरा, पिट्ठओ रहा रहसंगेल्ली।

७४. साथ ही उस जमालि क्षत्रियकुमार के आगे बड़े-बड़े और श्रेष्ठ घुड़सवार तथा उसके दोनों बगल (पार्श्व) में उत्तम हाथी एवं पीछे रथ और रथसमूह चल रहे थे।

74. Ahead of *Kshatriya* youth Jamali were noble riders on excellent horses, on his flanks were best of elephants and on his rear came chariots.

७५. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे अब्भुग्गयभिंगारे पग्गहियतालियंटे ऊसवियसेतछत्ते पवीइसतसेतचामरबालवीयणीए सव्विड्ढीए जाव णादितरवेणं खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव माहणकुंडग्गामे नयरे जेणेव बहुसालए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

७५. इस प्रकार (दीक्षाभिलाषी) क्षत्रियकुमार जमालि सर्व ऋद्धि सहित यावत् बाजे-गाजे के साथ (वाद्यों के निनाद के साथ) चलने लगा। उसके आगे कलश और ताड़पत्र का पंखा लिए हुए पुरुष चल रहे थे। उसके सिर पर श्वेत छत्र धारण किया हुआ था। उसके दोनों ओर श्वेत चामर और छोटे पंखे बिंजाए जा रहे थे। [इनके पीछे बहुत-से लकड़ी, भाला, पुस्तक यावत् वीणा आदि लिए हुए लोग चल रहे थे। उनके पीछे एक सौ आठ हाथी आदि, फिर लाठी, खड्ग, भाला आदि, लिए हुए पदाति (पैदल चलने वाले)-पुरुष तथा उनके पीछे बहुत-से युवराज, धनाढ्यं, यावत् सार्थवाह प्रभृति तथा बहुत-से लोग यावत् गाते-बजाते, हँसते-खेलते चल रहे थे।] (इस प्रकार) क्षत्रियकुमार जमालि क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य में से होकर जाता हुआ, ब्राह्मणकुण्डग्राम के बाहर जहाँ बहुशालक नामक उद्यान में श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उस ओर गमन करने लगा।

75. Thus moved the procession of *Kshatriya* youth Jamali (aspiring for initiation) accompanied with all the grandeur ... and so on up to... sound of musical instruments. Ahead of him moved attendants carrying urns and palm-leaf fans. He had a white umbrella over his head. He was being fanned with white whisks and small fans from both sides. [On the rear came many people carrying staffs, spears, books ... and so on up to... *Veena* (a stringed musical instrument). Behind them came one hundred eight elephants etc. followed again by people carrying staffs, swords, etc. and walking on feet. After them came many princes, wealthy people ... and so on up to... caravan chiefs and many other people singing and dancing.] Moving through the city of Kshatriyakund, the procession proceeded towards Bahushalak garden outside Brahman Kundagram where Shraman Bhagavan Mahavir was stationed.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७६. तए णं तस्स जमालिस्स खत्तियकुमारस्स खत्तियकुंडग्गामं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छमाणस्स सिंघाडग–तिग–चउक्क जाव पहेसु बहवे अत्थत्थिया जहा उववाइए जाव अभिनंदंता य अभित्थुणंता य एवं वयासी–जय जय णंदा ! धम्मेणं, जय जय णंदा ! तवेणं, जय जय णंदा ! भद्दं ते, अभग्गेहिं णाण–दंसण–चरित्तमुत्तमेहिं अजियाइं जिणाहि इंदियाइं, जियं च पालेहि समणधम्मं, जियविग्घो वि य वसाहि तं देव ! सिद्धिमज्झे, णिहणाहि य राग–दोसमल्ले तवेणं धितिधणियबद्धकच्छे, मद्दाहि अट्ठकम्मसत्तू झाणेणं उत्तमेणं सुक्केणं, अप्पमत्तो हराहि आराहणपडागं च धीर ! तिलोक्करंगमज्झे, पावय वितिमिरमणुत्तरं केवलं च णाणं, गच्छ य मोक्खं परं पदं जिणवरोवदिट्ठेणं सिद्धिमग्गेणं अकुडिलेणं, हंता परीसहचमुं, अभिभविय गामकंटकोवसग्गा णं, धम्मे ते अविग्घमत्थु ! त्ति कट्टु अभिनंदंति य अभिथुणंति य।

७६. जब क्षत्रियकुमार जमालि क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के मध्य में से होकर जा रहा था, तब शृंगाटक, त्रिक, चतुष्क यावत् राजमार्गों पर बहुत-से अर्थार्थी (धनार्थी), कामार्थी इत्यादि लोग; औपपातिकसूत्र में कहे अनुसार इष्ट, कान्त, प्रिय आदि शब्दों से यावत् अभिनन्दन एवं स्तुति करते हुए इस प्रकार कहने लगे–"हे नन्द (आनन्ददाता) ! धर्म द्वारा तुम्हारी जय हो ! हे नन्द ! तप के द्वारा तुम्हारी जय हो ! हे नन्द ! तुम्हारा भद्र (कल्याण) हो ! हे देव ! अखण्ड उत्तम ज्ञान–दर्शन–चारित्र द्वारा (अब तक) अविजित इन्द्रियों को जीतो और विजित श्रमणधर्म का पालन करो। हे देव ! विघ्नों को जीतकर सिद्धि (मुक्ति) में जाकर बसो ! तप से धैर्यरूपी कच्छ को अत्यन्त दृढ़तापूर्वक बाँधकर राग–द्वेषरूपी मल्लों को पछाड़ो ! उत्तम शुक्लध्यान के द्वारा अष्टकर्मशत्रुओं का मर्दन करो ! हे धीर ! अप्रमत्त होकर त्रैलोक्य के रंगमंच (विश्वमण्डप) में आराधनारूपी पताका ग्रहण करो (अथवा फहरा दो) और अन्धकाररहित (विशुद्ध प्रकाशमय) अनुत्तर केवलज्ञान को प्राप्त करो ! तथा जिनवरोपदिष्ट सरल (अकुटिल) सिद्धिमार्ग पर चलकर परम पद रूप मोक्ष को प्राप्त करो ! परीषह-सेना को नष्ट करो तथा इन्द्रियग्राम के कण्टकरूप (प्रतिकूल) उपसर्गों पर विजय प्राप्त करो ! तुम्हारा धर्माचरण निर्विघ्न हो!" इस प्रकार से लोग अभिनन्दन एवं स्तुति करने लगे।

76. As *Kshatriya* youth Jamali passed through the city of Kshatriya Kundagram, on triangular courtyards (*singhatak*), crossings of three, four ... and so on up to... highways, he was greeted with auspicious words in coveted, pleasant, lovable, likable, joyous, desirable and blissful voice by masses of people among whom were many who sought wealth, many who desired worldly pleasures, and many who only desired food. They uttered — "O source of joy! May you be victorious on the religious path. O noble one! May you be victorious through austerities. May all go well with you O benefactor of the world! May you conquer the unconquerable sense organs through unhindered pure knowledge, perception and conduct, and follow the path of *Shramans* that you have accepted. O Divine one! May you cross all hurdles and attain liberation. With patience and resolve, may you annihilate the adversaries in the form of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

attachment and aversion by means of penance. May you subjugate the enemies in the form of eight types of *Karmas* with the help of pure ultimate meditation (*Shukla Dhyan*). O Epitome of patience! May you become ever alert and furl the flag of spiritualism on the universal stage. May you attain the ultimate state of pure knowledge or omniscience that is free of the darkness of ignorance. May you destroy the chain of afflictions and being free of them may you attain the stable and eternal state of liberation. May your spiritual endeavour be free of obstacles." And they repeatedly hailed for the auspicious victory.

७७. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे नयणमालासहस्सेहिं पिच्छिज्जमाणे पिच्छिज्जमाणे एवं जहा उववाइए कूणिओ जाव णिग्गच्छति, निग्गच्छित्ता जेणेव माहणकुंडग्गामे नगरे जेणेव बहुसालए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता छत्तादीए तित्थगरातिसए पासइ, पासित्ता पुरिससहस्सवाहिणिं सीयं ठवेइ, ठवित्ता पुरिससहस्सवाहिणीओ सीयाओ पच्चोरुहइ।

७७. औपपातिकसूत्र में वर्णित कूणिक के वर्णनानुसार क्षत्रियकुमार जमालि (दीक्षार्थी के रूप में) हजारों (व्यक्तियों) की नयनावलियों द्वारा देखा जाता हुआ यावत् (क्षत्रियकुण्डग्राम नगर के बीचोंबीच होकर) निकला। फिर ब्राह्मणकुण्डग्राम नगर के बाहर बहुशालक नामक उद्यान के निकट आया और ज्यों ही उसने तीर्थंकर भगवान के छत्र आदि अतिशयों को देखा, त्यों ही हजार पुरुषों द्वारा उठाई जाने वाली उस शिविका को ठहराया और स्वयं उस सहस्रपुरुषवाहिनी शिविका से नीचे उतरा।

77. Like King Kunik, as detailed in *Aupapatik Sutra*, *Kshatriya* youth Jamali (aspiring initiation) witnessed by thousands of assembled people ... and so on up to... passed through Kshatriya Kundagram city and approached Bahushalak garden outside Brahman Kundagram. As soon as he saw the divine wonders around the *Tirthankar*, including the divine canopies, he stopped the thousand-bearer palanquin and got down from it.

प्रव्रज्या ग्रहण INITIATION

७८. तए णं तं जमालिं खत्तियकुमारं अम्मा-पियरो पुरओ काउं जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ; तेणेव उवागच्छित्ता, समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता एवं वयासी-एवं खलु भंते ! जमाली खत्तियकुमारे अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे कंते जाव किमंग पुण पासणयाए ? से जहानामए उप्पले इ वा पउमे इ वा जाव सहस्सपत्ते इ वा पंके जाए जले संवुड्ढे णोवलिप्पइ पंकरएणं णोवलिप्पइ जलरएणं एवामेव जमाली वि खत्तियकुमारे कामेहिं जाए भोगेहिं संवुड्ढे णोवलिप्पइ कामरएणं णोवलिप्पइ भोगरएणं णोवलिप्पइ मित्त-णाइ-नियग-सयण-संबंधि-परिजणेणं, एस णं देवाणुप्पिया ! संसारभउव्विग्गे, भीए जम्मण-मरणेणं देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणागारियं पव्वयइ, तं एयं णं देवाणुप्पियाणं अम्हे सीसभिक्खं दलयामो, पडिच्छंतु णं देवाणुप्पिया सीसभिक्खं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७८. तदनन्तर क्षत्रियकुमार जमालि को आगे करके उसके माता-पिता, जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उपस्थित हुए और श्रमण भगवान महावीर को दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा की, यावत् वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया-भगवन् ! यह क्षत्रियकुमार जमालि, हमारा इकलौता, इष्ट, कान्त और प्रिय पुत्र है। यावत्-इसका नाम सुनना भी दुर्लभ है तो दर्शन दुर्लभ हो, इसमें कहना ही क्या ! जैसे कोई कमल (उत्पल), पद्म या यावत् सहस्रदलकमल कीचड़ में उत्पन्न होने और जल में संवर्द्धित (बड़ा) होने पर भी पंकरज से लिप्त नहीं होता, न जल-कण (जलरज) से लिप्त होता है; इसी प्रकार क्षत्रियकुमार जमालि भी काम में उत्पन्न हुआ, भोगों में संवर्द्धित (बड़ा) हुआ; किन्तु काम में लेश मात्र भी लिप्त (आसक्त) नहीं हुआ और न ही भोग के अंश मात्र से लिप्त (आसक्त) हुआ और न यह मित्र, ज्ञाति, निज-सम्बन्धी, स्वजन-सम्बन्धी और परिजनों में लिप्त हुआ है। हे देवानुप्रिय ! यह संसार-(जन्म-मरणरूप) भय से उद्विग्न हो गया है, यह जन्म-मरण (के चक्र) के भय से भयभीत हो चुका है। अतः आप देवानुप्रिय के पास मुण्डित होकर, अगारवास छोड़कर अनगारधर्म में प्रव्रजित हो रहा है। इसलिए हम आप देवानुप्रिय को यह शिष्य-भिक्षा देते हैं। आप देवानुप्रिय इस शिष्यरूप भिक्षा को स्वीकार करें।

78. Now, keeping him in the lead *Kshatriya* youth Jamali's parents approached Shraman Bhagavan Mahavir and after going around him three times from the right ... and so on up to... paying due obeisance submitted thus — "*Bhante!* This is *Kshatriya* youth Jamali, our only and cherished, lovely, adored, charming, and beloved son. ... and so on up to... It is difficult to hear about a son like him, what to say of seeing one that is so rare. A lotus (Utpal, Padma etc.) sprouts in swamp and grows in water but still remains free from stains of mud or wetness of water. In the same way *Kshatriya* youth Jamali was born out of lust and grew amidst earthly pleasures but has still remained free from the slime of lust and wetness of indulgence in pleasures. He is equally detached from his relatives, kin, friends and servants. Beloved of gods! He has become apprehensive of the cycles of rebirth and the sequence of birth-aging-death. As such, renouncing his home and shaving his head he wants to become *Anagaar* (homeless ascetic) from *Aagaar* (house-holder) under your auspices. That is why we want to effect a disciple-donation and beseech you to accept him as a disciple."

७९. तए णं समणे भगवं महावीरे तं जमालिं खत्तियकुमारं एवं वयासी-अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं।

७९. इस पर श्रमण भगवान महावीर ने उस क्षत्रियकुमार जमालि से इस प्रकार कहा-"हे देवानुप्रिय ! जिस प्रकार तुम्हें सुख हो, वैसा करो, किन्तु (धर्मकार्य में) विलम्ब मत करो।"

79. At this Shraman Bhagavan Mahavir said to *Kshatriya* youth Jamali — "O Beloved of gods! Do as you please and do not procrastinate."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International
For Private & Personal Use Only
www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 22

Illustration No. 22

जमालिकुमार की दीक्षा

जब जमालिकुमार के माता-पिता किसी भी उपाय से पुत्र को रोकने में समर्थ नहीं हुये तो उन्होंने उसे दीक्षा की अनुमति दे दी। जमालिकुमार ने 500 पुरुषों के साथ ब्राह्मणकुण्ड नगर के बाहर बहुशालक उद्यान में भगवान महावीर के पास प्रवज्या ग्रहण की।

—शतक 9, उ. 33

INITIATION OF PRINCE JAMALI

When the parents of prince Jamalikumar have failed to stop him after all efforts they allowed him to get initiated. Jamali got initiated along with 500 other aspirants by Bhagavan Mahavir at Bahushalak Garden outside Brahman Kundagram.

—Shatak-9, lesson-33

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८०. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठे समणं गवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव नमंसित्ता उत्तरपुरत्थिमं दिसिभागं अवक्कमइ, अवक्कमित्ता सयमेव ाभरण–मल्लालंकारं ओमुयइ।

८०. भगवान के द्वारा स्वीकृति होने पर क्षत्रियकुमार जमालि हर्षित और तुष्ट हुआ; तत्पश्चात् मण भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा कर यावत् वन्दना–नमस्कार कर, उत्तर–पूर्व दिशा ईशानकोण) में गया। वहाँ जाकर उसने स्वयं ही आभूषण, माला और अलंकार उतार दिये।

80. Being thus accepted by *Bhagavan*, *Kshatriya* youth Jamali was leased and contented. He went around Shraman Bhagavan Mahavir ... nd so on up to... paid homage and obeisance. Then he proceeded in the ortheast direction and removed all his ornaments and dress.

८१. तए णं से जमालिस्स खत्तियकुमारस्स माया हंसलक्खणेणं पडसाडएणं आभरण–मल्लालंकारं डिच्छति, पडिच्छित्ता हार–वारि जाव विणिम्मुयमाणी विणिम्मुयमाणी जमालिं खत्तियकुमारं एवं यासी– 'घडियव्वं जाया ! जइयव्वं जाया ! परक्कमियव्वं जाया ! अस्सिं च णं अट्ठे णो पमायेयव्वं' ति ट्टु जमालिस्स खत्तियकुमारस्स अम्मा–पियरो समणं भगवं महावीरं वंदंति णमंसंति, वंदित्ता णमंसित्ता, ामेव दिसं पाउब्भूया तामेव दिसं पडिगया।

८१. इसके तत्पश्चात् जमालि क्षत्रियकुमार की माता ने उन आभूषणों, माला एवं अलंकारों को स के चिह्न वाले एक पटशाटक (रेशमी वस्त्र) में ग्रहण कर लिया और फिर टूटे मोती के हार, ालधारा, इत्यादि के समान यावत् आँसू गिराती हुई अपने पुत्र से इस प्रकार बोली–हे पुत्र ! संयम में ष्टा करना, पुत्र ! संयम में यत्न करना; हे पुत्र ! संयम में पराक्रम करना। इस (संयम के) विषय में रा भी प्रमाद न करना। इस प्रकार कहकर जमालि के माता-पिता श्रमण भगवान महावीर को न्दना–नमस्कार करके स्वस्थान को वापस चले गये।

81. *Kshatriya* youth Jamali's mother collected the dress and rnaments in a soft piece of silk with a swan mark and shedding tears ike a broken necklace, a stream of water etc. uttered — " Son! Put in all liligence, effort, and prowess into your practices and do not be ethargic." After this, *Kshatriya* youth Jamali's parents bowed before Shraman Bhagavan Mahavir with all reverence and went back in the lirection they came from.

८२. तए णं से जमाली खत्तियकुमारे सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेति, करित्ता जेणेव समणे भगवं हावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता एवं जहा उसभदत्तो (सूत्र १६) तहेव पव्वइओ, नवरं पंचहिं रिससएहिं सद्धिं तहेव सव्वं जाव सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ, सामाइयमाइयाइं क्कारस अंगाइं अहिज्जेत्ता बहूहिं चउत्थ–छट्ठ–ऽट्ठम जाव मासद्धमासखमणेहिं विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं प्पाणं भावेमाणे विहरइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८२. तत्पश्चात् जमालिकुमार ने स्वयमेव पंचमुष्टिक पाँचों अँगुलियों की मुट्ठी बाँधकर लोच किया, फिर श्रमण भगवान महावीर की सेवा में उपस्थित हुआ और ऋषभदत्त ब्राह्मण (सूत्र १६ में वर्णित) की तरह भगवान के पास प्रव्रज्या अंगीकार की। विशेषता यह है कि जमालि क्षत्रियकुमार ने ५०० पुरुषों के साथ प्रव्रज्या ग्रहण की, शेष सब वर्णन पूर्ववत् है। यावत् जमालि अनगार ने फिर सामायिक आदि ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और बहुत-से उपवास, बेला (छट्ठ), यावत् अर्द्ध-मास, मासखमण (मासिक) इत्यादि विचित्र तपश्चर्याओं से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ विचरण करने लगा।

82. *Kshatriya* youth Jamali then pulled out all his hair (formally termed as five-fistful pulling out of hair), came near Shraman Bhagavan Mahavir and got initiated by him like Brahman Rishabh-datt (as described in aphorism-16). The difference is that *Kshatriya* youth Jamali got initiated along with 500 persons, rest of the description is same. ... and so on up to... studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon ... and so on up to... he enkindled his soul by observing unique austerities including one day, two days, three days and four days fasts, moving about as an ascetic.

जमालि का पृथक् विहार INDEPENDENT MOVEMENT OF JAMALI

८३. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाई जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-'इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं बहिया जणवयविहारं विहरित्तए।

८३. तदनन्तर एक दिन जमालि अनगार श्रमण भगवान महावीर के पास आए और भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार बोले-भगवन् ! आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर मैं पाँच सौ अनगारों के साथ इस जनपद से बाहर (अन्य जनपदों में) विहार करना चाहता हूँ।

83. Later one day ascetic Jamali came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying his homage and obeisance said — "*Bhante!* If you kindly permit me I would like to move away from this region with my five hundred ascetics and roam about (in other areas)."

८४. तए णं से समणे भगवं महावीरे जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं णो आढाइ, णो परिजाणइ, तुसिणीए संचिट्ठइ।

८४. यह सुनकर श्रमण भगवान महावीर ने जमालि अनगार की इस बात को आदर (महत्त्व) नहीं दिया, स्वीकार नहीं किया और मौन रहे।

84. Shraman Bhagavan Mahavir did not pay any attention to this request from Jamali. He, in fact, did not approve of it.

८५. तए णं से जमाली अणगारे समणं भगवं महावीरं दोच्चं पि तच्चं पि एवं वयासी-इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं जाव विहरित्तए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 23

Illustration No. 23

जमालि अणगार

दीक्षित होने के पश्चात् जमालि अणगार ने सामायिक आदि 11 अंगों का अध्ययन किया। वे उपवास, बेला, तेला, अर्ध मासखमण, मासखमण आदि विविध तपस्या से अपनी आत्मा को भावित करते विचरने लगे। तपस्या से जमालि अणगार का शरीर कृश एवं दुर्बल हो गया था। एक बार जमालि अणगार ने भगवान के पास आकर 500 अणगारों के साथ अन्यत्र विचरने की आज्ञा माँगी। भगवान मौन रहे। तब जमालि अणगार ने यही बात दूसरी और तीसरी बार कही, परन्तु भगवान पूर्ववत् मौन रहे। तब मौन को स्वीकृति मानकर जमालि अणगार 500 अणगारों के साथ बहुशालक उद्यान से निकलकर अन्य जनपदों में विचरने लगे।

—शतक 9, उ. 33

ASCETIC JAMALI

After getting initiated ascetic Jamali studied the eleven limbs (*Anga*) of the canon. He enkindled his soul by observing unique austerities including one day, two days, three days, fifteen days and one month long fasts, moving about as an ascetic. Due to these austerities the body of ascetic Jamali became lean and weak. One day ascetic Jamali sought permission from Bhagavan Mahavir to move away from this region with his five hundred ascetics and roam about (in other areas). Bhagavan remained silent even after he sought the permission a second and third time. Considering his silence to be consent Jamali left the garden with his 500 disciples and moved about in other areas.

—Shatak-9, lesson-33

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८५. तब जमालि अनगार ने श्रमण भगवान महावीर से दूसरी बार और तीसरी बार भी इसी प्रकार कहा-भंते ! आपकी आज्ञा मिल जाये तो मैं पाँच सौ अनगारों के साथ अन्य जनपदों में विहार करना चाहता हूँ।

85. Then ascetic Jamali repeated his request second and third time — "*Bhante!* If you kindly permit me I would like to move away from this region with my five hundred ascetics and roam about (in other areas)."

८६. तए णं समणे भगवं महावीरे जमालिस्स अणगारस्स दोच्चं पि तच्चं पि एयमट्ठं णो आढाइ जाव तुसिणीए संचिट्ठइ।

८६. जमालि अनगार के दूसरी बार और तीसरी बार भी वही बात कहने पर श्रमण भगवान महावीर ने इस बात का आदर नहीं किया, यावत् मौन रहे।

86. Even the second and third time Shraman Bhagavan Mahavir paid no attention ... and so on up to... remained silent.

८७. तए णं से जमाली अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ णमंसइ, वंदित्ता णमंसित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ बहुसालाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं बहिया जणवयविहारं विहरइ।

८७. तब (ऐसी स्थिति में) जमालि अनगार ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन नमस्कार किया और फिर उनके पास से, बहुशालक उद्यान से निकला और फिर वह पाँच सौ अनगारों के साथ बाहर के (अन्य) जनपदों में विचरण करने लगा।

87. Then (under these circumstances) ascetic Jamali finally paid his homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir, came out of Bahushalak garden and commenced his independent itinerant way with his five hundred ascetics in other regions.

विवेचन : उक्त स्वतंत्र वर्णन से प्रतीत होता है कि जमालि अनगार द्वारा स्वतन्त्र विचरण की महत्त्वाकांक्षा एवं सर्वज्ञ सर्वदर्शी भगवान द्वारा उसके स्वतन्त्र विचरण के पीछे अहंकार, महत्त्वाकांक्षा एवं अधैर्य के प्रादुर्भाव होने की और भविष्य में देव-गुरु आदि के विरोधी बन जाने की संभावना देखकर 'भाविदोषत्वेनोपेक्षणीयत्त्वादस्येति' स्वतन्त्र विहार की अनुज्ञा नहीं दी गई। किन्तु इस बात की अवहेलना करके जमालि अनगार भगवान महावीर से पृथक् विहार करने लगे।

Elaboration — From the aforesaid description it appears that Jamali was not given the permission to move about independently because omniscient Bhagavan Mahavir realized that the driving force in Jamali's mind was his ego, ambition, and impatience. This would ultimately lead him to defy the order and the guru. It was the future possibility of regression that restrained Bhagavan Mahavir from giving permission to Jamali and not due to any ill will. However, Jamali ignored this and went on his own.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८८. तेणं कालेणं तेणं समएणं सावत्थी नाम णयरी होत्था। वण्णओ। कोट्ठए चेइए। वण्णओ। जाव वणसंडस्स।

८८. उस काल उस समय में श्रावस्ती नाम की नगरी थी। उसका वर्णन वहाँ कोष्ठक नामक उद्यान था, यावत् वनखण्ड तक समग्र वर्णन जान लेना चाहिए।

88. During that period of time there was a city called Shravasti. Description (as in *Aupapatik Sutra*). There was a garden called Koshthak. Description. ... and so on up to... forest strip.

८९. तेणं कालेणं तेणं समएणं चंपा नाम नयरी होत्था। वण्णओ। पुण्णभद्दे चेइए। वण्णओ। जाव पुढविसिलावट्टओ।

८९. उस काल और उस समय में चम्पा नाम की नगरी थी। उसका वर्णन वहाँ पूर्णभद्र नामक चैत्य था। उनका वर्णन (औपपातिकसूत्र से समझ लेना चाहिए) यावत् उसमें पृथ्वीशिलापट्ट था।

89. During that period of time there was a city called Champa. Description (as in *Aupapatik Sutra*). There was a garden called Purnabhadra. Description. ... and so on up to... Slab of stone.

९०. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाइ पंचहिं अणगारसएहिं सद्धिं संपरिवुडे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव सावत्थी नयरी जेणेव कोट्ठए चेइए तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हइ, अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

९०. एक बार वह जमालि अनगार, पाँच सौ अनगारों के साथ अनुक्रम से विचरण करता हुआ और ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ श्रावस्ती नगरी में जहाँ कोष्ठक उद्यान था, वहाँ आया और मुनियों के कल्प के अनुरूप अवग्रह ग्रहण करके संयम और तप के द्वारा आत्मा में रमण करता हुआ विचरण करने लगा।

90. Once in course of his wanderings from one village to another, that ascetic Jamali, along with his group of five hundred ascetics, arrived at Koshthak garden in Shravasti City. He took the vows according to the ascetic code and camped in the garden devoting his time to ascetic discipline and austerities.

९१. तए णं समणे भगवं महावीरे अन्नया कयाइ पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे जाव सुहंसुहेणं विहरमाणे जेणेव चंपा नगरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए तेणेव उवागच्छइ; तेणेव उवागच्छित्ता अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हइ, अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९१. श्रमण भगवान महावीर भी एक बार अनुक्रम से विचरण करते हुए, यावत् सुखपूर्वक विहार करते हुए, जहाँ चम्पानगरी में पूर्णभद्र नामक चैत्य था, वहाँ पधारे; तथा अवग्रह आवास स्थान तथा पट्टे-चौकी आदि की याचना ग्रहण करके संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण कर रहे थे।

91. In course of his comfortable wanderings from one village to another, Shraman Bhagavan Mahavir also arrived at Purnabhadra Chaitya in Champa City. Seeking a suitable place and permission he stayed there enkindling his soul with ascetic-discipline and austerities.

जमालि अनगार के शरीर में रोगातंक ASCETIC JAMALI'S AILMENT

९२. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स तेहिं अरसेहि य विरसेहि य अंतेहि य पंतेहि य लूहेहि य तुच्छेहि य कालाइक्कंतेहि य पमाणाइक्कंतेहि य सीतएहि य पाण-भोयणेहिं अन्नया कयाइ सरीरगंसि विउले रोगातंके पाउब्भूए-उज्जले विउले पगाढे कक्कसे कडुए चंडे दुक्खे दुग्गे तिव्वे दुरहियासे, पित्तज्जरपरिगतसरीरे दाहवक्कंतिए यावि विहरइ।

९२. उस समय जमालि अनगार को अरस, विरस, अन्त, प्रान्त, रूक्ष और तुच्छ तथा कालातिक्रान्त और प्रमाणातिक्रान्त एवं ठण्डे पान (पेय पदार्थों) और भोजनों (भोज्य पदार्थों) (के सेवन) से एक बार शरीर में विपुल रोगांतक (व्याधि) उत्पन्न हो गया। वह रोग उज्ज्वल, विपुल, प्रगाढ़, कर्कश, कटुक, चण्ड, दुःख रूप, दुर्ग (कष्टसाध्य), तीव्र और दुःसह था। उसका शरीर पित्तज्वर से व्याप्त होने के कारण दाह से युक्त हो रहा था।

92. Now because of consuming food that was tasteless (*aras*), foul (*viras*), leftover (*ant*), not enough (*praant*), dry (*ruksh*), stale (*kaalatikrant*), excessive or meager (*pramaanaatikrant*) or due to intake of cold drinks or food, once Jamali suffered from a grave sickness. This ailment was excruciating (*ujjval*), intense (*vipul*), severe (*pragaadh*), harsh (*karkash*), agonizing (*chand*), bitter (*katuk*), miserable (*duhkha roop*), intolerable (*durg*), sharp (*tivra*) and unbearable (*duhsaha*). He suffered from bile fever and ran a very high temperature.

विवेचन : विशेष शब्दों का भावार्थ-अरसेहि-बिना रस वाले-बेस्वाद। **विरसेहि**-पुराने होने से खराब रस वाले। **अन्तेहिं**-अरस होने से सब धान्यों से तुच्छ धान्य वाला। **पंतेहि**-बचा-खुचा बासी आहार। **लूहेहि**-रूक्ष। **तुच्छेहि**-थोड़े से, या हल्की किस्म के। **कालाइक्कंतेहि : दो अर्थ**-जिसका काल व्यतीत हो चुका हो ऐसा आहार, अथवा भूख-प्यास का समय बीत जाने पर किया गया आहार। **पमाणाइक्कंतेहि**-भूख-प्यास की मात्रा के अनुपात में जो आहार न हो। **सीतएहि**-ठंडा आहार। **विउले**-विपुल-समस्त शरीर में व्याप्त। **उज्जले**-उत्कट ज्वलन-(दाह) कारक। **पगाढे**-तीव्र या प्रबल। **कक्कसे**-कठोर या अनिष्टकारी। **चंडे**-रौद्र-भयंकर। **दुक्खे**-दुःख रूप। **दुग्गे**-कष्टसाध्य। **दुरहियासे**-दुस्सह। **पित्तज्जरपरिगयसरीरे**-पित्तज्वर से व्याप्त शरीर वाला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दाहवक्कंतिए–दाह (जलन) उत्पन्न हुआ। जमालि का शरीर अति सुकुमार था। अतः श्रमण जीवन के आहार–सम्बन्धी परीषह सहने में उनका शरीर अक्षम सिद्ध हुआ।

Elaboration — **Technical terms** – *Arasehi* — tasteless. *Virasehi* – decayed and foul tasting. *Antehim* – leftover having worst taste. *Pantehim* – not enough or leftover. *Luhehi* – dry. *Kaalaikkantehim* – of expiry date or stale. Also food eaten at odd time. *Pamaanaikkantehim* – of non-standard quantity; either excessive or meager. *Seetaehi* – cold food. *Ujjale (ujjval)* – with excruciating burning. *Viule (vipul)* – intense. *Pagaadhe (pragaadh)* – severe. *Kakkase (karkash)* – harsh. *Chande (chand)* – agonizing. *Kadue (katuk)* – bitter. *Dukkhe (duhkha roop)* – miserable. *Dugge (durg)* – intolerable. *Tivve (tivra)* – sharp. *Durahiyase (duhsaha)* – unbearable. *Pittajjarparigayasarire* – suffering from bile-fever. *Dahavakkantiye* – suffering from burning sensation or high fever. Jamali's body was very delicate and as such he failed to endure the afflictions caused by drab ascetic-food.

रुग्ण जमालि की सिद्धान्त–विरुद्ध प्ररूपणा ANTITHETICAL THEORY OF JAMALI

९३. तए णं से जमाली अणगारे वेयणाए अभिभूए समाणे समणे णिग्गंथे सद्दावेइ, सद्दावेत्ता एवं वयासी–तुब्भे णं देवाणुप्पिया ! मम सेज्जासंथारगं संथरेह।

९३. वेदना से पीड़ित जमालि अनगार ने (अपने साथी) श्रमण निर्ग्रन्थों को बुलाकर कहा–हे देवानुप्रियो ! मेरे सोने (शयन) के लिए तुम संस्तारक (बिछौना) बिछा दो।

93. Suffering from such intense agony, Jamali summoned his (junior) ascetics and said – "Beloved of gods! Please spread my bed so that I may lie down."

९४. तए णं से समणा णिग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं विणएणं पडिसुणेंति, पडिसुणेत्ता जमालिस्स अणगारस्स सेज्जासंथारगं संथरेंति।

९४. तब श्रमण-निर्ग्रन्थों ने जमालि अनगार की यह बात विनयपूर्वक स्वीकार की और जमालि अनगार के लिए बिछौना बिछाने लगे।

94. The ascetics humbly accepted this request and started spreading the bed for ascetic Jamali.

९५. तए णं से जमाली अणगारे बलियतरं वेदणाए अभिभूए समाणे दोच्चं पि समणे निग्गंथे सद्दावेइ, सद्दावित्ता दोच्चं पि एवं वयासी–ममं णं देवाणुप्पिया ! सेज्जासंथारए किं कडे ? कज्जइ ? तए णं ते समणा निग्गंथा जमालिं अणगारं एवं वयासी–णो खलु देवाणुप्पियाणं सेज्जासंथारए कडे, कज्जति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जमालि अणगार की मिथ्या प्ररूपणा



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र-परिचय 24

Illustration No. 24

मिथ्या प्ररूपणा करते जमालि अणगार

जमालि अणगार को अरस, विरस, रुक्ष, तुच्छ आदि भोजन से एक बार शरीर में विपुल व्याधि (रोगांतक) उत्पन्न हो गया। उनका शरीर पित्त ज्वर से व्याधित होने के कारण दाह से युक्त हो गया। वेदना से पीड़ित जमालि अणगार ने अपने श्रमणों को बुलाकर कहा कि मेरे सोने के लिए संस्तारक (बिछौना) बिछा दो। श्रमण, जमालि अणगार के लिए बिछौना बिछा ही रहे थे तभी वेदना से पीड़ित जमालि अणगार अधीर होकर दुबारा पूछते हैं कि संस्तारक बिछा दिया या बिछा रहे हो ? उत्तर में श्रमणों ने कहा—"बिछौना बिछा नहीं, बिछाया जा रहा है।" तब जमालि अणगार के मन में ये विचार आया कि बिछौना बिछाया जा रहा है ? अब तक बिछा नहीं है। परन्तु भगवान महावीर तो कहते हैं—"चलमान चलित है, यावत् निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण है।" अर्थात् जो हो रहा है वह हो गया। उनका यह कथन मिथ्या है। इस कारण चलमान चलित नहीं किन्तु अचलित है। इस पर विचार करते-करते उन्होंने भगवान के इस सिद्धांत को मिथ्या मान लिया।

व्याधि से मुक्त होने के बाद जमालि अणगार भगवान के पास आकर कहने लगे कि मैं केवलज्ञान और केवलदर्शन को धारण करने वाला हूँ अर्थात् मैं केवली हो गया हूँ।

तीर्थंकर की आशातना और मिथ्या मान्यता की आलोचना, प्रायश्चित्त नहीं करने से जमालि अणगार काल करके छट्ठे लांतक देवलोक में किल्विषिक देव रूप में उत्पन्न हुये।

—शतक 9, उ. 33

ANTITHETICAL THEORY OF JAMALI

Once because of consuming unhealthy food including tasteless, foul, and leftover, Jamali suffered from a grave sickness. He suffered from bile fever and ran a very high temperature. Suffering from such intense agony, Jamali summoned his juniors and asked them to spread his bed so that he could lie down. While they were spreading the bed, excruciating pain made ascetic Jamali impatient. He once again asked the juniors if they had spread the bed. The ascetics replied – "We have not yet spread the bed for you, it is still being spread." At this a thought flashed in ascetic Jamali's mind – "Bhagavan Mahavir says that moving means already moved... and so on up to... shedding means already shed. Which means that what is being done has been done. This assertion is false. Therefore, in fact, moving does not mean already moved but still unmoved." With these thoughts he decided that Bhagavan's doctrine was wrong.

After ascetic Jamali got cured of his ailment he went to Bhagavan Mahavir and said that he had acquired omniscience and ultimate perception and thus become *Kevali*.

As a consequence of insulting a Tirthankar and not doing critical review and repenting for his false belief Jamali reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* in the Lantak Kalp (the sixth divine dimension).

—Shatak-9, lesson-33

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९५. किन्तु जमालि अनगार प्रबलतर वेदना से पीड़ित व अधीर हो उठा। इसलिए उन्होंने दुबारा फिर श्रमण निर्ग्रन्थों को बुलाया और इस प्रकार पूछा-देवानुप्रियो ! क्या मेरे सोने के लिए संस्तारक (बिछौना) बिछा दिया या बिछा रहे हो ? उत्तर में श्रमण-निर्ग्रन्थों ने इस प्रकार कहा-देवानुप्रिय के सोने के लिए बिछौना (अभी तक) बिछा नहीं, बिछाया जा रहा है।

95. The excruciating pain made ascetic Jamali impatient. He, therefore, summoned the ascetics once again and asked – "Beloved of gods! Are you still spreading the bed for me or have you spread the same." The ascetics replied – "We have not yet spread the bed for you, O Beloved of gods! It is still being spread."

९६. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स अयमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-जं णं समणे भगवं महावीरे एवं आइक्खइ जाव एवं परूवेइ-'एवं खलु चलमाणे चलिए, उदीरिज्जमाणे उदीरिए जाव निज्जरिज्जमाणे णिज्जिण्णे' तं णं मिच्छा, इमं च णं पच्चक्खमेव दीसइ सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे, संथरिज्जमाणे असंथरिए, जम्हा णं सेज्जासंथारए कज्जमाणे अकडे संथरिज्जमाणे असंथरिए तम्हा चलमाणे वि अचलिए जाव निज्जरिज्जमाणे वि अणिज्जिण्णे। एवं संपेहेइ; एवं संपेहेत्ता समणे निग्गंथे सद्दावेइ; समणे निग्गंथे सद्दावेत्ता एवं वयासी-जं णं देवाणुप्पिया ! समणे भगवं महावीरे एवं आइक्खइ जाव परूवेइ-एवं खलु चलमाणे चलिए तं चेव सव्वं जाव णिज्जरिज्जमाणे अणिज्जिण्णे।

९६. श्रमणों की यह बात सुनने पर जमालि अनगार के मन में इस प्रकार का अध्यवसाय उत्पन्न हुआ कि श्रमण भगवान महावीर जो इस प्रकार कहते हैं, यावत् प्ररूपणा करते हैं कि 'चलमान चलित है, उदीर्यमाण उदीरित है, यावत् निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण है', यह कथन मिथ्या है; क्योंकि यह प्रत्यक्ष दीख रहा है कि जब तक शय्या-संस्तारक बिछाया जा रहा है, तब तक वह बिछाया गया नहीं है, (अर्थात्-) बिछौना जब तक 'बिछाया जा रहा हो', तब तक वह 'बिछाया गया' नहीं है। इस कारण 'चलमान' 'चलित' नहीं, किन्तु 'अचलित' है, यावत् 'निर्जीर्यमाण' 'निर्जीर्ण' नहीं, किन्तु 'अनिर्जीर्ण' है। इस प्रकार विचार कर श्रमण-निर्ग्रन्थों को बुलाया और उनसे इस प्रकार कहा-'हे देवानुप्रियो ! श्रमण भगवान महावीर जो इस प्रकार कहते हैं, यावत् प्ररूपणा करते हैं कि 'चलमान' 'चलित' (कहलाता) है; (इत्यादि पूर्ववत् सब कथन) यावत् (वस्तुतः) निर्जीर्यमाण निर्जीर्ण नहीं, किन्तु अनिर्जीर्ण है।

96. On hearing these words of his fellow ascetics, a thought flashed in ascetic Jamali's mind – "Shraman Bhagavan Mahavir asserts ... and so on up to... establishes that moving means already moved, fruiting means already fruited ... and so on up to... shedding means already shed. But this assertion is false because it is evident from the visible activity that as long as the bed is being spread it is still not already spread. In other words as long as the bed is being spread it cannot be taken as already spread. That is why moving does not mean already moved but in process

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of moving, fruiting does not mean already fruited but in process of fruiting ... and so on up to... shedding does not mean already shed but in process of being shed." With these thoughts he called his fellow ascetics and said – "Beloved of gods! Shraman Bhagavan Mahavir asserts ... and so on up to... establishes that moving means already moved ... and so on up to... shedding does not mean already shed but in process of being shed." (repeat as aforesaid)

श्रमणों द्वारा जमालि के सिद्धान्त का स्वीकार, अस्वीकार ACCEPTANCE AND REFUSAL OF JAMALI'S THEORY

९७. तए णं तस्स जमालिस्स अणगारस्स एवं आइक्खमाणस्स जाव परूवेमाणस्स अत्थेगइया समणा निग्गंथा एयमट्ठं सद्दहंति पत्तियंति रोयंति। अत्थेगइया समणा निग्गंथा एयमट्ठं णो सद्दहंति णो पत्तियंति णो रोयंति। तत्थ णं जे ते समणा निग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं सद्दहंति पत्तियंति रोयंति ते णं जमालिं चेव अणगारं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति। तत्थ णं जे ते समणा निग्गंथा जमालिस्स अणगारस्स एयमट्ठं णो सद्दहंति णो पत्तियंति णो रोयंति ते णं जमालिस्स अणगारस्स अंतियाओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता पुव्वाणुपुव्विं चरमाणा गामाणुगामं दूइज्जमाणा जेणेव चंपानयरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेंति, करित्ता वंदंति, णमंसंति २ समणं भगवं महावीरं उवसंपज्जित्ताणं विहरंति।

९७. जमालि अनगार द्वारा इस प्रकार कहे जाने पर यावत् प्ररूपणा किये जाने पर कई श्रमण निर्ग्रन्थों ने इस (उपर्युक्त) बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि की तथा कितने ही श्रमण निर्ग्रन्थों ने इस बात पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि नहीं की। उनमें से जिन श्रमण-निर्ग्रन्थों ने जमालि अनगार की बात पर श्रद्धा, प्रतीति एवं रुचि की, वे जमालि अनगार की निःश्राय में विचरण करने लगे और जिन श्रमण निर्ग्रन्थों ने जमालि अनगार की इस (जिन-वचन विरुद्ध) बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नहीं की, वे जमालि अनगार के पास से, कोष्ठक उद्यान से निकल गये और अनुक्रम से विचरते हुए एवं ग्रामानुग्राम विहार करते हुए, चम्पा नगरी के बाहर जहाँ पूर्णभद्र नामक चैत्य था और जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उनके पास पहुँचे। उन्होंने श्रमण भगवान महावीर की तीन बार दाहिनी ओर से प्रदक्षिणा की, फिर वन्दना-नमस्कार करके वे भगवान की निःश्राय स्वीकार कर विचरने लगे।

97. When ascetic Jamali said ... and so on up to... propagated thus some ascetics expressed faith, interest, and acceptance while many others did not show any faith, interest, and acceptance. Those ascetics who expressed faith, interest, and acceptance in Jamali's doctrine, became disciples of Jamali. Those who had no faith, interest, and acceptance in Jamali's doctrine (that defied the Jina's word), left Jamali, came out of Koshthak garden and wandering from one village to another came to Purnabhadra Chaitya outside Champa City where Shraman

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Bhagavan Mahavir was stationed. They went clockwise around *Bhagavan* three times, paid homage and obeisance, and joined the group under his auspices.

विवेचन : 'चलमान चलित' : भगवान का सिद्धान्त है–इसका सयुक्तिक विवेचन भगवतीसूत्र के प्रथम शतक के प्रथम उद्देशक में किया गया है। जमालि अनगार ने इस सिद्धान्त के विरुद्ध एकान्तदृष्टि से प्ररूपणा की, इसलिए यह सिद्धान्त अयथार्थ है। इसका विवेचन विशेषावश्यकभाष्य निह्नववाद में है।

Elaboration — 'Moving is moved' – This is Bhagavan Mahavir's theory and its detailed explanation is available in the first lesson of the first chapter of Bhagavati Sutra. Jamali proposed his own doctrine in defiance of this from his absolutist viewpoint, therefore this doctrine is wrong. This is discussed in more details in *Visheshavashyak Bhashya, Nihnavavaad.*

जमालि द्वारा सर्वज्ञता का मिथ्या दावा FALSE CLAIM OF OMNISCIENCE BY JAMALI

९८. तए णं से जमाली अणगारे अन्नया कयाइ ताओ रोगायंकाओ विप्पमुक्के हट्ठे जाए अरोए बलियसरीरे सावत्थीओ नयरीओ कोट्ठयाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव चंपा नयरी जेणेव पुण्णभद्दे चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामंते ठिच्चा समणं भगवं महावीरं एवं वयासी–जहा णं देवाणुप्पियाणं बहवे अंतेवासी समणा निग्गंथा छउमत्था भवेत्ता छउमत्थावक्कमणेणं अवक्कंता, णो खलु अहं तहा छउमत्थे भवित्ता छउमत्थावक्कमणेणं अवक्कंते, अहं णं उप्पन्नणाण–दंसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेणं अवक्कंते।

९८. तदनन्तर किसी समय जमालि अनगार उस व्याधि पीड़ा से मुक्त और स्वस्थ हो गया, तथा नीरोग और बलवान शरीर वाला हुआ; तब श्रावस्ती नगरी के कोष्ठक उद्यान से निकला और अनुक्रम से विचरण करता हुआ, ग्रामानुग्राम विहार करता हुआ, जहाँ चम्पा नगरी में पूर्णभद्र चैत्य था, जिसमें श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उनके पास आया। वह भगवान महावीर से न तो अत्यन्त दूर और न अति निकट खड़ा रहकर भगवान से इस प्रकार कहने लगा–जिस प्रकार आप देवानुप्रिय के बहुत से शिष्य छद्मस्थ रहकर छद्मस्थ अवस्था में ही (गुरुकुल से) निकलकर विचरण करते हैं, उस प्रकार मैं छद्मस्थ रहकर छद्मस्थ अवस्था में निकलकर विचरण नहीं करता; मैं उत्पन्न हुए केवलज्ञान–केवलदर्शन को धारण करने वाला अर्हत्, जिन, केवली होकर केवली–(अवस्था में निकलकर केवली–) विहार से विचरण कर रहा हूँ, अर्थात् मैं केवली हो गया हूँ।

98. After some time ascetic Jamali got cured of his ailment. He regained his health and his body became strong and free of any disease. He now left the Koshthak garden and Shravasti city. Moving from one village to another he came to Champa city. There he went to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Purnabhadra Chaitya where Shraman Bhagavan Mahavir was staying. He stood neither far nor near Bhagavan Mahavir and said —"As many of your disciples do, I do not move about independently (away from your school) as a *chhadmasth* (one who is short of omniscience due to residual *karmic* bondage) while I am still a *chhadmasth*. I am endowed with self-acquired omniscience (*Keval-jnana*) and ultimate perception (*Keval-darshan*) and thus becoming an *Arhat* (Venerable), *Jina* (Conqueror of senses) and *Kevali* (Omniscient) I move about (independently) as an omniscient. (In other words, he conveyed that he had become an omniscient.)

गौतम के प्रश्नों का उत्तर देने में असमर्थ जमालि JAMALI FAILS TO ANSWER GAUTAM'S QUESTIONS

९९. तए णं भगवं गोयमे जमालिं अणगारं एवं वयासि–णो खलु जमाली ! केवलिस्स णाणे वा दंसणे वा सेलंसि वा थंभंसि वा थूभंसि वा आवरिज्जइ वा णिवारिज्जइ वा। जइ णं तुमं जमाली ! उप्पन्नणाण–दंसणधरे अरहा जिणे केवली भवित्ता केवलिअवक्कमणेणं अवक्कंते तो णं इमाइं दो वागरणाइं वागरेहि, 'सासए लोए जमाली ! असासए लोए जमाली ! सासए जीवे जमाली ! असासए जीवे जमाली ?

९९. इस पर भगवान गौतम ने जमालि अनगार से इस प्रकार कहा–हे जमालि ! केवली का ज्ञान या दर्शन पर्वत (शैल), स्तम्भ अथवा स्तूप (आदि) से अवरुद्ध नहीं होता और न इनसे रोका जा सकता है। तो हे जमालि ! यदि तुम उत्पन्न -केवलज्ञान--दर्शन के धारक, अर्हत्, जिन और केवली होकर केवली रूप से विचरण कर रहे हो तो इन दो प्रश्नों का उत्तर दो–(१) जमालि ! लोक शाश्वत है या अशाश्वत है ? एवं (२) जमालि ! जीव शाश्वत है अथवा अशाश्वत है ?

99. On hearing this, Bhagavan Gautam said to Jamali — "Jamali! The knowledge and perception of an omniscient is neither restricted nor obstructed by anything including a mountain, a pillar or a memorial-mound (*stupa*). So, Jamali, if you are endowed with self-acquired omniscience (*Keval-jnana*) and ultimate perception (*Keval-darshan*) and thus becoming an *Arhat* (Venerable), *Jina* (Conqueror of senses) and *Kevali* (Omniscient) you move about (independently) as an omniscient, then answer my two questions — (1) 'Jamali! Is the universe (*Lok*) eternal or transient?' and (2) 'Jamali! Is the soul (*jiva*) eternal or transient?'

१००. तए णं से जमाली अणगारे भगवया गोयमेणं एवं वुत्ते समाणे संकिए कंखिए जाव कलुससमावन्ने जाए यावि होत्था, णो संचाएइ भगवओ गोयमस्स किंचि वि पमोक्खमाइक्खित्तए, तुसिणीए संचिट्ठइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१००. भगवान गौतम द्वारा इस प्रकार (दो प्रश्नों के) जमालि अनगार से कहे जाने पर वह (जमालि) शंकित (अपने कथन में संशययुक्त) एवं कांक्षित (दूसरों के सिद्धान्त पर रुचियुक्त) हुआ, यावत् कलुषित परिणाम वाला हुआ। वह भगवान गौतम स्वामी को (इन दो प्रश्नों का) किंचित् भी उत्तर देने में समर्थ न हुआ। (फलतः) वह मौन होकर चुपचाप खड़ा रहा।

100. When Bhagavan Gautam put forth thus (the two questions) before Jamali, he was filled with doubt (*shanka*), desire for other faith (*kanksha*) ... and so on up to... spite (*kalush*). He failed to provide any answer to (the two questions of) Gautam Swami and stood dumb.

भगवान द्वारा समाधान **ANSWER BY BHAGAVAN**

१०१. 'जमाली' ति समणे भगवं महावीरे जमालिं अणगारं एवं वयासी–अत्थि णं जमाली ! ममं बहवे अंतेवासी समणा निग्गंथा छउमत्था जे णं पभू एयं वागरणं वागरित्तए जहा णं अहं, नो चेव णं एयप्पगारं भासं भासित्तए जहा णं तुमं।

सासए लोए जमाली ! जं णं कयावि णासि ण, कयावि ण भवति ण, न कदावि ण भविस्सइ; भुविं च, भवइ य, भविस्सइ य, धुवे णितिए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे। असासए लोए जमाली ! जओ ओसप्पिणी भवित्ता उस्सप्पिणी भवइ, उस्सप्पिणी भवित्ता ओसप्पिणी भवइ।

सासए जीवे जमाली ! जं णं न कयाइ णासि जाव णिच्चे। असासए जीवे जमाली ! जं णं नेरइए भवित्ता तिरिक्खजोणिए भवइ, तिरिक्खजोणिए भवित्ता मणुस्से भवइ, मणुस्से भवित्ता देवे भवइ।

१०१. तब श्रमण भगवान महावीर ने जमालि अनगार को सम्बोधित करके कहा–जमालि ! मेरे बहुत से श्रमण–निर्ग्रन्थ अन्तेवासी (शिष्य) छद्मस्थ हैं जो इन प्रश्नों का उत्तर देने में उसी प्रकार समर्थ हैं, जिस प्रकार मैं हूँ, फिर भी (जिस प्रकार तुम अपने आपको सर्वज्ञ, अर्हत्, जिन और केवली कहते हो;) इस प्रकार की भाषा वे नहीं बोलते।

जमालि ! लोक शाश्वत है, क्योंकि यह कभी नहीं था, ऐसा नहीं है; कभी नहीं है, ऐसा भी नहीं और कभी न रहेगा, ऐसा भी नहीं है; किन्तु लोक था, है और रहेगा। यह ध्रुव, नित्य, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। (इसी प्रकार) हे जमालि ! (दूसरी अपेक्षा से) लोक अशाश्वत (भी) है, क्योंकि अवसर्पिणी काल होकर उत्सर्पिणी काल होता है, फिर उत्सर्पिणी काल (व्यतीत) होकर अवसर्पिणी काल होता है।

हे जमालि ! जीव शाश्वत है; क्योंकि जीव कभी नहीं था, ऐसा नहीं है; कभी नहीं है, ऐसा नहीं और कभी नहीं रहेगा, ऐसा भी नहीं है; इत्यादि यावत् जीव नित्य है। (इसी प्रकार) हे जमालि ! (किसी अपेक्षा से) जीव अशाश्वत (भी) है, क्योंकि वह नैरयिक होकर तिर्यंचयोनिक हो जाता है, तिर्यंचयोनिक होकर मनुष्य हो जाता है और (कदाचित्) मनुष्य होकर देव हो जाता है।

101. At that time Shraman Bhagavan Mahavir addressed ascetic Jamali — "Jamali! Many of my ascetic disciples are *chhadmasth*, and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

they are as competent to answer these questions as I am. Even then they do not use the language you use (claiming yourself to be an omniscient etc.).

"Jamali! This universe (*Lok*) is eternal (from one angle). This is because it is not that it never was, it is not that it never is, and also it is not that it never will be. The universe always existed, does exist and will exist. It is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady), and *nitya* (perpetual). Also, Jamali! This universe is transient (from another angle). This is because progressive cycle of time (*Utsarpini kaal*) comes after regressive cycle of time (*Avasarpini kaal*) and regressive cycle of time comes after progressive cycle of time.

"Jamali! Soul (*jiva*) is eternal (from one angle). This is because it is not that it never was, it is not that it never is, and also it is not that it never will be. ... and so on up to... and nitya (perpetual). Also, Jamali! This soul is transient (from another angle). This is because existing as an infernal being it moves to the animal genus; from animal genus it moves to human genus; and from the human genus it has chances of moving to the divine genus."

मिथ्यात्वग्रस्त जमालि की विराधकता FALSEHOOD INSPIRED DEFIANCE OF JAMALI

१०२. तए णं से जमाली अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स एवमाइक्खमाणस्स जाव एवं परूवेमाणस्स एयमट्ठं णो सद्दहइ णो पत्तियइ णो रोएइ, एयमट्ठं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे दोच्चं पि समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ आयाए अवक्कमइ, दोच्चं पि आयाए अवक्कमित्ता बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिणिवेसेहि य अप्पाणं च परं च तदुभयं च वुग्गाहेमाणे वुप्पाएमाणे बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणइ, पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेइ, अत्ताणे झूसेत्ता तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, छेदेत्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे तेरससागरोवमट्ठितीएसु देवकिब्बिसिएसु देवेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववन्ने।

१०२. श्रमण भगवान महावीर स्वामी द्वारा जमालि अनगार को इस प्रकार कहे जाने पर, यावत् प्ररूपित करने पर भी जमालि ने इस बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नहीं की और श्रमण भगवान महावीर की इस बात पर अश्रद्धा, अप्रतीति और अरुचि करता हुआ जमालि अनगार दूसरी बार भी स्वयं भगवान के पास से चला गया। इस प्रकार भगवान से पृथक् विचरण करके जमालि ने बहुत से असद्भूत (तथ्यहीन–असत्य) भावों को प्रकट करके तथा मिथ्यात्व के अभिनिवेशों (हठाग्रहों) से अपनी आत्मा को, पर को तथा उभय (दोनों) को भ्रान्त (गुमराह) करते हुए एवं मिथ्याज्ञानयुक्त करते हुए बहुत वर्षों तक श्रमण पर्याय का पालन किया। अन्त में अर्द्ध–मास (१५ दिन) की संलेखना द्वारा अपने शरीर को कृश करके तथा अनशन द्वारा तीस भक्तों का छेदन (त्याग) करके, (पूर्वोक्त मिथ्यात्वगत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पापस्थान की आलोचना एवं प्रतिक्रमण किये बिना ही, काल के समय में काल करके लान्तककल्प (देवलोक) में तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवों में किल्विषिक देवरूप में उत्पन्न हुआ।

102. In spite of Shraman Bhagavan Mahavir's saying ... and so on up to... propagating as aforesaid before Jamali, he did not have any faith, inclination and interest in what *Bhagavan* said. Having no faith, inclination and interest in what *Bhagavan* said, ascetic Jamali left *Bhagavan* of his own accord. This way leading an independent itinerant ascetic life for many years, Jamali preached his false ideas, misled himself as well as others and filled wrong ideas in his mind as well as those of others through dogmatic falsehood. In the end he accepted the ultimate vow of half a month, emaciated his body by fasting for a fortnight missing thirty meals, left his earthly body (without critical review and repenting for the sins committed in the past) at the time of death and reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp (a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

विवेचन : **किल्विषिक देव** : किल्विषिक देव उन्हें कहते हैं, जो अपने कृत पापकर्मों के कारण देवलोक में सेवा करने वाले निम्न स्तर के देव होते हैं। वे देवसभा में बार-बार अपमानित होते हैं। देवसभा में जब कुछ बोलने के लिए मुँह खोलते हैं तो महर्द्धिक देव उन्हें अपमानित करके बिठा देते हैं, बोलने नहीं देते। कोई देव उनका आदर-सत्कार नहीं करता।

Elaboration — Kilvishik Devs – These are the divine beings or gods of lower status who serve other gods. They are born in that status due to their sinful activities in the past life. The are treated and insulted like servants. In the assembly of gods when they stand up to say something they are reprimanded and never allowed to speak. No divine being honours or respects them.

किल्विषिक देवों में उत्पत्ति BIRTH AS KILVISHIK GOD

१०३. [प्र.] तए णं से भगवं गोयमे जमालिं अणगारं कालगयं जाणित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी कुसिस्से जमाली णामं अणगारे, से णं भंते ! जमाली अणगारे कालमासे कालं किच्चा कहिं गये ? कहिं उववन्ने ?

[उ.] 'गोयमा' दि समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी–एवं खलु गोयमा ! मम अंतेवासी कुसिस्से जमाली नामं अणगारे से णं तदा मम एवं आइक्खमाणस्स ४ एयमट्ठं णो सद्दहइ णो पत्तियइ णो रोएइ, एयमट्ठं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे दोच्चं पि ममं अंतियाओ आयाए अवक्कमइ, अवक्कमित्ता बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं तं चेव जाव देवकिब्बिसियत्ताए उववन्ने।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०३. [प्र.] जमालि अनगार को कालधर्म प्राप्त हुआ जानकर भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर के पास आये और भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा-भगवन ! यह निश्चित है कि जमालि अनगार आप देवानुप्रिय का अन्तेवासी कुशिष्य था। भगवन् ! वह जमालि अनगार काल के समय काल करके कहाँ गया है, कहाँ उत्पन्न हुआ है ?

[उ.] हे गौतम ! इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान महावीर ने भगवान गौतम स्वामी से कहा-गौतम ! मेरा अन्तेवासी जमालि नामक अनगार वास्तव में कुशिष्य था। उस समय मेरे द्वारा (सत्सिद्धान्त) कहे जाने पर यावत् प्ररूपित किये जाने पर उसने मेरे कथन पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि नहीं की थी। उस कथन पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि न करता हुआ दूसरी बार भी वह अपने आप मेरे पास से चला गया और बहुत-से असद्भावों के प्रकट करने से, इत्यादि पूर्वोक्त कारणों से यावत् वह काल के समय काल करके किल्विषिक देव के रूप में उत्पन्न हुआ है।

103. [Q.] Having learnt about Jamali's death Bhagavan Gautam Swami came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance asked — *Bhante!* I am curious to know where your rebel disciple, Jamali, has gone after death and where has he reincarnated?

[A.] "Gautam!" Addressing thus, Shraman Bhagavan Mahavir replied to Bhagavan Gautam Swami — "Gautam! My disciple ascetic Jamali was indeed a rebel. At that time he did not have any faith, inclination and interest in what I said. Having no faith, inclination and interest in what I said, he left me of his own accord. This way he preached his false ideas ... and so on up to... (as aforesaid) he left his earthly body and has reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods).

विवेचन : प्रस्तुत जमालिचरित की प्रेरणा-जमालि के दीक्षा ग्रहण तक के वर्णन से ऐसा प्रतीत होता है, उसका ज्ञान और वैराग्य उत्कृष्ट कोटि का था। माता-पिता के कथन का उसने जितनी निपुणता तथा युक्तिपूर्वक समाधान किया, उसमें उसके ज्ञान गर्भित वैराग्य की झलक मिलती है। दीक्षा लेने के पश्चात् भी उसने उग्र तपश्चरण कर शरीर को कृश कर डाला। किन्तु जब उसके मन में अपने ज्ञान का मिथ्या अहंकार जाग गया तो वह छद्मस्थ होते हुए भी स्वयं को सर्वज्ञ बताने का दुराग्रह करके सर्वज्ञ-वचनों के विपरीत प्ररूपणा करने लगा। इतनी उत्कृष्ट क्रिया, कठोर चारित्र पालन व तपश्चरण करके भी एकान्त दुराग्रहवश गुरु बनकर विराधक होकर संसार परिभ्रमण करता है। जमालि भगवान के कैवल्य-प्राप्ति के १४ वर्ष पश्चात् प्रथम प्रवचन निन्हव हुआ।

साध्वी प्रियदर्शना (जमालि की संसार-पक्षीया पत्नी) भी पूर्व अनुरागवश उसकी बात का समर्थन करने लगी। तब उसके शय्यातर ढंक कुंभकार ने उसे अनेक युक्तियों से इस मिथ्या कथन की अव्यावहारिकता तथा निरर्थकता को समझाया। तब वह जमालि का पक्ष छोड़कर अपनी हजार साध्वियों के साथ पुनः भगवान की शरण में चली गई। जमालि का सिद्धान्त 'बहुरत वाद' के नाम से जाना जाता है। (आवश्यकनिर्युक्ति तथा भाष्य)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration — Message of the story of Jamali – It appears from the description of Jamali's initiation that he was at a very high level of knowledge as well as sentiment of renunciation. The expert and apt refutation of what his parents said to dissuade him provides a glimpse of the knowledge-impregnated feeling of renunciation. Even after getting initiated he indulged in harsh austerities and emaciated his body. But when his bloated ego for knowledge consumed his sagacity he declared himself to be an omniscient, even though he still was a *chhadmasth*. He became dogmatic enough to preach against the word of the omniscient. In spite of such high level of practices and immaculate ascetic praxis, pushed by his pervert dogma he went against his guru. As a consequence he was caught in the vortex of cycles of rebirth. Fourteen years after Bhagavan Mahavir attained omniscience, Jamali became his first mendacious seceder (*Nihnava*).

Sadhvi Priyadarshana (Jamali's wife) supported Jamali's doctrine out of her past attachment as a householder. Then Potter Dhank, her host, explained her the uselessness and worthlessness of the false doctrine with irrefutable logic. This inspired her to abandon Jamali's side and rejoin Bhagavan Mahavir's religious organization along with her one thousand female ascetic disciples (*sadhvis*). Jamali's doctrine is popularly known as *Bahurat-vaad*. (*Avashyak Sutra, Niryukti and Bhashya*)

किल्विषिक देवों में उत्पत्तिकारण CAUSE OF REINCARNATION AS KILVISHIK GODS

१०४. [प्र.] कतिविहा णं भंते ! देवकिब्बिसिया पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! तिविहा देवकिब्बिसिया पण्णत्ता, तं जहा–तिपलिओवमट्ठिईया, तिसागरोवमट्ठिईया, तेरससागरोवमट्ठिईया।

१०४. [प्र.] भगवन् ! किल्विषिक देव कितने प्रकार के होते हैं ?

[उ.] गौतम ! किल्विषिक देव तीन प्रकार के होते हैं–(१) तीन पल्योपम की स्थिति वाले, (२) तीन सागरोपम की स्थिति वाले, और (३) तेरह सागरोपम की स्थिति वाले।

104. [Q.] *Bhante!* How many types of *Kilvishik devs* (servant gods) are there?

[A.] Gautam! There are three types of *Kilvishik devs* (servant gods) – (1) With a life-span of three Palyopam (a metaphoric unit of time). (2) With a life-span of three Sagaropam (a metaphoric unit of time). (3) With a life-span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०५. [प्र.] कहि णं भंते ! तिपलिओवमट्ठितीया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! उप्पिं जोइसियाणं, हिट्ठिं सोहम्मीसाणेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिपलिओवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

१०५. [प्र.] भगवन् ! तीन पल्योपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते हैं ?

[उ.] गौतम ! ज्योतिष्क देवों के ऊपर और सौधर्म-ईशानकल्पों (देवलोकों) के नीचे तीन पल्योपम की स्थिति वाले देव रहते हैं।

105. [Q.] *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Palyopam dwell?

[A.] Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Palyopam dwell higher than the *Jyotishk devs* (stellar gods) and lower than the *Saudharma* and *Ishan Kalps* (specific divine dimensions).

१०६. [प्र.] कहि णं भंते ! तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! उप्पिं सोहम्मीसाणाणं कप्पाणं, हिट्ठिं सणंकुमार-माहिंदेसु कप्पेसु, एत्थ णं तिसागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया परिवसंति।

१०६. [प्र.] भगवन् ! तीन सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते हैं ?

[उ.] गौतम ! सौधर्म और ईशानकल्पों के ऊपर तथा सनत्कुमार और माहेन्द्र देवलोक के नीचे तीन सागरोपम की स्थिति वाले देव रहते हैं।

106. [Q.] *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Sagaropam dwell?

[A.] Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of three Sagaropam dwell higher than the *Saudharma* and *Ishan Kalps* (specific divine dimensions) and lower than the *Sanatkumar* and *Maahendra Kalps* (specific divine dimensions).

१०७. [प्र.] कहि णं भंते ! तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! उप्पिं बंभलोगस्स कप्पस्स, हिट्ठिं लंतए कप्पे, एत्थ णं तेरससागरोवमट्ठिईया देवकिब्बिसिया देवा परिवसंति।

१०७. [प्र.] भगवन् ! तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव कहाँ रहते हैं ?

[उ.] गौतम ! ब्रह्मलोक (पाँचवे देवलोक) के ऊपर तथा लान्तक कल्प के नीचे तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देव रहते हैं।

107. [Q.] *Bhante!* Where do *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of thirteen Sagaropam dwell?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[**A.**] Gautam! *Kilvishik devs* (servant gods) with a life-span of thirteen Sagaropam dwell higher than the Brahmalok (the fifth heaven) and lower than the Lantak Kalp (specific divine dimension).

१०८. [प्र.] **देवकिब्बिसिया णं भंते ! केसु कम्मादाणेसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति ?**

[उ.] **गोयमा ! जे इमे जीवा आयरियपडिणीया उवज्झायपडिणीया कुलपडिणीया गणपडिणीया, संघपडिणीया, आयरिय–उवज्झायाणं अयसकरा अवण्णकरा अकित्तिकरा बहूहिं असब्भावुब्भावणाहिं मिच्छत्ताभिनिवेसेहि य अप्पाणं च परं च उभयं च वुग्गाहेमाणा वुप्पाएमाणा बहूइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति, पाउणित्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवकिब्बिसिएसु देवकिब्बिसियत्ताए उववत्तारो भवंति; तं जहा–तिपलिओवमट्ठितीएसु वा तिसागरोवमट्ठितीएसु वा तेरससागरोवमट्ठितीएसु वा।**

१०८. [प्र.] भगवन् ! किन कर्मों के करने से किल्विषिक देव, किल्विषिक देव के रूप में उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गौतम ! जो जीव आचार्य के प्रत्यनीक (द्वेषी या विरोधी) होते हैं, उपाध्याय के प्रत्यनीक होते हैं, कुल, गण और संघ के प्रत्यनीक होते हैं तथा आचार्य और उपाध्याय का अयश (अपयश) करने वाले, अवर्णवाद बोलने वाले और अकीर्ति करने वाले हैं तथा बहुत से असत्य भावों (विचारों या पदार्थों) को प्रकट करने से, मिथ्यात्व के अभिनिवेशों (कदाग्रहों) से, अपनी आत्मा को, दूसरों को और स्व–पर दोनों को भ्रान्त और दुर्बोध करने वाले बहुत वर्षों तक श्रमण–पर्याय का पालन करके उसे अकार्य (पाप)–स्थान की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना काल के समय काल करके निम्नोक्त तीन में (से) किन्हीं किल्विषिक देवों में किल्विषिक देवरूप में उत्पन्न होते हैं। जैसे कि–(१) तीन पल्योपम की स्थिति वालों में, (२) तीन सागरोपम की स्थिति वालों में, अथवा (३) तेरह सागरोपम की स्थिति वालों में।

108. [Q.] *Bhante!* What actions lead to reincarnation as *Kilvishik devs*?

[**A.**] Gautam! Those beings who are hostile (*pratyaneek*) to the *acharya* (head of the organization), hostile to the *upadhyaya* (teacher of the canon), and hostile to the *Kula*, *Gana* and *Sangh* (Lineage of a single *acharya* is called *Kula*. A friendly group of three *Kula*s is called *Gana*. An apex body of many *Gana*s having ascetics endowed with virtues of right knowledge- faith-conduct is called *Sangh.)*; those who speak ill of the *acharya* and *upadhyaya*, cast aspersions on them, spread calumny about them; those who preach falsehood and mislead themselves as well as others and fill wrong ideas in their minds as well as those of others through dogmatic falsehood; leading an independent itinerant ascetic life for many years and leave their earthly body, without critical review and repenting for the sins committed in the past, at the time of death, such

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

beings reincarnate as divine beings among the *Kilvishik devs* (servant gods) in any of the three following classes — (1) With a life-span of three Palyopam (a metaphoric unit of time). (2) with a life-span of three Sagaropam (a metaphoric unit of time). (3) with a life-span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

१०९. [प्र.] देवकिब्बिसिया णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं भवक्खएणं ठिइक्खएणं अणंतरं चयं चइत्ता कहिं गच्छंति ? कहिं उववज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! जाव चत्तारि पंच नेरइय-तिरिक्खजोणिय-मणुस्स-देवभवग्गहणाइं संसारं अणुपरियट्टित्ता तओ पच्छा सिज्झंति बुज्झंति जाव अंतं करेंति। अत्थेगइया अणादीयं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं अणुपरियट्टंति।

१०९. [प्र.] भगवन् ! किल्विषिक देव उन देवलोकों से आयु का क्षय होने पर, भव क्षय होने पर और स्थिति का क्षय होने के बाद च्यवकर कहाँ जाते हैं, कहाँ उत्पन्न होते हैं ?

[उ.] गौतम ! कुछ किल्विषिक देव (बीच में मनुष्य व तिर्यंच का भव करके) नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य और देव के चार-पाँच भव करके और इतना संसार-परिभ्रमण करके तत्पश्चात् सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होते हैं, यावत् सर्व-दुःखों का अन्त करते हैं और कितने ही किल्विषिक देव अनादि, अनन्त और दीर्घ मार्ग वाले चार गतिरूप संसार-कान्तार (संसाररूपी अटवी) में परिभ्रमण करते हैं।

109. [Q.] *Bhante!* When these *Kilvishik devs* exhaust their life-span, existence and stay in their specific divine realm and descend, where do they go and where are they born?

[A.] Gautam! Some of them pass through four or five births as infernal, animal, human and divine beings and then get perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*) ... and so on up to... end all miseries. Some others continue to drift back and forth into one or the other of the four forms of existence on the long path, which is without a beginning or an end, in this vast wilderness of mundane life.

जमालि की उत्पत्ति का कारण REASON FOR JAMALI'S REINCARNATION

११०. [प्र.] जमाली णं भंते ! अणगारे अरसाहारे विरसाहारे अंताहारे पंताहारे लूहाहारे तुच्छाहारे अरसजीवी विरसजीवी जाव तुच्छजीवी उवसंतजीवी पसंतजीवी विवित्तजीवी ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जमाली णं अणगारे अरसाहारे विरसाहारे जाव विवित्तजीवी।

११० [प्र.] भगवन् ! क्या जमालि अनगार अरसाहारी, विरसाहारी, अन्ताहारी, प्रान्ताहारी, रूक्षाहारी, तुच्छाहारी, अरसजीवी, विरसजीवी यावत् तुच्छजीवी, उपशान्तजीवी, प्रशान्तजीवी और विविक्तजीवी था ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जमालि अनगार अरसाहारी, यावत् विविक्तजीवी था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

110. [Q.] *Bhante!* Did ascetic Jamali consume food that was tasteless (*aras*), foul (*viras*), leftover (*ant*), not enough (*praant*), dry (*ruksh*), and poor (*tuchchha*)? Did he subsist on tasteless (*aras*), foul (*viras*) ... and so on up to... poor (*tuchchha*)? Did he lead a tranquil (*upashaant*), peaceful (*prashaant*), and solitary (*vivikta*) life?

[A.] Yes, Gautam! Jamali ascetic consume food that was tasteless (*aras*) ... and so on up to... he lead a solitary (*vivikta*) life.

१११. [प्र.] जति णं भंते ! जमाली अणगारे अरसाहारे विरसाहारे जाव विवित्तजीवी कम्हा णं भंते ! जमाली अणगारे कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे तेरससागरोवमट्ठितीएसु देवकिब्बिसिएसु देवेसु देवकिव्विसियत्ताए उववन्ने ?

[उ.] गोयमा ! जमाली णं अणगारे आयरियपडिणीए उवज्झायपडिणीए आयरिय-उवज्झायाणं अयसकारए जाव वुग्गाहेमाणे वुप्पाएमाणे बहूई वासाइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेइ, तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालमासे कालं किच्चा लंतए कप्पे जाव उववन्ने।

१११. [प्र.] भगवन् ! यदि जमालि अनगार अरसाहारी, यावत् विविक्तजीवी था, तो काल के समय काल करके वह लान्तककल्प में तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवों में किल्विषिक देव के रूप में क्यों उत्पन्न हुआ ?

[उ.] गौतम ! जमालि अनगार आचार्य का प्रत्यनीक (द्वेषी), उपाध्याय का प्रत्यनीक तथा आचार्य और उपाध्याय का अपयश करने वाला और उनका अवर्णवाद करने वाला था, यावत् वह मिथ्याभिनिवेश द्वारा अपने आपको, दूसरों को और उभय को भ्रान्ति में डालने वाला और दुर्विदग्ध (मिथ्याज्ञान के अहंकार वाला) बनाने वाला था, यावत् बहुत वर्षों तक श्रमण-पर्याय का पालन कर, अर्द्ध-मासिक संलेखना से शरीर को कृश करके तथा तीस भक्त का अनशन द्वारा छेदन (छोड़) कर उस अकृत्यस्थान (पाप) की आलोचना और प्रतिक्रमण किये बिना ही, उसने काल के समय काल किया, जिससे वह लान्तक देवलोक में तेरह सागरोपम की स्थिति वाले किल्विषिक देवों में किल्विषिक देवरूप में उत्पन्न हुआ।

111. [Q.] *Bhante!* If ascetic Jamali consumed food that was tasteless (*aras*) ... and so on up to... he led a solitary (*vivikta*) life, then why did he leave his earthly body at the time of death and reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp (a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time)?

[A.] Gautam! Ascetic Jamali was hostile (*pratyaneek*) to the *acharya* (head of the organization), hostile to the *upadhyaya* (teacher of the canon), and hostile to the *Kula*, *Gana* and *Sangh*; he spoke ill of the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

acharya and *upadhyaya*, cast aspersions on them, spread calumny about them; he preached falsehood and misled himself as well as others and filled wrong ideas in his mind as well as those of others through dogmatic falsehood; ... and so on up to... leading an independent itinerant ascetic life for many years he left his earthly body, without critical review and repenting for the sins committed in the past, at the time of death. Therefore he reincarnated as a divine being among the *Kilvishik devs* (servant gods) in the Lantak Kalp (a divine dimension) with a life span of thirteen Sagaropam (a metaphoric unit of time).

जमाली का भविष्य FUTURE OF JAMALI

११२. [प्र.] जमाली णं भंते ! देवे ताओ देवलोयाओ आउक्खएणं जाव कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! जाव पंच तिरिक्खजोणिय–मणुस्स–देवभवग्गहणाइं संसारं अणुपरियट्टित्ता ततो पच्छा सिज्झिहिइ जाव अंतं काहिइ।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति०।

॥ जमाली समत्तो ॥

११२. [प्र.] भगवन् ! वह जमालि देव उस देवलोक से आयु क्षय होने पर यावत् कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! तिर्यञ्चयोनिक, मनुष्य और देव के पाँच भव ग्रहण करके और इतना संसार–परिभ्रमण करके तत्पश्चात् वह सिद्ध होगा, बुद्ध होगा यावत् सर्वदुःखों का अन्त करेगा।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, यों कहकर गौतम स्वामी यावत् विचरण करने लगे।

112. [Q.] *Bhante!* When that Jamali Dev exhausts his life-span, existence and stay in that divine realm ... and so on up to... where will he go and where will he be born?

[A.] Gautam! He will pass through five births as animal, human and divine beings. After undergoing these rebirths he will get perfected (*Siddha*), enlightened (*Buddha*), liberated (*mukta*) ... and so on up to... end all miseries.

"*Bhante!* Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : शंका–समाधान–यहाँ शंका उपस्थित होती है कि भगवान सर्वज्ञ थे और जमालि के भविष्य में प्रत्यनीक होने की घटना को जानते थे, फिर भी उसे क्यों प्रव्रजित किया ? इसका समाधान वृत्तिकार इस प्रकार करते हैं–अवश्यम्भावी भवितव्य को महापुरुष भी टाल नहीं सकते अथवा इसी प्रकार ही उन्होंने गुणविशेष देखा होगा। अर्हन्त भगवान अमूढलक्षी होने से किसी भी क्रिया में निष्प्रयोजन प्रवृत्त नहीं होते। *(वृत्ति, पत्र ४९०)*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration — A clarification - Here a doubt arises that Bhagavan Mahavir, being an omniscient, knew about Jamali's turning into a defier in future; why then he initiate Jamali in the first place? The commentator (*Vritti*) provides and answer – Even great men with supernatural powers cannot alter the inevitable future. Bhagavan Mahavir must have marked some such inevitability. Also, Omniscient Arihant is an uninvolved observer, he does not involve himself in any activity without a purpose. (*Vritti* leaf 490)

● END OF JAMALI'S STORY ●

॥ नवम शतक : तेतीसवाँ उद्देशक सम्पूर्ण ॥

● END OF THE THIRTY THIRD LESSON OF THE NINTH CHAPTER ●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चउत्तीसइमो उद्देसो : 'पुरिसे'

नवम शतक : चौंतीसवाँ उद्देशक : पुरुष (पुरुष और नोपुरुष का घातक)

NAVAM SHATAK (Chapter Ninth) : THIRTY FOURTH LESSON : PURUSH (MAN)

उपोद्घात INTRODUCTION

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे जाव एवं वयासी--

१. उस काल और उस समय में राजगृह नगर था। वहाँ भगवान गौतम ने यावत् भगवान से इस प्रकार पूछा-

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. ... and so on up to... Bhagavan Gautam asked Bhagavan Mahavir—

पुरुष के द्वारा अश्वादिघात सम्बन्धी प्रश्नोत्तर QUESTIONS ABOUT KILLING HORSE AND OTHERS

२. [प्र. १] पुरिसे णं भंते ! पुरिसं हणमाणे किं पुरिसं हणति, नोपुरिसं हणति ?

[उ.] गोयमा ! पुरिसं पि हणति, नोपुरिसे वि हणति।

२. [प्र. १] भगवन् ! कोई पुरुष, पुरुष की घात करता हुआ क्या पुरुष की ही घात करता है अथवा नोपुरुष (पुरुष के सिवाय अन्य जीवों) की भी घात करता है ?

[उ.] गौतम ! वह (पुरुष) पुरुष की भी घात करता है और नोपुरुष की भी घात करता है।

2. [Q. 1] *Bhante* ! While a person is killing a man, does he kill just a man (*purush*) or a non-man (*nopurush*; living beings other than man) also ?

[Ans.] Gautam ! He kills man (*purush*) as well as non-man (*nopurush*; living beings other than man).

२. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'पुरिसं पि हणइ, नोपुरिसे वि हणइ' ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ--'एवं खलु अहं एगं पुरिसं हणामि' से णं एगं पुरिसं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ। से तेण्ट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ 'पुरिसं पि हणइ नोपुरिसे वि हणति'।

२. [प्र. २] भगवन् ! किस हेतु से ऐसा कहा जाता है कि वह पुरुष की भी घात करता है, नोपुरुष की भी घात करता है ?

[उ.] गौतम ! (घात करने के लिए उद्यत) उस पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि मैं एक ही पुरुष को मारता हूँ; किन्तु वह एक पुरुष को मारता हुआ अन्य अनेक जीवों को भी मारता है। इसी दृष्टि से, हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि वह घातक, पुरुष को भी मारता है और नोपुरुष को भी मारता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

2. [Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that he kills man (*purush*) as well as non-man (living beings other than man)?

[Ans.] Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one man. But, in fact, while killing just one man he kills many other living beings as well. That is why, Gautam ! It is said that he kills man as well as living beings other than man.

३. [प्र. १] पुरिसे णं भंते ! आसं हणमाणे किं आसं हणइ, नोआसे वि हणइ ?

[उ.] गोयमा ! आसं पि हणइ, नोआसे वि हणइ।

३. [प्र. १] भगवन् ! अश्व को मारता हुआ कोई पुरुष क्या अश्व को ही मारता है या नोअश्व (अश्व के सिवाय अन्य जीवों को भी) मारता है?

[उ.] गौतम ! वह (अश्वघात के लिए उद्यत पुरुष) अश्व को भी मारता है और नोअश्व (अश्व के अतिरिक्त दूसरे जीवों) को भी मारता है।

3. [Q. 1] *Bhante* ! While a person is killing a horse does he kill just a horse (*ashva*) or non-horse (*noashva*; living beings other than horse) also?

[Ans.] Gautam ! He kills horse (*ashva*) as well as non-horse (living beings other than horse).

३. [२] से केणट्ठेणं ? अट्ठो तहेव।

४. एवं हत्थिं सीहं वग्घं जाव चिल्ललगं।

३. [२] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है? (इसका उत्तर पूर्ववत् समझना चाहिए।)

४. इसी प्रकार हाथी, सिंह, व्याघ्र (बाघ) यावत् चित्रल (एक तरह का जंगली जानवर) तक समझना चाहिए।

3. [2] *Bhante* ! Why do you say that he kills horse (*ashva*) as well as non-horse (living beings other than horse)? The answer is same as aforesaid (aphorism 2).

4. The same holds good for killing of elephant, lion, tiger ... and so on up to... Chitral (a split hoofed wild animal; may be elk or reindeer).

५. [प्र. १] पुरिसे णं भंते ! अन्नयरं तसपाणं हणमाणे किं अन्नयरं तसपाणं हणइ, नोअन्नयरे तसे पाणे हणइ ?

[उ.] गोयमा ! अन्नयरं पि तसपाणं हणइ, नोअन्नयरे वि तसे पाणे हणइ।

५. [प्र. १] भगवन् ! कोई पुरुष किसी एक त्रसप्राणी को मारता हुआ क्या उसी त्रसप्राणी को मारता है, अथवा उसके सिवाय अन्य त्रसप्राणियों को भी मारता है?

[उ.] गौतम ! वह उस त्रसप्राणी को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसप्राणियों को भी मारता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

5. [Q. 1] *Bhante* ! While a person is killing some mobile being (*tras jiva*) does he kill just that mobile being or other mobile beings as well ?

[Ans.] Gautam ! He kills that mobile being (*tras jiva*) as well as mobile beings other than the one he is killing.

५. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'अन्नयरं पि तसपाणं (हणइ) नोअन्नयरे वि तसे पाणे हणइ'?

[उ.] **गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु अहं एगं अन्नयरं तसं पाणं हणामि, से णं एगं अन्नयरं तसं पाणं हणमाणे अणेगे जीवे हणइ। से तेणट्ठेणं गोयमा ! तं चेव। एए सव्वे वि एक्कगमा।**

५. [प्र २] भगवन् ! किस हेतु से आप ऐसा कहते हैं कि वह पुरुष उस त्रसजीव को भी मारता है और उसके सिवाय अन्य त्रसजीवों को भी मार देता है ?

[उ.] गौतम ! उस त्रसजीव को मारने वाले पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि मैं उसी त्रसजीव को मार रहा हूँ, किन्तु वह उस त्रसजीव को मारता हुआ, उसके सिवाय अन्य अनेक त्रसजीवों को भी मारता है। इसलिए, हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से जानना चाहिए। इन सभी का एक समान पाठ (आलापक) है।

5. [Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that he kills that mobile being (*tras jiva*) as well as mobile beings other than the one he is killing ?

[Ans.] Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one particular mobile being. But, in fact, while killing just one particular mobile being he kills many other mobile beings as well. That is why, Gautam ! It is stated as above. All these questions have the same answer.

ऋषिघातक SAGE KILLER

६. [प्र. १] पुरिसे णं भंते ! इसिं हणमाणे किं इसिं हणइ, नोइसिं हणइ ?

[उ.] **गोयमा ! इसिं पि हणइ नोइसिं पि हणइ।**

६. [प्र. १] भगवन् ! कोई पुरुष, ऋषि को मारता हुआ क्या ऋषि को ही मारता है, अथवा नोऋषि (ऋषि के सिवाय अन्य जीवों) को भी मारता है ?

[उ.] गौतम ! वह (ऋषि को मारने वाला पुरुष) ऋषि को भी मारता है, नोऋषि को भी मारता है।

6. [Q. 1] *Bhante* ! While a person is killing a sage (*rishi*) does he kill just that sage (*rishi*) or non-sage (*norishi*; living beings other than sage) also ?

[Ans.] Gautam ! He kills sage (*rishi*) as well as non-sage (*norishi*; living beings other than sage).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६. [प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ जाव नोइसिं पि हणइ ?

[उ.] **गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–एवं खलु अहं एगं इसिं हणामि, से णं एगं इसिं हणमाणे अणंते जीवे हणइ से तेणट्ठेणं निक्खेवओ।**

६. [प्र. २] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है कि ऋषि को मारने वाला पुरुष ऋषि को भी मारता है और नोऋषि को भी ?

[उ.] गौतम ! ऋषि को मारने वाले उस पुरुष के मन में ऐसा विचार होता है कि मैं एक ऋषि को मारता हूँ; किन्तु वह एक ऋषि को मारता हुआ अनन्त जीवों को मारता है। इस कारण, हे गौतम ! पूर्वोक्त रूप से कहा गया है।

6. [Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that he kills sage (*rishi*) as well as non-sage (*norishi*; living beings other than sage) ?

[Ans.] Gautam ! (When ready to kill) that person thinks that he is killing just one sage. But, in fact, while killing just one sage he kills infinite other living beings as well. That is why, Gautam ! It is as stated above.

विवेचन : प्राणिघात के सम्बन्ध में सापेक्ष सिद्धान्त–(१) कोई व्यक्ति किसी पुरुष को मारता है तो कभी केवल उसी पुरुष का वध करता है, कभी उसके साथ एक जीव का और कभी अन्य अनेक जीवों का वध भी करता है, यों तीन भंग होते हैं, क्योंकि कभी उस पुरुष के आश्रित जूं, लीख, कृमि–कीड़े आदि या रक्त, मवाद आदि के आश्रित अनेक जीवों का वध कर डालता है। शरीर को सिकोड़ने–पसारने आदि में भी अनेक जीवों का वध सम्भव है।

(२) ऋषि का घात करता हुआ व्यक्ति अनन्त जीवों का घात करता है, यह एक ही भंग है। इसका कारण यह है कि ऋषि-अवस्था में वह सर्वविरत होने से अनन्त जीवों का रक्षक होता है, किन्तु मर जाने पर वह अविरत होकर अनन्त जीवों का घातक बन जाता है। अथवा जीवित रहता हुआ ऋषि अनेक प्राणियों को प्रतिबोध देता है, वे प्रतिबोध-प्राप्त प्राणी क्रमशः मोक्ष पाते हैं। मुक्त जीव अनन्त संसारी प्राणियों के अघातक होते हैं। अतः उन अनन्त जीवों की रक्षा में जीवित ऋषि कारण है। इसलिए कहा गया है कि ऋषिघातक व्यक्ति अन्य अनन्त जीवों की घात करता है। *(वृत्ति ४९१)*

Elaboration—Wider ramification of killing—(1) When a person kills a man there are three probabilities. In some case he kills just that particular man, in some case he kills one other living being and in some case he kills many other living beings. This is because sometimes he kills many parasites like louse, nit, worms or some microorganism in blood, pus etc. There are chances of killing many living beings in contraction and spreading of body and limbs as well.

(2) In case of killing a sage there is just one other option, that of killing infinite living beings. The reason for this is that a sage or ascetic

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

is absolutely detached and thus he is a protector of infinite beings. When he is killed he does not remain detached anymore and thus becomes a killer of infinite beings. Also, while alive a sage enlightens many living beings who, in turn, progress towards liberation. A liberated soul terminates cyclic rebirth and as a consequence avoids killing infinite living beings he would have otherwise killed. Thus a living sage is the cause of protection of those infinite number of beings. That is the reason it has been stated that a killer of a sage is a killer of infinite living beings. *(Vritti, leaf 491)*

